




THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 284 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) माघ कृ.7 2082 शुक्रवार, 9 जनवरी-2026

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✻ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये


## रेलवे से लेकर सेना और इनकम टैक्स तक, नौकरी के नाम पर फर्जीवाड़ा-ईडी ने किया भंडाफोड़

नई दिल्ली, 8 जनवरी (एजेंसियां)। भारतीय रेलवे से लेकर डाक विभाग, आयकर विभाग, भारतीय सेना और कई सरकारी विभागों में नौकरी के नाम पर देश में एक बड़ा घोटाला हो रहा था। आज प्रवर्तन निदेशालय ने इस पूरी जालसाजी का भंडाफोड़ कर दिया है। ईडी ने देश में जालसाजी के मामले में 15 ठिकानों पर छापेमारी की थी। जानकारी के मुताबिक, ईडी ने जहां-जहां छापेमारी की है ये सभी गिरोह फर्जी सरकारी नौकरियों के नाम पर युवाओं को ठगने और विभिन्न सरकारी विभागों में जाली नियुक्तियां देने के घोटाले में शामिल हैं।

# भारत को झटका देने की तैयारी में ट्रंप?

### रूस के खिलाफ प्रतिबंधों से जुड़े बिल को ट्रम्प की मंजूरी, अगले हफ्ते संसद में वोटिंग




नई दिल्ली, 8 जनवरी (एजेंसियां)। भारत की विदेश नीति के लिए साल 2026 आसान नहीं रहने वाला है। बहुत आशंका है कि इस साल की शुरूआत में ही डोनाल्ड ट्रंप बहुत बड़ा झटका दें और रूसी तेल खरीदने के लिए भारत पर 500 प्रतिशत का टैरिफ थोप दें। ये भारत के लिए बहुत बड़े भूकंप की तरह होगा। मोदी सरकार के 11 सालों के कार्यकाल में 2025 जियो-पॉलिटिक्स के लिहाज से सबसे ज्यादा मुश्किल भरा रहा और 2026 उसका एक्सटेंशन होगा।

2025 में डोनाल्ड ट्रंप की आक्रामकता, रूस-यूक्रेन युद्ध का जारी रहना, पश्चिम एशिया में अस्थिरता, चीन की लगातार आक्रामक होती नीति, हर किसी ने भारत की विदेश नीति पर असर डाला है। इन बातों ने ये भी साफ किया है कि 2026 और ज्यादा अनिश्चित रहने वाला है। भारत, जो रणनीतिक स्वायत्तता की बात करता है, मल्टी पोलर वर्ल्ड पर यकीन करता है, उसके लिए 2026 में आने वाली परिस्थितियों से संतुलन बनाए रखना काफी मुश्किल होने वाला है। अमेरिका के सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने कह दिया है कि डोनाल्ड ट्रंप उस बिल के समर्थन में हैं, जिसमें रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर 500 प्रतिशत टैरिफ लगाने का प्रावधान है। डोनाल्ड ट्रंप ने आर्थिक दबाव को हथियार की तरह इस्तेमाल किया है। भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया और अगर इस साल उसे बढ़ाकर 500 प्रतिशत किया जाता है, तो भारत को अपनी अर्थव्यवस्था की गति बनाए रखने के साथ साथ, अपनी विदेश नीति में बैलेंस बनाना मुश्किल हो जाएगा। इसीलिए बहुत उम्मीद है कि भारत के नीति निर्माता उसकी तैयारी कर रहे होंगे।

डोनाल्ड ट्रंप ने 2026 के पहले हफ्ते में ही वेनेजुएला पर हमला कर राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को गिरफ्तार कर लिया। उनके निशाने पर अब ग्रीनलैंड, क्यूबा और कोलंबिया जैसे देश हैं। दूसरी तरफ उनकी 'अमेरिका फर्स्ट' नीति का असर दिखने लगा है। इसीलिए भारत के लिए सबसे बड़ी परीक्षा ये तय करने की होगी कि वो दशकों के आजमाए हुए साथी रूस के साथ रिश्ते बनाए रखता है, या ट्रंप के क्रोध से बचने के लिए अमेरिकी खेमे में जाने के लिए उनकी शर्तें मानता है। इसीलिए 2026 में रूस के साथ भारत के ऐतिहासिक और भरोसेमंद रिश्ते, ऊर्जा सुरक्षा, रक्षा और भू-राजनीतिक संतुलन के लिहाज से बेहद अहम बने रहेंगे। भारत को कई कठिन फैसले लेने पड़ सकते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल एससीओ शिखर सम्मेलन के लिए तियानजिन का दौरा कर संकेत दे दिया था कि ट्रंप को काउंटर करने चीन के साथ रिश्ते सामान्य किए जा सकते हैं। इस साल भारत में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन होने वाला है। बहुत संभावना है कि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भारत आएं।

## 'ऑपरेशन सिंदूर ने जागरूक किया राष्ट्र निर्माण में योगदान जरूरी'



नई दिल्ली, 8 जनवरी (एजेंसियां)। भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने कहा है कि 'ऑपरेशन सिंदूर' ने यह स्पष्ट संदेश दिया है कि जीवन सिर्फ पैसा कमाने या निजी उपलब्धियों तक सीमित नहीं है, बल्कि राष्ट्र निर्माण में योगदान देना भी उतना ही जरूरी है। दिल्ली कैंट में आयोजित राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) गणतंत्र दिवस शिविर को संबोधित करते हुए वायुसेना प्रमुख ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एनसीसी कैडेट्स की भूमिका की सराहना की।

उन्होंने कहा कि इस सैन्य कार्रवाई के समय नागरिक सुरक्षा, आपात अभ्यास और रक्तदान शिविरों में कैडेट्स का योगदान समाज के लिए प्रेरणादायक रहा। एयर चीफ मार्शल सिंह ने कैडेट्स से कहा कि चाहे वे भविष्य में सशस्त्र बलों में शामिल हों या किसी अन्य क्षेत्र को चुनें, उन्हें हमेशा देश के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहिए। उन्होंने असफलताओं से निराश न होने की सलाह देते हुए अपने जीवन का उदाहरण साझा किया और कहा कि उन्होंने भी कई उतार-चढ़ाव देखे, लेकिन अंततः वायुसेना प्रमुख बनने का अवसर मिला, जो उनके मुताबिक नियति में लिखा था। वायुसेना प्रमुख ने कहा, चाहे आप वर्दी में सैनिक हों या आम नागरिक, देश के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देना और राष्ट्र निर्माण में योगदान करना हर किसी का कर्तव्य है। वायुसेना प्रमुख ने आगे कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने लोगों में यह जागरूकता बढ़ाई कि जीवन का उद्देश्य केवल स्वयं के लिए नहीं, बल्कि देश के लिए कुछ करना भी है।

# पश्चिम बंगाल चुनाव में भाजपा की क्या है तैयारी?

### ✻ जायजा लेने कोलकाता पहुंचे जेपी नड्डा

कोलकाता, 8 जनवरी (एजेंसियां)। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा गुरुवार को पश्चिम बंगाल के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे। इस दौरान जेपी नड्डा कई बैठकों में हिस्सा लेंगे। इसके साथ ही टीएमसी शासित राज्य में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी की तैयारियों को तेज करेंगे।

पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य, केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार और पार्टी की राज्य इकाई के अन्य नेताओं ने कोलकाता हवाई अड्डे पर नड्डा का स्वागत किया। अपनी यात्रा के दौरान नड्डा भाजपा के जिला अध्यक्षों, पार्टी के विभिन्न विभागों के संयोजकों और 'प्रवासी कार्यकर्ताओं' को संबोधित करने वाले हैं। पार्टी ने बताया कि नड्डा पश्चिम बंगाल भाजपा की कोर टीम के साथ भी बैठक करेंगे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और भाजपा अध्यक्ष गुरुवार शाम कोलकाता के तंगरा इलाके में पार्टी की ओर से आयोजित 'डॉक्टर्स मीट' में हिस्सा लेंगे।

नड्डा शुक्रवार को कोलकाता के चित्तरंजन राष्ट्रीय कैंसर संस्थान (सीएनसीआई) का दौरा करेंगे। वे नादिया जिले के एम्स-कल्याणी में विकिरण ऑन्कोलॉजी, ट्रॉमा और आपातकालीन चिकित्सा विभाग और वायवीय ट्यूब प्रणाली का भी उद्घाटन करेंगे। आगामी चुनावों के लिए भाजपा की तैयारियां पूरे जोर-शोर से चल रही हैं। इसे लेकर पार्टी के प्रमुख रणनीतिकार और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह राज्य में ममता बनर्जी सरकार को सत्ता से बेदखल करने के लिए पार्टी के चुनावी अभियान का नेतृत्व कर रहे हैं।

# टीएमसी आईटी सेल इंचार्ज के घर-ऑफिस पर ईडी के छापे

### > कार्रवाई के बीच ममता फाइल उठाकर निकलीं, कहा-गृहमंत्री मेरी पार्टी के दस्तावेज उठवा रहे थे





कोलकाता, 8 जनवरी (एजेंसियां)। इन्फोर्समेंट डायरेक्टरेट (ईडी) ने गुरुवार को मनी लॉन्ड्रिंग केस में पॉलिटिकल कंसलटेंट फर्म I-पीएसी के ऑफिस और उसके डायरेक्टर प्रतीक जैन के घर पर छापेमारी की। प्रतीक ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी के आईटी सेल के हेड भी हैं।

पश्चिम बंगाल में कोलकाता समेत 6 और दिल्ली में 4 ठिकानों पर छापेमारी की गई। कोलकाता में प्रतीक छापेमारी के दौरान घर पर ही मौजूद रहे। यह कार्रवाई सुबह 6 बजे से शुरू हुई थी, लेकिन करीब 11:30 बजे के बाद मामला बढ़ा। सबसे पहले कोलकाता पुलिस कमिश्नर प्रतीक के आवास पर पहुंचे। कुछ समय बाद सीएम ममता बनर्जी खुद लाउडन स्ट्रीट स्थित उनके घर पहुंच गईं। ममता वहां कुछ देर रुकीं। जब बाहर निकलीं, तो उनके हाथ में एक हरी फाइल दिखाई दी। इसके बाद वे I-पीएसी के ऑफिस भी गईं। उन्होंने कहा- गृहमंत्री मेरी पार्टी के दस्तावेज उठवा रहे हैं। ईडी ने कहा कि कोलकाता में I-पीएसी कार्यालय पर छापे पूरी तरह सबूतों के आधार पर किए जा रहे हैं। यह किसी राजनीतिक दल या चुनाव से जुड़ा मामला नहीं है। यह कार्रवाई अवैध कोयला तस्करी और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े केस में हो रही है। फिलहाल 10 ठिकानों पर तलाशी जारी है। 6 पश्चिम बंगाल और 4 दिल्ली में। एजेंसी ने बताया कि जांच में कैश जनरेशन, हवाला ट्रांसफर से जुड़े परिसर शामिल हैं। किसी भी पार्टी कार्यालय की तलाशी नहीं ली गई। कुछ संवैधानिक पदों पर बैठे लोग दो ठिकानों पर पहुंचे, अवैध दखल दिया और दस्तावेज छीन लिए। वहीं, सीएम बनर्जी ने ईडी की फोरेंसिक टीम के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की बात कही है।

इसके जवाब में ईडी ने भी कलकत्ता हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। मामले की सुनवाई जस्टिस सुवरा घोष की बेंच के समक्ष शुक्रवार को होगी। सीएम ममता ने कहा, क्या ईडी और अमित शाह का काम पार्टी की हार्ड डिस्क और उम्मीदवारों की सूची जब्त करना है?

# पीएम बोले-सिद्धांत से समझौता न करने वालों की याद में स्वाभिमान पर्व




नई दिल्ली, 8 जनवरी (एजेंसियां)। पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमनाथ मंदिर से जुड़े ऐतिहासिक क्षणों को याद किया। उन्होंने कहा कि 31 अक्टूबर 2001 को सोमनाथ में आयोजित कार्यक्रम में मैंने भाग लिया था, जब 1951 में पुनर्निर्मित मंदिर के उद्घाटन के 50 वर्ष पूरे होने का उत्सव मनाया गया था। प्रधानमंत्री ने बताया कि 1951 का वह ऐतिहासिक समारोह तत्कालीन राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद की उपस्थिति में संपन्न हुआ था।

**मंदिर के पुनर्निर्माण में योगदान देने वालों को किया याद :**

प्रधानमंत्री ने कहा कि सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण में सरदार पटेल, केएम मुंशी सहित कई महान विभूतियों का योगदान अत्यंत उल्लेखनीय रहा। उन्होंने यह भी याद किया कि 2001 के कार्यक्रम में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और गृह मंत्री आडवाणी और अनेक गणमान्य लोग शामिल हुए थे। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि जय सोमनाथ! सोमनाथ स्वाभिमान पर्व आज से शुरू हो रहा है।

जनवरी 1026 में सोमनाथ पर पहला हमला हुआ था, लेकिन 1026 के हमले और उसके बाद हुए आक्रमण भी करोड़ों लोगों की आस्था और उस सभ्यतागत चेतना को नहीं तोड़ सके, जिसने सोमनाथ को बार-बार खड़ा किया। मोदी ने कहा कि वर्ष 2026 में 1951 के भव्य समारोह के 75 वर्ष पूर्ण होने का स्मरण भी किया जा रहा है। उन्होंने 'जय सोमनाथ' के उद्घोष के साथ बताया कि आज से सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का शुभारंभ हो रहा है। इस अवसर पर उन्होंने सोमनाथ की अपनी पिछली यात्राओं की तस्वीरें साझा करते हुए लोगों से आग्रह किया कि यदि वे भी सोमनाथ गए हैं, तो अपनी तस्वीरें #SomnathSwabhiman-Parv के साथ साझा करें।

**सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन :**

सोमनाथ मंदिर को पहले से कहीं ज्यादा भव्य स्वरूप प्रदान किया। विध्वंस से पुनरुत्थान तक 1,000 वर्षों के इसी सफर पर 8 से 11 जनवरी तक सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत 11 जनवरी को होने वाले कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल होंगे। वर्ष 2026 इस वजह से भी बेहद खास है कि क्योंकि यह मंदिर के आधुनिक पुनरुद्धार की 75वीं वर्षगांठ है। 1951 में इसकी आधुनिक प्राण प्रतिष्ठा सरदार वल्लभ भाई पटेल के प्रयासों का नतीजा थी।

## जस्टिस यशवंत वर्मा केस में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई पूरी

### अदालत ने सुरक्षित रखा फैसला

नई दिल्ली, 8 जनवरी (एजेंसियां)। इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस यशवंत वर्मा से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अहम कदम उठाते हुए संसदीय जांच समिति की वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। इस मामले को लेकर न्यायपालिका और संसद के अधिकार क्षेत्र को लेकर गंभीर संवैधानिक सवाल खड़े हो गए हैं। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस एस.सी. शर्मा की पीठ ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया।

जस्टिस वर्मा की ओर से वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी और सिद्धार्थ लूथरा ने दलील दी कि पूरी प्रक्रिया कानून के खिलाफ है। वहीं, केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने समिति के गठन को संवैधानिक ठहराया और कहा कि दोनों सदनों में प्रस्ताव स्वीकार होने के बाद संयुक्त जांच समिति बन सकती है।

# सुप्रीम कोर्ट का सवाल-आप क्या चाहते हैं

## अस्पतालों के गलियारों में कितने आवारा कुत्ते दिखें?




नई दिल्ली, 8 जनवरी (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों के मुद्दे पर गुरुवार को फिर से सुनवाई शुरू की। सुप्रीम कोर्ट ने आवारा जानवरों से होने वाले खतरों और उन्हें नियंत्रित करने में नागरिक अधिकारियों की कथित कमियों को उजागर करने वाली याचिकाओं पर ध्यान केंद्रित किया।

लाइव लॉ की रिपोर्ट के मुताबिक सुनवाई के दौरान वरिष्ठ वकील सीयू सिंह ने दलील देते हुए कहा, दिल्ली में चूहे और बंदरों का भी खतरा है। कुत्तों को अचानक हटाने से क्या होता है? चूहों की आबादी बढ़ जाती है। कुत्ते संतुलन बनाए रखते हैं। उनकी इस दलील पर न्यायमूर्ति संदीप मेहता ने टिप्पणी की, क्या इसका आपस में कोई संबंध है? हमें बिल्लियों को बढ़ावा देना चाहिए, क्योंकि वे चूहों की दुश्मन हैं। इसी के साथ सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि हमने गली के हर कुत्ते को हटाने का निर्देश नहीं दिया है। उनके साथ नियमानुसार व्यवहार किया जाना चाहिए।

**सड़क से हर कुत्ते को हटाने का नहीं दिया निर्देश :**

आवारा कुत्तों के मामले पर न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, संदीप मेहता और एनवी अंजारिया की पीठ में सुनवाई शुक्रवार के लिए स्थगित कर दी गई। इस बीच पीठ ने अपने पहले के निर्देशों को स्पष्ट करते हुए इस बात पर जोर दिया कि सड़कों से हर आवारा कुत्ते को हटाने का आदेश नहीं दिया गया था। नियमों के तहत उन्हें केवल संस्थागत इलाकों से हटाए जाने के निर्देश दिए गए थे। सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को सुनवाई के दौरान वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने दलील देते हुए कहा था कि सभी कुत्तों को पकड़ना समाधान नहीं है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि रोकथाम हमेशा इलाज से बेहतर होती

### खनन नीति में बदलाव की कांग्रेस ने की आलोचना

# जयराम रमेश बोले-ये मोदी सरकार का नया झटका



नई दिल्ली, 8 जनवरी (एजेंसियां)। कांग्रेस ने गैर-कोयला खनन परियोजनाओं से संबंधित पर्यावरण मंजूरी नियमों में बदलाव को लेकर सरकार की आलोचन की है। पर्यावरण मंत्रालय के हालिया ज्ञापन के अनुसार, गैर-कोयला खनन परियोजना विकासकर्ताओं को पर्यावरण मंजूरी के लिए भूमि अधिग्रहण का प्रमाण प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं होगी। अब तक, मंत्रालय को भूमि अधिग्रहण का प्रमाण चाहिए होता था। कांग्रेस ने कहा कि यह जिम्मेदार पर्यावरण प्रशासन के लिए मोदी सरकार द्वारा एक और झटका है।

कांग्रेस महासचिव और पूर्व पर्यावरण मंत्री जयराम रमेश ने कहा, गैर-कोयला खनन परियोजनाओं के लिए नीति यह रही है कि पहले कानून के अनुसार भूमि अधिग्रहण पूरा किया जाए। उसके बाद ही पर्यावरण संबंधी मंजूरी मांगी जा सकती है। हालांकि, 18 दिसंबर, 2025 को केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा इस नीति में बदलाव किया गया और अब गैर-कोयला खनन परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण से पहले पर्यावरण संबंधी मंजूरी मांगी जा सकती है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि गैर-कोयला खनन परियोजना के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र की पूरी जानकारी के बिना सार्थक पर्यावरणीय प्रभाव आकलन कैसे किया जा सकता है, यह समझना बहुत मुश्किल है।

# ईडी बीजेपी की डराओ-धमकाओ विंग बन चुकी है : महुआ मोइत्रा

### लड़ेंगे-जीतेंगे, अमित शाह आप पछताएंगे




नई दिल्ली/कोलकाता, 8 जनवरी (एजेंसियां)। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सांसद महुआ मोइत्रा ने अपनी पार्टी के लिए काम करने वाली पॉलिटिकल कंसल्टेंसी I-पीएसी और इसके डायरेक्टर प्रतीक जैन के परिसरों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी किए जाने की आलोचना की है। महुआ मोइत्रा ने कहा कि ईडी बीजेपी की डराओ-धमकाओ विंग बन चुकी है। टीएमसी सांसद ने कहा कि अमित शाह हम लड़ेंगे और जीतेंगे।

असल में, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को कोलकाता में पॉलिटिकल कंसल्टेंसी फर्म आई-पीएसी और इसके डायरेक्टर प्रतीक जैन के परिसरों पर मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के तहत तलाश अभियान चलाया। जैन 'इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी' (आई-पीएसी) के सह-संस्थापक हैं। वह पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस के आईटी प्रकोष्ठ के प्रमुख भी हैं। सूत्रों के अनुसार, एजेंसी द्वारा कुछ अन्य परिसरों की भी तलाशी ली जा रही है।

आई-पीएसी की स्थापना राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने 2014 के लोकसभा चुनाव से पहले की थी। इस फर्म ने 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद तृणमूल कांग्रेस और पश्चिम बंगाल सरकार के साथ काम किया था।

**ईडी बीजेपी की डराओ धमकाओ विंग बन गई है :**

इसी बीच, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी जैन के आवास पर पहुंचीं और ईडी की कार्रवाई की निंदा की। वहीं तृणमूल कांग्रेस की पश्चिम बंगाल के कृष्णानगर से 17वीं लोकसभा में सांसद महुआ मोइत्रा ने ईडी की छापेमारी को लेकर बीजेपी पर निशाना साधा।

## कांग्रेस सांसद को चुनाव आयोग का नोटिस

पणजी, 8 जनवरी (एजेंसियां)। दक्षिण गोवा से कांग्रेस के लोकसभा सांसद विरियाटो फर्नांडीस ने भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि आयोग ने उन्हें एक नोटिस भेजा है, जिसमें मतदाता सूची में अपना नाम बरकरार रखने के लिए पहचान से जुड़े दस्तावेज पेश होने को कहा गया है।

मामले को लेकर फर्नांडीस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के एक पोस्ट में लिखा, मुझे चुनाव आयोग (ईसीआई) से नोटिस मिला है जिसमें मुझसे मतदाता सूची में अपना नाम बनाए रखने के लिए पहचान साबित करने वाले दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने को कहा गया है। यह नोटिस ऐसे समय में आया है जब ईसीआई ने 2024 के पिछले लोकसभा चुनावों में चुनाव लड़ने के लिए नाम स्वीकृत करने से पहले मेरे सहित सभी उम्मीदवार की कड़ी जांच की थी।

# 'सभी पुरुषों को जेल में डाल दें?'

### कोर्ट की टिप्पणी पर अभिनेत्री राम्या की तीखी प्रतिक्रिया



बेंगलूरू, 8 जनवरी (एजेंसियां)। अभिनेत्री और नेता दिव्या स्पंदना (जिन्हें राम्या के नाम से भी जाना जाता है) ने आवारा कुत्तों के मामले में सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई पर तीखी टिप्पणी की है। उन्होंने कुत्तों के मूड को लेकर शीर्ष कोर्ट की टिप्पणी की तुलना पुरुषों से की। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि किसी कुत्ते का मूड पता लगाना संभव नहीं है। कोर्ट उन लोगों की दलीलों के जवाब में टिप्पणी की, जिन्होंने सड़क पर आवारा कुत्तों की समस्या को लेकर शीर्ष कोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी और कहा था कि जानवरों के साथ सहानुभूति रखने से हमलों को रोका जा सकता है।

याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने दलील दी कि अगर कुत्तों की जगह में दखल दिया जाए, तो वे हमला करते हैं। इस पर जस्टिस विक्रम नाथ ने कहा कि मामला सिर्फ काटने का नहीं है, बल्कि कुत्तों से पैदा होने वाले डर का भी है। उन्होंने कहा, आप इसे कैसे पहचानेंगे? सुबह कौन सा कुत्ता किस मूड में है, यह आपको नहीं पता। सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की पीठ आवारा कुत्तों और मवेशियों से जुड़े मामले की सुनवाई कर रही थी।

पीठ में जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया शामिल थे। पिछले साल नवंबर में सुप्रीम कोर्ट ने अस्पतालों, स्कूलों, खेल परिसरों, बस अड्डों और रेल स्टेशनों जैसे सरकारी परिसरों से आवारा कुत्तों को हटाने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने कहा था कि नसबंदी और टीकाकरण की तय प्रक्रिया पूरी करने के बाद कुत्तों को निर्धारित आश्रय गृहों में भेजा जाए।

### फीस रेगुलेशन पर राजधानी के निजी स्कूलों को झटका

# दिल्ली सरकार के आदेश पर रोक लगाने से एचसी का इनकार




नई दिल्ली, 8 जनवरी (एजेंसियां)। फीस को रेगुलेट करने के लिए दिल्ली के निजी स्कूलों को स्कूल-लेवल कमेटियां बनाने का निर्देश देने के दिल्ली सरकार के आदेश पर रोक लगाने से दिल्ली हाई कोर्ट ने इनकार कर दिया। दिल्ली सरकार के आदेश की संवैधानिक वैधता पर बृहस्पतिवार को हुई सुनवाई के दौरान कोर्ट ने इससे इनकार किया। हालांकि, अदालत ने पहले से तय 10 जनवरी की तारीख की जगह 20 जनवरी तक कमेटियां गठित करने की बात कही। मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय व न्यायमूर्ति तेजस कारिया की पीठ ने साथ ही यह भी कहा कि स्कूल प्रबंधन की ओर से कमेटी को प्रस्तावित फीस जमा करने की आखिरी तारीख 25 जनवरी के बजाय पांच फरवरी तक बढ़ा दी जाएगी। अदालत ने उक्त आदेश निजी स्कूलों द्वारा दायर विभिन्न याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिया। याचिका में दिल्ली स्कूल शिक्षा (फीस तय करने और रेगुलेशन में पारदर्शिता) अधिनियम-2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई थी।




### जम्मू-कश्मीर के पुंछ में बेकाबू होकर पलटी मिनीबस, हादसे में दस लोग घायल

श्रीनगर, 8 जनवरी (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में मंडी के पुलिस पोस्ट क्षेत्र के अंतर्गत एक गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में करीब दस लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, आज सुबह एक मिनीबस बेकाबू होकर पलट गई, जिससे चकरू इलाके में दस लोग घायल हो गए। सभी घायलों को तुरंत इलाज के लिए पास के अस्पताल में ले जाया गया। वहीं, पुलिस जांच में जुट गई है।

## फिरोजपुर-मोगा कोर्ट में बम की धमकी: सूचना मिलते ही दौड़ी पुलिस

फिरोजपुर, 8 जनवरी (एजेंसियां)। फिरोजपुर कोर्ट में गुरुवार को बम की सूचना के बाद अफरातफरी मच गई। कोर्ट परिसर के सभी गेट बंद कर दिए गए हैं। वकील और जज के अलावा किसी भी व्यक्ति को कोर्ट के अंदर जाने नहीं दिया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई है और बम की तलाश कर रही है। बार एसोसिएशन के प्रधान लवजीत पाल सिंह ने कहा कि उन्हें कोर्ट बम से उड़ाने की धमकी भरी मेल आई थी। कोर्ट बिल्कुल खाली है। किसी को अंदर नहीं जाने दिया जा रहा है।



उधर, एसपी मनजीत सिंह ने कहा कि कोर्ट परिसर चेक किया जा रहा है। अभी तक कुछ नहीं मिला है। कोर्ट की दोपहर एक बजे तक छुट्टी कर दी गई है। फिरोजपुर के बाद मोगा कोर्ट को भी धमकी भरा ई-मेल मिलने से हड़कंप मच गया। धमकी की सूचना मिलते ही मोगा कोर्ट परिसर को तुरंत खाली करवा दिया गया। मौके पर भारी पुलिस फोर्स पहुंची और पूरे कोर्ट परिसर में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस द्वारा हर कोने की बारीकी से जांच की जा रही है, ताकि किसी भी तरह की अनहोनी से बचा जा सके। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### सड़क दुर्घटना में मृत भिखारी के कंटेनर से मिला 45 लाख रुपये नकदी, विदेशी मुद्रा का था भंडार

अलाप्पुझा, 8 जनवरी (एजेंसियां)। केरल के अलाप्पुझा में सड़क दुर्घटना में एक भिखारी की मौत हो गई। इसके बाद जब भिखारी के सामानों की जांच की गई तब एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ और भिखारी के कंटेनर को खोलकर देखा गया तो मौजूद अधिकारी भी दंग रह गए। दरअसल, अलाप्पुझा के चारुम्मूट और आसपास के इलाके में एक भिखारी काफी समय से भीख मांगने का काम कर रहा था। सोमवार रात भिखारी सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया। इसके बाद भिखारी बिना किसी को बताए अस्पताल से चला गया और अस्पताल के रिकॉर्ड के अनुसार, उस व्यक्ति ने अपना नाम अनिल किशोर बताया। हालांकि, मंगलवार सुबह एक दुकान के बाहर वो मृत पाया गया,

### शाही जामा मस्जिद बनाम हरिहर मंदिर मामले में सुनवाई टली, 24 फरवरी को मिली अगली तारीख

संभल, 8 जनवरी (एजेंसियां)। शाही जामा मस्जिद बनाम हरिहर मंदिर विवाद पर सुनवाई सुप्रीम कोर्ट के स्टे के कारण एक बार फिर टल गई है। अब न्यायालय ने अगली तारीख 24 फरवरी तय की है। इस दौरान भारी पुलिस बल मौजूद रहा। बता दें कि संभल की शाही जामा मस्जिद के हरिहर मंदिर होने के दावे को लेकर दायर वाद के मामले में गुरुवार को चंदौसी स्थित सिविल जज सीनियर डिवीजन आदित्य सिंह के न्यायालय में सुनवाई होनी थी, लेकिन पूर्व में सुप्रीम कोर्ट में स्टे के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। न्यायालय ने सुनवाई के लिए अब अगली तारीख 24 फरवरी नियत की है। ज्ञात हो संभल में 19 नवंबर 2024 को शाही जामा मस्जिद के हरिहर मंदिर होने के दावे को लेकर कैला देवी मंदिर के महंत ऋषिराज गिरी, अधिवक्ता हरिशंकर जैन समेत आठ लोगों ने सिविल जज सीनियर डिवीजन जनपद संभल स्थित चंदौसी आदित्य सिंह के न्यायालय में वाद दायर किया था। इसी मामले में गुरुवार को सुनवाई होनी थी।

## ठग सुकेश चंद्रशेखर की सेटलमेंट याचिका पर सुनवाई टली, 16 जनवरी को अगली तारीख



नई दिल्ली, 8 जनवरी (एजेंसियां)। पटियाला हाउस कोर्ट ने कथित 200 करोड़ रुपये के ठगी मामले में आरोपी सुकेश चंद्रशेखर की सेटलमेंट की मांग पर दायर याचिका पर सुनवाई टाल दी है। अदालत ने सुकेश के वकील को निर्देश दिया कि वह याचिका की एक प्रति शिकायतकर्ता को उपलब्ध कराएं। अदालत ने इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 16 जनवरी की तारीख तय की है। सुनवाई के दौरान सुकेश चंद्रशेखर की ओर से बताया गया कि वह सेटलमेंट के तहत 217 करोड़ रुपये का भुगतान करने को तैयार है और शिकायतकर्ता अदिति सिंह के साथ समझौते की संभावना तलाशना चाहता है। कोर्ट ने कहा कि शिकायतकर्ता को याचिका की प्रति मिलने और उनका पक्ष सामने आने के बाद ही इस पर कोई निर्णय लिया जाएगा। इसी आधार पर मामले को अगली तारीख तक के लिए स्थगित कर दिया गया। गौरतलब है कि सुकेश चंद्रशेखर पर कई बड़े वित्तीय घोटालों और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामलों में आरोप हैं, जिनमें 200 करोड़ रुपये की ठगी का यह मामला प्रमुख है।

## हिमाचल हाइकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी पुलिस ने चलाया तलाशी अभियान

शिमला, 8 जनवरी (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय को एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इससे सुरक्षा एजेंसियां और खुफिया एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं। गुरुवार सुबह इसकी सूचना मिलते ही बम निरोधक दस्ते और पुलिस की टीम ने प्रदेश उच्च न्यायालय के परिसर में पहुंचकर तलाशी अभियान चलाया। हालांकि, इस दौरान किसी भी प्रकार की संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं की। बताया जा रहा है कि प्रदेश हाईकोर्ट की आधिकारिक वेबसाइट पर सुबह ही एक अज्ञात ईमेल से इस तरह की धमकी प्राप्त हुई है। इसके बाद हाईकोर्ट प्रशासन की ओर से मामले की सूचना पुलिस अधिकारियों को दी गई। एसएसपी शिमला संजीव कुमार गांधी ने बताया कि मामले की सूचना मिलते ही प्रदेश हाईकोर्ट की सुरक्षा को लेकर सभी पुख्ता कदम उठाए जा रहे हैं। एहतियातन हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय में भी व्यापक तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वायड और स्थानीय पुलिस ने परिसर की गहन तलाशी ली। पुलिस ने ईमेल भेजने वाले की जांच शुरू कर दी है। बता, दें इससे पहले भी दो बार हाईकोर्ट को बम की धमकी मिली है।

### पर्यावरण संरक्षण के मजबूत स्तंभ माधव गाडगिल नहीं रहे

# जयराम रमेश ने जताया गहरा शोक

नई दिल्ली, 8 जनवरी (एजेंसियां)। वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व पर्यावरण मंत्री जयराम रमेश ने प्रसिद्ध पर्यावरणविद् माधव गाडगिल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने गाडगिल को राष्ट्र निर्माता बताते हुए कहा कि सार्वजनिक नीति पर उनका प्रभाव गहरा और दूरगामी रहा। पश्चिमी घाट पर अपने महत्वपूर्ण शोध के लिए पहचाने जाने वाले माधव गाडगिल का बुधवार देर रात पुणे के एक अस्पताल में संक्षिप्त बीमारी के बाद निधन हो गया। वह



83 वर्ष के थे। पारिवारिक सूत्रों ने गुरुवार को उनके निधन की पुष्टि की। जयराम रमेश ने कहा कि गाडगिल एक उत्कृष्ट अकादमिक वैज्ञानिक होने के साथ-साथ अथक फील्ड रिसर्चर, अग्रणी संस्थान निर्माता और प्रभावशाली संवादक थे। उन्होंने उन्हें लोगों के नेटवर्क और जनआंदोलनों में गहरी आस्था रखने वाला वैज्ञानिक बताया। रमेश के अनुसार, गाडगिल पिछले पांच दशकों से कई लोगों के लिए मित्र, दार्शनिक, मार्गदर्शक और मेंटर की भूमिका निभाते रहे।

## फरीदकोट में पुलिस की बड़ी कार्रवाई! शराब तस्करी का किया पर्दाफाश

फरीदकोट, 8 जनवरी (एजेंसियां)। पंजाब के फरीदकोट पुलिस ने एसएसपी के दिशा-निर्देशों के तहत समाज विरोधी तत्वों के खिलाफ चल रहे अपने अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने एक तस्कर, जिसकी पहचान मनोज कुमार उर्फ सोनू, निवासी न्यू कैंट रोड, को बड़ी मात्रा में अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए स्टाफ के इंचार्ज इंस्पेक्टर अमरेंद्र सिंह की निगरानी में एएसआई परमिंदर सिंह के नेतृत्व में एक टीम गश्त पर थी। गश्त के दौरान, उन्हें एक मुखबिर से सूचना मिली कि दोषी बाहरी जिलों से सस्ती शराब ला रहा है और इसे फरीदकोट में महंगे भाव पर बेच रहा है। तेजी से कार्रवाई करते हुए पुलिस ने ज्ञानी ज़ैल सिंह एवेन्यू पर एक घर पर छापा मारा और दोषी को उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वह डिलीवरी के लिए अपनी कार में शराब लोड करने जा रहा था।

पुलिस ने मौके से विभिन्न ब्रांडों के 60 डिब्बे और 90 लीटर अवैध शराब बरामद की। तस्करी में इस्तेमाल की गई कार भी जब्त कर ली गई। डीएसपी (डी) अवतार सिंह राजपाल ने बताया कि दोषी मनोज कुमार एक बदनाम तस्कर है और उसके खिलाफ पहले भी दो आपराधिक मामले दर्ज हैं।



### हाईकोर्ट ने कहा- वेश्यावृत्ति मामले में आईजी अपनी सोच बदलें

ग्वालियर, 8 जनवरी (एजेंसियां)। ग्वालियर हाईकोर्ट की युगल पीठ ने लड़कियों की वेश्यावृत्ति से जुड़े एक मामले में ग्वालियर संभाग के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) अरविंद सक्सेना को तलब किया। कोर्ट ने राज्य सरकार के जवाब पर नाराजगी व्यक्त की, जिसमें याचिका को पारिवारिक विवाद बताया गया था। यह मामला पायल नामक याचिकाकर्ता द्वारा दायर जनहित याचिका से जुड़ा है। साल 2025 में याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता ऋषिकेश बोहरे ने तर्क दिया कि शिवपुरी में मीना और अन्य लोगों ने लड़कियों को बंधक बना रखा है और उनसे वेश्यावृत्ति कराई जा रही है। आरोप है कि प्रशासन और पुलिस ने इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की है। कोर्ट ने आईजी से कहा कि वे इस मामले को लेकर अपनी सोच बदलें।

सिंगल बेंच ने पिछले 11 सालों में कितनी लड़कियां गायब हुई हैं और कितनी बरामद की गई हैं, इसका रिकॉर्ड पेश करने के लिए समय दिया है। राज्य शासन ने अपने जवाब में कहा था कि यह याचिकाकर्ता और प्रतिवादियों के बीच का पारिवारिक झगड़ा है। इस जवाब पर कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताई और आईजी के साथ-साथ शिवपुरी के पुलिस अधीक्षक को भी तलब किया था।

### छात्रा की संदिग्ध मौत के बाद परिजनों ने दोस्त पर लगाया हत्या का आरोप, जांच में जुटी पुलिस



भोपाल, 8 जनवरी (एजेंसियां)। राजधानी के सरोजिनी नायडू स्नातकोत्तर स्वशासी महिला महाविद्यालय (नूतन कॉलेज) में पढ़ने वाली 23 वर्षीय छात्रा प्रियंका उर्फ शिप्रा मेहरा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सुबह शिप्रा अपने ईश्वर नगर स्थित घर से कॉलेज जाने के लिए निकली थी लेकिन वह कॉलेज न जाकर चूनाभट्टी क्षेत्र की पारिका सोसाइटी पहुंची, जहां उसका पुराना पड़ोसी और परिचित तुषार कपिल रहता है।

शाम तुषार कपिल शिप्रा को गंभीर हालत में जेपी अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसी दौरान तुषार अस्पताल से मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया। अस्पताल प्रबंधन ने तुरंत चूनाभट्टी थाना पुलिस को सूचना दी और शव को पोस्टमार्टम के लिए हमीदिया मोर्चरी भेज दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### बीएमसी चुनाव से पहले मुंबई पुलिस ने फर्जी नोटों की सप्लायर को पकड़ा, 60 हजार के बदले देती थी 1 लाख का जाली माल

मुंबई, 8 जनवरी (एजेंसियां)। बीएमसी चुनावों को देखते हुए मुंबई पुलिस अलर्ट मोड में है। इसी कड़ी में पुलिस ने जाली नोटों के एक अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क को करारा झटका दिया है। मुंबई पुलिस ने झारखंड के साहेबगंज जिले में बांग्लादेश सीमा के पास एक गुप्त ऑपरेशन चलाकर इस मामले में एक महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी पिछले सप्ताह दादर रेलवे स्टेशन के पास हुई। फर्जी नोट बरामदगी से जुड़े मामले में गिरफ्तारी की गई है। बीते सप्ताह शिवाजी पार्क पुलिस ने दादर रेलवे स्टेशन के पास से अमरुद्दीन शेख (61 वर्ष) को गिरफ्तार किया था। उसके पास से 500-500 रुपये के कुल 72 हजार रुपये के हाई क्वालिटी फर्जी नोट बरामद हुए थे।

## दागी उम्मीदवारों की पूरी जानकारी के साथ नई सूची जारी करने का आदेश; कलकत्ता हाईकोर्ट का सख्त रुख

कोलकाता, 8 जनवरी (एजेंसियां)। कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) को सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि वह दागी उम्मीदवारों की एक नई और विस्तृत सूची अदालत में दाखिल करे, ताकि उनकी सही पहचान की जा सके। यह आदेश उन 1806 दागी उम्मीदवारों से जुड़ा है, जिनकी नियुक्तियां सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद रद्द की गई थीं। इस मामले की अगली सुनवाई 11 फरवरी को होगी।

न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा ने कहा कि एसएससी द्वारा दाखिल मौजूदा रिपोर्ट में उम्मीदवारों के रोल नंबर, नाम, विषय, अभिभावक का नाम और जन्मतिथि तो दी गई है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि वे किस श्रेणी (कैटेगरी) में दागी पाए गए। अदालत ने यह भी नोट किया कि सूची में यह जानकारी नहीं है कि उम्मीदवार को किस स्कूल और किस जिले में 2016 की पहली स्कूल-स्तरीय चयन परीक्षा के तहत नियुक्त किया गया था।



न्यायमूर्ति सिन्हा ने एसएससी को निर्देश दिया कि वह ऐसी पूरी जानकारी के साथ सूची प्रकाशित करे, जिससे उम्मीदवारों की स्पष्ट पहचान हो सके। अदालत ने कहा कि यदि पूरी जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई, तो यह आशंका बनी रहेगी कि दागी उम्मीदवार नई भर्ती प्रक्रिया में फिर से शामिल हो सकते हैं।

अदालत ने याद दिलाया कि 19 नवंबर 2025 के आदेश में भी स्पष्ट किया गया था कि दागी उम्मीदवारों की सूची प्रकाशित करने का उद्देश्य केवल पहचान सुनिश्चित करना है, न कि औपचारिकता निभाना। एसएससी की ओर से पेश वकील ने अदालत को बताया कि नई और विस्तृत सूची प्रकाशित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

गौरतलब है कि एसएससी इस समय दूसरी एसएलएसटी 2025 के जरिए पश्चिम बंगाल के सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में नई भर्तियां कर रहा है। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने भर्ती प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताओं को देखते हुए 25,753 शिक्षण और गैर-शिक्षण पदों की नियुक्तियां रद्द करने के कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश को बरकरार रखा था।

### एआईएमआईएम की रैली पर हमला, पुलिस पर अंडे फेंके गए; छत्रपति संभाजीनगर में 60 लोगों पर केस दर्ज

छत्रपति संभाजीनगर, 8 जनवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में एआईएमआईएम की एक रैली के दौरान हिंसा का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में करीब 60 लोगों के खिलाफ दंगा और अवैध जमावड़े समेत कई धाराओं में केस दर्ज किया है। अधिकारियों के अनुसार, रैली के दौरान पुलिसकर्मियों पर अंडे भी फेंके गए। यह घटना जिंसी इलाके में उस समय हुई, जब एआईएमआईएम के पूर्व सांसद इम्तियाज जलील नगर निकाय चुनावों के लिए पार्टी उम्मीदवारों के समर्थन में पदयात्रा कर रहे थे। इसी दौरान एआईएमआईएम समर्थकों और एक प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार के समर्थकों के बीच कहासुनी बढ़ गई,

## पीएमएमएल: अन्ना हजारे के दस्तावेज को संग्रहालय में संरक्षित किया जाएगा, टीम पैतृक गांव पहुंची



नई दिल्ली, 8 जनवरी (एजेंसियां)। स्थित प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय (पीएमएमएल) में कार्यकर्ता अन्ना हजारे से जुडें पत्रों और दस्तावेजों को संरक्षित किया जाएगा। उनके करीबी सहयोगी ने बताया कि सामाजिक सुधारों, ग्रामीण विकास और भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलनों, जिनमें 2011 का लोकपाल आंदोलन भी शामिल है। इसमें हजारे की योगदान को मान्यता देते हुए यह कदम उठाया जा रहा है। हजारे के सहयोगी दत्ता अवारी ने दावा किया कि नीरज कुमार और जितुमणि शर्मा के नेतृत्व में पीएमएमएल की एक टीम उनकी पैतृक गांव महाराष्ट्र के रालेगन सिद्धि में प्रक्रिया शुरू करने के लिए पहुंची। जिन दस्तावेजों को संग्रहित किया जाना है उनमें हजारे के सामाजिक कार्यों, नई दिल्ली में हुए ऐतिहासिक 2011 के लोकपाल आंदोलन, ग्राम विकास पहलों, जल संरक्षण प्रयासों और भ्रष्टाचार विरोधी अभियानों से संबंधित सामग्री शामिल है। उन्होंने बताया कि इन्हें ऐतिहासिक और अकादमिक शोध के लिए पीएमएमएल अभिलेखागार में संरक्षित किया जाएगा।

अन्ना हजारे सेना से कार्यकर्ता बने। 80 वर्ष से अधिक आयु के इस शख्स ने वर्षों से ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने, सरकारी कामकाज में पारदर्शिता बढ़ाने और है। उन्हें भारत के तीसरे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्म भूषण से सम्मानित किया गया है। पीएमएमएल अधिकारियों के हवाले से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि लोकपाल आंदोलन के नेतृत्व और ग्रामीण विकास तथा भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में उनके लंबे समय के कार्यों को देखते हुए हजारे के दस्तावेजों का महत्वपूर्ण शैक्षणिक और ऐतिहासिक महत्व होने की उम्मीद है। पीएमएमएल एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्यातिप्राप्त स्वायत्त शैक्षणिक संस्थान है, जो आधुनिक और समकालीन भारतीय इतिहास पर शोध करता है।

इसके अभिलेखागार में एआईसीसी, जनता पार्टी, डीएवी कॉलेज ट्रस्ट और मैनेजमेंट सोसाइटी जैसे संगठनों के संस्थागत संग्रह और जवाहरलाल नेहरू, महात्मा गांधी, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, चरण सिंह, चंद्रशेखर और जयप्रकाश नारायण सहित कई प्रख्यात हस्तियों के व्यक्तिगत दस्तावेज मौजूद हैं। विज्ञप्ति के अनुसार, अभिलेखागार में मुख्य रूप से प्रमुख हस्तियों के मूल पत्र-व्यवहार, डायरी, अप्रकाशित दस्तावेज, नोट्स, भाषण और लेख शामिल हैं। संस्था विद्वानों के लिए अभिलेखीय सामग्री को सुलभ बनाने के लिए एक व्यापक डिजिटलीकरण परियोजना भी चला रही है।

### पेठ हाइवे पर भीषण हादसा, कारों की आमने-सामने जोरदार टक्कर, 4 की मौत

नासिक, 8 जनवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के नासिक जिले के पेठ राष्ट्रीय राजमार्ग पर दोपहर के समय एक दिल दहला देने वाली सड़क दुर्घटना हुई। चाचडगांव इलाके में स्कॉर्पियो और ईरटीका कार की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों कारें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं और मौके पर चीख-पुकार मच गई। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, दुर्घटना में गुजरात के रहने वाले शाहरुख फराकत सहित तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। कुल मिलाकर चार लोगों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। वहीं, राजस्थान के किसान गुजर, गणेश, खुशी और पूनम गुजर गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

घायलों को तुरंत नासिक के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के मुताबिक घायलों की हालत चिंताजनक बनी हुई है। दिंडोरी पुलिस ने बताया कि यह साफ नहीं हो पाया है कि दुर्घटना किसकी गलती से हुई। दोनों कारों के आमने-सामने टक्कर होने से अंदाजा लगाया जा रहा है कि या तो तेज रफ्तार थी या फिर सड़क पर अचानक नियंत्रण बिगड़ गया।

## एसडीओ कार्यालय में आग से एसआईआर दस्तावेज खाक



कोलकाता, 8 जनवरी (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी जिले में एसडीओ कार्यालय में आग लगने से विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से जुड़े जरूरी दस्तावेज जलकर खाक हो गए। पुलिस के मुताबिक, गुरुवार सुबह मल्लागुड़ी में हिल कार्ट रोड पर सब-डिविजनल ऑफिसर (एसडीओ) के कार्यालय में अचानक आग लग गई। आग लगने से एसडीओ कार्यालय के दो कमरे पूरी तरह जल गए। इन दोनों कमरों में रखे कई कंप्यूटर और सरकारी दस्तावेज भी जलकर खाक हो गए। जानकारी के अनुसार, आधी रात के कुछ देर बाद, सुरक्षा गार्ड और कुछ स्थानीय लोगों ने एक कमरे से काला धुआं निकलते देखा। सिक्योरिटी गार्ड्स ने तुरंत आग बुझाना शुरू कर दिया। इसके बाद प्रधान नगर पुलिस स्टेशन और फायर ब्रिगेड को जल्द ही सूचना दी गई। सूचना मिलते ही दो फायर इंजन मौके पर पहुंच गए।

फायर ब्रिगेड ने कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया। हालांकि, आग से हुए नुकसान के बारे में अभी तक पूरी जानकारी नहीं मिल पाई है। फायर ब्रिगेड के सूत्रों के अनुसार, दोनों कमरों में रखे दस्तावेज आग की लपटों में घिर गए थे। फायर ब्रिगेड और पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रहे हैं। आग लगने के तुरंत बाद एसडीओ विकास रुहेला भी मौके पर पहुंचे। आग की सूचना मिलने पर जिलाधिकारी मनीष मिश्रा और पुलिस अधीक्षक प्रवीण प्रकाश भी मौके पर पहुंचे और आग की घटना के बारे में जानकारी ली। सिलीगुड़ी के मेयर गौतम देब ने भी घटना के बारे में पूछताछ की। एसडीओ रुहेला ने कहा कि इस आग की घटना के बारे में अभी कुछ नहीं कहा जा सकता। वहीं, सिलीगुड़ी फायर स्टेशन के स्टेशन ऑफिसर धर्मेंद्र कृष्णा रॉय ने कहा, दो फायर इंजन आए और आग पर काबू पाया। भारी धुएं के कारण हमें बिल्डिंग में घुसने में थोड़ा समय लगा। हालांकि, अब आग पर काबू पा लिया गया है। नुकसान की सीमा और आग लगने के कारणों की जांच की जाएगी।

**सुविचार:** जब ईर्ष्या अपना घिनौना सिर उठाती है तो हमारे प्रियजन भी हमारे शत्रु बन जाते हैं

# पुलिस का चीनी मांझे के खिलाफ बड़ा एक्शन 1.24 करोड़ रुपये का माल जब्त

## 103 मामले दर्ज और 143 लोग गिरफ्तार



हैदराबाद, 8 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। संक्रांति त्योहार से पहले, हैदराबाद सिटी पुलिस ने प्रतिबंधित 'चीनी मांझा' (सिंथेटिक/नायलॉन पतंग डोर) की बिक्री, भंडारण और परिवहन पर रोक लगाने के लिए पूरे शहर में सख्त अभियान तेज कर दिया है। इस विशेष अभियान के तहत बड़े पैमाने पर जब्ती और गिरफ्तारियां की गई हैं।

मीडिया को संबोधित करते हुए, हैदराबाद के पुलिस आयुक्त वी.सी. सज्जनार ने कहा कि संक्रांति खुशियों और पतंगबाजी का त्योहार है, लेकिन उत्सव किसी की जान के लिए खतरा नहीं बनने चाहिए। उन्होंने दोहराया कि सरकार ने चीनी मांझे पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया है क्योंकि यह मनुष्यों, पक्षियों और पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा पैदा करता है।

उन्होंने कहा, प्रतिबंध के बावजूद अवैध बिक्री चोरी-छिपे की जा रही है। इस पर बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जो कोई भी चीनी मांझा बेचते, संग्रहित करते या परिवहन करते पाया जाएगा, उसके खिलाफ तत्काल आपराधिक कार्रवाई की जाएगी। शहर भर में विशेष टीमें तैनात की गई हैं। आयुक्त ने यह भी बताया कि कुछ व्यापारी कार्रवाई से बचने के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का सहारा ले रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म और सोशल मीडिया पर 24 घंटे निगरानी रखी जा रही है। चीनी मांझे की ऑनलाइन बिक्री या खरीद में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने माता-पिता को भी चीनी मांझे पर लगी धात्विक परत के खतरों के बारे में आगाह किया, जो गंभीर चोटें और यहां तक कि बिजली का झटका भी लगने का कारण बन सकती है, खासकर बच्चों के लिए।

नागरिकों से केवल पारंपरिक सूती डोर का उपयोग करने और किसी भी उल्लंघन की सूचना 100 नंबर पर या व्हाट्सएप नंबर 94906 16555 पर देने की अपील की गई। चल रहे इस अभियान के तहत हैदराबाद सिटी पुलिस ने 103 मामले दर्ज किए हैं और 143 लोगों को गिरफ्तार किया है। प्रतिबंधित चीनी मांझे की कुल 6,226 रीलें जब्त की गई हैं, जिनकी अनुमानित बाजार कीमत 1,24,52,000 है। दक्षिण-पश्चिम जोन में सबसे अधिक उल्लंघन सामने आए, जहां 34 मामले दर्ज किए गए और 46 गिरफ्तारियां हुईं। यहां से 65,30,000 मूल्य की 3,265 रीलें जब्त की गईं। इसके बाद दक्षिण जोन रहा, जहां 27 मामले दर्ज हुए और 35 लोगों को गिरफ्तार किया गया, तथा 37,22,000 मूल्य की 1,861 रीलें जब्त की गईं। पूर्व जोन में 18 मामले दर्ज किए गए और 29 लोगों की गिरफ्तारी हुई, जहां 6,02,000 मूल्य का माल जब्त किया गया। दक्षिण-पूर्व जोन में नौ मामले और 10 गिरफ्तारियां दर्ज की गईं। केंद्रीय, उत्तरी और पश्चिमी जोन में क्रमशः छह, पांच और चार मामले दर्ज किए गए।

इस अभियान में आयुक्त के टास्क फोर्स ने अहम भूमिका निभाई, जिसने 67 मामले दर्ज किए, 87 गिरफ्तारियां कीं और 68,78,000 मूल्य का प्रतिबंधित मांझा जब्त किया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (क्राइम्स एवं एसआईटी) एम. श्रीनिवासुलु, डीसीपी खरे किरण प्रभाकर, जी. चंद्र मोहन, गायकवाड़ वैभव रघुनाथ, आईपीएस; अतिरिक्त डीसीपी (टास्क फोर्स) आंदे श्रीनिवास राव तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। इस मौके पर पुलिस आयुक्त ने अधिकारियों, उनकी टीमों और स्टाफ को बधाई दी और उन्हें नकद पुरस्कार प्रदान किए।

# जन शासन के दो वर्षों में ही तेलंगाना को नई दिशा : पोंगुलेटी

> मंत्री ने स्मारिका का विमोचन किया



हैदराबाद, 8 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता )। राजस्व मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी ने कहा कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आने के दो वर्ष पूरे कर तीसरे वर्ष में प्रवेश कर लिया है।

इन दो वर्षों में तेलंगाना राज्य को एक स्पष्ट और नई दिशा देते हुए विकास और कल्याण को समान महत्व के साथ जन सरकार आगे बढ़ रही है। 'राइजिंग रेवंत रेड्डी, दो वर्षों के शासन में दस वर्षों की प्रगति' शीर्षक से स्पीक संस्था द्वारा तैयार की गई स्मारिका का गुरुवार को मंत्री ने अपने निवास पर सरकारी सलाहकार पी. सुदर्शन रेड्डी के साथ मिलकर विमोचन किया।

इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि जनता के विश्वास को बनाए रखते हुए तेलंगाना को विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में और अधिक तेज विकास तथा और व्यापक कल्याण सुनिश्चित करने के लिए जन सरकार कार्य करेगी और प्रत्येक निर्णय में जनता को ही केंद्र बिंदु बनाकर फैसले लिए जाएंगे। मंत्री ने कहा कि पिछले दस वर्षों की उपेक्षा, भ्रष्टाचार और अहंकारी शासन के कारण पीछे रह गए तेलंगाना को फिर से सही मार्ग पर लाने की जिम्मेदारी कांग्रेस सरकार ने ली है। जनता की आकांक्षाओं को नीतियों में बदलते हुए, शब्दों से नहीं बल्कि कार्यों से शासन किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि मात्र दो वर्षों में ही किसानों, गरीबों, महिलाओं, युवाओं, दलितों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों को न्याय दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं तथा कल्याणकारी योजनाओं को कागजों तक सीमित न रखकर सीधे जनता तक पहुंचाया गया है। राजस्व विभाग के स्तर पर भूमि प्रशासन में पारदर्शिता लाने, भूमि विवादों का स्थायी समाधान करने, सरकारी भूमि की सुरक्षा करने तथा आधुनिक तकनीक के माध्यम से सर्वे प्रक्रियाओं को तेज करने जैसे कदमों से जनता को सीधे लाभ हो रहा है। कार्यक्रम में महिला आयोग की अध्यक्ष नेरेल्ला शारदा, स्पीक संस्था के मानद सलाहकार अन्ने सत्यनारायण, अध्यक्ष विद्यसागर सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# मलकाजिगिरी कमिश्नरेट क्षेत्र में खोए व चोरी हुए 1039 मोबाइल फोन बरामद

> पुलिस ने 2.08 करोड़ रुपये मूल्य के फोन जब्त किए



हैदराबाद, 8 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। आजकल मोबाइल उपकरणों के बढ़ते उपयोग के कारण मोबाइल फोन चोरी और खोने की घटनाएं बढ़ रही हैं। इन फोन को विभिन्न व्यक्ति विभिन्न माध्यमों से हासिल कर उपयोग कर रहे हैं। सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्ट्री (सीईआईआर) ऐसी चोरी या खोई हुई मोबाइल डिवाइस की पहचान के लिए एक सुविधा है।

मलकाजिगिरी पुलिस कमिश्नर अविनाश मोहंती, आईपीएस के निर्देशानुसार, सीईआईआर पोर्टल की मदद से खोए/चोरी हुए मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए सीआईएस एलबी नगर और मलकाजिगिरी में आईटी सेल की सहायता से विशेष टीमों का गठन किया। इन विशेष टीमों ने छह महीनों के दौरान लगभग 2.08 करोड़ रुपये मूल्य के 1039 मोबाइल फोन बरामद किए। इस वर्ष अब तक लगभग 4733 मोबाइल फोन बरामद किए जा चुके हैं। गुरुवार को, मकलाजिगिरी पुलिस ने मोबाइल फोन उनके वास्तविक मालिकों को सौंपे और उनसे बातचीत कर उनके अनुभव और मलकाजिगिरी पुलिस की कार्यप्रणाली पर प्रतिक्रिया ली। पुलिस कमिश्नर ने नागरिकों को सलाह दी कि मोबाइल में संग्रहीत महत्वपूर्ण जानकारी की सुरक्षा बनाए रखें। मोबाइल अपने उपकरण पुलिस कमिश्नर से प्राप्त करने वाले वास्तविक मालिकों ने हृदय से आभार व्यक्त किया और इस कार्य में मल्काजिगिरी पुलिस की प्रशंसा की।


इस कार्रवाई में के. गुण शेखर, डीसीपी क्राइम्स, सी.एच. रामेश्वर, अतिरिक्त डीसीपी क्राइम्स, करुण सागर, एसपी क्राइम्स, सीआईएस विशेष टीम और आईटी सेल अधिकारी ने योगदान दिया।

## जीएचएमसी ने संपत्ति कर बकाया पर 90 प्रतिशत ब्याज माफी की घोषणा की

हैदराबाद, 8 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) ने वर्ष 2025-26 के लिए एकमुश्त निपटान (ओटीएस) योजना जारी रखने की घोषणा की है, जिसके तहत संपत्ति कर बकायेदारों को जमा ब्याज पर 90 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी। इस योजना के तहत संपत्ति मालिक केवल मूल कर राशि और ब्याज का 10 प्रतिशत एकमुश्त भुगतान कर अपने पुराने बकायों का निपटान कर सकते हैं। शेष 90 प्रतिशत ब्याज माफ कर दिया जाएगा। जीएचएमसी ने नागरिकों से इस सीमित अवधि की योजना का लाभ उठाने और शहर के विकास में योगदान देने की अपील की है। ओटीएस योजना के तहत भुगतान माईजीएचएमसी मोबाइल ऐप, मीसेवा केंद्रों, जीएचएमसी नागरिक सेवा केंद्रों और अन्य ऑनलाइन माध्यमों से किया जा सकता है। अधिकारियों ने कहा कि समय पर संपत्ति कर भुगतान से न केवल करदाताओं के खाते नियमित होते हैं, बल्कि शहर की बुनियादी ढांचे और सार्वजनिक सेवाओं को भी मजबूती मिलती है।

# हिमाचल प्रदेश के शिक्षा मंत्री ने सीएम से मुलाकात की

> मल्लेपल्ली आईटीसी का दौरा करने का सुझाव



हैदराबाद, 8 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना सचिवालय में हिमाचल प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित कुमार के नेतृत्व में आए प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान शिक्षा विभाग की आयुक्त योगिता राणा, स्कूल शिक्षा निदेशक नवीन निकोलस, मुख्यमंत्री के विशेष सचिव अजित रेड्डी तथा हिमाचल प्रदेश सरकार के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने हिमाचल प्रदेश के शिक्षा मंत्री को तेलंगाना राज्य में शिक्षा व्यवस्था में लाई जा रही सुधारों तथा यंग इंडिया इंटीग्रेटेड रेजिडेंशियल स्कूलों की स्थापना से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने बताया कि 25 एकड़ के विशाल परिसर में एससी, एसटी, बीसी और अल्पसंख्यक विद्यार्थियों के लिए एक ही स्थान पर मिनी विश्वविद्यालय की तर्ज पर 200 करोड़ रुपये की लागत से रेजिडेंशियल स्कूलों का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) की तर्ज पर शीघ्र ही तेलंगाना शिक्षा नीति लागू की जाएगी। इसके लिए एक समिति का गठन किया गया है और जल्द ही यह नीति लाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने मंत्री को बताया कि निजी स्कूलों के समकक्ष सरकारी स्कूलों को मजबूत बनाने के उद्देश्य से प्री-प्राइमरी शिक्षा प्रदान करने की व्यवस्था लागू की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्री-प्राइमरी के छोटे बच्चों को स्कूल तक लाने के लिए परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने की योजना बनाई जा रही है।

मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि राज्य में आईटीआई संस्थानों को एटीसी (एडवांस्ड ट्रेनिंग सेंटर्स) के रूप में विकसित किया जा रहा है तथा प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक एटीसी केंद्र स्थापित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने हिमाचल प्रदेश के शिक्षा मंत्री को मल्लेपल्ली आईटीसी का दौरा करने का सुझाव भी दिया। इंटीग्रेटेड स्कूलों के निर्माण में रुचि दिखाते हुए हिमाचल प्रदेश के शिक्षा मंत्री ने इन स्कूलों की स्थापना से संबंधित एक विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। हिमाचल प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित कुमार ने सरकारी शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए मुख्यमंत्री के दृष्टिकोण की सराहना की।


## CLASSIFIEDS

### CHANGE OF NAME

I, No. 14647030W, Hav, Paradeshi Prakashsing Kisansing, R/o, Dist : Jalgaon, Maharashtra, changed my Son's name from Durvesh to Durvesh Prakashsing Pardeshi, vide Affidavit No. 284162 dt. 06.01.2026, before, Medchal-Malkajgiri Court, Telangana.

I, No.14647030W, Hav, Paradeshi Prakashsing Kisansing, R/o, Dist: Jalgaon, Maharashtra, changed my Daughter's name from Anjali to Anjali Prakashsing Pardeshi,vide Affidavit No.284173 dt. 07.01.2026, before Medchal-Malkajgiri Court Telangana.

I, No. 14668221Y, NK, Prajapati Vishnubhai Amrutbhai,R,/o, Dist: Mahesana, Gujarat, changed my Son's name from Prajapati Vaibhav to Prajapati Vaibhavkumar Vishnubhai, vide Affidavit No. 284164 dt. 06.01.2026, before Medchal-Malkajgiri Court, Telangana.

I, No. 14647276P, Hav, Naval Singh, R/o, Dist: Alwar, Rajasthan, changed my Mother's name from Rashmi Devi to Reshmi, vide Affidavit No. 284179 dt. 08.01.2026, before Medchal-Malkajgiri Court, Telangana.

I, No. 14649228N, Hav, Ramanjulu S, R/o, Dist : Chittoor, A P , changed my Son's name from Punit Eswar to S Piniteswar, vide Affidavit No. 284183 dt. 08.01.2026, before Medchal-Malkajgiri Court, Telangana

**सावधान**

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।


## अंगदान में तेलंगाना बना देश का अग्रणी राज्य, एक साल में 205 मृत अंगदाता

हैदराबाद, 8 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना राज्य अंगदान और प्रत्यारोपण के क्षेत्र में देश में अग्रणी बना हुआ है। पिछले एक वर्ष में राज्य ने 205 मृत अंगदाताओं का आंकड़ा पार किया है। यह उपलब्धि राज्य सरकार द्वारा संचालित जीवनदान अंगदान कार्यक्रम के तहत हासिल हुई है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2025 में हुए 205 अंगदान से कुल 758 अंगों और ऊतकों को प्राप्त कर सफलतापूर्वक जरूरतमंद मरीजों में प्रत्यारोपित किया गया। वर्ष 2013 में यह संख्या केवल 41 अंगदाताओं तक सीमित थी। तेलंगाना में प्रति दस लाख जनसंख्या पर 5 से अधिक अंगदाता हैं, जबकि राष्ट्रीय औसत केवल 0.8 है।

इसी उपलब्धि के कारण केंद्र सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने हाल ही में तेलंगाना को अंगदान के लिए देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य घोषित किया है। राज्य सरकार ने मानव अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण अधिनियम को भी लागू किया है, जिससे ब्रेन डेड घोषित करने की प्रक्रिया आसान हो गई है। इसके तहत अब एनेस्थेसियोलॉजिस्ट और डॉक्टर भी मृत्यु प्रमाणित कर सकते हैं। नए कानून में अवैध अंग व्यापार पर सख्त सजा का प्रावधान है, जिसमें एक करोड़ रुपये तक का जुर्माना और 10 साल तक की जेल शामिल है।


**केन्द्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान**
**(भारत सरकार की सोसाइटी, विद्युत मंत्रालय)**
पोस्ट बॉक्स सं.8066, प्रो. सर सी.वी. रामन रोड़
सदाशिवनगर डाक घर
बेगलूरू-560080

**विज्ञापन संख्या : सीपीआरआई/14/2025**

**सीपीआरआई पूर्णतः** अस्थायी आधार पर एक (1) वरिष्ठ परियोजना अभियंता, दो (2) परियोजना अभियंता तथा दो (2) चलाको के पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करता है, जो प्रारंभ में **एक वर्ष** की अवधि के लिए होगी। इच्छुक उम्मीदवार पात्रता मानदंड, शैक्षणिक योग्यता आदि से संबंधित विवरणों के लिए वेबसाइट https://cpri.res.in का अवलोकन करें तथा वेबसाइट पर उपलब्ध निर्धारित प्रारूप में सभी संबंधित दस्तावेजों की प्रतियों के साथ अपना आवेदन **डाक द्वारा** 25.01.2026 तक या उससे पूर्व भेजें। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

**मुख्य प्रशासनिक अधिकारी**
cbc 34104/12/0012/2526


# पलामुरु परियोजना राजनीतिक बदले की भेंट, किसान परेशान : केटीआर

> राजनीतिक कारणों से निर्माण फिर से शुरू नहीं किया



हैदराबाद, 8 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने गुरुवार को मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी पर पलामुरु-रंगारेड्डी लिफ्ट इरिगेशन परियोजना को जानबूझकर रोकने का आरोप लगाया।

केटीआर ने कहा कि यह राजनीतिक बदले और पूर्व राजनीतिक गुरु को खुश करने के लिए किया गया, जिससे लाखों किसान संकट में फंस गए। तेलंगाना भवन में एक सभा को संबोधित करते हुए केटीआर ने कहा कि बीआरएस शासन के दौरान परियोजना का लगभग 90 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका था, और नारलापुर, करिवेना, वट्टेम, एडुला और उदंडापुर जैसे प्रमुख जलाशयों का उपयोग शुरू किया जा सकता था। केवल नहर का कार्य बाकी था, जिसे जल्दी पूरा किया जा सकता था। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने निविदाओं को रद्द कर दिया, कार्य रोक दिए और राजनीतिक कारणों से निर्माण फिर से शुरू नहीं किया।

केटीआर ने कहा कि रेवंत रेड्डी इस परियोजना के पूरा होने से पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव को श्रेय मिलने से डर रहे थे। केटीआर ने नारलापुर में 145 मेगावाट पंपों के उद्घाटन का स्मरण करते हुए कहा कि पलामुरु में वास्तविक विकास बीआरएस के शासन में हुआ। उन्होंने वर्तमान सरकार पर राजनीतिक प्रतिशोध का आरोप लगाया, जबकि किसान गंभीर जल संकट और फसल अवकाश का सामना कर रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री की सिंचाई समझ पर कटाक्ष किया और कहा कि कांग्रेस सरकार के दो साल के शासन को 'झूठ, ध्वस्त और विनाश' के रूप में याद किया जाएगा, जिसमें बीआरएस द्वारा बनाए गए चेक डैमों को तोड़ना भी शामिल है। किसानों की समस्याओं को उजागर करते हुए केटीआर ने कहा कि यूरिया की कमी, बीज की तंगी और बिजली की समस्याएं बीआरएस शासन में नहीं थीं।

उन्होंने कांग्रेस सरकार की घटाई गई 'रैतु भरोसा' भुगतान की आलोचना की और प्रस्तावित 'यूरिया कार्ड' को सिर्फ दिखावा बताया। केटीआर ने मंत्री जूपल्ली कृष्ण राव की ओर इशारा करते हुए कहा कि जूपल्ली ने पिछले वर्ष आदिलाबाद में खुद स्वीकार किया था कि उन्हें यकीन नहीं था कि कांग्रेस सत्ता में रहेगी या वह अपने निर्वाचन क्षेत्र से जीत पाएंगे।



महबूबनगर, तेलंगाना की सांसद डी.के. अरुणा ने गुरुवार को दक्षिण मध्य रेलवे मुख्यालय, रेल निलयम, सिकंदराबाद में महाप्रबंधक, दक्षिण मध्य रेलवे संजय कुमार श्रीवास्तव से भेंट की और अपने क्षेत्र से संबंधित रेल विकास योजनाओं पर चर्चा की।

## सड़क हादसे में मृत कांस्टेबल के परिवार को डीजीपी ने 1 करोड़ 31 लाख रुपये का चेक सौंपा



हैदराबाद, 8 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। सड़क हादसे में जान गंवाने वाले कांस्टेबल के परिवार को बैंक ऑफ बड़ौदा के माध्यम से मिलने वाली बीमा राशि डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस बी. शिवधर रेड्डी ने गुरुवार को अपने कार्यालय में हाथों-हाथ सौंप दी। अम्बरपेट सीपीएल में कांस्टेबल के रूप में तैनात बॉय पांडु और उनकी पत्नी पिछले साल 25 मार्च को हुए सड़क हादसे में मृत हो गए थे। चूंकि बॉय पांडु का बैंक ऑफ बड़ौदा में खाता था, इसलिए उनके परिवार को हादसे में मृत्यु होने के बाद 1 करोड़ 31 लाख रुपये का चेक डीजीपी द्वारा सौंपा गया। इस अवसर पर बैंक ऑफ बड़ौदा के डीजीएम के. मुरलीकृष्ण, सलाहकार रिटायर्ड ब्रिगेडियर एस.के. प्रसाद और अन्य गणमान्य व्यक्ति कार्यक्रम में मौजूद थे।

### सपा को बड़ा झटका, 20 साल पुराने जिला कार्यालय को खाली करने का आदेश

सीतापुर, 8 जनवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले से बड़ी खबर सामने आई है। यहां नगर पालिका प्रशासन ने समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय को खाली करने का नोटिस भेजा है। नगर पालिका ने सपा जिलाध्यक्ष को नोटिस भेजकर कार्यालय परिसर खाली करने के लिए 15 दिनों का समय दिया है। नगर पालिका का दावा है कि टाउन हॉल स्थित जिस जमीन पर सपा कार्यालय बना हुआ है, वह नजूल की जमीन है। उस पर पार्टी का कार्यालय अवैध है। सपा सरकार में कार्यालय के लिए जमीन आवंटित हुई थी। प्रशासन द्वारा की गई इस अचानक कार्रवाई से जिले की सियासत में हलचल तेज हो गई है।

यह पूरा मामला दो दशक पुराना है। 15 जनवरी 2005 को तत्कालीन सपा सरकार के दौरान इस भूमि को पार्टी कार्यालय के लिए आवंटित किया गया था। जानकारी के अनुसार, करीब 3000 वर्ग फीट की यह कीमती जमीन महज 100 रुपये सालाना किराए पर आवंटित की गई थी। जमीन के आवंटन के महज चार महीने बाद ही 14 मई 2005 को इसका आवंटन निरस्त कर दिया गया था।

# निक्की हत्याकांड: इलाहाबाद हाई कोर्ट ने जेठ रोहित को दी जमानत

## मर्डर में शामिल होने के सबूत नहीं

प्रयागराज, 8 जनवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्धनगर के सिरसा गांव में विवाहिता निक्की भाटी को जलाकर हत्या किए जाने के बहुचर्चित मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अहम फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट की एकलपीठ, न्यायमूर्ति कृष्ण पहल ने मृतका के जेठ रोहित भाटी को जमानत प्रदान कर दी है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि इस स्तर पर अभियोजन पक्ष के साक्ष्य आवेदक की प्रत्यक्ष संलिप्तता को स्पष्ट रूप से साबित नहीं करते हैं। ऐसे में रोहित को जमानत का लाभ दिया जाना उचित है। हालांकि, अदालत ने कड़ी शर्तों के साथ जमानत दी है और चेतावनी दी है कि शर्तों के उल्लंघन की स्थिति में जमानत निरस्त की जा सकती है।

**क्या था पूरा मामला**

यह मामला 22 अगस्त 2025 को कासना कोतवाली में दर्ज कराया गया था। मृतका निक्की भाटी की बहन कंचन ने एफआईआर में आरोप लगाया था कि 21 अगस्त की शाम निक्की के पति विपिन, सास दया, ससुर सत्यवीर और जेठ रोहित ने मिलकर उस पर ज्वलनशील पदार्थ





डालकर आग लगा दी। गंभीर रूप से झुलसने के कारण निक्की की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। इस घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी थी। विवेचना के दौरान पुलिस को शुरुआती बयानों में अहम मोड़ मिला। अस्पताल में इलाज के दौरान डॉक्टरों और नर्सों ने अपने बयान में कहा कि निक्की ने उन्हें बताया था कि वह गैस सिलेंडर फटने से झुलसी है। बाद में परिस्थितियों और पारिवारिक आरोपों के आधार पर हत्या का मामला दर्ज किया गया।

**पुलिस ने किया थिनर बरामद**

पुलिस ने मुख्य आरोपी पति विपिन को 23 अगस्त को गिरफ्तार किया था। उसकी निशानदेही पर थिनर की बोतल बरामद की गई थी। आरोप है कि इसी थिनर को निक्की के ऊपर डालकर लाइटर से आग लगाई गई थी। इसके बाद पुलिस ने सास दया, ससुर सत्यवीर और जेठ रोहित को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मामले में जिला सत्र न्यायालय से जेठ रोहित और ससुर सत्यवीर की जमानत याचिकाएं खारिज हो चुकी थीं। इसके बाद रोहित ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में जमानत के लिए याचिका दाखिल की थी।

**बचाव पक्ष: रोहित का प्रत्यक्ष संबंध नहीं**

हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान आरोपी पक्ष की ओर से दलील दी गई कि रोहित का घटना से कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं है। उसे केवल पारिवारिक रिश्तों के कारण और सामान्य आरोपों के आधार पर फंसाया गया है। यह भी कहा गया कि मृतका के बेटे का बयान बाद में दर्ज किया गया, जिसमें उसने स्पष्ट रूप से कहा कि घटना के समय रोहित मौके पर मौजूद नहीं था। बचाव पक्ष ने तर्क दिया कि अभियोजन के पास रोहित के खिलाफ कोई ठोस और प्रत्यक्ष साक्ष्य नहीं है।

**मृतका पक्ष का विरोध**

वहीं, मृतका पक्ष की ओर से अधिवक्ताओं ने जमानत याचिका का कड़ा विरोध किया। उन्होंने तर्क दिया कि यह एक गंभीर अपराध है और सभी आरोपी एक ही परिवार से हैं, जिससे साक्ष्यों से छेड़छाड़ और गवाहों को प्रभावित करने की आशंका बनी रहेगी।

**कोर्ट: प्रथम दृष्टया जमानत का हकदार**

दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद हाईकोर्ट ने कहा कि मृतका के बेटे के बयान में आवेदक का नाम नहीं है और इस स्तर पर रोहित की सीधी भूमिका स्पष्ट नहीं होती। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि वह मामले के गुण-दोष पर कोई राय व्यक्त नहीं कर रहा है, लेकिन प्रथम दृष्टया आवेदक जमानत का हकदार है।

**शनिवार तक हो सकती है रिहाई**

आरोपियों के अधिवक्ता एवं गौतमबुद्धनगर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज भाटी और अमित भाटी बोड़ाकी ने बताया कि गुरुवार को सत्र अदालत में जमानती दाखिल कर अन्य औपचारिकताएं पूरी की जाएंगी। यदि प्रक्रिया समय पर पूरी हो गई तो शनिवार तक रोहित की जेल से रिहाई संभव है। उन्होंने यह भी कहा कि ससुर सत्यवीर को भी जल्द हाईकोर्ट से जमानत मिलने की उम्मीद है और अन्य आरोपियों की ओर से भी जमानत याचिकाएं दाखिल की जाएंगी।

### तेज रफ्तार थार का कहर 12 लोगों को कुचला एक की मौत

पटना, 8 जनवरी (एजेंसियां)। बिहार की राजधानी पटना में बीती रात दर्दनाक हादसा हुआ। बेकाबू हुई तेज रफ्तार थार कार का कहर देखने को मिला। थार गाड़ी ने सड़क पर चल रहे लोगों को कुचल दिया। कार ने 10 से ज्यादा लोगों को टक्कर मारी, जिनमें से एक शख्स की मौत हो गई है। घटनाक्रम देखकर लोग भड़क गए और भीड़ को उग्र होते देखकर आरोपी ड्राइवर मौके से फरार होगा, वहीं लोगों ने उसकी थार गाड़ी में आग लगा दी। हादसे से लोगों में आक्रोश देखने को मिला। बता दें कि हादसा पटना के दानापुर इलाके में गोला रोड पर बीती शाम हुआ।

घायलों को उपचार के लिए पटना के ही मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। वहीं लोगों के गुस्से का शिकार हुई थार गाड़ी जलकर राख हो गई। फायर ब्रिगेड ने मौके पर आकर कार में लगी आग को बुझाया, लेकिन आग इतनी विकराल थी कि दमकल कर्मियों को उसे बुझाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस ने हिट एंड रन का केस दर्ज करके आरोपी ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी है।

# लालू यादव की संपत्ति की जांच पर डिप्टी सीएम विजय सिन्हा का बड़ा बयान





पटना, 8 जनवरी (एजेंसियां)। बिहार की राजनीति में फिर से एक बार लालू प्रसाद यादव की संपत्ति और जमीनों की जांच को लेकर बहस जोर पकड़े हुए है। हाल ही में डिप्टी मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने इस मुद्दे पर मीडिया से बातचीत में स्पष्ट रूप से कहा है कि अगर औपचारिक आवेदन मिलता है तो सरकार लालू प्रसाद की संपत्ति-जांच कर सकती है।

राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के कौटिल्य नगर स्थित नए घर और जमीन को लेकर राजनीतिक वाद-विवाद तेज हैं। जदयू के नेताओं ने आरोप लगाया है कि यह जमीन दान के नाम पर राजनीतिक फायदे के लिए ली गई है, और इसके खिलाफ सीधी कार्रवाई की मांग की है। डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने कहा कि सरकार भ्रष्टाचार, भूमाफिया और अवैध संपत्ति वृद्धि के खिलाफ सख्त रुख रखती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई नियमानुसार आवेदन या शिकायत प्राप्त होती है, तो राज्य सरकार संबंधित मामलों की जांच का आदेश दे सकती है। उनका कहना था कि बिहार में सब कुछ पारदर्शी तरीके से हो, और किसी भी अनियमितता का पता चले तो कानूनी कार्रवाई होगी। विजय सिन्हा ने यह भी संकेत दिए हैं कि जांच के लिए जरूरी प्रक्रियाओं का पालन करना होगा, और यह कि प्रशासन भूमाफिया के खिलाफ अभियान जारी रखेगा। उन्होंने अधिकारियों को भी निर्देश दिए हैं कि जमीन-संपत्ति से जुड़े मामलों में तेजी से कार्यवाही की जाए ताकि आम जनता को न्याय मिले। इस बयान के बाद राजनीतिक माहौल और भी गरमा गया है।

राजद समर्थकों ने इसे राजनीतिक निशाना बताकर आपत्ति जताई है, जबकि जदयू और भाजपा ने सरकार के रुख का समर्थन किया है और कहा है कि कोई भी गलत काम बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। डिप्टी सीएम का यह बयान ऐसे समय में आया है जब बिहार में भूमि और संपत्ति मामलों को लेकर आलोचनाएं बढ़ी हैं, और जनता के बीच यह सवाल उठ रहे हैं कि क्या बड़े नेताओं के खिलाफ भी नियमों के अनुसार जांच और जवाबदेही हो पाएगी।

### ड्यूटी के दौरान थमीं सासें, दारोगा की हार्ट अटैक से मौत



बगहा, 8 जनवरी (एजेंसियां)। बगहा पुलिस जिला अंतर्गत सेमरा थाना में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर अजय कुमार पाण्डेय का हार्ट अटैक से निधन हो गया। बताया जा रहा है कि रात ड्यूटी के दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद थाना में तैनात पुलिस कर्मियों ने उन्हें तत्काल इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल बगहा पहुंचाया। अनुमंडलीय अस्पताल में तैनात चिकित्सक संजय कुमार गुप्ता ने प्राथमिक जांच के बाद उनकी मौत की पुष्टि की। डॉक्टर के अनुसार अस्पताल लाए जाने से पहले ही उनकी मृत्यु हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई। साथी पुलिसकर्मी और अधिकारी गहरे सदमे में हैं। वहीं, घटना की सूचना मिलते ही स्वजन अस्पताल पहुंचे, जहां उनका रो-रो कर बुरा हाल है।

# भारत तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था

## पीएम मोदी की वैश्विक पहचान मजबूत: शाहनवाज हुसैन

भागलपुर, 8 जनवरी (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने भारत की आर्थिक प्रगति, केंद्र सरकार की नीतियों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वैश्विक भूमिका पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सिर्फ भारत के ही नहीं, बल्कि दुनिया के एक प्रभावशाली वैश्विक नेता बन चुके हैं और उनकी आवाज हर अंतरराष्ट्रीय मंच पर सुनी जाती है।

भारत के जीडीपी ग्रोथ पर बात करते हुए शाहनवाज हुसैन ने कहा कि भारत एक तेजी से आगे बढ़ता हुआ देश है। देश के पास आज मजबूत सैन्य शक्ति भी है और उतनी ही मजबूत आर्थिक क्षमता भी। यही वजह है कि भारत दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में अपनी जगह लगातार मजबूत कर रहा है। इस दौरान शाहनवाज हुसैन ने 'विकसित भारत जी राम जी योजना' को लेकर भी विपक्ष पर निशाना साधा।



उन्होंने कहा कि इस योजना में कई सकारात्मक और जनहित से जुड़े प्रावधान हैं। खासतौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की गारंटी बढ़ाने जैसे अहम पहलू इस बिल का हिस्सा हैं। बावजूद इसके, उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष को इस योजना से आपत्ति सिर्फ इसलिए है क्योंकि इसके नाम में 'राम' शब्द जुड़ा हुआ है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि विकास से जुड़े मुद्दों पर राजनीति नहीं होनी चाहिए, लेकिन विपक्ष हर अच्छे कदम का विरोध करने का रास्ता तलाश लेता है। यह योजना गांवों के विकास और रोजगार के नए अवसर पैदा करने में अहम भूमिका निभाएगी। इसी बीच, शाहनवाज हुसैन ने प्रधानमंत्री मोदी के एक 'एक्स' पोस्ट को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर रिपोस्ट भी किया, जिसमें सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का जिक्र है।

पीएम मोदी ने 'एक्स' पोस्ट में कहा कि यह अवसर भारत माता के उन अनगिनत सपूतों को याद करने का पर्व है, जिन्होंने कभी अपने सिद्धांतों और मूल्यों से समझौता नहीं किया। चाहे समय कितना ही कठिन और भयावह क्यों न रहा हो, उनका संकल्प हमेशा अडिग रहा। प्रधानमंत्री ने एक्स पोस्ट के जरिए यह भी कहा कि हमारी सभ्यता और सांस्कृतिक चेतना के प्रति उनकी निष्ठा अटूट रही। एक हजार वर्षों की अटूट आस्था का यह अवसर देश की एकता के लिए लगातार प्रयास करते रहने की प्रेरणा देता है।

## देह व्यापार के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई 15 लड़कियों को किया गया रेस्क्यू



सहरसा, 8 जनवरी (एजेंसियां)। बिहार के सहरसा जिले में पुलिस ने जिस्मफरोशी के अवैध धंधे पर बड़ी कार्रवाई की है। शहर के रेड लाइट एरिया और रेलवे स्टेशन के आसपास के इलाकों में पुलिस ने एक साथ छापेमारी कर देह व्यापार के नेटवर्क का खुलासा किया है। इस दौरान पुलिस ने मौके से 15 लड़कियों को सुरक्षित बाहर निकालते हुए रेस्क्यू किया। पुलिस अधीक्षक हिमांशु को रेलवे स्टेशन के पास अवैध गतिविधियों के संचालन की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही उसका सत्यापन कराया गया और इसके बाद एक विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया। कार्रवाई की संवेदनशीलता को देखते हुए टीम में महिला पुलिसकर्मियों की संख्या अधिक रखी गई। रणनीति के तहत विशेष टीम ने रेलवे स्टेशन परिसर और आसपास के संदिग्ध ठिकानों पर एक साथ दबिश दी। पुलिस को देखते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

तलाशी के दौरान पुलिस ने 15 लड़कियों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, रेस्क्यू की गई सभी लड़कियों की काउंसलिंग की जा रही है। पुलिस का उद्देश्य इस अवैध धंधे से जुड़े पूरे नेटवर्क और इसके मुख्य सरगनाओं तक पहुंचना है। काउंसलिंग के बाद सामने आने वाली जानकारी के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### खेत और किचन से मिलीं 5 लाशें, कंकाल ने खोले गायब महिला के राज; मच गया हड़कंप

लखनऊ, 8 जनवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में अलग-अलग जगहों से कुल पांच शव मिलने से सनसनी फैल गई है। इन घटनाओं में गोमती नदी से युवक-युवती के शव, एक सरसों के खेत से नर कंकाल और एक बावर्ची की संदिग्ध मौत शामिल है। सभी मामलों में पुलिस जांच में जुटी हुई है। लखनऊ के गोमती नगर थाना क्षेत्र में गोमती नदी में एक युवक और एक युवती का शव उतराता हुआ मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से दोनों शवों को नदी से बाहर निकाला गया। फिलहाल दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया गया है। पुलिस उनकी पहचान कराने की कोशिश कर रही है और यह भी जांच की जा रही है

## हिंदू लड़की ने मुस्लिम लड़के से शादी की 7 दिन साथ रहकर घर लौटी, परिजनों ने मंदिर में गंगाजल से नहलाया; शुद्धिकरण किया

मुंगेर, 8 जनवरी (एजेंसियां)। बिहार के मुंगेर में एक हिंदू लड़की ने मुस्लिम लड़के से शादी कर ली। सात दिन तक मुस्लिम युवक के साथ रहकर लड़की अपने मम्मी-पापा के घर पहुंची तो परिजनों ने उसका शुद्धिकरण कराया। लड़की को मंदिर में हनुमान चालीसा भी पढ़वाई। जानकारी के मुताबिक, मुंगेर में एक हिंदू लड़की ने घर से भाग कर अपने प्रेमी नियाजुल से 30 दिसंबर को शादी कर ली। मांग में सिंदूर लगाकर लड़की ने अपने प्रेमी के साथ वीडियो जारी किया। वीडियो में लड़की ने कहा कि मैनेअपनी मर्जी से शादी की है।

यह लव जिहाद नहीं है। नियाजुल अब मेरा पति है। वहीं, शादी के सात दिन बाद अब लड़की का कहना है कि उसे मुस्लिम लड़के के साथ नहीं रहना है। वह मंगलवार को कोर्ट पहुंची और कहा कि मैं अपने परिवार वालों के साथ रहना चाहती हूं। इस बात घर वाले लड़की को लेकर महावीर मंदिर पहुंचे। यहां लड़की को स्नान कराया गया, फिर गंगाजल से शुद्धिकरण किया गया।

इसके बाद उसने हनुमान चालीसा पढ़ी और मैसेज दिया कि अपना धर्म ही अच्छा है दूसरे धर्म में शादी करना ठीक नहीं है। जानकारी के अनुसार, लड़की को उसके रिश्तेदारों द्वारा महावीर मंदिर ले जाया गया। वहां, उसे नहलाया गया और गंगाजल से शुद्धिकरण किया। उसने हनुमान चालीसा भी पढ़ी और सार्वजनिक रूप से कहा कि हर किसी को अपने धर्म का पालन करना चाहिए और यह भी कहा कि अपने धर्म के बाहर शादी करना सही नहीं है।

## 'मोबाइल की वजह से टूट रहीं शादियां', यूपी महिला आयोग की सदस्य रेनू गौड़ का बड़ा बयान

एटा, 8 जनवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य रेनू गौड़ एटा पहुंची, जहां उन्होंने महिला जनसुनवाई कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने जनपद से प्राप्त सभी 9 शिकायतें सुनीं। इस दौरान उन्होंने मोबाइल को लेकर ऐसे टिप्पणी की जो अब चर्चा का विषय बन गई हैं। रेनू गौड़ ने कहा कि मोबाइल फोन की वजह से शादीशुदा परिवार टूट रहे हैं।

एटा जनपद में पुलिस लाइन सभागार में महिला आयोग की सदस्य रेनू गौड़ ने महिलाओं की चौपाल लगाई, जिसमें सीओ कृतिका सिंह और अन्य अधिकारी भी शामिल हुए और उन्होंने महिलाओं की समस्याएं को सुनकर उनका निस्तारण करने के निर्देश जिए। इस कार्यक्रम में जनपद से कई महिलाओं ने हिस्सा लिया और रेनू गौड़ के आगे घरेलू हिंसा और तमाम



पारिवारिक विवादों को रखा। इसके अलावा शादीशुदा पतियों द्वारा दूसरी महिलाओं से संबंध जैसे समस्याओं पर भी महिलाओं ने अपनी परेशानी रखी। रेनू गौड़ ने इस दौरान कहा कि आज प्राप्त हुई 9 महिलाओं की शिकायतों में सभी शिकायतें शादीशुदा पतियों द्वारा दूसरी महिलाओं से सम्बन्ध होने और उनको रखने की पायी गयी। उन्होंने कहा कि इन परिवारों के टूटने का कारण मोबाइल फोन बन रहा है। महिलाओं और बच्चियों को फोन पर सावधानी बरतनी चाहिए।

# 'बिहार निवास' को लेकर आरजेडी का बड़ा हमला 'लालू का नाम...', जेडीयू ने भी जवाब में रगड़ दिया






पटना, 8 जनवरी (एजेंसियां)। दिल्ली स्थित 'बिहार निवास' को लेकर सियासी पारा चढ़ गया है। आरजेडी का आरोप है कि लालू यादव का नाम हटाने के लिए सरकार 'बिहार निवास' को ढहाकर वहां नई बिल्डिंग बनाएगी। आरजेडी ने 'बिहार निवास' को तोड़कर नया भवन बनाने के निर्णय को राजनीतिक षड्यंत्र बताया है। आरजेडी के मुख्य प्रवक्ता शक्ति यादव का कहना है कि 'बिहार निवास' में शिलापट्ट पर लालू का नाम लिखा हुआ है इसलिए उसको तोड़कर वहां पर नई इमारत बनाई जाएगी।

नीतीश सरकार की कुंठित मानसिकता और आरजेडी व लालू के प्रति ईर्ष्या के कारण ऐसा हो रहा है। वर्ष 1994 में यह भवन बना, तब लालू प्रसाद मुख्यमंत्री हुआ करते थे। चहेते ठेकेदारों की जेब भरने के लिए नया भवन बनाया जाएगा, जबकि हाल ही में दो करोड़ रुपये खर्च कर 'बिहार निवास' का सुंदरीकरण हुआ है। यह भवन अगले 50-60 सालों तक मजबूती से खड़ा रह सकता है। ऊंचाई पर होने के कारण यहां जलजमाव की समस्या भी नहीं है। उन्होंने कहा कि दिल्ली स्थित 'बिहार भवन' की हालत जर्जर है जो इनके द्वारा बनाया गया। पानी टपकता है। वहां कोई रहना नहीं चाहता, लेकिन उसको सरकार हाथ नहीं लगा रही क्योंकि वहां पर लालू यादव का नाम नहीं लिखा है। बिहार आज 3 लाख करोड़ से अधिक के कर्ज में डूबा है। ऐसे गरीब राज्य की गाढ़ी कमाई को सिर्फ अपनी ईर्ष्या मिटाने के लिए बर्बाद करना कहां का न्याय है? शक्ति यादव ने कहा, एक भव्य, सुंदर और मजबूत इमारत को जमींदोज कर 500 करोड़ रुपये से अधिक की बर्बादी सिर्फ इसलिए की जा रही है ताकि नीतीश जी अपना नाम चमका सकें।

नीतीश जी, आप इमारत तुड़वा सकते हैं, शिलापट्ट हटा सकते हैं, लेकिन लालू प्रसाद यादव ने सामाजिक न्याय और गरीबों के उत्थान के लिए जो कार्य किए हैं, उसे इतिहास और बिहार की जनता के दिलों से नहीं मिटा सकते। इस पूरे विवाद पर जेडीयू की ओर से आरजेडी को जवाब दिया गया। जेडीयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि कलंक को न मिटाया जा सकता है न धोया जा सकता है। तकनीकी आवश्यकता के तहत बिहार निवास को तोड़कर नए सिरे से बनाया जाएगा। इसमें क्या दिक्कत है?

### कामाख्या एक्सप्रेस में लूटपाट, चैन पुलिंग कर फरार हुए बदमाश, चार कोचों के यात्रियों का सामान गायब

पटना, 8 जनवरी (एजेंसियां)। जोधपुर से कामाख्या जा रही 15623 डाउन कामाख्या एक्सप्रेस में गुरुवार की सुबह चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। ट्रेन के हरदास बीघा स्टेशन के पास सुबह करीब साढ़े चार बजे अज्ञात बदमाशों ने एक साथ चार अलग-अलग कोचों में यात्रा कर रहे यात्रियों को निशाना बनाया। यात्रियों के पर्स और अन्य कीमती सामान चुराने के बाद बदमाशों ने चेन पुलिंग कर ट्रेन रुकवाई और फरार हो गए,

जिससे यात्रियों में अफरातफरी मच गई। जानकारी के अनुसार यह वारदात ट्रेन के बी-1, बी-6, ए-1 और ए-2 कोच में हुई। इन कोचों में सफर कर रहे कम से कम चार यात्रियों के पर्स और सामान चोरी होने की पुष्टि हुई है। यात्रियों ने बताया कि घटना के वक्त अधिकांश लोग गहरी नींद में थे, जिसका फायदा उठाकर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। जोधपुर से कामाख्या की यात्रा कर रहे कमलेश कुमार ने सबसे पहले इस घटना की सूचना रेल मदद के माध्यम से दी। इसके बाद शिकायत आरपीएफ (रेलवे सुरक्षा बल) तक पहुंची।

# अनिल अग्रवाल के बेटे अग्निवेश के निधन पर चिराग पासवान ने जताया दुख



पटना, 8 जनवरी (एजेंसियां)। वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल के बेटे अग्निवेश का न्यूयॉर्क में निधन हो गया। बीते बुधवार (07 जनवरी, 2026) को अनिल अग्रवाल ने सोशल मीडिया पर भावुक पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। अग्निवेश अग्रवाल अमेरिका में स्कीइंग के दौरान हादसे का शिकार हो गए थे।

उसके बाद उनका इलाज रहा था। इस बीच, कार्डियक अरेस्ट से जान चली गई। इस घटना को लेकर केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने दुख जताया है। गुरुवार (08 जनवरी, 2026) को चिराग पासवान ने अपने एक्स हैंडल से पोस्ट कर लिखा, बिहार की भूमि से निकलकर देश-दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाने वाले वेदांता समूह के चेयरमैन श्री अनिल अग्रवाल जी के सुपुत्र और हिंदुस्तान जिंक के चेयरमैन श्री अग्निवेश अग्रवाल जी के आकस्मिक निधन का समाचार सुनकर मन अत्यंत व्यथित है। इस दुःखद घड़ी में मेरी गहरी संवेदनाएं श्री अनिल अग्रवाल जी एवं शोक संतप्त परिवार के साथ हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें तथा परिजनों को इस असहनीय दुख को सहन करने का संबल दें। ॐ शांति। बीजेपी नेता और बिहार सरकार में मंत्री दिलीप जायसवाल ने भी इस पर शोक जताया है। उन्होंने कहा, वेदांता समूह के चेयरमैन श्री अनिल अग्रवाल जी के सुपुत्र एवं हिंदुस्तान जिंक के पूर्व चेयरमैन श्री अग्निवेश अग्रवाल जी के असामयिक निधन का समाचार अत्यंत पीड़ादायक और स्तब्ध करने वाला है।

उनका यूं अचानक जाना उद्योग जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा, इस गहन दुख की घड़ी में मैं श्री अनिल अग्रवाल जी एवं शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें तथा परिजनों को इस असहनीय दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें यही कामना है। ॐ शांति।

## 3 साल की बेटी को बांधकर झील में फेंका, फिर मां ने भी दे दी जान

कन्नड़, 8 जनवरी (एजेंसियां)। कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ जिले के पास स्थित एक गांव से बेहद दर्दनाक घटना सामने आई है। हरीश नामक व्यक्ति की पत्नी मधुश्री (34) की शादी को चार साल हो चुके थे। दोनों की एक तीन साल की बेटी भी थी और परिवार हरीश, उसकी मां, पत्नी और बच्ची सभी एक ही घर में रहते थे। घटना वाली रात परिवार ने घर पर खाना खाया और रोज की तरह अपने-अपने कमरे में सो गए। रात में किसी को भी कुछ असामान्य महसूस नहीं हुआ। सुबह जब हरीश उठा तो उसे घर में पत्नी और बेटी कहीं दिखाई नहीं दीं। दोनों के अचानक गायब हो जाने से वह घबरा गया। हरीश ने तुरंत अपने रिश्तेदारों और पड़ोसियों की मदद से पूरे गांव में खोजबीन शुरू की। कुछ ही देर बाद गांव के पास स्थित एक झील में लोगों की नजर तैरते हुए दो शवों पर पड़ी।

# राज ठाकरे ने भाजपा को बताया खतरा

## नगर निकाय चुनाव में मराठी अस्मिता का मुद्दा कितना बड़ा?



मुंबई, 8 जनवरी (एजेंसियां)। मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया है कि जो ताकतें मुंबई को महाराष्ट्र से अलग करना चाहती हैं, वही आज केंद्र और राज्य की सत्ता में हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर नगर निकायों पर भी ऐसी शक्तियों का नियंत्रण हो गया, तो मराठी मानूस पूरी तरह कमजोर हो जाएगा। राज ठाकरे और शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे का संयुक्त साक्षात्कार का पहला भाग गुरुवार को सामना में प्रकाशित हुआ। इसमें राज ठाकरे ने कहा कि वह और उनके चचेरे भाई किसी राजनीतिक अस्तित्व के लिए नहीं, बल्कि महाराष्ट्र में मराठी मानूस के अस्तित्व और अधिकारों की रक्षा के लिए एक साथ आए हैं।

**जानें साक्षात्कार के दौरान ठाकरे भाइयों ने क्या-क्या कहा?**

ठाकरे परिवार के चचेरे भाइयों का साक्षात्कार शिवसेना (यूबीटी) के राज्यसभा सदस्य और सामना के कार्यकारी संपादक संजय राउत और जाने-माने निर्देशक महेश मांजरेकर ने लिया। पिछले महीने, चचेरे भाइयों ने 15 जनवरी को होने वाले बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) चुनावों के लिए अपनी पार्टियों के गठबंधन की घोषणा की थी। इंटरव्यू में राज ठाकरे ने कहा कि राज्य के बाहर से आने वाले लोग न केवल आजीविका के लिए आ रहे हैं, बल्कि वे अपने स्वयं के निर्वाचन क्षेत्र बना रहे हैं।

उन्होंने दावा किया, यह एक पुराना घाव है।।। मुंबई को महाराष्ट्र से अलग करने के सपने को साकार करने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा कि आज का माहौल कुछ वैसा ही है जैसा संयुक्त महाराष्ट्र आंदोलन के दौरान था जब गुजरात मुंबई को अपना हिस्सा बनाना चाहता था। उन्होंने दावा किया, अगर भाजपा नगर निगमों पर नियंत्रण कर लेती है तो मराठी मानुष कुछ भी नहीं कर पाएंगे।

**नगर निकायों को नियंत्रित करना जरूरी**

एमएनएस प्रमुख ने कहा कि अगर इस पर सीमाएं तय करनी हैं तो नगर निकायों को नियंत्रित करना जरूरी है, खासकर मुंबई, पुणे, ठाणे, नासिक, मीरा-भयंदर, कल्याण-डोम्बिवली और छत्रपति संभाजीनगर में।राज्य सरकार को निशाना बनाते हुए उद्धव ठाकरे ने कहा कि भाजपा विकास का प्रचार करती है, लेकिन इससे प्रगति के बजाय विनाश होता है।

उन्होंने दावा किया कि यह बिना योजना के विकास है। पूर्व राज्य मुख्यमंत्री ने आगे कहा, सरकार को खुद नहीं पता कि वह क्या चाहती है। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से, सत्ता में बैठे लोग मराठी या महाराष्ट्र से हैं, लेकिन उनका मुंबई की जनता से कोई लेना-देना नहीं है। वे केवल ठेकेदारों के लिए काम करते हैं।

## अजित पवार ने प्रोटोकॉल तोड़कर की घायल की मदद, अपनी एम्बुलेंस से भिजवाया अस्पताल



पुणे, 8 जनवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार आज (गुरुवार को) सुबह एक बार फिर अपने मानवीय दृष्टिकोण को लेकर चर्चा में हैं। पुणे के रेंज हिल इलाके में एक सड़क दुर्घटना को देख अजित पवार ने ना सिर्फ अपना काफिला रुकवाया, बल्कि घायल युवक को तत्काल उपचार दिलाने में भी मदद की। वीडियो में दिख रहा है कि अजित पवार कैसे घायल के पास तक पहुंचे और उसकी मदद की। अजित पवार अपने पहले से तय कार्यक्रम के बावजूद मौके पर रुके रहे। मिली जानकारी के अनुसार, उपमुख्यमंत्री अजित पवार आज सुबह अपने पुणे स्थित निवास स्थान 'जिजाई' से पिंपरी-चिंचवड की ओर प्रचार सभा के लिए जा रहे थे।

जब उनका काफिला रेंज हिल इलाके से गुजर रहा था, तब उन्होंने सड़क पर एक बाइक सवार को दुर्घटनाग्रस्त हालत में देखा। घायल को देखते ही अजित पवार ने प्रोटोकॉल की परवाह ना करते हुए अपना काफिला रोकने का निर्देश दिया और वे खुद वाहन से नीचे उतरे। इसके बाद, घायल व्यक्ति के पास जाकर उसका हालचाल जाना।

हालात की गंभीरता को देखते हुए, उन्होंने बिना देरी किए अपने काफिले के साथ चलने वाली एम्बुलेंस को ऑर्डर दिया कि घायल युवक को तुरंत नजदीकी हॉस्पिटल पहुंचाया जाए। सोशल मीडिया और राजनीतिक गलियारों में अजित पवार की इस तत्परता की काफी तारीफ हो रही है।

## बांग्लादेशी-रोहिंग्या मुंबई छोड़ दें

### बीजेपी नेता नितेश राणे ने दिया अल्टीमेटम बोले-15 जनवरी के बाद रहने नहीं देंगे

मुंबई, 8 जनवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के मंत्री नितेश राणे ने कहा कि मैं सभी मुसलमानों के खिलाफ नहीं हूं। जो राष्ट्रवादी मुसलमान हैं, हम उनके साथ हैं, लेकिन मैं दूसरों से कहना चाहता हूं कि मुंबई में जो भी बांग्लादेशी या रोहिंग्या हैं, वे 15 जनवरी तक अपना सामान पैक कर लें। क्योंकि 16 जनवरी से हम किसी भी बांग्लादेशी या रोहिंग्या को मुंबई में नहीं रहने देंगे। मैं यह खुली धमकी दे रहा हूं। मैं यह इसलिए कह रहा हूं क्योंकि मुंबई हमारा है, सभी हिंदुओं और राष्ट्रवादियों का। कांदिवली की सभा में नितेश राणे ने कहा कि यह मैं खुलेआम धमकी देकर जा रहा हूं। 16 तारीख के बाद एक भी बांग्लादेशी रोहिंग्या को मुंबई में रहने नहीं दिया जाएगा। नितेश राणे ने एक इंटरव्यू में कहा कि हमें अगर राष्ट्र को मजबूत करना है तो हिंदुत्व को मजबूत करना होगा।

उन्होंने कहा कि क्योंकि भारत देश एक हिंदू राष्ट्र है। उन्होंने कहा कि यहां 90 प्रतिशत हिंदू रहते हैं ऐसे में हिंदुत्व को मजबूत करना, हिंदू विचार के पार्षद चुनकर लाना ये हमारी जिम्मेदारी है। नितेश राणे का एक वीडियो बीएमसी चुनाव के पहले इंटरनेट पर सामने आया है। इस वीडियो में नितेश कर रहे हैं कि अगर लव जिहाद ओवैसी को देखना है तो पायजामे का नाड़ा खींचकर मैं उसे कई घरों में लेकर जाऊंगा।हमारी हिंदू बहनों की जिंदगी खराब करने का काम इनके ही धर्म के जिहादी मानसिकता के लोग करते हैं। नितेश राणे कहा अगर फिर भी किसी को देखना है तो वो मुझे बताए मैं उनके पायजामे का नाड़ा खींचकर ले जाऊंगा और उन्हें बताऊंगा और दिखाऊंगा कि लव जिहाद किसे कहते हैं, साथ ही यह भी देखूंगा कि मेरे ऐसा करने के बाद वो क्या करते हैं।

## पिस्तौल लहराकर बनाई रील अब इंफ्लूएंसर लड़की को ढूंढ रही पुलिस, लोगों ने की एक्शन की मांग

बठिंडा, 8 जनवरी (एजेंसियां)। पंजाब के बठिंडा में एक लड़की का पिस्तौल लहराते हुए वीडियो सामने आया है। वीडियो में लड़की एक पंजाबी गाने पर पिस्तौल लहराते हुए रील बना रही है। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने अब लड़की की तलाश शुरू कर दी है। लड़की ने सोशल मीडिया पर कई वीडियो अपलोड किए हैं,

जिनमें कभी उसे पिस्तौल लहराते हुए और कभी हाथ में लेकर एक्शन करती दिखाई दे रही है। इस मामले के बारे में बठिंडा के पुलिस सुपरिटेंडेंट, सिटी, नरेंद्र सिंह ने कहा कि वीडियो पुलिस के ध्यान में आया है। लड़की की पहचान और स्थान का पता लगाया जा रहा है। जांच के बाद कानूनी कार्रवाई की जाएगी। लड़की ने यह वीडियो इंस्टाग्राम आईडी मनदीप कौर उर्फ मनदीप सहोता के नाम पर पोस्ट किया है।

# 'ब्रांड की ब्रांडी पी ली है', ठाकरे बंधुओं पर सीएम फडणवीस की टिप्पणी से भड़के संजय राउत



मुंबई, 8 जनवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में बीएमसी चुनावों में बयानबाजी को लेकर महायुति और महाविकास अघाड़ी में घमासान जारी है। शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की 'ब्रांड ठाकरे' वाली टिप्पणी पर तीखा पलटवार किया है। फडणवीस ने हाल ही में ठाकरे परिवार को 'ब्रांड' बताते हुए उनकी राजनीतिक प्रासंगिकता पर सवाल उठाया था, जिस पर राउत ने व्यंग्यात्मक अंदाज में जवाब दिया। राउत ने कहा कि फडणवीस ने 'ब्रांड की ब्रांडी' पी ली है, लेकिन चूंकि वह गुजराती-शाकाहारी हैं, इसलिए उन्हें नशा नहीं चढ़ेगा। संजय राउत आगे सवाल उठाया कि शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे एक ब्रांड थे, और अगर आज मोदी ब्रांड हैं, तो मोदी के बाद बीजेपी क्या करेगी? क्या कोई अमर पट्टा लेकर आया है? मोदी नहीं होंगे, तब आप किस ब्रांड की ब्रांडी पिएंगे? राउत ने बालासाहेब ठाकरे को महात्मा गांधी और सरदार वल्लभभाई पटेल जैसे राष्ट्रीय ब्रांड से जोड़ा और कहा कि फडणवीस को वर्तमान पर बोलना चाहिए, न कि बालासाहेब पर चर्चा करने का अधिकार है।

**देवेन्द्र फडणवीस ने ठाकरे ब्रांड को कोमा में बताया था**

दरसल संजय राउत का यह पलटवार फडणवीस के उस बयान के बाद आया, जिसमें उन्होंने ठाकरे ब्रांड को 'कोमा' में बताया था और श्रेष्ठ चुनावों में ठाकरे परिवार के प्रदर्शन पर तंज कसा था। संजय राउत ने बीजेपी पर हमला बोलते हुए कहा कि फडणवीस ने जिस शिवसेना की पार्टी तोड़ी और चुनाव चिन्ह चुराकर किसी और को दिया, उसी बालासाहेब का नाम लेना आश्चर्यजनक है। हमने शिवसेना प्रमुख के आशीर्वाद से चुनाव लड़े हैं और अच्छे से जीते हैं। आप भी उस सत्ता में हमारे साथ शामिल रहे हैं, महोदय। बीएमसी चुनावों में बीजेपी की स्थिति पर तंज कसते हुए संजय राहत ने कहा, "बीजेपी का मौजूदा ढांचा मोदी की एक उंगली पर टिका है, और मोदी खुद डगमगा रहे हैं। ऐसे समय में राज ठाकरे कह रहे हैं कि यह कभी भी गिर सकता है, और इस गिरावट को देश की जनता देख रही है। यही नहीं राउत ने आगे कहा कि अगर इनकी स्थिति अच्छी होती तो एआईएमआईएम और कांग्रेस से गठबंधन नहीं करना पड़ता।

**निर्विरोध चुनाव दबाब और पैसे का खेल**

कल्याण-डोंबिवली के निर्विरोध चुनाव पर संजय राउत बोले कि यह सब पैसे और दबाव का खेल है। फडणवीस के मतदान और लोकतंत्र की हत्या वाले बयानों पर भी राउत ने पलटवार किया, उदाहरण देकर कहा कि निर्विरोध चुनाव सहमति से होते हैं, न कि दबाव से। नरेंद्र मोदी के मुंबई दौरे रद्द होने पर संजय राउत ने चुटकी ली कि मुंबई की हवा बदल चुकी है, और मोदी समेत सभी को आकर देखना चाहिए कि मराठी मानुस का भगवा फहरेगा।

# सीएमएस व ला मार्टिनियर गर्ल्स सहित छह प्रतिष्ठित स्कूलों को हाईकोर्ट का नोटिस




लखनऊ, 8 जनवरी (एजेंसियां)। इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने स्कूलों के बाहर लगने वाले जाम से निजात के संबंध में आदेश के बाद भी सहयोग न करने वाले स्कूलों को नोटिस जारी की है। इस मामले की अगली सुनवाई 19 जनवरी को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति आलोक माथुर व न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की खंडपीठ ने गोमती रिवर बैंक रेजीडेंट्स की ओर से वर्ष 2020 में दाखिल की गई जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया है। कोर्ट ने स्कूलों के प्रिंसिपल और प्रशासनिक अधिकारियों को हाजिर होकर यह भी बताने को कहा गया है कि जाम से राहत के लिए उन्होंने क्या उपाय किए।

नोटिस में ला मार्टिनियर गर्ल्स कालेज हजरतगंज, लोरेटो कान्वेंट गौतमपल्ली, सिटी मान्टेसरी स्कूल विशाल खंड, सिटी मान्टेसरी स्कूल गोमती नगर एक्सटेंशन, सिटी मान्टेसरी स्कूल स्टेशन रोड व सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल गोमती नगर के प्रिंसिपल और प्रशासनिक अधिकारियों को कोर्ट में हाजिर होने का निर्देश दिया। इन सभी स्कूलों को कहा गया है कि उन्होंने अपने स्कूलों के आसपास यातायात व्यवस्था सुधार हेतु क्या कदम उठाए। न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि संस्थानों को स्वयं यातायात व्यवस्था सुधारने एवं उसके लिए सुझाव देने का अवसर प्रदान किया जा रहा है, यदि वे इसमें असफल होते हैं तो कोर्ट से आवश्यक निर्देश पारित किए जाएंगे।

उक्त याचिका में शहर के आवासीय क्षेत्रों में चल रहे स्कूलों का मुद्दा खास तौर पर उठाया गया है। इस संबंध में न्यायालय ने पूर्व की सुनवाईयों में जारी दिशा निर्देश अधिकारियों तथा स्कूल प्रबंधनों को दिए हैं। न्याय मित्र ने न्यायालय को बताया कि ऐसे संस्थान जो अधिकारियों अथवा न्याय मित्र के निर्देशों का अनुपालन नहीं कर रहे हैं, उन्हें मामले में पक्षकार बनाते हुए सुना जाना चाहिए। न्यायालय को उपरोक्त छह स्कूलों के बारे में बताया गया जो निर्देशों का अनुपालन नहीं कर रहे हैं।

## दिल्ली में एसआईआर से पहले ही पुलिस का बड़ा एक्शन, 20 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा गया

नई दिल्ली, 8 जनवरी (एजेंसियां)। भारत के विभिन्न राज्यों में अवैध बांग्लादेशियों की तलाश जारी है। पुलिस द्वारा बड़ा संख्या में अवैध रूप से भारत में रहने वाले बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया जा रहा है और उन्हें वापस बांग्लादेश भेजा जा रहा है। इसी क्रम में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पुलिस ने बड़ा एक्शन लिया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दिल्ली के भीतर 20 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा है। दिल्ली में एसआईआर की प्रक्रिया से पहले ही पुलिस का बड़ा एक्शन देखने को मिला है। पुलिस द्वारा 20 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा गया है।

सामने आई जानकारी के मुताबिक, यह सभी बांग्लादेशी नागरिक अवैध रूप से भारत में रह रहे थे। पकड़े गए अवैध लोगों के पास से कुछ भारतीय पहचान पत्र भी बरामद हुए हैं। आपको बता दें कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जल्द ही दिल्ली में वोटर लिस्ट का विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर कराया जाएगा।

## दिग्विजय बोले- इंदौर में मौतों की जांच हाईकोर्ट जज से कराएं

# भोपाल में कहा- प्रभारी मुख्यमंत्री से कोई सवाल क्यों नहीं पूछ रहा; जीतू ने लिखा लेटर



भोपाल, 8 जनवरी (एजेंसियां)। देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में गंदा पानी पीने से 20 लोगों की मौत के मामले ने अब सियासी तूफान खड़ा कर दिया है। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के फेसबुक पोस्ट और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के पत्र ने सरकार और प्रशासन को कठघरे में खड़ा किया है। कांग्रेस ने इसे सिर्फ प्रशासनिक चूक नहीं, बल्कि संस्थागत अपराध करार दिया है। दिग्विजय सिंह ने भावुक लेकिन सख्त शब्दों में लिखा कि इंदौर उनका बचपन का शहर है, राज्य की आर्थिक राजधानी है और देश का सबसे स्वच्छ शहर भी। ऐसे शहर में गंदा पानी पीने से 20 मौतें होना "शहर के माथे पर कलंक" है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब तक मौतों का आंकड़ा 2-4 रहा, तब तक सिस्टम सोता रहा। जैसे ही मौतें बढ़ीं, जिम्मेदारी की टोपी एक-दूसरे को पहनाई जाने लगी। मंत्री अफसरों पर, अफसर मेयर पर और मेयर व्यवस्था पर दोष डालते रहे।

दिग्विजय सिंह ने सीधा सवाल किया कि मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश (प्रभारी मुख्यमंत्री) हर दूसरे दिन इंदौर आते हैं, लेकिन सिर्फ मुआवजा देकर चुप क्यों हो गए? उन्होंने कहा "कुछ ट्रांसफर और मुआवजे से न तो जान लौटती है और न ही शहर का कलंक धुलता है।" पूर्व मुख्यमंत्री ने मांग की है कि पूरे मामले की न्यायिक जांच हो। हाईकोर्ट के सिटिंग जज से जांच कराई जाए। पब्लिक हियरिंग हो। दोषियों की पहचान कर उन्हें सजा दी जाए। दिग्विजय का कहना है कि "गलतियों पर पर्दा डालना नहीं, जिम्मेदारी तय करना ही इंसाफ है।

**जीतू पटवारी का पत्र- सिस्टम फेल, जवाबदेही तय हो**

इधर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इस मामले में पत्र लिखकर इसे प्रशासनिक लापरवाही नहीं, शासन की विफलता बताया है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के लिए दुनिया में पहचान रखने वाला इंदौर आज जहरीले पानी से मौतों के कारण शर्मिंदगी का कारण बन गया है।

## महिला खिलाड़ी यौन उत्पीड़न मामले में रेनू भाटिया ने पुलिस कमिश्नर से सख्त कार्रवाई की मांग की



फरीदाबाद, 8 जनवरी (एजेंसियां)। फरीदाबाद में महिला खिलाड़ी के साथ हुए यौन उत्पीड़न मामले में हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने संज्ञान लेते हुए पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखकर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

रेनू भाटिया ने पत्र में लिखा कि महिला पुलिस स्टेशन, एनआईटी फरीदाबाद में रजिस्टर्ड मामले को देखने के लिए एक पुलिस अधिकारी की नियुक्ति करें। इस मामले को सबसे जरूरी माना जाए और तय समय के अंदर इसका पालन सुनिश्चित किया जाए। एनआईटी महिला थाना की थाना प्रभारी माया कुमारी ने इस मामले पर मीडिया से बात करते हुए कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए फिलहाल मैं इस पर ज्यादा कुछ नहीं कह सकती। मामला दिसंबर 2025 का है। एक राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता में महिला एथलीट और आरोपी दोनों आए हुए थे। घटना के समय एक शूटिंग प्रतियोगिता चल रही थी। पुलिस अपना काम कर रही है। आरोपी को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। दिसंबर 2025 में हरियाणा में फरीदाबाद के एक होटल में महिला निशानेबाज के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया। पीड़िता भिवानी की रहने वाली है, जो अपनी सहेली के साथ फरीदाबाद में निशानेबाजी की प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आई थी।

निशानेबाजी की प्रतियोगिता में भाग लेने के बाद ये दोनों घर जाना चाहती थीं। इसके लिए सहेली ने अपने एक दोस्त को बुलाया था, ताकि वो उन्हें मेट्रो स्टेशन तक ड्रॉप कर दे, लेकिन सहेली के इस दोस्त ने कहा कि तुम लोगों को भिवानी पहुंचते-पहुंचते देर रात हो जाएगी, इसलिए आज की रात फरीदाबाद में ही एक होटल में रुक जाओ। रात होने का बहाना कर इन्हें फरीदाबाद के ही एक होटल में रुकवा दिया। इस होटल में ही महिला निशानेबाज के साथ दुष्कर्म किया गया। हरियाणा राज्य महिला आयोग के हस्तक्षेप के बाद इस मामले पर हो रही कार्रवाई में तेजी आने की उम्मीद है।

# भारी बारिश का अलर्ट, मछुआरों को समुद्र के किनारे अलर्ट रहने की सलाह



चेन्नई, 8 जनवरी (एजेंसियां)। चेन्नई में दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना कम दबाव का क्षेत्र अब विकराल हो रहा है और लगभग 18 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ रहा है। मौसम विभाग ने अगले 15 घंटों में तमिलनाडु तट के कुछ हिस्सों में भारी बारिश की संभावना जताई है। क्षेत्रीय मौसम विभाग (आरएमसी) ने बताया कि रामनाथपुरम, पुदुकोट्टई, तंजावुर, तिरुवरूर, नागपट्टिनम, कुड्डालोर और कराईकल जिलों के लिए गुरुवार और शुक्रवार को यलो अलर्ट जारी किया गया है, जिसमें कुछ जगहों पर भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। क्षेत्रीय मौसम विभाग चेन्नई की हेड बी। अमुधा ने कहा कि जनवरी में चक्रवाती गतिविधि असामान्य नहीं है, जिसके चलते कई इलाकों में भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। 1891 और 2024 के बीच, इस महीने में कुल 20 चक्रवाती डिस्टर्बेंस बने हैं, जिनमें डिप्रेशन, चक्रवाती और गंभीर चक्रवाती तूफान शामिल हैं। मौसम विभाग के अनुसार, 8 जनवरी को तमिलनाडु में कुछ जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है, जिसमें तटीय तमिलनाडु में कुछ जगहों पर और अंदरूनी तमिलनाडु और पुडुचेरी में कुछ अलग-अलग जगहों पर बारिश होगी। 9 जनवरी और 10 जनवरी को नागपट्टिनम, कुड्डालोर, मयिलादुथुराई, तिरुवरुर और पुडुचेरी के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, जो भारी वर्षा की संभावना को दिखाता है। इस बीच, तिरुवल्लुर, चेन्नई, चेंगलपट्टू, कांचीपुरम, रानीपेट, वेल्लोर, तिरुवन्नामलाई, विल्लुपुरम, कल्लाकुरिची, कुड्डालोर, तंजावुर और पुडुचेरी जिलों के लिए 10 जनवरी और 11 जनवरी को यलो अलर्ट लागू रहेगा। आरएमसी ने तमिलनाडु तट के आसपास, मन्नार की खाड़ी और निकटवर्ती कोमोरिन क्षेत्र में तूफानी मौसम की भी चेतावनी दी है।

8 जनवरी से 10 जनवरी तक हवा की गति 45 किमी प्रति घंटा से 55 किमी प्रति घंटा रहने की उम्मीद है और यह 65 किमी प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। इस दौरान समुद्र की स्थिति खराब से बहुत खराब रहने की संभावना है। तमिलनाडु तट के मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है। जो लोग पहले से ही गहरे समुद्र में हैं,

## अमेठी से स्मृति ईरानी का रिश्ता हुआ फिर मजबूत एसआईआर प्रक्रिया में जुड़वाया अपना नाम



अमेठी, 8 जनवरी (एजेंसियां)। पूर्व केंद्रीय मंत्री और पूर्व बीजेपी सांसद स्मृति ईरानी ने अमेठी से अपने रिश्ते को और मजबूत कर लिया है। उन्होंने यूपी में हुए विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया में अमेठी विधानसभा क्षेत्र से अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा लिया है। इस कदम को अमेठी से उनके राजनीतिक और सामाजिक जुड़ाव के रूप में देखा जा रहा है। स्मृति ईरानी को लेकर लंबे समय से यह चर्चा हो रही थी कि 2024 का चुनाव हारने के बाद वो अमेठी छोड़ चुकी हैं। लेकिन, अब एसआईआर प्रक्रिया में नाम जुड़वाकर उन्होंने इन अटकलों पर विराम लगा दिया है। जारी एसआईआर की ड्राफ्ट सूची में स्मृति ईरानी का नाम भी दर्ज पाया गया। निर्वाचन विभाग के अनुसार, स्मृति ईरानी का नाम गौरीगंज तहसील क्षेत्र के मेदन मवई ग्राम पंचायत में मतदाता के रूप में शामिल किया गया है। वह कम्पोजिट विद्यालय लीला टिकरा के मेदन मवई मतदान केंद्र पर पंजीकृत मतदाताओं की सूची में शामिल हैं, जहां कुल 666 मतदाता दर्ज हैं। इस सूची में स्मृति ईरानी का नाम क्रमांक 514 पर अंकित है।

**अमेठी की वोटर बनीं स्मृति ईरानी**

स्मृति ईरानी ने वर्ष 2021 में अमेठी जनपद के मेदन मवई गांव में 11 बिस्वा भूमि खरीदी थी। 22 फरवरी 2021 को उन्होंने इस भूमि की रजिस्ट्री कराई थी। इसके बाद 29 जुलाई 2021 को उनके पुत्र जोहर ईरानी ने विधिवत भूमि पूजन कर आवास निर्माण की आधारशिला रखी। निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद 22 फरवरी 2024 को स्मृति ईरानी ने इस आवास में गृह प्रवेश किया था। तभी से उनका अमेठी में नियमित आना-जाना बना हुआ है।

स्वतंत्र वार्ता

शुक्रवार, 9 जनवरी- 2026

# हिंदू छात्रों की अनदेखी

दुनिया भर के हिंदुओं की आस्था का केंद्र जम्मू के कटरा स्थित वैष्णोदेवी मंदिर है। उसी मंदिर के नाम पर जम्मू–कश्मीर के रियासी जिले में बना मेडिकल कॉलेज इन दिनों गंभीर विवादों के केंद्र में है। एमबीबीएस सत्र 2025–26 के लिए जारी पहली प्रवेश सूची में 50 सीटों में से 42 मुस्लिम छात्रों, केवल 7 हिंदू और 1 सिख छात्र के चयन से बवाल हो गया है। इस सूची ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। इसे लेकर हिंदू संगठनों ने आरोप लगाया कि मेडिकल कॉलेज में हिंदू छात्रों की उपेक्षा हो रही है। हिंदू संगठनों का कहना है कि यह कॉलेज माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड की भूमि पर बना है और इसके निर्माण व संचालन में मुख्य रूप से हिंदू श्रद्धालुओं के चढ़ावे से प्राप्त धन का उपयोग होता है। ऐसे में प्रवेश प्रक्रिया में इतना असंतुलन कैसे हो गया जो हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाने वाला है। हिंदुओ का सीधा आरोप है कि श्राइन बोर्ड के फंड का उपयोग समान रूप से न होकर एक विशेष समुदाय को अधिक लाभ पहुँचाने में किया जा रहा है, जो आस्था से जुड़े संसाधनों के दुरुपयोग जैसा प्रतीत होता है। जबकि 2011 की जनगणना के हवाले से तर्क दिया जा रहा है कि जम्मू–कश्मीर में मुस्लिम आबादी 68.31 प्रतिशत, हिंदू आबादी 28.44 प्रतिशत, सिख 1.87 प्रतिशत, बौद्ध 0.90 प्रतिशत और ईसाई 0.28 प्रतिशत हैं। ऐसे में हिंदू आबादी नगण्य नहीं होने के बावजूद मेडिकल कॉलेज की मेरिट सूची में उनकी संख्या अत्यंत कम होना आश्चर्यजनक नहीं तो और क्या है? उनका तर्क है कि यदि दाखिला पूरी तरह मेरिट के आधार पर ही हुआ है, तो फिर यह असमानता बार-बार क्यों दिखाई देती है। इस मुद्दे को लेकर विरोध प्रदर्शन हुए और कॉलेज की मान्यता रद्द करने तक की मांग भी उठी। दूसरी ओर कॉलेज प्रशासन और जम्मू–कश्मीर सरकार ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने स्पष्ट किया कि प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह मेरिट आधारित है और इसमें धर्म का कोई स्थान नहीं है। प्रशासन का कहना है कि किसी भी छात्र के साथ धार्मिक आधार पर भेदभाव नहीं किया गया। इसी बीच राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने कॉलेज का निरीक्षण किया और मान्यता रद्द करने के पीछे कई गंभीर कारण बताए, जिनमें बुनियादी ढांचे की कमी, योग्य शिक्षकों का अभाव, मरीजों की कम संख्या और न्यूनतम मेडिकल शिक्षा मानकों का उल्लंघन शामिल है। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने स्पष्ट किया कि मान्यता रद्द करने का फैसला शैक्षणिक कमियों के आधार पर लिया गया है, न कि किसी धार्मिक विवाद के दबाव में। मान्यता रद्द होने के बाद मौजूदा एमबीबीएस छात्रों को जम्मू–कश्मीर के अन्य सरकारी मेडिकल कॉलेजों में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है ताकि उनकी पढ़ाई प्रभावित न हो। प्रशासन का दावा है कि समायोजन प्रक्रिया जल्द पूरी की जाएगी और छात्रों को कोई नुकसान नहीं होगा। यह पूरा मामला अब केवल एक कॉलेज या प्रवेश प्रक्रिया तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि आस्था से जुड़े फंड, जनसंख्या संतुलन, मेरिट और शैक्षणिक गुणवत्ता जैसे बड़े सवालों को जन्म दे चुका है। वैष्णो देवी मेडिकल कॉलेज का यह विवाद आने वाले समय में यह तय कर सकता है कि सार्वजनिक और धार्मिक संस्थानों से जुड़े शैक्षणिक संस्थानों में संतुलन और पारदर्शिता पर किस तरह से नजर रखी जाए।

# बांग्लादेश में हिंदुओं से बर्बरता का सिलसिला कब थमेगा?



मनोज अग्रवाल

बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदायों को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। सोमवार को देर रात एक हिंदू दुकानदार मोनी चक्रवर्ती की बेरहमी से हत्या कर दी गई, जो पिछले 24घंटों में इस तरह की दूसरी घटना है। इससे पहले राणा प्रताप बैरागी नाम के युवक को जान से मार डाला। इस घटना ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चिंता बढ़ा दी है। हिन्दुओं के साथ की जा रही बर्बरता भरी हिंसा के खिलाफ पश्चिमी देशों और कथित अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन शर्मनाक चुप्पी साधे हुए हैं क्या हिन्दुओं के लिए कोई संवेदनशील नहीं है?

आपको बता दें 5जनवरी को रात नरसिंग्दी जिले के पोलाश उपजिला के चोर्सिंदूर बाजार में किराना दुकान चलाने वाले हिंदू व्यापारी मोनी चक्रवर्ती पर अज्ञात हमलावरों ने धारदार हथियारों से हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल मोनी को अस्पताल ले जाते समय ही मौत हो गई। तो वहीं, परिवार का कहना है कि मोनी का किसी से कोई व्यक्तिगत विवाद नहीं था। वे शांत स्वभाव का था उनकी पत्नी अंतरा मुखर्जी हाउसवाइफ हैं और उनका 12वर्षीय बेटा अभिक चक्रवर्ती है।इसी दिन जेस्सोर जिले में एक अन्य हिंदू कारोबारी 38 वर्षीय राणा प्रताप बैरागी की सिर में गोली मारकर उनकी हत्या कर दी गई थी, जो एक समाचार पत्र के कार्यवाहक संपादक भी थे।

आप जानते हैं कि इन दिनों बांग्लादेश में कट्टरपंथी उन्मादी हिन्दुओं के खिलाफ खून खराबा कर रहे हैं।बंगलादेश में जून, 2024 में शेख हसीना की सरकार के विरुद्ध आरक्षण और नौकरियों आदि में भेदभाव जैसे मुद्दों को लेकर छात्रों द्वारा शुरू किए गए आंदोलन के 3 महीनों बाद अंततः 5 अगस्त, 2024 को शेख हसीना को गद्दी छोड़नी पड़ी और तब से उन्होंने भारत में ही शरण ले रखी है।

'शेख हसीना' के भारत आने के बाद सेना ने जब 'मोहम्मद यूनुस' को देश की सत्ता सौंप दी तो उम्मीद थी कि शायद वह उदारवादी रवैया अपना कर देश में व्याप्त असंतोष दूर करने और वातावरण सामान्य बनाने में सहायता करेंगे।

आशा के विपरीत 'मो. यूनुस' ने देश की पाठ्य पुस्तकों से बंगलादेश के मुक्ति संग्राम और बंग बंधु शेख मजीबुर्रहमान से संबंधित अध्याय निकाल देने का आदेश जारी करके देश के मुक्ति संग्राम का इतिहास मिटाने की कोशिशें शुरू कर दीं और सैंकड़ों आतंकवादियों को जमानत देकर या उनके विरुद्ध आरोप वापस लेकर उन्हें जेलों से बाहर कर दिया है।

सेना और कट्टरपंथियों के दबाव में आकर यूनुस प्रशासन ने देश में 12 फरवरी, 2026 को चुनाव करवाने की घोषणा की है। इसके साथ ही यूनुस ने शेख हसीना की पार्टी आवामी लीग पर प्रतिबंध लगाकर उसे क्रियात्मक रूप से चुनावों में भाग लेने से रोक दिया है।

चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के अगले ही दिन कट्टरपंथी संगठन 'इन्कलाब मंच' के प्रवक्ता और छात्र नेता 'शरीफ उस्मान हादी' ने 'ढाका-8' सीट से स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी परंतु इसके अगले ही दिन सरेआम एक मोटरसाइकिल सवार ने उसकी हत्या कर दी।

दरअसल चुनावों के लिए तय तारीख की घोषणा के साथ ही बंगलादेश में हिंदुओं पर हमले बढ़ गए तथा मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार दो दिसंबर, 2025 से पिछले लगभग 35 दिनों में बांग्लादेश में कम से कम एक दर्जन हिंदुओं की हत्या की गई है। बांग्लादेश हिंदू बौद्ध ईसाई एकता परिषद द्वारा आज जारी एक बयान के अनुसार, अकेले दिसंबर में सांप्रदायिक हिंसा की कम से कम 51 घटनाएं दर्ज की गईं।

स्थानीय मीडिया के अनुसार, 19 दिसंबर को शरत चक्रवर्ती ने फेसबुक पर एक पोस्ट लिखकर देश में हिंसा पर चिंता जताई थी, जिसमें उन्होंने अपनी जन्मभूमि को "मौत की घाटी" बताया था। एक चश्मदीद और रिश्तेदार प्रदीप चंद्र बर्मन ने इस हमले को सोची-समझी साजिश बताया। उन्होंने कहा, "पहले से दुश्मनी थी.. उन्होंने (हमलावरों ने) उनका मोबाइल फोन या मोटरसाइकिल नहीं छीनी।" मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार दो दिसंबर, 2025 : 42 वर्षीय सोने के हिंदू व्यापारी प्रांतोष कर्मकार की रात के समय बांग्लादेश के नरसिंगदी जिले के रायपुरा उपजिला में गोली मारकर हत्या कर दी गई।दो दिसंबर, 2025 : 35 वर्षीय हिंदू मछली व्यापारी उत्पल सरकार की सुबह के समय फरीदपुर जिले के साल्था उपजिला में बेरहमी से हत्या कर दी गई।सात दिसंबर, 2025 : 1971 के मुक्ति संग्राम के मुक्तिजोद्धा 75 वर्षीय जोगेश चंद्र राय और उनकी पत्नी सुबोर्ना राय सात दिसंबर की रंगपुर में गला रेतकर हत्या।12 दिसंबर, 2025 : 18 वर्षीय हिंदू ऑटो रिक्शा ड्राइवर शांतो चंद्र दास कुमिला जिले में मृत पाए गए। उनका गला रेतकर शव मक्के के खेत में फेंक दिया गया था।18 दिसंबर, 2025 : मैमनसिंह के भलुका में 27 वर्षीय हिंदू गारमेंट वर्कर दीपू चंद्र दास को इस्लामी भीड़ ने पीट-पीटकर मार डाला।24 दिसंबर, 2025 : राजबाड़ी जिले के 30 वर्षीय हिंदू अमृत मंडल को भीड़ ने पीट-पीटकर मार डाला।

उसके खिलाफ कई मामले दर्ज थे।29 दिसंबर, 2025 : बांग्लादेश के अर्धसैनिक सहायक बल अंसार वाहिनी के हिंदू सदस्य बजेंद्र बिस्वास को मैमनसिंह जिले में फैक्ट्री में साथी नोमान मियां ने गोली मारी।3 जनवरी, 2026 : शरियतपुर जिले के हिंदू व्यवसायी खोकन चंद्र दास को घर लौटते समय हमलावरों ने रोककर चाकू मारा, फिर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। 3 जनवरी, 2026 को बंगलादेश के 'झिनाइदह' में हिंदू विरोधी तत्वों ने एक विधवा हिंदू महिला से सामूहिक बलात्कार करने के बाद उसे पेड़ से बांध कर बुरी तरह पीटा और उसके बाल भी काट दिए।5 जनवरी, 2026 : एक अखबार के 38 वर्षीय कार्यवाहक संपादक और बर्फ फैक्ट्री के मालिक राणा प्रताप बैरागी की अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। और अब 5 जनवरी की रात सोमवार को देर रात एक हिंदू दुकानदार मोनी चक्रवर्ती की बेरहमी से हत्या कर दी गई, जो पिछले 24घंटों में इस तरह की दूसरी घटना थी । कोई गारंटी नहीं है कि यह अमानवीयता दरिंदगी और बर्बरता का सिलसिला यहीं थमेगा।

आपको बता दें कि ऐसी घटनाओं पर बंगलादेश की अंतरिम सरकार की चुप्पी उसकी नीयत में खोट का संकेत देती है जिस पर विश्व भर में चिंता व्यक्त की जा रही है। बंगलादेश में 'जमात-ए-इस्लामी' जैसी कट्टरवादी ताकतों तथा पाकिस्तान का प्रभाव बढ़ने से वहां के लोगों में भारत विरोधी भावनाएं बढ़ गई हैं और सुरक्षा मामलों में सहयोग भी प्रभावित हुआ है। इस समय राजनीतिक अस्थिरता झेल रहा बंगलादेश कट्टरपंथियों के दबाव में आकर आज आक्रामकता अराजकता और कानून व्यवस्था के सबसे बुरे दौर में पहुंच रहा है जहां से लौटना और कानून व्यवस्था अराजकता पर नियंत्रण पाना अस्थिर सरकार के बूते से बाहर की बात होगी । आखिर भारत सरकार कब तक बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ की जा रही बर्बरता को नजरअंदाज कर सकती है?

# कानूनी सुधारों के बावजूद क्यों नहीं थमती हिंसा?



आरके जैन

हर घंटे 51 महिलाएँ हिंसा का शिकार होती हैं। यह वाक्य किसी रिपोर्ट की पंक्ति भर नहीं, बल्कि समकालीन समाज के अंतर्मन से उठती पीड़ा की गूंज है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की 2023 की रिपोर्ट बताती है कि महिलाओं के खिलाफ लगभग 4.48 लाख मामले दर्ज हुए, यानी प्रतिदिन औसतन 1,227 एफआईआर। ये आंकड़े यह स्पष्ट करते हैं कि हिंसा अपवाद नहीं, बल्कि एक भयावह सामान्यता बन चुकी है। घर की चारदीवारी, सड़कें, कार्यस्थल और अब डिजिटल दुनिया—कोई भी क्षेत्र इससे अछूता नहीं रहा, और यही इस संकट की गंभीरता को और गहरा करता है।

हिंसा से भी अधिक चिंताजनक स्थिति तब बनती है, जब पीड़िता न्याय की चौखट पर पहुँचकर भी निराश लौटती है। बलात्कार जैसे गंभीर अपराधों में दोषसिद्धि दर मात्र 22-28 प्रतिशत के आसपास रहना न्याय व्यवस्था की कमजोरियों को उजागर करता है। एसिड अटैक जैसे अपराधों में दोषसिद्धि दर अत्यंत कम (कई वर्षों में 5-10 प्रतिशत से भी नीचे) है, जहाँ पीड़िता आजीवन शारीरिक और मानसिक पीड़ा झेलती है, जबकि अपराधी अक्सर कानून की खामियों का लाभ उठाकर बच निकलते हैं। यह स्थिति कानून के भय को कम और अपराधियों के हौसले को अधिक मजबूत करती है।

कम दोषसिद्धि दर के मूल में जांच और न्यायिक प्रक्रिया की खामियाँ गहराई से जुड़ी हैं।

एफआईआर दर्ज करने में देरी, पुलिस की लापरवाही, वैज्ञानिक ढंग से सबूत न जुटा पाना और वर्षों तक लंबित रहने वाले मुकदमे न्याय को कमजोर बनाते हैं। गवाहों पर सामाजिक दबाव और डर उनकी गवाही को प्रभावित करता है, जिससे अभियोजन पक्ष कमजोर पड़ जाता है। कई मामलों में पीड़िता को ही संदेह की नजर से देखा जाता है, जिससे उसका आत्मविश्वास टूटता है और वह न्याय की प्रक्रिया से दूर हो जाती है।

यह समस्या तब और विकराल हो जाती है जब इसमें जाति और वर्ग का आयाम जुड़ जाता है। दलित और आदिवासी महिलाओं के मामलों में दोषसिद्धि दर काफी कम (30-35 प्रतिशत के आसपास या उससे नीचे) रह जाना इस बात का संकेत है कि सामाजिक भेदभाव न्याय व्यवस्था के भीतर तक पैठ बना चुका है। कानून भले ही समान हो, लेकिन उसका क्रियान्वयन समान नहीं है। पीड़िताओं की सामाजिक स्थिति, आर्थिक निर्भरता और सीमित संसाधन उन्हें लंबी कानूनी लड़ाई लड़ने से रोकते हैं, जिससे अपराधियों को एक प्रकार की सामाजिक सुरक्षा मिल जाती है।

घरेलू हिंसा महिलाओं के खिलाफ हिंसा का सबसे व्यापक और मौन रूप है। एनसीआरबी 2023 के अनुसार, पति या रिश्तेदारों द्वारा क्रूरता के मामले कुल अपराधों का लगभग 30 प्रतिशत हैं। विडंबना यह है कि जिस घर को सुरक्षा का स्थान माना जाता है, वही कई महिलाओं के लिए सबसे असुरक्षित बन जाता है। घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 ने कानूनी संरक्षण का वादा किया था, परंतु इसके कमजोर क्रियान्वयन ने अपराधियों के भीतर भय पैदा नहीं किया। परिणामस्वरूप पीड़िताएँ चुप्पी में जीने को मजबूर रहती हैं।

इक्कीसवीं सदी में हिंसा का स्वरूप बदल रहा है और साइबर हिंसा एक नई चुनौती बनकर उभरी है। डीपफेक वीडियो, ऑनलाइन उत्पीड़न और रिवेंज पॉर्न महिलाओं की गरिमा और निजता पर सीधा हमला करते हैं। डिजिटल दुनिया में होने वाली हिंसा का प्रभाव वास्तविक जीवन में भी गहरा होता है, लेकिन कानून और जांच एजेंसियाँ अभी इस चुनौती से पूरी तरह निपटने के लिए तैयार नहीं हैं। तकनीकी साक्ष्यों की समझ और त्वरित कार्रवाई के अभाव में अपराधी अक्सर बच निकलते हैं। निर्भया कांड के बाद 2013 में किए गए आपराधिक कानून संशोधन ने समाज में उम्मीद जगाई थी। बलात्कार की परिभाषा का विस्तार हुआ, सख्त सजाओं का प्रावधान किया गया और फास्ट-ट्रैक अदालतों की स्थापना हुई। इसके बाद वन-स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन और निर्भया फंड जैसे कदम उठाए गए। 2024 में लागू भारतीय न्याय संहिता ने डिजिटल सबूतों और कड़ी सजा पर जोर दिया, लेकिन जमीनी स्तर पर इन सुधारों का प्रभाव अपेक्षित गति से नहीं दिख पाया है।

दोषसिद्धि दर बढ़ाने के लिए सबसे पहले जांच की गुणवत्ता में सुधार अनिवार्य है। फोरेंसिक प्रयोगशालाओं का विस्तार, आधुनिक तकनीक का उपयोग और पुलिस बल की जेंडर संवेदीकरण ट्रेनिंग इस दिशा में निर्णायक कदम हो सकते हैं। गवाह संरक्षण कार्यक्रम को प्रभावी बनाकर उन्हें भयमुक्त वातावरण देना आवश्यक है। विशेष अभियोजकों की नियुक्ति और न्यायाधीशों के नियमित प्रशिक्षण से न्यायिक प्रक्रिया अधिक निष्पक्ष और संवेदनशील बन सकती है, जिससे पीड़िताओं का भरोसा लौटेगा। कानूनी सुधार तब तक अधूरे हैं, जब तक समाज की मानसिकता नहीं बदलती। स्कूलों से लेकर कार्यस्थलों तक लिंग समानता और संवेदनशीलता की शिक्षा अनिवार्य की जानी चाहिए।

पितृसत्तात्मक सोच को चुनौती देने वाली व्यापक सामाजिक मुहिम की आवश्यकता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर महिलाओं के खिलाफ नफरत और हिंसा फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण उन्हें हिंसा से बाहर निकलने का साहस देता है, इसलिए यह भी एक महत्वपूर्ण सामाजिक उपाय है।कुछ राज्यों में बेहतर फोरेंसिक उपयोग और त्वरित जांच से दोषसिद्धि दर 40 प्रतिशत तक पहुँचना यह सिद्ध करता है कि सुधार संभव है।इन सफल मॉडलों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनाने की आवश्यकता है। निर्भया फंड का पूर्ण उपयोग, प्रभावी वन-स्टॉप सेंटर और साइबर हिंसा के लिए अलग कानून समय की मांग हैं। अंततः महिलाओं के खिलाफ हिंसा रोकना और दोषसिद्धि दर बढ़ाना केवल कानून का नहीं, बल्कि पूरे समाज के सामूहिक संकल्प का प्रश्न है। जब तक अपराधियों को त्वरित और कठोर दंड नहीं मिलेगा, तब तक एक सुरक्षित और समान भारत का सपना अधूरा रहेगा।

# चुनाव में जीत जरूरी है, देशविरोधी नारे नहीं



स्नेहा सिंह

राजनीतिक दलों और नेताओं की नजरों में आने के लिए कुछ छात्र देशविरोधी गतिविधियां करते हैं।

देश का खाकर उसी देश की जड़ें खोदने वाला एक वर्ग फलफूल रहा है। उनके लिए 'अर्बन नक्सल' जैसा शब्द प्रयोग किया जाता है। जैसे बरसात के मौसम में विशेष प्रकार के कीड़े-मकोड़े अचानक निकल आते हैं, वैसे ही जब देशविरोधी हवा चलती है तो ऐसे लोग उसे और तेज करने के लिए उभर आते हैं। आम नागरिकों में घुलमिल चुके ऐसे लोगों की पहचान करना बहुत मुश्किल होता है। उनके भीतर बगावत की भावना सुप्त अवस्था में रहती है। वे देश कैसे चलाना चाहिए, इसकी सीख देते फिरते हैं और देशविरोधी तत्वों को प्रोत्साहित करते रहते हैं।

उनके कुछ सवाल पहली नजर में सही लग सकते हैं, लेकिन उनके केंद्र में देशहित की भावना का अभाव होता है। केंद्र में एनडीए सरकार आने के बाद देशविरोधी जमात और बड़ी हुई है। वे सत्ताधारियों की हर बात का विरोध करते हैं। उनकी इच्छा के अनुसार काम न हो तो वे सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का भी विरोध करने लगते हैं। प्रधानमंत्री पद की गरिमा को भी वे बारबार ठेस पहुंचाते हैं।

हाल ही में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में देश के सत्ताधीशों के विरुद्ध नारे लगाकर छात्रों ने पूरे देश का ध्यान खींचा था। जिस हंगामे में 53 लोग मारे गए हों और 700 घायल हुए हों, उसके सूत्रधारों को जब सर्वोच्च न्यायालय जमानत नहीं देता और तब एक समूह सड़कों पर उतरकर अदालत तथा प्रधानमंत्री के विरुद्ध नारेबाजी कर तमाशा करे तो उन्हें छात्र नहीं, बल्कि देशविरोधी तत्व कहना चाहिए। जेएनयू एक प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान है। वहां पढ़ने वाले सभी लोग देशविरोधी नहीं होते, लेकिन कुछ को देश की खिल्ली उड़ाने की आदत पड़ गई है। शाहीन बाग आंदोलन के दौरान 'हमें चाहिए जिन्ना वाली आजादी ' जैसे नारे भारतीयों के गले नहीं उतरे थे। दुर्भाग्यवश जेएनयू देशविरोधी सोच रखने वालों का अड्डा बनता जा रहा है। विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक व्यवस्था वाले देश में सर्वसम्मति से चुनी गई सरकार के प्रमुखों के विरुद्ध नारे लगाना देशविरोधी आचरण का संकेत देता है। चाहे शाहीन बाग का मामला हो या किसान आंदोलन, हर जगह देशविरोधी तत्व तन-मन-धन से सहयोग करते रहे हैं। स्लीपर यूनिट की तरह काम करने वाले जेएनयू के कुछ छात्र राजनीति में प्रवेश करना चाहते हैं। राजनीतिक दलों और नेताओं की नजरों में आने के लिए वे देशविरोधी गतिविधियां या हिंसक उपद्रव करते हैं।

जनवरी 2020 में जब कुछ नकाबपोशों ने जेएनयू हास्टल पर हमला कर तोड़फोड़ की थी, उस घटना को याद करते हुए कुछ छात्रों ने हाल में नारे लगाए। दिल्ली दंगों के लिए जिम्मेदार माने जाने वाले दो अपराधियों, शरजील इमाम और उमर खालिद की जमानत याचिका सुप्रीम कोर्ट द्वारा खारिज किए जाने के बाद अदालत, प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के विरुद्ध नारेबाजी की गई।

जेएनयू विश्वविद्यालय प्रशासन ने नारे लगाने वाले छात्रों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि ऐसे छात्रों को विश्वविद्यालय से निष्कासित किया जाना चाहिए।

युवावस्था के जोश को देशविरोधी नारों में बरबाद करने के बजाय लोकतंत्र का आदर और सम्मान करना चाहिए। देश का विरोध करने के बजाय अपने नवाचारी विचारों को आजमाना चाहिए। अपने विरोधी विचारधारा वाले उम्मीदवार को एनडीए के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार नीतीश कुमार के सामने खड़ा करके उसे जिताना चाहिए था।यदि ऐसा किया जाता तो भाजपा-विरोध को सही कहा जा सकता था और देश की जनता भी उनकी मेहनत की सराहना करती। लेकिन वे न तो लोकतांत्रिक तरीके से जीत पाते हैं और न ही जनता का समर्थन हासिल कर पाते हैं।

# पीला अहंकार



डॉ. सुरेश कुमार

उस वातानुकूलित दफ्तर की खिड़की से बाहर देखें, तो पूरा शहर एक पीले कोहरे में लिपटा दिखाई देता था, पर भीतर साहब के चेहरे पर गजब का 'पिंक' ग्लो था। साहब का कमरा इतना ठंडा था कि वहाँ संवेदनाएं जम चुकी थीं। उनके सामने मेज पर एक पीली फाइल रखी थी-वही 'गोल्डन' फाइल, जिसमें शहर की प्यास और मौतों का हिसाब-किताब 'प्रॉफिट एंड लॉस' के कॉलम में कैद था। साहब ने अपनी मोंट ब्लांक कलम घुमाई और सामने खड़े मातहत से पूछा, यह जो मोहल्ले में कल तीन 'यूनिट्स' कम हुई हैं, इनका कारण क्या लिखा? मातहत ने अपनी रीढ़ की हड्डी को थोड़ा और झुकाया और विनीत स्वर में बोला, साहब, तकनीकी रूप से वे 'मर' चुके हैं, पर हमने फाइल में लिखा है कि वे 'निर्वाण' को प्राप्त हुए। कारण-अत्यधिक हाइड्रेशन। उन्होंने पानी पीया और उनके फेफड़ों ने विकास की उस भारी मात्रा को झेलने से इनकार कर दिया। साहब मुस्कराए। उनकी मुस्कराहट में वैसी ही चमक थी जैसी उस पीले पानी की ऊपरी सतह पर तैरते हुए केमिकल की होती है। वे बोले, गुड! देखो, डेटा को कभी रोना नहीं चाहिए। डेटा को हमेशा मुस्कराना चाहिए। अगर दस लोग पीला पानी पीकर नीले पड़ गए हैं, तो इसे 'कलर ट्रांज़िशन' की उपलब्धि बताओ। कहो कि हमने शहर को बहुरंगी बनाने का प्रोजेक्ट शुरू किया है।

सस्पेंस तो उस अलमारी में था, जो साहब के ठीक पीछे रखी थी। उसमें उन पाइपों के सैंपल थे, जो कागजों पर तो सोने के थे, पर जमीन के नीचे वे पीतल से भी गए-गुज़रे निकले। साहब जानते थे कि पाइप में छेद नहीं है, बल्कि पूरा सिस्टम ही एक बड़ा 'छेद' है, जिससे पैसा रिसकर सीधे उनके स्विस बैंक के खातों में जा रहा है। तभी फोन बजा। दूसरी तरफ से कोई बड़ा 'आका' बोल रहा था। साहब की आवाज़ में अचानक चाशनी घुल गई, जी मंत्री जी... बिल्कुल! पानी का रंग पीला इसलिए रखा है ताकि वह 'स्वच्छ भारत' के विजन में 'गोल्डन इंदौर' का अहसास दिलाए। जी, जो लोग अस्पताल में हैं, उन्हें हम 'स्मार्ट सिटी' के पहले प्रयोगकर्ता मान रहे हैं। मुआवाज़ा? नहीं-नहीं साहब, मुआवाज़े की जगह हम उन्हें 'शुद्धता का प्रमाण पत्र' दे रहे हैं। यहाँ 'पानी' एक विलासिता थी और 'मौत' एक सांख्यिकीय त्रुटि। साहब ने खिड़की का पर्दा थोड़ा और सरकाया। नीचे गली में वही मालवी लड़का स्ट्रेचर पर लेटा ले जाया जा रहा था। उसकी आँखें ठीक साहब की खिड़की की ओर थीं। वह लड़का अब बोल नहीं सकता था, पर उसकी पीली पड़ चुकी आँखों में एक ऐसा सवाल था जो साहब की फाइल में कहीं दर्ज नहीं था।


लड़के की रूह जैसे साहब के कान में फुसफुसा रही थी-ओ साहिब! इब तो थारा एसी में भी पीली हवा आवेगी। जे पाणी पी ने मरे, ऊ तो तरी गया, पण जो पी-पी ने जिन्दा है, ऊ थारी कुर्सी की पीली ईंट हिलाई नाखेगा।

साहब ने झटके से पर्दा गिरा दिया। उन्हें लगा जैसे कमरे का तापमान अचानक बढ़ गया है। मेज पर रखा पानी का गिलास उन्हें अपनी ओर घूरता हुआ लगा। वह पानी पीला नहीं था-साहब के लिए तो वह शुद्ध मिनरल वाटर था-पर उसमें उन्हें अपनी ही परछाईं एक 'पीले डरावने साये' जैसी दिखने लगी। तभी बाहर से एक बूढ़ी आवाज़ गूँजी, जो चपरासी से उलझ रही थी-अरे जाई ने थारा बड़ा साहिब ने कै दे, कि इब घूँट-घूँट में कहानी नी, इब तो घूँट-घूँट में गवाह पैदा हो रया है। ई पीले पाणी की हर बूंद थारा बंगले की नींव खोखली करी रई है।

साहब ने घंटी बजाई। चपरासी आया। साहब ने कहा, बाहर शोर बहुत है, 'जाँच जारी है' का बोर्ड थोड़ा और बड़ा लगवा दो और सुनो... रेडियो पर 'सब ठीक है' वाला जिंगल हर दस मिनट में बजना चाहिए।

साहब का चेहरा भी अब पीला पड़ने लगा था। पर यह पानी की वजह से नहीं, उस 'डर' की वजह से था कि अगर जनता ने प्यास बुझाना छोड़ दिया और सवाल पूछना शुरू कर दिया, तो उनके इस पीले साम्राज्य का क्या होगा? नल अभी भी टपक रहा था... टप... टप... टप...। हर बूंद के साथ साहब की कुर्सी की एक कील ढीली हो रही थी। इंदौर समझ गया था, और अब शायद साहब के समझने की बारी थी।

# क्या अमेरिका भारत की मांगों पर सहमत होगा ?



अशोक भाटिया

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कार्यकाल का एक साल पूरा होने के मौके पर उन्होंने कई अमेरिकी आयात खर्च को कम किया है. इसके अलावा अमेरिकी उपभोग खर्च में काफी वृद्धि हुई है, निर्यात में काफी वृद्धि हुई है, ट्रम्प प्रशासन ने रक्षा खर्च में वृद्धि की है, जिससे विकास और रोजगार सृजन को बढ़ावा मिला है, मुख्य रूप से क्योंकि अधिकांश देशों ने आयात को और अधिक महंगा बना दिया है, अमेरिकी आयात खर्च को कम किया है, और संयुक्त राज्य अमेरिका में घरेलू मांग को कम किया है। फिर भी, इस कमी की भरपाई निर्यात में वृद्धि और रक्षा क्षेत्र के विस्तार से की गई। परिणामस्वरूप, सितंबर 2025 को समाप्त तिमाही में अमेरिका में व्यक्तिगत उपभोग व्यय के मूल्य सूचकांक में 2.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। पिछली तिमाही में इसमें 2.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। अमेरिकी अर्थव्यवस्था की वृद्धि भारत की अर्थव्यवस्था के हित में है, क्योंकि इससे भारत के प्रौद्योगिकी और सेवा उद्योग की मांग बढ़ती है, साथ ही संयुक्त राज्य अमेरिका से प्रेषण में वृद्धि होती है। इसमें बढ़ोतरी हुई है और दवा और इलेक्ट्रॉनिक्स शुल्क में वृद्धि अभी तक लागू नहीं की गई है। इसलिए, ये क्षेत्र अमेरिकी प्रतिबंधों से प्रभावित नहीं थे। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू हुए कई महीने हो गए हैं। इस बीच, अमेरिका ने रूस से तेल खरीदने वाले भारत पर 25 प्रतिशत जुर्माना लगाने और अमेरिका द्वारा 25 प्रतिशत शुल्क लगाने के लिए एक व्यापार समझौते पर बातचीत रद्द कर दी थी। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने उम्मीद जताई कि अमेरिका भारत की मांगों पर सहमत होगा और इस साल जनवरी तक समझौता हो जाएगा। भारतीय कंपनियों को अमेरिका से नए ऑर्डर मिलेंगे, जिससे भारत में अधिक डॉलर आएंगे, घरेलू रोजगार बढ़ेगा और रुपये के मूल्यह्रास को मजबूती मिलेगी।

सौभाग्य से, भारत रूस के साथ एक मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहा है और रूस, आर्मेनिया, बेलारूस, कजाकिस्तान और किर्गिस्तान को शामिल करते हुए यूरेशियन आर्थिक संघ के साथ एक मुक्त व्यापार समझौते पर भी बातचीत कर रहा है। दोनों देशों ने 2030 तक इस आंकड़े को 100 डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा है। संयुक्त राज्य अमेरिका यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने में सक्षम नहीं है। यदि संयुक्त राज्य अमेरिका 2026 में युद्ध समाप्त करने में सफल हो जाता है, तो यूक्रेन में अमेरिकी निवेश बढ़ जाएगा। यह समझौता यूक्रेन की तुलना में संयुक्त राज्य अमेरिका और रूस के लिए अधिक लाभदायक हो सकता है, लेकिन किसी भी दर पर, यूक्रेन के साथ-साथ गाजा पट्टी में शांति वैश्विक व्यापार के साथ-साथ भारत के लिए भी लाभदायक होगी। यदि विकास, लोकतंत्र और सुरक्षा एक दूसरे के पूरक होंगे, तो भारत न केवल अपने नागरिकों के लिए बेहतर भविष्य का निर्माण करेगा। यह इक्कीसवीं सदी की वैश्विक व्यवस्था में एक निर्णायक शक्ति के रूप में उभरेगा। आज भारत सिर्फ विकासशील देश ही नहीं है, बल्कि वैश्विक नीति-निर्माण में सक्रिय भागीदार भी है। जी-20, क्वाड और ब्रिक्स संगठनों में ग्लोबल साउथ की आवाज के रूप में भारत की भूमिका बढ़ी है। 21वीं सदी के तीसरे दशक में भारत एक ऐसे दौर से गुजर रहा है जहां विकास, राजनीति और राष्ट्रीय सुरक्षा आपस में गहराई से जुड़ी हुई हैं।यह एक तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और राजनीतिक रूप से सक्रिय लोकतंत्र भी है। साल 2026 भारत के लिए भी महत्वपूर्ण है। क्योंकि इस दौरान सरकार की कई दीर्घकालिक नीतियों, आंतरिक सुरक्षा लक्ष्यों और राजनीतिक नीतियों का परीक्षण किया जाएगा। आज सड़कें, एक्सप्रेसवे , रेलवे आधुनिकीकरण, नए बंदरगाहों और हवाई अड्डों के निर्माण ने भारत की आंतरिक कनेक्टिविटी और निवेश आकर्षण को मजबूत किया है। डिजिटल भुगतान प्रणाली, आधार-जनधन-मोबाइल ट्रिनिटी, सरकारी सेवाओं का डिजिटलीकरण, भारत की विकास गाथा को अलग करते हैं। सरकार ने अब उन क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति मजबूत की है जो पहले स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण और रोजगार योजनाओं के कारण लगभग अनुपस्थित थे। उन्होंने कहा कि सरकार 2026 तक आतंकवादी गतिविधियों को कम करने की योजना बना रही है ताकि पर्यटन, अर्थव्यवस्था और स्थानीय जीवन सामान्य हो सके।राजनीति को संघर्ष से समाधान की ओर ले जाना और एक मजबूत और संतुलित लोकतंत्र को बनाए रखना भारत की सफलता के मापदंड होंगे। जब भारत नक्सलवाद और कश्मीर आतंकवाद जैसे गहरे आंतरिक सुरक्षा खतरों पर काबू पा लेगा, तो इसका प्रभाव अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गहरा होगा। यह भारत को एक सुरक्षित, स्थिर और निवेश के अनुकूल राष्ट्र के रूप में स्थापित करेगा। रोजगार और विकास से जुड़ी पुरानी बहस, आप्रवासी/नागरिकता कानून, स्थानीय पहचान और सामाजिक समीकरण अब सुधार के प्रमुख बिंदु होंगे।



# मकर संक्रांति यानी खिचड़ी कब है 14 या 15 जनवरी ?

**मकर संक्रान्ति 2026 तिथि व पुण्य काल 2026**
**मकर संक्रान्ति – 14 जनवरी 2026, बुधवार**
**मकर संक्रान्ति पुण्य काल – 03:13 पीएम से 05:45 पीएम**
**मकर संक्रान्ति महा पुण्य काल – 03:13 पीएम से 04:58 पीएम**
**मकर संक्रान्ति का क्षण – 03:13 पीएम**

ब सूर्य देव मकर राशि में प्रवेश करते हैं तब मकर संक्रांति पर्व मनाया जाता है। ये पर्व बसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक होता है। इस त्योहार से दिन लंबे होने लगते हैं और रातें छोटी। इस दिन सूर्य उत्तरायण होता है। पंजाब और जम्मू-कश्मीर में इस पर्व को लोहड़ी के नाम से मनाया जाता है तो तमिलनाडु में ये त्योहार पोंगल के नाम से मनाते हैं। वहीं उत्तर-प्रदेश और बिहार में इस पर्व को खिचड़ी पर्व के नाम से मनाया जाता है। मकर संक्रांति पर दही चूड़ा और खिचड़ी खाने की विशेष परंपरा है। लेकिन अब सवाल ये आता है कि इस बार ये पर्व किस दिन मनाया जाएगा 14 या फिर 15 जनवरी? तो आपको बता दें इस साल मकर संक्रांति 14 जनवरी को ही मनाई जाएगी क्योंकि इसी दिन दोपहर 3 बजकर 13 मिनट पर सूर्य देव मकर राशि में प्रवेश कर रहे हैं। आगे जानेंगे मकर संक्रांति का पुण्य काल समय और इसका महत्व।

**मकर संक्रान्ति 2026 तिथि व पुण्य काल 2026**
**मकर संक्रान्ति – 14 जनवरी 2026, बुधवार**
**मकर संक्रान्ति पुण्य काल – 03:13 पीएम से 05:45 पीएम**
**मकर संक्रान्ति महा पुण्य काल – 03:13 PM से 04:58 पीएम**
**मकर संक्रान्ति का क्षण – 03:13 पीएम**

**मकर संकांति शुभ रंग**

इस बार मकर संक्रांति का नाम मन्दाकिनी है और शुभ रंग पीला है। वहीं वाहन व्याघ्र और उपवाहन अश्व है।

**मकर संक्रांति क्यों मनाई जाती है**

सूर्य के मकर राशि में प्रवेश को मकर संक्रांति के नाम से भी जाना जाता है। सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करते ही खरमास या धनुर्मास भी समाप्त हो जाता है। खरमास के समाप्त होते ही शुभ कार्यों की फिर से शुरुआत हो जाती है। सूर्य के किसी भी संक्रांति के पुण्यकाल के दौरान दान और स्नान का विशेष महत्व होता है। इस दौरान विशेष रूप से काष्ठ यानि लकड़ी और अन्न दान करने का महत्व है, जबकि स्नान की बात करें, तो मकर संक्रांति के दिन विशेष रूप से गंगा नदी में स्नान का महत्व है। साथ ही इस दिन काशी में दशाश्वमेध घाट पर या प्रयाग में स्नान करके भी पुण्यफल पाये जा सकते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मकर संक्रांति से सूर्य देव उत्तर दिशा की ओर गतिमान होते हैं जिसे अत्यंत शुभ माना गया है। इस दिन तिल, गुड़, खिचड़ी, वस्त्र और कंबल का दान अत्यंत शुभ माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि मकर संक्रांति पर किया गया दान दरिद्रता दूर करता है।

एक कथा के अनुसार असुरों पर भगवान विष्णु की विजय के तौर पर भी मकर संक्रांति पर्व मनाने की शुरुआत हुई। ऐसी मान्यता है कि मकर संक्रांति के दिन ही भगवान विष्णु ने पृथ्वी लोक पर असुरों का संहार किया था और उनके सिरों को मंदरा पर्वत पर गाड़ दिया था। कहते हैं तभी से इस दिन मकर संक्रांति पर्व के तौर पर मनाया जाने लगा।

### हमारे काम बिगड़ते हैं, क्योंकि हम समय का पालन नहीं करते और अनुशासन भूल जाते हैं

दुर्गुण ही हमारे पतन का मुख्य कारण बनते हैं। इसलिए हमें अपनी बुराइयों को पहचानना चाहिए। विशेष रूप से वे आदतें जो हमें गलत दिशा में ले जाती हैं, जैसे बात-बात पर गुस्सा करना, दिया हुआ वचन पूरा न करना। कई बार हम समय का पालन नहीं करते और जीवन में अनुशासन भी भूल जाते हैं। जब जीवन में नियम नहीं रहते, तो काम बिगड़ने लगते हैं। अगर हम अपनी इन कमियों पर ध्यान दें और इन्हें सुधारने का प्रयास करें, तो जीवन में सफलता मिल सकती है।

# शुक्रवार को कैसे करें माता लक्ष्मी को प्रसन्न ?



शुक्रवार को लक्ष्मी पूजा के लिए सुबह स्नान कर स्वच्छ वस्त्र पहनें. घर के पूजा स्थल में माता लक्ष्मी की प्रतिमा या फोटो की विधिवत पूजन करें. माता के सामने दीपक जलाएं और धूप-अगरबत्ती दिखाएं. माता लक्ष्मी को लाल गुलाब और कमल के फूल, उससे बनी हुई माला अर्पित कर सकते हैं।

माता लक्ष्मी को इत्र, अबीर-बुक्का, कमल का फूल, लाल या पीले फूल, फल, सफेद मिठाई और दूध का प्रसाद चढ़ाएं. इसके बाद 'ओम श्रीं ह्रीं क्लीं महालक्ष्म्यै नमः' मंत्र का जाप करें. कमलगट्टे की माला से लक्ष्मी मंत्र का जाप कर सकते हैं।

फिर लक्ष्मी चालीसा, कनक धारा स्तोत्र या सूक्त पाठ करें. प्रसाद के रूप में खीर या हलवा बनाएं. आप चाहें तो मखाने की खीर, दूध से बनी कोई सफेद मिठाई या फिर बताशे का भी भोग लगा सकते हैं. शाम को दीपक जलाकर आरती करें. पूजा के बाद प्रसाद बांटें और दान करें।

जो लोग नियमित रूप से शुक्रवार व्रत रखते हैं, उनसे माता लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं और आर्थिक संकट दूर होते हैं. लक्ष्मी कृपा से दरिद्रता मिटती है. माता लक्ष्मी के साथ गणेश जी की पूजा करने से स्थिर लक्ष्मी की प्राप्ति होती है. इनके साथ आप कुबेर की भी पूजा कर सकते हैं।

शुक्रवार को सूर्योदय सुबह 7 बजकर 15 मिनट पर और सूर्यास्त शाम 5 बजकर 41 मिनट पर होगा. उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र दोपहर 1 बजकर 40 मिनट तक रहेगा, उसके बाद हस्त नक्षत्र लगेगा. शोभन योग दोपहर 4 बजकर 56 मिनट तक और फिर अतिगंड योग रहेगा।

शुक्रवार का अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12 बजकर 7 मिनट से 12 बजकर 49 मिनट तक रहेगा, जो शुभ कार्यों के लिए उत्तम समय है. शुक्रवार की लक्ष्मी पूजा प्रदोष काल में करें. प्रदोष काल सूर्यास्त के बाद प्रारंभ होता है।

शुभ कार्य करने वालों को आज राहुकाल का ध्यान रखना होगा. आज राहुकाल 11:10 बजे से दोपहर 12:28 बजे तक है. राहुकाल में कोई नया या महत्वपूर्ण कार्य नहीं करना चाहिए क्योंकि राहुकाल में किए कामों में बाधाएं आ सकती हैं. इसे अशुभ माना गया है. राहुकाल में कालसर्प दसेष की पूजा कर सकते हैं।

# हल्दी भोजन का रंग व स्वाद ही नहीं बल्कि किस्मत भी बदल सकती है

जीवन में परेशानियां कभी आर्थिक रूप में सामने आती हैं तो कभी करियर, व्यापार या मानसिक तनाव के रूप में। कई बार व्यक्ति मेहनत तो पूरी करता है, लेकिन परिणाम मनचाहे नहीं मिलते। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, ऐसी स्थितियों में ग्रहों की कमजोर स्थिति एक बड़ा कारण हो सकती है। खासतौर पर गुरु ग्रह के कमजोर होने से जीवन में रुकावटें बढ़ने लगती हैं। गुरुवार का दिन गुरु ग्रह और भगवान विष्णु को समर्पित माना गया है। इस दिन हल्दी से जुड़े कुछ विशेष उपाय करने से न सिर्फ गुरु मजबूत होते हैं, बल्कि श्रीहरि की कृपा से जीवन में सुख-समृद्धि भी आती है।

ज्योतिष शास्त्र में हल्दी को शुभता, समृद्धि और शुद्धता का प्रतीक माना गया है। इसका संबंध सीधे गुरु ग्रह से होता है। जब गुरु मजबूत होता है, तो व्यक्ति को ज्ञान, सम्मान, धन और सफलता प्राप्त होती है। गुरुवार के दिन हल्दी का प्रयोग विशेष फलदायी माना गया है।



**हर कार्य में सफलता पाने का उपाय**

अगर मेहनत के बावजूद सफलता नहीं मिल रही है, तो गुरुवार के दिन भगवान गणेश को हल्दी की गांठों की माला अर्पित करें। इसके बाद सच्चे मन से पूजा करें। यह उपाय कार्यों में आ रही बाधाओं को दूर करता है और भाग्य का साथ दिलाता है।

**व्यापार में लाभ के लिए हल्दी उपाय**

अगर बिजनेस में लगातार घाटा हो रहा है, तो गुरुवार को काली हल्दी और केसर को पानी में मिलाकर पेस्ट बनाएं। इस पेस्ट से तिजोरी पर स्वास्तिक बनाएं और रोज पूजा करें। माना जाता है कि इससे आर्थिक स्थिति मजबूत होती है और व्यापार में तरक्की मिलती है।

**घर में सकारात्मक ऊर्जा के लिए**

गुरुवार के दिन घर के मुख्य द्वार पर हल्दी का छिड़काव करें और दोनों ओर हल्दी से स्वास्तिक बनाएं। इससे नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है, वास्तु दोष कम होते हैं और माता लक्ष्मी का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

**धन संबंधी समस्या दूर करने का उपाय**


अगर पैसा अटका हुआ है, तो चावल को हल्दी से रंगकर पीला कर लें। इन्हें लाल कपड़े में बांधकर तिजोरी, अलमारी या पर्स में रखें। यह उपाय धन आगमन के मार्ग खोलता है और गुरु ग्रह को मजबूत करता है।

**करियर-नौकरी के लिए विशेष उपाय**

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, करियर में परेशानी या नौकरी न मिलने की स्थिति में गुरुवार को घर के मंदिर में हल्दी की माला लटकाएं। श्रीहरि और माता लक्ष्मी की पूजा करें और विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करें। इससे करियर में स्थिरता और उन्नति के योग बनते हैं।

# क्या है आंख फड़कने और हथेली में खुजली होने का मतलब ?

शकुन शास्त्र में शरीर के अंगों की हर हलचल का महत्व बताया गया है। आंखों का फड़कना या हाथ-पैर में खुजली अक्सर सामान्य घटना लगती है, लेकिन शकुन शास्त्र के अनुसार यह केवल संयोग नहीं है। शरीर के अंगों की हलचल जैसे आंख-भौंह फड़कना या हथेली में खुजली होना जीवन में आने वाले बदलाव, संभावनाओं और वित्तीय या व्यक्तिगत स्थिति के संकेत दे सकता है। पुरुष और महिलाओं के लिए इनके अर्थ अलग-अलग हैं। सही समय पर इन संकेतों को समझकर हम शुभ अवसरों का लाभ उठा सकते हैं और अशुभ प्रभावों से बच सकते हैं।



**शुभ- अशुभ प्रभाव कैसे जानें**

महिलाओं की दाईं आंख का फड़कना अशुभ माना जाता है। यह मानसिक तनाव, स्वास्थ्य संबंधी परेशानी या आने वाली कठिनाई का संकेत हो सकता है।

महिलाओं की बाईं आंख का फड़कना शुभ संकेत माना जाता है, जैसे जल्द ही कोई अच्छी खबर सुनने या कार्य में सफलता मिलने की संभावना।

पुरुषों की दाईं आंख फड़कना शुभ शगुन होता है। यह संकेत देता है कि आपके जीवन में कुछ सकारात्मक घटनाएं हो सकती हैं।

पुरुषों की बाईं आंख का फड़कना बहुत ही ज्यादा अशुभ, जिसे आने वाले समय में परेशानी या संघर्ष का संकेत माना जाता है।

महिलाओं की दाईं भौंह फड़कना अशुभ संकेत जैसी कि आर्थिक नुकसान या किसी परेशानी का इशारा करती है।

महिलाओं की बाईं भौंह फड़कने को शुभ माना जाता है, जिसे धन लाभ और घर-परिवार से जुड़ी अच्छी खबर मिलने का संकेत माना जाता है।

पुरुषों की दाईं भौंह फड़कना शुभ होता है, जैसे धन लाभ, मान-सम्मान में वृद्धि और अच्छे समाचार का संकेत।

पुरुषों की बाईं भौंह का फड़कना अशुभ संकेत जैसे धन संबंधी परेशानियों की संभावना मानी जाती है।

दाईं हथेली में खुजली होना शुभ, जल्दी धन लाभ होने और अप्रत्याशित लाभ प्राप्त होने का संकेत है।

बाईं हथेली में खुजली होना अशुभ, खर्चों में वृद्धि या वित्तीय समस्याओं का संकेत मानी जाती है।

**हाथ से चीज गिरने या टूटने का संकेत**

शकुन शास्त्र के अनुसार, अगर हाथ से कांच या कोई चीज टूट जाए तो यह शुभ संकेत माना जाता है। इसका मतलब है कि भविष्य में किसी बड़े संकट या परेशानी से बचाव हो गया है। हालांकि टूटे हुए कांच को तुरंत घर से बाहर कर देना चाहिए, क्योंकि घर में रखना अशुभ माना जाता है।

**अन्य महत्वपूर्ण संकेत**

शकुन शास्त्र में कई छोटे-छोटे संकेतों की भी व्याख्या की गई है। शरीर के अंगों की हलचल, जैसे आंख, भौंह या हथेली, व्यक्ति के जीवन में आने वाले सुख-दुख, धन लाभ, स्वास्थ्य और पारिवारिक मामलों के बारे में सूचनाएं देती हैं। इन संकेतों को नजर अंदाज नहीं करना चाहिए।

# मकर संक्रांति के बाद इन राशियों के शुरू होंगे अच्छे दिन

16 जनवरी को भोर 4 बजकर 27 मिनट पर मंगल मकर राशि में प्रवेश करेंगे। 23 फरवरी की दोपहर 11 बजकर 49 मिनट तक मंगल तक मकर राशि में ही गोचर करते रहेंगे, उसके बाद कुम्भ राशि में प्रवेश कर जाएंगे। मंगल गोचर से सभी 12 राशियों पर अलग-अलग रूप से प्रभाव पड़ेगा। तो आइए जानते हैं कि मंगल का गोचर आपकी राशि के लिए कैसा रहने वाला है। साथ ही जानेंगे कि मंगल गोचर की अशुभता से बचने के लिए क्या उपाय करने चाहिए।

**मेष राशि–** मंगल आपके दसवें स्थान पर गोचर करेगा। जन्मपत्रिका के दसवें स्थान का संबंध हमारे करियर, राज्य और पिता से होता है। मंगल के इस गोचर के प्रभाव से आपके कदम जहां भी जायेंगे, वहां तरक्की ही तरक्की होगी। आपका गृहस्थ जीवन सुखी होगा। इस दौरान कोई प्रशासनिक कार्य पूर्ण होगा। आपके और आपके पिता के करियर में बदलाव आयेगा। लेकिन ध्यान रहे अगर आपके घर में सोना रखा है तो इस दौरान उसे लॉकर में रखवाना ही उचित होगा। लिहाजा मंगल के अशुभ फलों से बचने के लिए चूल्हे पर दूध उबालते समय ध्यान रखें कि दूध उबलकर बर्तन से बाहर न गिरे।

**वृष राशि–** मंगल का यह गोचर आपके नवें स्थान पर होगा। जन्मपत्रिका के नौवें स्थान का संबंध हमारे भाग्य से होता है। मंगल के इस गोचर से आपको हर तरह का सुख मिलेगा और भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। वहीं बड़े भाई का साथ आपकी किस्मत के सितारे को और भी बुलंद कर देगा। इस दौरान शस्त्र, चिकित्सा और कृषि के व्यवसाय आदि से जुड़े लोगों को धन लाभ होगा। जो लोग प्रशासनिक सेवाओं में कार्यरत हैं, उन्हें किसी अन्य पद की प्राप्ति भी हो सकती है। अतः मंगल के शुभ फल सुनिश्चित करने के लिए भाईयों को जब भी जरूरत पड़े, तो उनकी सहायता जरूर करें।

**मिथुन राशि–** मंगल आपके आठवें स्थान पर गोचर करेगा। जन्मपत्रिका के आठवें स्थान का संबंध हमरे आयु से है। मंगल के इस गोचर के प्रभाव से आपका जीवन सुखमय रहेगा। लेकिन आठवें स्थान का मंगल आपको 23 फरवरी तक अस्थाई रूप से मांगलिक बना देगा। दरअसल जन्मपत्रिका में पहले, चौथे, सातवें, आठवें या बारहवें स्थान पर मंगल के होने से जातक मांगलिक कहलाता है। ऐसे में अगर आप विवाहित हैं तो आपको इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि क्या आपके जीवनसाथी की जन्मपत्रिका में भी मंगल पहले, चौथे, सातवें, आठवें या बारहवें जा रहा है। अगर हां तो ठीक है, अन्यथा मंगल के इस गोचर के उपाय आपको जरूर करने चाहिए। लिहाजा मंगल के अस्थायी मांगलिक दोष से बचने के लिए जब रोटी सेंकने के लिए तवा रखें, तो उसके गर्म होने पर पानी के छींटे मारने के बाद रोटी सेंके।



**कर्क राशि–** मंगल आपके सातवें स्थान पर गोचर करेगा। जन्मपत्रिका के सातवें स्थान का संबंध हमारे जीवनसाथी से है। मंगल के इस गोचर के प्रभाव से आपको जीवनसाथी के साथ रिश्ते में तालमेल बनाने में मेहनत करनी पड़ेगी। सातवें स्थान पर मंगल का यह गोचर आपको भी 23 फरवरी तक के लिए अस्थायी तौर पर मांगलिक बना देगा। अतः अगर आप विवाहित हैं तो आपको इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि क्या आपके जीवनसाथी की जन्मपत्रिका में भी मंगल पहले, चौथे, सातवें, आठवें या बारहवें जा रहा है। अगर ऐसा है तो ठीक, वरना सतर्क होकर इस गोचर के उपाय आपको जरूर करने चाहिए। लिहाजा मंगल के अस्थायी मांगलिक दोष से बचने के लिए 23 फरवरी तक बांस से बनी कोई भी चीज़ घर में लाना आवॉयड करें।

**सिंह राशि–** मंगल आपके छठे स्थान पर गोचर करेगा। जन्मपत्रिका के छठे स्थान का संबंध हमारे मित्र, शत्रु और स्वास्थ्य से है। मंगल के इस गोचर से समाज के कुछ अच्छे लोगों से होगा, जिसका फायदा आने वाले समय में आपको जरूर मिलेगा। मंगल का यह गोचर आपके भाईयों और दोस्तों के लिए भी शुभ संकेत लेकर आया है। 23 फरवरी तक आपको आग से बचना चाहिए। लिहाजा मंगल के अच्छे फल सुनिश्चित करने के लिए मंगलवार के दिन अपने भाई या बही समान किसी व्यक्ति को कुछ न कुछ गिफ्ट जरूर करें।

**कन्या राशि–** मंगल आपके पांचवें स्थान पर गोचर करेगा। जन्मपत्रिका के पांचवे स्थान का संबंध हमारे संतान, बुद्धि, विवेक और रोमांस से है। मंगल के इस गोचर से आपको संतान का सुख मिलेगा। आपकी बौद्धिक क्षमता में बढ़ोतरी होगी और आपको गुरु का पूरा साथ मिलेगा। साथ ही 23 फरवरी तक आप जो भी काम करेंगे, उसका अच्छा लाभ मिलेगा। साथ ही अपनी सेहत का ख्याल रखें। अतः मंगल के अशुभ फलों से बचने के लिए रात के समय सिरहाने पर पानी का बर्तन रखकर सोएं और छोटे बच्चों को दूध गिफ्ट करें।

**तुला राशि–** मंगल आपके चौथे स्थान पर गोचर करेगा। जन्मपत्रिका के चौथे स्थान का संबंध हमारे भवन, भूमि, वाहन और माता से है। मंगल के इस गोचर से आपको भूमिभवन, वाहन का सुख मिलेगा और माता का सहयोग मिलेगा। जैसा कि मैंने अभी पहले भी आपको बताया है कि जन्मपत्रिका में पहले, चौथे, सातवें, आठवें या बारहवें स्थान पर मंगल का गोचर जातक को मांगलिक बनाता है। अतः चौथे स्थान पर मंगल का यह गोचर आपको 23 फरवरी तक के लिए अस्थायी रूप से मांगलिक बना देगा। वहीं अगर आप विवाहित हैं तो इस बात पर भी ध्यान दें कि क्या आपके जीवनसाथी की कुंडली में मंगल पहले, चौथे, सातवें, आठवें या बारहवें जा रहा है। अगर हां तो ठीक है, अन्यथा सतर्क होकर इस गोचर के उपाय आपको जरूर करने चाहिए। तो मंगल के अस्थायी मांगलिक दोषों से बचने के लिए सुबह उठकर सबसे पहले पानी से कुल्ला करें। **(जारी)**

## थम नहीं रहा 'जन नायकन' का विवाद, सेंसर से लेकर कोर्ट तक काटे चक्कर

# थलापति विजय की आखिरी फिल्म रिलीज टली

कल यानी 9 जनवरी को तमिल अभिनेता विजय थलापति की फिल्म 'जन नायकन' रिलीज होने थी लेकिन अब इसकी रिलीज टल गई है। तमिल सिनेमा के इस दिग्गज अभिनेता की आखिरी फिल्म है, इसके बाद वह फिल्मों की बजाय तमिलनाडु की राजनीति में सक्रिय हो जाएंगे। लेकिन 'जन नायकन' को लेकर ऐसा विवाद खड़ा हुआ कि विजय की आखिर फिल्म रिलीज ही नहीं हो सकती है। विस्तार में जानिए, ऐसा किन कारणों से हुआ?



### सेंसर ने नहीं मिला सर्टिफिकेट

फिल्म 'जन नायकन' जब 18 दिसंबर को सेंसर बोर्ड के पास स्क्रीनिंग के पहुंचीं तो जांच कमेटी ने कुछ सीन पर आपत्ति की। इन पर कट लगाने की बात कही। इस बात के लिए फिल्म के मेकर्स मान गए। सेंसर बोर्ड के सुझाव पर फिल्म में 27 कट लगाए गए। फिल्म में 27 कट लगाने के बाद फिल्म 'जन नायकन' दोबारा सेंसर बोर्ड के पास पहुंचीं। फिल्म देखने के बाद सेंसर बोर्ड के रीजनल ऑफिस ने बताया कि जांच कमेटी ने 'जन नायकन' को यू\ए 16 प्लस सर्टिफिकेट देने की बात कही है। लेकिन इसके बाद भी फिल्म को सेंसर सर्टिफिकेट नहीं मिला। यह सारी घटना 22 दिसंबर को हुई। फिर 'जन नायकन' को 5 तारीख को रिव्यू कमेटी के पास भेजा गया। रीजनल ऑफिस ने फिल्म के मेकर्स को सेंसर बोर्ड के मुंबई ऑफिस से कॉन्टैक्ट करने को कहा। लेकिन सूचना में देरी के कारण मेकर्स ऐसा नहीं कर पाए।

### कोर्ट पहुंचे फिल्म के मेकर्स, सेंसर ने भी रखा अपना पक्ष

जब सेंसर बोर्ड से किसी तरह का सपोर्ट 'जन नायकन' को नहीं मिला तो मेकर्स ने कोर्ट का रुख किया। केवीएन प्रोडक्शन हाउस ने 6 जनवरी को मद्रास हाई कोर्ट में याचिका दायर की। याचिका में फिल्म के मेकर्स ने कहा कि 'जन नायकन' की रिलीज में देरी के कारण लगभग 500 करोड़ रुपये का नुकसान हो सकता है। दरअसल, इस फिल्म के टिकट पहले ही बिक चुके हैं। कोर्ट में 'जन नायकन' के मेकर्स ने यह भी बताया कि पहले सेंसर बोर्ड की जांच कमेटी के सभी सदस्यों ने अपने सुझाव बताए थे, जिन पर अमल किया गया। लेकिन बाद में जांच कमेटी के एक सदस्य ने सेंसर बोर्ड के चेयरपर्सन के सामने 'जन नायकन' को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी, इसके बाद ही फिल्म को लेकर आगे की जांच फिर शुरू की गई। विजय थलापति की आखिरी फिल्म को लेकर मेकर्स को यही उम्मीद थी कि कोर्ट, सेंसर बोर्ड को सर्टिफिकेट देने का निर्देश देंगे। बुधवार यानी 7 जनवरी को इसी मामले में कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई में सेंसर बोर्ड ने बताया कि फिल्म को एक शिकायत के बाद रिव्यू कमेटी को भेजा गया था। 'जन नायकन' को लेकर यह बात सामने आई थी कि इसमें अल्पसंख्यक समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली बात है। इसके अलावा भी फिल्म में कई ऐसी बातें थीं, जिन पर सेंसर को आपत्ति थी। इस केस की अगली सुनवाई 9 जनवरी को होनी है। इसी दिन फिल्म को रिलीज होना था।

### टल गई फिल्म की रिलीज

बुधवार रात ही 'जन नायकन' के प्रोडक्शन हाउस केवीएन ने फिल्म के पोस्टपोन होने की जानकारी दी। मेकर्स ने कहा, 'भारी मन से हम अपने दर्शकों के साथ यह अपडेट शेयर कर रहे हैं। फिल्म 'जन नायकन' की रिलीज कुछ ऐसे कारणों से टाल दी गई है जो हमारे कंट्रोल से बाहर हैं। नई रिलीज डेट जल्द से जल्द साझा की जाएगी।'

### 'जन नायकन' के समर्थन में उतरे साउथ कलाकार

फिल्म 'जन नायकन' और थलापति विजय के समर्थन में साउथ के एक्टर्स उतर आए हैं। एक्टर रवि मोहन, डायरेक्टर वेंकट प्रभु, डायरेक्टर कार्तिक सुब्बाराज, डायरेक्टर रत्न कुमार, सिब्बी सत्यराज ने 'जन नायकन' के सपोर्ट में रैली करनी की बात कही है। सोशल मीडिया पर थलापति विजय को खुलकर सपोर्ट दिया है।

## क्या है विक्की-कटरीना के बेटे विहान कौशल का 'उरी- द सर्जिकल स्ट्राइक' से कनेक्शन? आदित्य धर ने किया जिक्र





विक्की कौशल और कटरीना कैफ ने अपने बच्चे का नामकरण किया है। जिसके बाद कपल ने अपने बेटे का नाम विहान रखा है। इसकी जानकारी खुद विक्की-कटरीना ने एक संयुक्त इंस्टाग्राम पोस्ट के माध्यम से अपने फैंस को दी। इसके बाद से ही फैंस से लेकर सेलेब्स तक विक्की-कटरीना को बधाई दे रहे हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि विक्की कौशल के बेटे के नाम का उनकी फिल्म 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' से क्या कनेक्शन है? जानते हैं

### ये है विहान का 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' से कनेक्शन

विक्की-कटरीना ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए बताया कि उन्होंने अपने बेटे का नाम विहान कौशल रखा है। अब हम आपको बताते हैं कि विहान कौशल का विक्की की फिल्म 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' से क्या कनेक्शन है।

दरअसल, आदित्य धर द्वारा निर्देशित फिल्म 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' में विक्की कौशल के किरदार का नाम भी विहान ही होता है। फिल्म में विक्की कौशल ने मेजर विहान शेरगिल का किरदार निभाया है। अब विक्की कौशल ने अपने बेटे का नाम भी विहान ही रखा है। ऐसे में अब विक्की कौशल के बेटे और फिल्म उरी के बीच विहान नाम का कनेक्शन है।

### आदित्य धर ने भी किया उरी का जिक्र

इसी कनेक्शन का जिक्र 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' के निर्देशक आदित्य धर ने भी किया है। आदित्य धर ने विक्की-कटरीना को उनके बेटे के नामकरण पर शुभकामनाएं देते हुए पोस्ट पर कमेंट किया। इस कमेंट में आदित्य धर ने विहान कौशल का कनेक्शन पिता विक्की कौशल की फिल्म से निकाला। आदित्य धर ने कमेंट में लिखा, 'विक्की-कटरीना को बहुत-बहुत बधाई। मेरे विक्कू मेजर विहान शेरगिल के किरदार को पर्दे पर जीवंत करने से लेकर अब नन्हे विहान को अपनी बाहों में थामने तक, जीवन का चक्र सचमुच पूरा हो गया है। आप तीनों को मेरा ढेर सारा प्यार और आशीर्वाद। आप दोनों कमाल के माता-पिता बनेंगे।'

### 2021 में हुई थी विक्की-कटरीना की शादी

विक्की कौशल और कटरीना कैफ ने 9 दिसंबर 2021 को शादी की थी। इसके बाद पिछले साल सितंबर में कटरीना कैफ ने अपनी प्रेग्नेंसी घोषित की थी।

जबकि 7 नवंबर को कपल ने अपने बेटे का स्वागत किया। इसकी जानकारी भी कपल ने एक संयुक्त पोस्ट के माध्यम से दी थी। अब 7 जनवरी को विक्की कटरीना ने फिर एक इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए बेटे के नामकरण की जानकारी दी। इस बार कपल ने बच्चे की हल्की सी झलक भी दिखाई।

## शत्रुघ्न सिन्हा ने रीना रॉय को किया बर्थ डे विश, पोस्ट देखकर फैंस हुए हैरान

### यूजर्स ने छेड़ दिया पुराना राग



80 के दशक की चर्चित अदाकारा रीना रॉय ने कल अपना 69वां जन्मदिन मनाया। शत्रुघ्न सिन्हा ने भी उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। यह पोस्ट देखकर फैंस हैरान रह गए। यूजर्स ने भी इस दिग्गज अभिनेता की पोस्ट पर रिएक्शन दिए। आखिर, यह पोस्ट देखकर फैंस को हैरानी क्यों हुई? जानिए।

### शत्रुघ्न सिन्हा ने रीना रॉय को कहा करीबी दोस्त

शत्रुघ्न सिन्हा ने बुधवार को एक पोस्ट एक्स (ट्विटर) अकाउंट पर की, इसमें रीना रॉय को अपना प्यारा दोस्त कहा। वह लिखते हैं, 'एक बहुत प्यारी दोस्त, अब तक की सबसे अच्छी एक्ट्रेस में से एक, हमेशा चार्मिंग स्टार, एक बेहतरीन इंसान, कुल मिलाकर शानदार पर्सनालिटी रीना रॉय को जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं। आप हमेशा खूब खुश रहें।'

### क्या है रीना रॉय और शत्रुघ्न सिन्हा का कनेक्शन?

रीना रॉय को शत्रुघ्न सिन्हा ने जन्मदिन पर शुभकामनाएं दीं, इस बात से कई फैंस, सोशल मीडिया यूजर्स हैरान हुए। दरअसल, 70 और 80 में शत्रुघ्न सिंह और रीना रॉय के बीच एक कथित लव अफेयर रहा। कभी दोनों ने इस रिश्ते को पब्लिकली स्वीकार नहीं किया। लेकिन इनके रिश्ते की चर्चा बॉलीवुड में खूब रही। बाद में शत्रुघ्न सिंह ने पूनम नाम की महिला से शादी। शत्रुघ्न सिंह और पूनम सिन्हा के तीन बच्चे हैं, लव, कुश और सोनाक्षी सिन्हा। इतने साल बाद शत्रुघ्न सिन्हा ने रीना रॉय को इस तरह याद किया तो फैंस को इनका पुराना रिश्ता याद आ गया।

### यूजर्स को याद आया पुराना रिश्ता


दिग्गज अभिनेता की पोस्ट पर कई यूजर्स ने कमेंट किए। एक यूजर ने लिखा, 'रीना रॉय के साथ आपकी दोस्ती हमेशा बनी रहे। सदाबहार अभिनेत्री रीना रॉय जी को जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं।' एक अन्य यूजर ने कमेंट किया, 'क्या बात है सर, रीना रॉय के लिए भी कोई इतना कुछ लिख सकता है। मान गए।' वहीं एक अन्य ने कमेंट करते हुए लिखा, 'इस बात की तो उम्मीद ही नहीं थी।'

आगे यूजर ने फनी इमोजी शेयर किया। एक यूजर ने बड़ा मजेदार कमेंट करते हुए लिखा कि शत्रुघ्न सिन्हा ने उसे इंस्पायर किया है। वह लिखता है, 'इस ट्वीट ने मुझे कुछ बोल्ड और अपने कंफर्ट जोन से बाहर करने के लिए इंस्पायर किया। धन्यवाद शत्रुजी और रीना मैम को जन्मदिन की शुभकामनाएं।'

## दिग्गज एक्टर राजेंद्र कुमार की बीवी और कुमार गौरव की मां शुक्ला कुमार का निधन

नए साल की शुरुआत होते ही बॉलीवुड को झटका लगा है। हिंदी सिनेमा के दिग्गज एक्टर रहे राजेंद्र कुमार की बीवी शुक्ला कुमार का 8 जनवरी 2026 को निधन हो गया। उनके बेटे कुमार गौरव भी इंडस्ट्री के फेमस एक्टर रह चुके हैं। कुमार गौरव की शादी संजय दत्त की बहन नम्रता दत्त से हुई है।

'बॉलीवुड हंगामा' की रिपोर्ट के मुताबिक, राजेंद्र कुमार की पत्नी शुक्ला कुमार 89 साल की थीं और लाइमलाइट से दूर रहती थीं। उनकी मौत की वजह सामने नहीं आई है। वो हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के रमेश बहल और श्याम बहल की बहन थीं। उनके बेटे गोल्डी बहल और रवि बहल उनके भतीजे थे। शुक्ला कुमार के निधन से पूरा परिवार शोक में डूब गया है। 10 जनवरी को उनकी प्रार्थना सभा होगा।



### राजेंद्र और शुक्ला के तीन बच्चे

राजेंद्र कुमार और शुक्ला कुमार के तीन बच्चे हैं। बेटा कुमार गौरव जो एक्टर रह चुके हैं। एक बेटी डिंपल की शादी फिल्ममेकर राजू पटेल से हुई। दूसरी बेटी मनोरमा की शादी फिल्ममेकर ओपी रहलान से हुई थी।

### 'जुबली कुमार' थे राजेंद्र कुमार

राजेंद्र कुमार किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। उन्हें 'जुबली कुमार' के नाम से जाना गया। वो एक्टर नहीं बनना चाहते थे और पांच साल तक फिल्ममेकर एचएस रावेल के असिस्टेंट के तौर पर काम किया था। पर 1955 में गीता बाली के साथ 'वचन' में हीरो का रोल किया। ये फिल्म सुपरहिट रही।

### 71 साल की उम्र में ली थी आखिरी सांस

12 जुलाई 1999 में 71 साल की उम्र में राजेंद्र ने आखिरी सांस ली। हार्ट अटैक ने उनकी जान ले ली थी। वे कैंसर से भी पीड़ित थे। उन्होंने कैंसर के लिए दवा लेने से इनकार कर दिया था।

### कुमार गौरव लाइमलाइट से दूर

राजेंद्र और शुक्ला के बेटे कुमार गौरव की बात करें तो 1981 में उन्होंने 'लव स्टोरी' से डेब्यू किया और स्टार बन गए थे। उन्हें उस समय इंडस्ट्री का बड़ा सितारा माना जाता था। पर वक्त के साथ-साथ वो इंडस्ट्री से दूर चले गए। उन्होंने भी लाइमलाइट से दूर रहने का फैसला कर लिया। उनकी शादी संजय दत्त की बहन नम्रता दत्त से हुई थी। इनकी दो बेटियां हैं साची और सिया।

## कानूनी पचड़े में फंसी रितेश देशमुख की 'मस्ती 4' इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर ने मेकर्स पर किया केस



रितेश देशमुख, आफताब शिवदासानी और विवेक ओबेरॉय स्टारर एडल्ट कॉमेडी फिल्म 'मस्ती 4' अपनी ओटीटी रिलीज से पहले अब मुश्किलों में फंस गई है। थिएटर में फिल्म के रिलीज होने के बाद लगभग डेढ़ महीने बाद फिल्म पर केस हो गया है। आरजे और इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर आशीष शर्मा ने दिल्ली उच्च न्यायालय में फिल्म के एक सीन को लेकर निर्माताओं के खिलाफ अब मामला दर्ज कराया है।

### इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर ने लगाए ये आरोप

आरजे व इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर आशीष शर्मा ने 'मस्ती 4' के निर्माताओं के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। उन्होंने दावा किया है कि फिल्म में उनकी जनवरी 2024 में वायरल हुई एक रील का इस्तेमाल बिना उनकी सहमति या उन्हें श्रेय दिए किया गया है। इस रील का शीर्षक 'शक करने का नतीजा' था और इसमें आरजे तृप्ति भी नजर आई थीं। इसके साथ ही अब उन्होंने अपनी इस क्रिएटिव प्रॉपर्टी के बिना स्वीकृति उपयोग किए जाने का आरोप लगाते हुए मुआवजे की और पूर्ण लाभ रिपोर्ट की मांग की है।

### मेकर्स को जारी किया नोटिस

इस मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला कर रहे हैं, जो एकल न्यायाधीश पीठ की अध्यक्षता कर रहे हैं। अदालत ने फिल्म निर्माताओं को नोटिस जारी किया है और आगे की कार्रवाई से पहले उनसे जल्द ही जवाब मांगा है। इस मामले की अगली सुनवाई 13 जनवरी 2026 को होने की उम्मीद है।

### बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही थी 'मस्ती 4'

मिलाप जावेरी द्वारा निर्देशित 'मस्ती 4' 21 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई कमाल नहीं दिखा पाई थी और औंधे मुंह गिरी थी। यह साल 2004 में 'मस्ती' फिल्म से शुरू हुई फ्रेंचाईजी की चौथी फिल्म है। इससे पहले इस फ्रेंचाइजी की तीन फिल्में 'मस्ती', 'ग्रैंड मस्ती' और 'ग्रेट ग्रैंड मस्ती' रिलीज हो चुकी हैं। पहली फिल्म के बाद से ही ये फ्रेंचाइजी एक एडल्ट कॉमेडी फिल्मों की फ्रेंचाईजी बन गई है। फिल्म के चारों पार्ट में रितेश देशमुख, विवेक ओबेरॉय और आफताब शिवदसानी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं।

## प्रिंस नरूला अचानक क्यों हो रहे ट्रेंड? क्या है दिल्ली मस्जिद विवाद में एक्टर की गिरफ्तारी का सच

रिएलिटी शो 'बिग बॉस 9' और 'एमटीवी रोडीज X2' के विनर प्रिंस नरूला इस वक्त ट्रेंड में हैं। उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें पुलिस उन्हें गिरफ्तार करके ले जा रही है। क्या ये वीडियो वाकई में सच है? आखिर क्या है दिल्ली मस्जदि विवाद में एक्टर की गिरफ्तारी का सच, यहां जानिए।

आपकी सोशल मीडिया फीड पर आपने एक वीडियो जरूर देखा होगा, जिसमें प्रिंस नरूला को अरेस्ट करके पुलिस ले जा रही है। ये वीडियो देखते ही देखते वायरल हो गया। उनके फैंस हैरान थे कि आखिर ऐसा क्या हो गया, जिसके कारण उन्हें गिरफ्तार किया गया है। पर जल्द ही पता चला कि ये वीडियो फर्जी है।

### सोशल मीडिया यूजर ने सच का पता लगाया

जी हां, एक सोशल मीडिया यूजर ने वीडियो पर रिएक्शन देते हुए AI असिस्टेंट ग्रोक से इसकी पुष्टि करने को कहा। उसके हिसाब से ये वीडियो पूरी तरह से 'एडिट' किया गया है। यानी ये फेक है।

### प्रिंस ने दिया ये जवाब

इस मामले को लेकर प्रिंस ने 'टेली चक्कर' से बात करते हुए कहा है कि वो गिरफ्तार नहीं हुए हैं। बल्कि ये एक ब्रांड के शूट का एक हिस्सा था।



### ये है दिल्ली मस्जिद विवाद मामला

बात करें दिल्ली मस्जिद विवाद की तो फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास अतिक्रमण हटाने के दौरान अफवाहों की वजह से हिंसा हुई थी। इसमें पांच पुलिस कर्मी घायल हो गए थे। कहा जा रहा था कि इस केस में अफवाह उड़ाने को लेकर ही प्रिंस को अरेस्ट किया गया है। पर उनका इस मामले से कोई लेना-देना नहीं है।

## नागा चेतन्या की पत्नी शोभिता धुलिपाला की मूवी 'चीकाटिलो' सच्ची घटना पर है आधारित



'द नाइट मैनेजर' जैसी वेब सीरीज में नजर आईं अभिनेत्री शोभिता धुलिपाला अब एक नई फिल्म लेकर आ रही हैं। यह एक सस्पेंस-क्राइम थ्रिलर फिल्म है। फिल्म का नाम 'चीकाटिलो' है। फिल्म की घोषणा के साथ ही इसका पहला पोस्टर भी जारी हुआ है, जिसमें शोभिता इंटेंस लुक में नजर आ रही हैं।

### एक पॉडकास्टर की कहानी है फिल्म

'चीकाटिलो' प्राइम वीडियो की ओरिजिनल तेलुगु भाषा की फिल्म है। हालांकि, यह हिंदी में भी रिलीज होगी। हैदराबाद की पृष्ठभूमि पर बनी 'चीकाटीलो' एक रोमांचक क्राइम-सस्पेंस फिल्म है। कहानी संध्या नाम की लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक ट्रू-क्राइम पॉडकास्टर है। इस किरदार को शोभिता धुलिपाला ने निभाया है। अपने इंटर्न की रहस्यमयी मौत के बाद न्याय पाने की अपनी लगातार कोशिश में संध्या को खौफनाक अपराधों की एक चौंकाने वाली कड़ी का पता चलता है। जिसके बाद उसके सामने शहर के कुछ सबसे खौफनाक और काले राज सामने आते हैं। फिल्म 23 जनवरी को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

### शरण कोपिशेट्टी ने किया है निर्देशन

शरण कोपिशेट्टी द्वारा निर्देशित 'चीकाटिलो' को डी. सुरेश बाबू ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म की कहानी चंद्र पेम्माराजू और शरण कोपिशेट्टी ने लिखी है। फिल्म में शोभिता धुलिपाला और विश्वदेव राचकोंडा मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसके अलावा चैतन्य विशालक्ष्मी, ईशा चावला, झांसी, आमानी और वडलामणि श्रीनिवास भी अहम किरदारों में नजर आएंगे।

## प्रभास की 'द राजा साब' को तेलंगाना हाईकोर्ट से मिली राहत

# टिकट की कीमतों से जुड़ा है मामला

साउथ सुपरस्टार प्रभास इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'द राजा साब' को लेकर चर्चाओं में हैं। 9 जनवरी को रिलीज होने वाली 'द राजा साब' को अब रिलीज से एक दिन पहले कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। तेलंगाना उच्च न्यायालय ने 'द राजा साब' के निर्माताओं को टिकट की कीमतों में वृद्धि के मुद्दे पर राहत प्रदान की है। इसी क्रम में मेगा स्टार चिरंजीवी की फिल्म 'माना शंकरा वर प्रसाद गारू' को भी राहत मिल गई है।



### सीमित फिल्मों पर ही था प्रतिबंध

न्यायमूर्ति मौशुमी भट्टाचार्य और न्यायमूर्ति गदी प्रवीण कुमार की खंडपीठ ने यह स्पष्ट किया कि 9 दिसंबर को एकल न्यायाधीश द्वारा पारित पूर्व आदेश जिसमें टिकटों की कीमतों में किसी भी प्रकार की वृद्धि पर रोक लगाई गई थी, उसका दायरा सीमित था। अदालत ने टिप्पणी की कि यह प्रतिबंध केवल 'पुष्पा 2', 'गेम चेंजर', 'ओजी' और 'अखंडा 2' जैसी कुछ बड़ी फिल्मों पर ही लागू था। यह वर्तमान में न्यायालय के समक्ष विचाराधीन फिल्मों पर लागू नहीं होता है। जिससे साफ है कि 'द राजा साब' और 'माना शंकरा वर प्रसाद गारू' इस प्रतिबंध के दायरे में नहीं आती हैं।

### मेकर्स की ओर से दी गईं ये दलीलें

कोर्ट ने 'द राजा साहब' और 'माना शंकरा वर प्रसाद गारू' के टिकटों की कीमतों में वृद्धि का मुद्दा राज्य सरकार के ऊपर छोड़ दिया है। सुनवाई के दौरान इन फिल्मों के निर्माताओं के वकील ने न्यायालय को बताया कि उन्होंने फिल्मों के शो और टिकटों की कीमतों में बढ़ोत्तरी करने की अनुमति के लिए गृह विभाग के सचिव को पहले ही जानकारी दे दी थी। उन्होंने अधिकारियों से अपने आवेदनों पर जल्द से जल्द विचार करने का आग्रह किया। निर्माताओं ने यह भी तर्क दिया कि एकल न्यायाधीश का आदेश कानून की दृष्टि से मान्य नहीं है और प्रतिबंध जारी रहने से उनके हितों को गंभीर नुकसान होगा।

### 9 जनवरी को रिलीज होगी 'द राजा साब'

प्रभास स्टारर 'द राजा साब' 9 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। मारुति द्वारा निर्देशित इस फिल्म में प्रभास के अलावा निधि अग्रवाल, मालविका मोहनन, संजय दत्त, बोमन ईरानी और रिद्धि कुमार प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। 'द राजा साब' एक पैन इंडिया फिल्म है, जो तेलुगु के साथ हिंदी, तमिल, कन्नड़ और मलयालम भाषा में भी रिलीज होगी।





# सारा अर्जुन बनीं सबसे लोकप्रिय स्टार थलापति विजय और प्रभास को छोड़ा पीछे

रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर' रिलीज के एक महीने बाद भी बॉक्स ऑफिस पर जमी हुई है और शानदार प्रदर्शन कर रही है। फिल्म की सफलता से फिल्म के कलाकारों की भी लोकप्रियता में इजाफा हुआ है। सिर्फ रणवीर सिंह और अक्षय खन्ना ही नहीं बल्कि फिल्म की हीरोइन सारा अर्जुन को भी 'धुरंधर' की सफलता से फायदा मिला है। तभी सारा इस हफ्ते आईएमडीबी की लोकप्रिय भारतीय हस्तियों की सूची में पहले स्थान पर पहुंच गई हैं। इस मामले में उन्होंने प्रभास और थलापति विजय जैसे कई बड़े दिग्गजों को पीछा छोड़ा है।



**दूसरे से पहले स्थान पर पहुंचीं सारा**

आईएमडीबी ने अपनी साप्ताहिक लोकप्रियता रैंकिंग जारी की। ये दुनिया भर के लाखों प्रशंसकों के पेज व्यू और यूजर एंगेजमेंट के आधार पर निर्धारित की जाती है। इस रैंकिंग में सारा अर्जुन, जो पिछले हफ्ते दूसरे स्थान पर थीं, इस बार शीर्ष पर पहुंच गईं। उन्होंने इस मामले में थलपति विजय, प्रभास और अगस्त्य नंदा सहित भारतीय सिनेमा के कुछ बड़े नामों को पीछे छोड़ दिया। उनकी इस सफलता का श्रेय काफी हद तक 'धुरंधर' को जाता है।


आईएमडीबी ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा, 'इस सप्ताह की लोकप्रिय भारतीय हस्तियों की सूची में अपने पसंदीदा सितारों को पहचानें। यह सूची 'पॉपुलर इंडियन सेलेब्रिटीज' द्वारा प्रस्तुत की गई है, जो आईएमडीबी का एक साप्ताहिक फीचर है और इसमें विश्व स्तर पर ट्रेंड कर रहे भारतीय सितारों को दिखाया जाता है। अभिनेता, निर्देशक, सिनेमैटोग्राफर, लेखक और अन्य। हमेशा की तरह यह सूची दुनिया भर के 2 करोड़ से अधिक फैंस द्वारा तय की जाती है।'

**थलापति विजय आठवें और अगस्त्य नंदा 12वें स्थान पर रहे**

सारा के अलावा इस सूची में दूसरे नंबर पर 'धुरंधर' के निर्देशक आदित्य धर रहे, जो पिछले हफ्ते तीसरे नंबर पर थे। हफ्ते के अन्य लोकप्रिय स्टार्स की लिस्ट में थलापति विजय आठवें स्थान और अगस्त्य नंदा 12वें स्थान पर रहे। इसके अलावा भाग्यश्री बोरसे 15वें, सिबी चक्रवर्ती 16वें, यामी गौतम 17वें, प्रभास 19वें और श्रीराम राघवन 22वें स्थान पर रहे। जबकि तारा सुतारिया 24वें, दिंजित अय्याथन 27वें, निविन 30वें और सिमर भाटिया 42वें स्थान पर रहीं।

# बचपन में किया संघर्ष, छोटे गांव से निकलकर बने पैन-इंडिया स्टार आज यश हैं कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री के सुपरस्टार

कन्नड़ सिनेमा के सुपरस्टार यश, जिन्हें 'रॉकी भाई' के नाम से भी जाना जाता है, 8 जनवरी 2026 को अपना 40वां जन्मदिन मना रहे हैं। यश की जर्नी काफी इंस्पायरिंग रही है। एक छोटे गांव से निकलकर पैन-इंडिया स्टार बनना काफी संघर्ष भरा रहा। फैंस उनकी फिल्म 'टॉक्सिकः ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स' की रिलीज का बेसब्र से इंतजार कर रहे हैं।




यश का असली नाम नवीन कुमार गौड़ा है। उनका जन्म 8 जनवरी 1986 को कर्नाटक के हासन जिले के एक छोटे से गांव बूवनाहल्ली में हुआ था। उनके पिता अरुण कुमार कर्नाटक स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन में बस ड्राइवर थे और बाद में बैंगलोर मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन में काम किया। उनकी मां पुष्पा एक गृहिणी हैं। यश की एक छोटी बहन नंदिनी है।

**बचपन में किया संघर्ष**

बचपन में यश का परिवार एक छोटी किराने की दुकान चलाता था, जहां वे मदद किया करते थे। स्कूल के दिनों में ही उन्हें एक्टिंग और डांस का शौक था। वे मैसूर के महाजन एजुकेशन सोसाइटी स्कूल में पढ़े। उनके माता-पिता चाहते थे कि वे सरकारी नौकरी करें, लेकिन यश को एक्टिंग का जुनून था। 16 साल की उम्र में वे घर से भागकर बैंगलोर आ गए और एक फिल्म सेट पर असिस्टेंट डायरेक्टर के रूप में काम करने लगे।

**यश का करियर**

यश का करियर 2000 के दशक में टीवी से शुरू हुआ। 2004 में उन्होंने कन्नड़ टीवी सीरियल 'सिली लल्ली' से डेब्यू किया। उसके बाद 'नंदा गोकुला', 'प्रीति इलाडा मेले', 'मेल बिल्लू' और 'शिवा' जैसे शोज में काम किया। वे थिएटर में भी एक्टिव रहे। यश ने बी.वी. करंथ की 'बेनाका' ट्रूप में बैकस्टेज काम किया जिसके लिए उन्हें रोजाना 50 रुपये मिलते थे। 2007 में फिल्म 'जंबदा हुदुगी' में सपोर्टिंग किया। पहली लीड रोल वाली फिल्म 'रॉकी' (2008) थी, लेकिन वह फ्लॉप रही। फिर भी, उन्होंने हार नहीं मानी।

**'KGF' से मिला स्टारडम**

'केजीएफ चैप्टर 1' एक पैन-इंडिया एक्शन फिल्म है। यह कन्नड़ की सबसे ज्यादा कमाने वाली फिल्म बनी। इस फिल्म के लिए यश को फिल्मफेयर बेस्ट एक्टर अवॉर्ड मिला। 'केजीएफः चैप्टर 2' ने 1000 करोड़ से ज्यादा कमाए। यह कन्नड़ की अब तक की सबसे बड़ी हिट फिल्म है। केजीएफ सीरीज ने उन्हें पूरे भारत में स्टार बना दिया। वे कई अवॉर्ड्स जीत चुके हैं। अब फैंस को 'KGF 3' का इंतजार है।

यश की लव लाइफ

यश की लव स्टोरी फिल्मी है। वे 2007 में टीवी सीरियल 'नंदा गोकुला' के सेट पर एक्ट्रेस राधिका पंडित से मिले। दोनों अच्छे दोस्त बने और कई फिल्मों में साथ काम किया। उनकी तीसरी फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज रामाचारी' के बाद मीडिया में उनके रिलेशनशिप की अफवाहें उड़ीं। 12 अगस्त 2016 को गोवा में प्राइवेट इंगेजमेंट हुई। 9 दिसंबर 2016 को बैंगलोर में शादी की। उनके दो बच्चे हैं- बेटी आयरा और बेटा यथर्व।

**यश का वर्कफ्रंट**

यश की आने वाली फिल्मों का फैंस को बेसब्री से इंतजार रहता है। यश निर्देशक गीतू मोहनदास की फिल्म 'टॉक्सिकः ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स' में नजर आएंगे। यह फिल्म कन्नड़ और इंग्लिश में शूट हुई है। इसे हिंदी, तेलुगु, तमिल, और मलयालम में डब किया जाएगा। इसकी कास्ट में कियारा आडवाणी, हुमा कुरेशी, नयनतारा, तारा सुतारिया, और रुकमिनी वसंत शामिल हैं। यह फिल्म 19 मार्च 2026 को रिलीज होगी। हालांकि, यश के फैंस को 'टॉक्सिक' के टीजर का बेसब्री से इंतजार है। इसके अलावा, यश निर्देशक नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' में नजर आएंगे। इस फिल्म का पहला पार्ट 1 दिवाली 2026 में और दूसरा पार्ट 2027 दिवाली पर रिलीज होगा। इस फिल्म में यश रावण का रोल निभाएंगे।

**यश की नेटवर्थ**

कथित तौर पर 2025-2026 तक यश की अनुमानित नेटवर्थ 53 से 60 करोड़ रुपये है। यश कन्नड़ सिनेमा के सबसे महंगे एक्टर्स में से एक हैं और साउथ इंडियन सिनेमा में टॉप पेड लिस्ट में शामिल हैं। उनकी कमाई फिल्मों, ब्रांड एंडोर्समेंट्स और इनवेस्टमेंट्स से आती है। 'केजीएफ 2' के लिए उन्होंने 30 करोड़ चार्ज किए थे और 'टॉक्सिक' के लिए 50-100 करोड़ तक की अफवाहें हैं। लग्जरी लाइफस्टाइल में बैंगलोर होम और रेंज रोवर और मर्सिडीज जैसी कारें (कुल 2 करोड़ से ज्यादा) शामिल हैं। यश की मंथली इनकम 55-60 लाख और एनुअल 7-8 करोड़ रुपये है।

# जब इमिग्रेशन पर इमरान हाशमी को रोका गया, बोले- 'हमेशा डर लगता है जैसे 100 किलो अवैध सामान ले जा रहा हूं'

अभिनेता इमरान हाशमी इन दिनों अपनी आगामी वेब सीरीज 'तस्करीः द स्मगलर्स वेब' को लेकर चर्चाओं में हैं। हाल ही में इस सीरीज का ट्रेलर रिलीज किया गया है, जिसके बाद सीरीज को लेकर उत्साह और भी बढ़ गया है। इस सीरीज में इमरान हाशमी कस्टम ऑफिसर के किरदार में नजर आएंगे। लेकिन क्या कभी इमरान हाशमी को असल में भी कस्टम ऑफिसर्स ने रोका है या उनसे पूछताछ हुई है? ट्रेलर लॉन्च इवेंट में इमरान ने इसको लेकर जवाब दिया और अपने साथ हुए घटनाक्रम को भी याद किया।




**इमिग्रेशन चेकिंग पर रोके जाते थे इमरान**

मुंबई में हुए ट्रेलर लॉन्च इवेंट में जब इमरान हाशमी से पूछा गया कि क्या कभी उन्हें एयरपोर्ट पर कस्टम ऑफिसर्स ने रोका और उनसे पूछताछ हुई? इस पर इमरान ने कहा कि मुझे कभी ग्रीन चैनल चैनल पर नहीं रोका गया। हालांकि, इस दौरान उन्होंने बताया कि इमिग्रेशन चेकिंग के दौरान उन्हें जरूर कुछ मर्तबा रोका गया है। एक्टर ने बताया कि जब मैं अकेले यात्रा करता था, तब इमिग्रेशन जांच में मुझे कई बार रोका गया, शायद कान की बालियों या ऐसी ही किसी चीज की वजह से। लेकिन अब जब वे मुझे मेरे प्यारे परिवार के साथ देखते हैं, तो उन्हें मुझ पर शक नहीं होता। पहले 2000 के दशक की शुरुआत में मुझे अक्सर अलग कर दिया जाता था। इसे ही प्रोफाइलिंग कहते हैं। मैं किसी व्यक्ति जैसा दिखता हूं, लेकिन मुझे नहीं पता कि वह व्यक्ति कौन था।

**ग्रीन चैनल पर हमेशा लगा रहता है डर**

हालांकि, इमरान हाशमी ने बताया कि उन्हें ग्रीन चैनल पर कभी नहीं रोका गया। एक्टर ने कहा कि मुझे लगता है कि वे मेरे साथ बहुत अच्छे से पेश आए हैं। जब भी मैं वापस आया हूं, वे बहुत अच्छे रहे हैं। लेकिन एक अजीब सा डर हमेशा बना रहता है। यह वैसा ही है जैसे आप गाड़ी चलाना सीखते हैं, लेकिन जब आप सड़क पर किसी आरटीओ अधिकारी को देखते हैं, तो अचानक घबरा जाते हैं। बस यही होता है। जब मैं अकेले यात्रा कर रहा होता हूं, भले ही मैंने सिर्फ कपड़े ही पैक किए हों, फिर भी ग्रीन चैनल से गुजरते समय ऐसा लगता है जैसे आप अपने बैग में 100 किलो अवैध सामान लेकर चल रहे हों।

**14 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम करेगी 'तस्करी'**

नीरज पांडे द्वारा निर्देशित 'तस्करीः द स्मगलर्स वेब' 14 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम करेगी। इस सीरीज में इमरान हाशमी के साथ शरद केलकर प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। इमरान हाशमी सीरीज में कस्टम ऑफिसर की भूमिका में नजर आएंगे।

# 'धुरंधर 2' की वजह से टली अक्षय कुमार की 'भूत बंगला' रिलीज

अक्षय कुमार अपने कई प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी अपकमिंग फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' का टीजर जारी किया है। अब उनकी एक और अपकमिंग फिल्म 'भूत बंगला' को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। मेकर्स ने इसकी रिलीज की नई तारीख का ऐलान किया है।



**'भूत बंगला' की नई रिलीज डेट**

अक्षय कुमार की आने वाली हॉरर कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला' की नई रिलीज डेट आ गई है। यह फिल्म अब 15 मई, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बालाजी मोशन पिक्चर्स ने इंस्टाग्राम पर इसका एक पोस्टर जारी किया है। इसमें अक्षय कुमार लालटेन लेकर एक टीले पर बैठे हैं। पोस्टर पर लिखा है 15-05-2026। इसके कैप्शन में लिखा है 'बंगले से एक खबर आई है। दरवाजे 15 मई 2026 को खुलेंगे। सिनेमाघरों में मिलते हैं।'

**2 अप्रैल को रिलीज होनी थी फिल्म**

फिल्म के निर्माताओं ने पहले इसकी रिलीज डेट 2 अप्रैल, 2026 बताई थी। हालांकि अब यह कन्फर्म हो गया है कि फिल्म एक महीने बाद सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बताया जाता है कि 'धुरंधर 2' की वजह से मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट को आगे बढ़ाने का फैसला किया है। 'धुरंधर 2' इसी साल 19 मार्च को रिलीज होगी।

**अक्षय और तब्बू होंगे एक साथ**

अक्षय कुमार की फिल्म 'भूत बंगला' का निर्देशन प्रियदर्शन कर रहे हैं। इसमें अक्षय कुमार के साथ वामिका गब्बी, तब्बू और परेश रावल जैसे कलाकार नजर आने वाले हैं। 25 साल बाद अक्षय और तब्बू 'भूत बंगला' में फिर से साथ आ रहे हैं।

**फिल्म के बारे में**

शोभा कपूर और एकता आर कपूर की बालाजी टेलीफिल्म्स, अक्षय कुमार की केप ऑफ गुड फिल्म्स के साथ मिलकर, भूत बंगला को प्रोड्यूस कर रही हैं। फिल्म की कहानी आकाश ए. कौशिक ने लिखी है। रोहन शंकर ने डायलॉग लिखे हैं, और अभिलाष नायर और प्रियदर्शन ने स्क्रीनप्ले लिखा है। फिल्म में दिवंगत एक्टर असरानी भी नजर आएंगे।

# फिर छाई महाकुंभ की कंजी आंखों वाली मोनालिसा नए रोमांटिक अंदाज को देख फिसला लोगों का दिल




महाकुंभ मेले से वायरल होकर देशभर में पहचान बनाने वाली मोनालिसा भोसले एक बार फिर सुर्खियों में हैं। इस बार वजह है उनका नया म्यूजिक वीडियो 'दिल जानिया' हाल ही में रिलीज हुआ है और रिलीज होते ही दर्शकों के दिलों पर छा गया है। सोशल मीडिया पर मोनालिसा के इस नए गाने को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। फैंस न सिर्फ उनके लुक और अभिनय की तारीफ कर रहे हैं, बल्कि उनके साथ नजर आ रहे अभिनेता को भी खूब सराहा जा रहा है। ठीक एक साल पहले चर्चा में आईं मोनालिसा अब काफी बदली-बदली नजर आ रही हैं। उनके लुक के साथ ही रोमांटिक अंदाज को भी लोग पसंद कर रहे हैं।

**नए गाने में मोनालिसा का नया अवतार**

'दिल जानिया' एक खूबसूरत रोमांटिक ट्रैक है, जिसमें मोनालिसा की मासूमियत और सादगी एक बार फिर दर्शकों को आकर्षित करती है। इस गाने में उनके साथ अभिनेता समर्थ मेहता नजर आ रहे हैं। दोनों की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री को काफी पसंद किया जा रहा है और कई लोग मान रहे हैं कि यह जोड़ी स्क्रीन पर बेहद फ्रेश और नेचुरल लगती है। गाने में प्यार, भावनाएं और रोमांस को बड़े ही सॉफ्ट और दिल छू लेने वाले अंदाज़ में पेश किया गया है। इस गाने को चंडीगढ़ की लोकप्रिय सिंगर लाइसेल राय ने अपनी सुरीली आवाज़ में गाया है, जो गाने की भावनाओं को और गहराई देती है। म्यूज़िक टर्बन बीट्स ने कंपोज किया है, जबकि इसके बोल गैमी ने लिखे हैं। गाने का संगीत और लिरिक्स दोनों ही रोमांटिक मूड को बखूबी कैप्चर करते हैं। इसे वीनस म्यूजिक के बैनर तले रिलीज किया गया है और रिलीज के कुछ ही घंटों में इसे हजारों व्यूज मिल चुके हैं।

**महाकुंभ में बदली मोनालिसा की किस्मत**

गाने का टीजर पहले ही रिलीज किया जा चुका था, जिसमें मोनालिसा की खूबसूरती, उनके एक्सप्रेशन्स और स्क्रीन प्रेजेंस की जमकर तारीफ हुई थी। टीजर को दर्शकों ने काफी पसंद किया था और उसी के चलते पूरे गाने को लेकर एक्साइटमेंट बनी हुई थी। अब जब पूरा वीडियो सामने आ गया है तो फैंस की खुशी दोगुनी हो गई है और लोग सोशल मीडिया पर इस पर जमकर प्यार लुटा रहे हैं। मोनालिसा की बात करें तो वह महाकुंभ मेले में माला बेचने वाली एक साधारण लड़की के रूप में वायरल हुई थीं। उनकी मासूम मुस्कान और सरल व्यक्तित्व ने लोगों का दिल जीत लिया था। उसी वायरल मोमेंट ने उनकी जिंदगी की दिशा बदल दी और आज वह एक उभरती हुई अभिनेत्री के रूप में अपनी पहचान बना रही हैं। 'दिल जानिया' उनकी बढ़ती लोकप्रियता में एक और मजबूत कड़ी जोड़ता नजर आ रहा है।

**मोनालिसा का एक्टिंग करियर**

मोनालिसा का एक्टिंग करियर अब धीरे-धीरे सही रफ्तार पकड़ रहा है। एक तरफ जहां उनके फिल्मों में काम करने की चर्चाएं हैं, वहीं दूसरी तरफ वह लगातार म्यूजिक वीडियोज़ में नजर आ रही हैं। कुछ समय पहले उनका म्यूजिक वीडियो 'सादगी' रिलीज हुआ था, जिसे भी दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। अब 'दिल जानिया' के जरिए वह एक बार फिर रोमांटिक अंदाज़ में दर्शकों के सामने आई हैं।

**गाने से जुड़ी जानकारी**

'दिल जानिया' में मोनालिसा बोहो लुक में नजर आती है, जो उनकी पर्सनैलिटी को और निखारता है। समर्थ मेहता के साथ उनकी केमिस्ट्री गाने की सबसे बड़ी यूएसपी बनकर उभरती है। अभिनेता की ओर से मिले शानदार सपोर्ट की वजह से दोनों की जोड़ी काफी प्रभावशाली लगती है।

वीडियो एल्बम 'दिल जानिया' का निर्देशन रिदम सनाध्या ने किया है। रिलीज़ के साथ ही यह गाना तेजी से लोकप्रिय हो रहा है और फैंस का प्यार साफ तौर पर दिखाता है कि मोनालिसा का स्टारडम लगातार बढ़ रहा है।

# बचपन में उठा पिता का साया, शादी से पहले प्रियतम की हो गई मौत, ताउम्र दुख झेलती रही ये दिग्गज हीरोइन

बॉलीवुड में अपने समय की दिग्गज हीरोइन रहीं नंदा कर्नाटकी की आज जयंती है और जैकी श्रॉफ ने उन्हें अपने इंस्टाग्राम पर श्रद्धांजलि दी है। नंदा फिल्मी दुनिया की ऐसी हसीना रही हैं जिन्होंने अपने दमदार अभिनय से करीब 2 दशक तक राज किया है। बचपन में ही पिता को खोने वाली एक्ट्रेस नंदा ने ताउम्र दुखों को झेला और जवानी में शादी से ठीक पहले अपने प्रियतम को खोने का भी दुख झेलना पड़ा। इसके बाद उन्होंने कभी भी शादी नहीं रचाई। आज नंदा की जयंती पर जानते हैं उनकी जिंदगी की कहानी।




**पिता थे दिग्गज एक्टर**

नंदा का जन्म 8 जनवरी 1939 को कोल्हापुर में हुआ था जो उस समय मुंबई प्रेसिडेंसी का हिस्सा हुआ करता था। नंदा के पिता एक दिग्गज एक्टर और राइटर हुआ करते थे। लेकिन जब नंदा अपने बचपन के दिनों में थीं तभी उनके पिता का देहांत हो गया था। पिता के जाने के बाद नंदा ने काम करना शुरू किया और बतौर बाल कलाकार ही फिल्मी दुनिया में एंट्री ले ली। साल 1948 में आई फिल्म 'मंदिर' में नंदा ने बतौर बाल कलाकार काम किया था। इसके बाद 'जग्गू', 'अंगारे', 'तूफान और दीया', 'शतरंज', 'साक्षी गोपाल' जैसी फिल्मों में अपनी दमदार एक्टिंग से लोगों का दिल जीता। इसके बाद नंदा बड़ी हुईं और बतौर हीरोइन फिल्मों में आईं।

**लक्ष्मी फिल्म से बनी थी हीरोइन**

साल 1957 में रिलीज हुई फिल्म 'लक्ष्मी' से नंदा ने करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद भाभी, बंदी, आगरा रोड, दुल्हन, धूल के फूल, जरा बचके, कैदी नंबर 911, नया संसार, छोटी बहन जैसी दर्जनों फिल्मों में अपनी दमदार एक्टिंग से छाप छोड़ी। अपने करियर में करीब 72 फिल्में करने वालीं नंदा की सबसे बेहतरीन फिल्मों में 'इत्तेफाक', 'मोहब्बत इसको कहते हैं', 'आहिस्ता आहिस्ता' और 'मंहदी लगी मेरे हाथ' जैसी कहानियां रहीं। नंदा ने राजेश खन्ना से लेकर अपने दौर के हर बड़े स्टार के साथ स्क्रीन शेयर की है।

**मनमोहन देसाई से चली थी मोहब्बत**

नंदा और मनमोहन देसाई के इश्क के किस्से आज भी लोगों की जुबान पर रहते हैं। दोनों की लवस्टोरी आज भी अमर है। हालांकि दोनों के रिलेशनशिप के बाद भी शादी नहीं हो सकी। हालांकि साल 1992 में नंदा और मनमोहन देसाई ने सगाई कर ली थी। इसके बाद अचानक मनमोहन देसाई की बालकनी से गिरने पर मौत हो गई और नंदा का दिल टूट गया। इसके बाद नंदा ने फिर कभी शादी नहीं की और 2014 में उनका निधन हो गया। आज उनकी जयंती पर जैकी श्रॉफ ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है।



# बजट 1 या 2 फरवरी को

## 1 को रविवार होने से बढ़ी आशंका, संसदीय समिति के प्रस्ताव के बाद अंतिम फैसले पर सबकी नजर




नई दिल्ली, 8 जनवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय बजट 2026 की तारीख को लेकर अटकलें जारी हैं। इस वर्ष 1 फरवरी को रविवार पड़ रहा है, जिसके चलते यह चर्चा जोरों पर थी कि क्या सरकार बजट पेश करने की तारीख में कोई बदलाव करेगी। हालांकि, संसदीय मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीपीए) की हालिया बैठक से मिले संकेतों के अनुसार, सरकार रविवार को ही बजट पेश करने की परंपरा कायम रख सकती है। बुधवार को हुई कैबिनेट समिति की बैठक में संसद के बजट सत्र की शुरुआत 28 जनवरी से करने और 1 फरवरी को केंद्रीय बजट पेश करने का प्रस्ताव रखा गया है। हालांकि, इन तारीखों पर अंतिम निर्णय लिया जाना अभी बाकी है और जल्द ही इसकी औपचारिक घोषणा की जा सकती है। बजट की तारीख को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच यह स्पष्ट होता दिख रहा है कि सरकार वित्तीय अनुशासन और निश्चितता को प्राथमिकता दे रही है। सूत्रों के मुताबिक, इस बात की पूरी संभावना है कि सरकार वित्तीय प्रक्रियाओं में निश्चितता बनाए रखने के लिए केंद्रीय बजट पेश करने की तारीख नहीं बदलेगी, भले ही उस दिन रविवार हो। इससे पहले की बात करें तो मोदी सरकार ने साल 2017 में दशकों पुरानी परंपरा को बदलते हुए बजट पेश करने की तारीख 28 फरवरी से बदलकर 1 फरवरी कर दी थी। तब से यह सिलसिला लगातार जारी है। सरकार का मानना है कि बजट को पहले पेश करने से नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत से ही धन का आवंटन और व्यय सुचारू रूप से शुरू हो सकता है। पहले देश का केंद्रीय बजट सदन में शाम पांच बजे से पेश किया जाता था। शाम पांच बजे बजट पेश करने का कारण यह था कि उस समय ब्रिटेन में 11.30 बज रहे होते थे। ब्रिटिश सरकार की तरफ से शुरू की गई परंपरा को आजादी के बाद भी निभाया जाता रहा। यशवंत सिन्हा ने 2001 में इसमें बदलाव किया। आगे चलकर मोदी सरकार ने हर साल 28 फरवरी को पेश होने वाले आम बजट को एक फरवरी को पेश करना शुरू किया।संसदीय समिति की बैठक में बजट सत्र की शुरुआत के लिए दो संभावित तारीखों-28 जनवरी और 31 जनवरी- पर चर्चा हुई है। आम तौर पर संसद का बजट सत्र जनवरी के आखिरी सप्ताह में ही शुरू होता है। सूत्रों का कहना है कि 29 जनवरी को आर्थिक सर्वेक्षण सदन के पटल पर रखा जा सकता है, जिसके बाद अगले चरण में वित्त मंत्री बजट पेश करेंगी। परंपरा के अनुसार, बजट सत्र दो हिस्सों में आयोजित किया जाएगा। पहले और दूसरे हिस्से के बीच अवकाश रखा जाता है ताकि संसदीय स्थायी समितियां विभिन्न मंत्रालयों की अनुदान मांगों की विस्तृत जांच कर सकें। आगामी बजट न केवल तारीख के लिहाज से बल्कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के व्यक्तिगत रिकॉर्ड के लिए भी महत्वपूर्ण होगा।

# एयरपोर्ट्स खरीदने के बाद अब एयरक्राफ्ट भी बनाएंगे अडानी!

## ब्राजील की कंपनी से मिलाया हाथ



नई दिल्ली,8 जनवरी (एजेंसियां)। भारत जल्द ही उन चुनिंदा देशों की सूची में शामिल होने जा रहा है जहां विमान बनाए जाएंगे। टीओआई की एक रिपोर्ट के मुताबिक अडानी ग्रुप और ब्राजील की कंपनी एम्ब्रेयर ने भारत में छोटे और मध्यम दूरी के विमान बनाने के लिए एक समझौता किया है। इन हवाई जहाजों में 70 से 146 यात्री बैठ सकते हैं। भारत दुनिया का सबसे तेजी से बढ़ता एविएशन मार्केट है। भारतीय एयरलाइन कंपनियों ने 1,800 से ज्यादा विमानों का ऑर्डर दे रखा है। सरकार चाहती है कि बड़ी विदेशी एविएशन कंपनियां भारत में अपने कमर्शियल एयरक्राफ्ट की फाइनल असेंबली लाइन स्थापित करें।अडानी एयरोस्पेस ने ब्राजील में एम्ब्रेयर के साथ इस फाइनल असेंबली लाइन (एफएएल) के लिए एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता भारत के 'मेक इन इंडिया' प्रोग्राम के लिए एक बहुत बड़ी कामयाबी मानी जा रही है। हालांकि दोनों कंपनियों ने इस खबर पर फिलहाल कोई टिप्पणी नहीं की है। अभी यह तय नहीं हुआ है कि यह फाइनल असेंबली लाइन कहां बनेगी, इसमें कितना पैसा लगेगा और यह कब तक चालू हो जाएगी। इन सब बातों की जानकारी इसी महीने हैदराबाद में होने वाले एयर शो में एक औपचारिक घोषणा के साथ सामने आने की उम्मीद है। एम्ब्रेयर के इस कदम से सरकार को उम्मीद है कि वह उन ग्राहकों को छूट या प्रोत्साहन देगी जो भारत में बनने वाले कमर्शियल एयरक्राफ्ट का ऑर्डर देंगे। सरकार का मानना है कि इससे न केवल भारत में हवाई जहाज बनाने का एक पूरा इकोसिस्टम तैयार होगा, बल्कि इससे एयरबस और बोइंग जैसी बड़ी कंपनियां भी भारत में पूरी असेंबली लाइन लगाने के लिए प्रेरित होंगी। एक अधिकारी ने बताया, हम कई चीजों पर विचार कर रहे हैं, जिसमें इस एफएएल से ऑर्डर करने वालों के लिए वित्तीय प्रोत्साहन भी शामिल है। किसी भी नए प्रोग्राम की तरह, हमारा विचार है कि जैसे-जैसे ऑर्डर बढ़ेंगे, वैसे-वैसे प्रोत्साहन को धीरे-धीरे कम किया जाएगा, जैसे हर 50 ऑर्डर के बाद। एम्ब्रेयर के विमानों का पहले से भारत में यूज हो रहा है। कंपनी के लगभग 50 विमान भारत में कमर्शियल, डिफेंस और बिजनेस एविएशन के लिए इस्तेमाल हो रहे हैं।

फिलहाल कमर्शियल एयरलाइन में केवल स्टार एयर ही एम्ब्रेयर के विमानों का इस्तेमाल करती है। नए ऑर्डर देने पर अगले दशक के मध्य तक एयरबस और बोइंग से विमानों की डिलीवरी मिलना मुश्किल है। इस वजह से, भारत में कुछ नए स्टार्टअप्स अपनी उड़ानें शुरू करने के लिए एम्ब्रेयर के विमानों को खरीदने की योजना बना रही हैं।

# 7 साल में पहली बार ऐपल से आगे निकली यह कंपनी

## भारतीय मूल के सुंदर पिचाई के हाथ में है कमान




नई दिल्ली, 8 जनवरी (एजेंसियां)। टेक कंपनियों की वैल्यूएशन में बड़ा फेरबदल हुआ है। गूगल की पैरेंट कंपनी अल्फाबेट इंक अब दुनिया की दूसरी बड़ी वैल्यूएबल कंपनी बन गई है। उसके आईफोन बनाने वाली कंपनी ऐपल को पछाड़कर यह मुकाम हासिल किया है। साल 2019 के बाद यह पहला मौका है जब अल्फाबेट ने ऐपल को पीछे छोड़ा है। अल्फाबेट का मार्केट कैप अब 3.892 ट्रिलियन डॉलर पहुंच गया है जबकि ऐपल की वैल्यू 3.863 ट्रिलियन डॉलर रह गई है। एनवीडिया 4.604 ट्रिलियन डॉलर के साथ पहले नंबर पर बनी हुई है। अल्फाबेट का शेयर बुधवार को 2.51 फीसदी तेजी के साथ 322.43 डॉलर पर बंद हुआ। पिछले एक साल में इस शेयर ने 64.73% का रिटर्न दिया है। दूसरी ओर ऐपल का शेयर 0.77 फीसदी गिरावट के साथ 260.33 डॉलर पर बंद हुआ। पिछले 1 साल में इसके शेयर में सिर्फ 7.49% का ही इजाफा हुआ है। वहीं पहले नंबर पर मौजूद एनवीडिया के शेयरों में पिछले एक साल में 25.32% तेजी आई है।अल्फाबेट की मार्केट वैल्यू में उछाल उसके जनरेटिव एआई प्लेटफॉर्म जेमिनी के बढ़ते इस्तेमाल की वजह से आया है। इसके अलावा अल्फाबेट के पास वेमो भी है। यह अमेरिका में रोबोटैक्सी मार्केट का एक प्रमुख खिलाड़ी है। वेमो पहले से ही फीनिक्स, सैन फ्रांसिस्को बे एरिया, लॉस एंजेलिस, अटलांटा और ऑस्टिन जैसे शहरों में आम लोगों के लिए कमर्शियल रोबोटैक्सी सेवाएं चला रहा है। भारतीय मूल के सुंदर पिचाई अल्फाबेट के सीईओ हैं। आईआईटी खडगपुर से इंजीनियरिंग करने के बाद सुंदर पिचाई ने आगे की पढ़ाई अमेरिका के स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय से की थी। उन्होंने मटेरियल इंजीनियर के रूप में अपना करियर शुरू किया और साल 2004 में एक मैनेजमेंट एक्जीक्यूटिव के रूप में गूगल में शामिल हो गए। साल 2015 में गूगल के को-फाउंडर लैरी पेज ने उन्हें गूगल का सीईओ बनाया था और साल 2019 में उन्हे अल्फाबेट के सीईओ की पोस्ट भी मिल गई।

# कई देशों में फैला है अनिल अग्रवाल का कारोबार

## कितनी है वेदांता के चेयरमैन की नेटवर्थ?




नई दिल्ली,8 जनवरी (एजेंसियां)। दिग्गज उद्योगपति और देश के टॉप रइसों में शामिल अनिल अग्रवाल के इकलौते बेटे अग्निवेश अग्रवाल का 49 साल की उम्र में निधन हो गया है। उनका अमेरिका में स्कीइंग के दौरान एक्सीडेंट हो गया था। अग्निवेश का एक अस्पताल में इलाज चल रहा था और इसी दौरान दिल का दौरा पड़ने से उनकी मौत हो गई। जवान बेटे की मौत से अनिल अग्रवाल बुरी तरह टूट गए हैं। 'मेटल किंग' के नाम से मशहूर बिहार में जन्मे अनिल अग्रवाल ने कड़ी मेहनत के दम पर बड़ा मुकाम हासिल किया और आज उनकी गिनती देश के टॉप रईसों में होती है। अनिल अग्रवाल का जन्म बिहार के एक मारवाड़ी परिवार में हुआ था और उन्हें बिहार का सबसे बड़ा रईस माना जाता है। उन्होंने 20 साल की उम्र में ही बिहार छोड़ दिया था और खाली हाथ मुंबई आ गए थे। उनके पास उस समय केवल एक टिफिन बॉक्स था। मुंबई आकर उन्होंने जमकर मेहनत की। साल 1970 में उन्होंने कबाड़ के धंधे से अपने कारोबारी करियर की शुरुआत की। उन्होंने अपनी पहली कंपनी की स्थापना की, जिससे उन्हें अच्छी-खासी कमाई हुई।

**नाकामी पर नाकामी**

साल 1976 में अग्रवाल ने शमशेर स्टर्लिंग केबल कंपनी को खरीदा। लेकिन बाद में धंधा नहीं चला तो उनके पास कर्मचारियों को सैलरी देने तक के पैसे नहीं बचे। इसके बाद अनिल अग्रवाल ने 9 अलग-अलग बिजनस शुरू किये, लेकिन सभी फेल हो गए। उन्होंने अपने शुरुआती 20-30 साल संघर्ष में बिताए। कैंब्रिज में अपने एक संबोधन में अग्रवाल ने बताया था कि वह कई साल तक डिप्रेशन में रहे थे। वे लगातार कोशिश करते रहे लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद साल 1986 में भारत सरकार ने टेलीफोन केबल बनाने के लिए प्राइवेट सेक्टर को मंजूरी दे दी। इससे पहले 1980 में अग्रवाल ने स्टरलाइट इंडस्ट्रीज को खरीद लिया था। साल 1990 में अग्रवाल ने कॉपर रिफाइंड का काम शुरू किया। स्टरलाइट इंडस्ट्रीज देश की पहली ऐसी प्राइवेट कंपनी थी, जो कॉपर रिफाइन करने का काम करती थी।

**कितनी है नेटवर्थ?**

इसके बाद अग्रवाल लगातार सफलता की नई कहानी लिखते चले गए। वेदांता रिसोर्सेज एक नेचुरल रिसोर्सेज कंपनी है जिसकी दुनियाभर में मौजूदगी है। यह मिनरल्स, ऑयल एंड गैस को निकालती है और प्रोसेस करती है। कंपनी के करीब 64 हजार कर्मचारी और कॉन्ट्रैक्टर्स हैं। मुख्य रूप से यह कंपनी भारत, अफ्रीका, आयरलैंड और ऑस्ट्रेलिया में है। दुनियाभर में कंपनी के प्रोडक्ट्स बिकते हैं। फोर्ब्स के मुताबिक अनिल अग्रवाल को नेटवर्थ करीब 3 अरब डॉलर यानी करीब 27,000 करोड़ रुपये है और वह भारत के टॉप 100 अमीरों में शामिल हैं।

# शेयर बाजार में भारी गिरावट के बीच उछला मुकेश अंबानी का यह स्टॉक, रिलायंस की है बड़ी हिस्सेदारी



नई दिल्ली,8 जनवरी (एजेंसियां)। शेयर बाजार में आज लगातार चौथे दिन भारी गिरावट दिख रही है। कारोबार के दौरान बीएसई सेंसेक्स करीब 700 अंक गिर गया। पिछले चार दिन में सेंसेक्स में करीब 1,500 अंक की गिरावट आई है और इससे निवेशकों को 7 लाख करोड़ रुपये से अधिक की चपत लगी है। इस बीच आलोक इंडस्ट्रीज का शेयर आज कारोबार के दौरान 8 फीसदी से अधिक उछल गया। बीएसई पर कारोबार के दौरान यह 17.25 रुपये तक पहुंचा जबकि पिछले सत्र में 15.86 रुपये पर बंद हुआ था। इस कंपनी में रिलायंस इंडस्ट्रीज की 40 फीसदी हिस्सेदारी है। टैक्सटाइल बनाने वाली इस कंपनी के शेयरों का ट्रेडिंग वॉल्यूम करीब 23.3 मिलियन शेयर रहा जो औसत वीकली वॉल्यूम से करीब नौ गुना ज्यादा है। जुलाई से दिसंबर के बीच कंपनी के शेयरों में बिकवाली का भारी दबाव दिखा था। पिछले साल इसमें 22 फीसदी गिरावट आई थी जो 2022 के बाद इसमें सबसे बड़ी सालाना गिरावट थी। 1986 में स्थापित इस इंटिग्रेटेड कंपनी का मुख्यालय मुंबई में है। साल 2020 में रिलायंस इंडस्ट्रीज और जेएम फाइनेंशियल एसेट रिकंस्ट्रक्शन ने दिवालिया प्रोसेस में इसे खरीदा था। सितंबर तिमाही के आंकड़ों के मुताबिक इस कंपनी में रिलायंस की 40% हिस्सेदारी है जबकि जेएम फाइनेंशियल एआरसी की 34.99% हिस्सेदारी है। इसका 52 हफ्ते का उच्चतम स्तर 23.50 रुपये है। कंपनी का शेयर पिछले साल 8 जुलाई को इस स्तर पर पहुंचा था। 2.41 बजे यह 2.96% की तेजी के साथ 16.33 रुपये पर ट्रेड कर रहा था।

# क्रिप्टो मार्केट क्रैश... 24 घंटे में 630लाख करोड स्वाहा, बिटकॉइन 2% से ज्यादा गिरी



नई दिल्ली,8 जनवरी (एजेंसियां)। गुरुवार का दिन निवेशकों के लिए बड़ी मुसीबत लेकर आया। शेयर मार्केट से लेकर क्रिप्टो मार्केट तक क्रैश हो गए। गुरुवार को लगभग सभी क्रिप्टोकरेंसी में बड़ी गिरावट आई। क्रिप्टोकरेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप 24 घंटे में दो फीसदी से ज्यादा गिरकर 3.09 ट्रिलियन डॉलर रह गया। बिटकॉइन में भी दो फीसदी से ज्यादा की गिरावट आई। रिपल भी 7 फीसदी से ज्यादा लुढ़क गई। 24 घंटे पहले बुधवार शाम 4:30 बजे क्रिप्टो का ग्लोबल मार्केट कैप 3.16 ट्रिलियन डॉलर था।

गुरुवार शाम 4:30 बजे यह करीब 2.36 फीसदी की गिरावट के साथ 3.09 ट्रिलियन डॉलर पर आ गया। ऐसे में क्रिप्टो निवेशकों के 24 घंटे में करीब 6.30 लाख करोड़ रुपये डूब गए। क्रिप्टो मार्केट में गिरावट के कारण बिटकॉइन की कीमत फिर से 90 हजार डॉलर से नीचे आ गई है। हाल में इसमें कई दिनों बाद 90 हजार डॉलर का आंकड़ा पार किया था।

**कहां पहुंची बिटकॉइन की कीमत**

क्रिप्टो मार्केट में गिरावट का असर दुनिया की सबसे महंगी क्रिप्टो बिटकॉइन पर भी पड़ा। 24 घंटे में बिटकॉइन की कीमत में दो फीसदी से ज्यादा की गिरावट आई। इस गिरावट के साथ इसकी कीमत फिर से 90 हजार डॉलर के नीचे निकल गई। हालांकि बाद में इसमें कुछ तेजी आई और यह फिर से 90 हजार के पार निकल गई।

**बाकी क्रिप्टो का क्या हाल?**

गुरुवार को सिर्फ बिटकॉइन में ही नहीं, बल्कि दूसरी कई क्रिप्टो में भी बड़ी गिरावट आई। इथेरियम 3 फीसदी की गिरावट के साथ 3110 डॉलर पर कारोबार कर रहा था। वहीं रिपल में 7 फीसदी से ज्यादा, बाइनेंस में करीब 3 फीसदी, सोलाना में दो फीसदी से ज्यादा, डॉगकॉइन क्रिप्टो में 5 फीसदी से ज्यादा और कार्डानो 6 फीसदी से ज्यादा गिर गईं।

**क्यों आई गिरावट?**

क्रिप्टो मार्केट में गिरावट का सबसे बड़ा कारण मुनाफावसूली को माना जा रहा है। वहीं वेनेजुएला इफेक्ट भी क्रिप्टो मार्केट पर पड़ा है। वजीरएक्स के फाउंडर निश्चल शेट्टी ने बताया कि पिछले 24 घंटों में क्रिप्टो बाजार एक ठहराव के दौर से गुजर रहा है। उन्होंने बताया कि दुनिया भर में चल रही भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं ने भी बाजार की चाल को प्रभावित किया है। इससे सभी तरह की संपत्तियों में जोखिम लेने की इच्छा कम हुई है।

# ट्रंप लगाएंगे 500% टैरिफ! शेयर बाजार में हाहाकार

## सेंसेक्स 780 अंक गिरा, चार दिन में 7 लाख करोड़ स्वाहा



नई दिल्ली,8 जनवरी (एजेंसियां)। घरेलू शेयर बाजार आज लगातार चौथे दिन गिरावट के साथ बंद हुआ। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उस बिल का समर्थन किया है जिसमें भारत पर टैरिफ बढ़ाकर 500 फीसदी करने की बात कही गई है। इससे बाजार में चौतरफा गिरावट रही। बीएसई सेंसेक्स 780.18 अंक यानी 0.92% गिरावट के साथ 84,180.96 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 263.90 अंक यानी 1.01% गिरावट के साथ 25,876.85 अंक पर आ गया। 8 दिसंबर के बाद यह शेयर बाजार में एक दिन में आई सबसे बड़ी गिरावट है। शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन गिरावट आई है। इस दौरान सेंसेक्स 1500 अंक से अधिक फिसला है। इस दौरान निवेशकों 7.19 लाख करोड़ रुपये की चपत लगी है। बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप इस दौरान 7.19 लाख करोड़ रुपये गिरकर 474 लाख करोड़ रुपये रह गया। ट्रंप के टैरिफ के अलावा रिलायंस और एचडीएफसी बैंक जैसे बड़े शेयरों में गिरावट, वेनेजुएला में राजनीतिक संकट और वैश्विक बाजारों से आ रहे कमजोर संकेतों के कारण शेयर बाजार में गिरावट आई।

**रिलायंस में गिरावट**

सेंसेक्स के शेयरों में टीसीएस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो, रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाटा स्टील में सबसे ज्यादा गिरावट रही। दूसरी ओर ईटरनल, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस और बीईएल में तेजी रही। देश की सबसे वैल्यूएबल कंपनी रिलायंस में 2.25 फीसदी की गिरावट आई। ब्रॉडर मार्केट में निफ्टी मिडकैप 100 में 1.96 फीसदी और निफ्टी स्मॉलकैप 100 में 1.99 परसेंट गिरावट आई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर कड़ा प्रतिबंध लगाने वाले बिल को हरी झंडी दे दी है। सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने दावा किया कि इस बिल पर अगले सप्ताह वोटिंग हो सकती है। अगर इस बिल को मंजूरी मिलती है तो भारत, चीन और ब्राजील जैसे देशों की मुश्किल बढ़ सकती है। बिल राष्ट्रपति ट्रंप को उन देशों पर टैरिफ बढ़ाने का अधिकार देगा जो रूस से तेल खरीद रहे हैं। अमेरिका का आरोप है कि ये देश सस्ता रूसी तेल खरीदकर पुतिन की युद्ध मशीन को हवा दे रहे हैं।

# दैनिक पंचांग

**गृह गोचर**




| गृह स्थिति | | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|---|
| सुर्य | धनु | मे | धनु..... | 05-08 बजे |
| चंद्र | कन्या | मे | मकर... | 07-14 बजे |
| मंगल | धनु | मे | कुंभ.... | 09-05 बजे |
| बुध | धनु | मे | मीन.... | 10-42 बजे |
| गुरु | मिथुन | मे | मेष..... | 12-18 बजे |
| शुक्र | धनु | मे | वृष.... | 14-03 बजे |
| शनि | मीन | मे | मिथुन.. | 16-04 बजे |
| राहु | कुंभ | मे | कर्क... | 18-16 बजे |
| केतु | सिंह | मे | सिंह--- | 20-28 बजे |
| | | | कन्या-- | 22-35 बजे |
| | | | तुला--- | 00-40 बजे |
| | | | वृश्चिक.. | 02-50 बजे |

श्री सिद्धार्थी (विश्वावसु) नामक संवत्सर-विक्रम संवत्- 2082
शक संवत् -1947, सूर्य उत्तरायणे ,ऋतु- शिशिर
महावीर निर्वाण संवत् -2551
कलियुग अवधि - 432000
भोग्य कलि वर्ष. - 426874 सूर्योदय 06-51
कलियुग संवत् - 5126 वर्ष, सूर्यास्त. 17-51
कल्पारंभ संवत् - 1972949126
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्- 1955885126
दिशाशूल - पश्चिम - दही खाकर घर से निकले
मास - माघ कृष्ण पक्ष शुक्रवार 09 January 2026
तिथि - षष्ठी 07-04 तक उपरान्त सप्तमी
नक्षत्र - उ.फाल्गुनी 13-40 तक उप हस्त
योग - शोभन 16-55 तक उप. अतिगण्ड
करण - वणिज 07-04 तक उप विष्टी( भद्रा)

**श्री रामानंदाचार्य ज.**

**भद्राकाल 19-40 तक**

विशेषः- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका हमें दिखावे व पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति व दशान्तर्दशा को विशेष प्रभावित समझना चाहिए ।

**राहुकाल 10-59 12-23**

**पं.महेशचन्द्र शर्मा 9247132654 9167555710**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चंचल | 06-52 - 08-13 | शुभ | रोग | 17-54 - 19-33 | अशुभ |
| लाभ | 08-13 - 09-37 | शुभ | काल | 19-33 - 21-10 | अशुभ |
| अमृत | 09-37 - 10-59 | शुभ | लाभ | 21-10 - 22-47 | शुभ |
| काल | 10-59 - 12-23 | अशुभ | उत्पात | 22-47 - 00-23 | अशुभ |
| शुभ। | 12-23 - 13-47 | शुभ | शुभ | 00-23 - 02-00 | शुभ |
| रोग | 13-47 - 15-10 | अशुभ | अमृत | 02-00 - 03-37 | शुभ |
| उत्पात | 15-10 - 16-33 | अशुभ | चंचल | 03-37 - 05-13 | शुभ |
| चंचल | 16-33 - 17-54 | शुभ | रोग | 05-13 - 06-52 | अशुभ |

# आपका राशिफल

**मेष** चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,
आपका स्वाभाविक आकर्षण और दृढ़ संकल्प आपके पेशेवर जीवन में ध्यान आकर्षित करता है। फोकस और प्रेरणा मजबूत है, और आप अपने आस-पास के माहौल को सुंदर बनाते हैं। फिर भी, एक सतर्क मानसिकता आपके दृष्टिकोण को परिष्कृत करने में मदद करती है। आशावाद को जिम्मेदारी के साथ संतुलित करें, और आज आप अपने रचनात्मक प्रयासों और पेशेवर उपलब्धियों दोनों में प्रगति पाएंगे।

**वृष** ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,
आपका काम और पढ़ाई स्पष्ट सोच और व्यावहारिक कदमों के साथ आगे बढ़ती है। आत्मविश्वास दूसरों को आपकी ओर आकर्षित करता है, जबकि आपकी जमीनी मानसिकता स्थिर प्रगति सुनिश्चित करती है। रचनात्मक विचार आसानी से प्रवाहित होते हैं, जिससे आपको दूरदर्शिता और प्रतिभा के साथ कार्यों को पूरा करने में मदद मिलती है।

**मिथुन** का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,
आपका कार्यदिवस गर्मजोशी और रचनात्मकता से भरा हुआ महसूस करने वाला है। आपके आस-पास की पोषण ऊर्जा मजबूत संबंधों का समर्थन करती है, जबकि आपका अंतर्ज्ञान निर्णय लेने में मदद करता है। संचार सहजता से प्रवाहित होता है, जिससे बातचीत सुखद और उत्पादक बनती है। भावुक क्षण आ सकते हैं, खासकर टीम की गतिशीलता में।

**कर्क** ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डु, डे, डो,
आज नेतृत्व स्वाभाविक रूप से आता है, और भावनात्मक अंतर्दृष्टि के माध्यम से आपके काम में तीव्रता आती है। आपकी ताकत मामूली आत्मविश्वास और एक अनोखी जागरूकता में निहित है जिसे दूसरे गलत समझ सकते हैं। चुनौतियों से निपटने के लिए अपने अनुशासन और दूरदर्शिता पर भरोसा करें। धैर्य, संरचना और सहज अंतर्दृष्टि के प्रति खुलापन आपको अपने करियर में सार्थक प्रगति दिलाता है।

**सिंह** मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,
आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प आपके कार्यदिवस को परिभाषित करते हैं। तार्किक सोच और निरंतर प्रयास परिणाम लाते हैं। आपको धीमी प्रगति का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन अनुकूलनशीलता चुनौतियों को कदम में बदल देती है। संयमित और आविष्कारशील बने रहने की अपनी क्षमता पर भरोसा करें।

**कन्या** टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
आपका सावधान और रणनीतिक दृष्टिकोण स्थिर प्रगति की ओर ले जाता है। आत्मविश्वास आपके प्रयासों को बढ़ावा देता है, जबकि ध्यान आपको ट्रैक पर रखता है। मानसिक स्पष्टता योजना बनाने में मदद करती है, लेकिन आंतरिक तनाव से अवगत रहें जो आपकी भलाई को प्रभावित कर सकता है। आज उत्पादकता और मन की शांति दोनों को बनाए रखने के लिए महत्वाकांक्षा को आत्म-देखभाल के साथ संतुलित करें।

**तुला** रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,
आपकी रचनात्मकता बढ़ रही है, जो प्रभावशाली लोगों का ध्यान आकर्षित कर रही है। भावनात्मक उतार-चढ़ाव आपके संतुलन की परीक्षा ले सकते हैं, इसलिए स्थिर रहें। आप उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल करने में सक्षम हैं, लेकिन खुद को अलग-थलग करने से बचें। दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सतर्क रहें और अपने पेशेवर जीवन में आत्मविश्वास और स्पष्टता के साथ आगे बढ़ने के लिए इस गतिशील ऊर्जा का उपयोग करें।

**वृश्चिक** तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,
ये समय अपने सहकर्मियों का उत्साह बढ़ाने का समय है ! आप कुछ कठिन कार्य के लिए प्रयासरत है जिसमे आपके जूनियर या आपसे निचले क्रम के सहकर्मी आपका समर्थन करेंगे और आपके सच्चे समर्थक होंगे । इसलिए उन्हें खुश रखे ! जो लोग अपने कार्यालय में अग्रणी स्थिति या उच्च पद पर है।

**धनु** ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे
सिंह राशि में सूर्य के प्रभाव में आपकी नेतृत्व क्षमता बढ़ती है, जो आपको करियर और पढ़ाई दोनों में जिम्मेदारी संभालने के लिए सशक्त बनाती है। सिंह राशि में चंद्रमा आपकी आत्म-अभिव्यक्ति को बढ़ाता है, जिससे समूह में आपकी उपस्थिति महसूस होती है। बृहस्पति का व्यापक प्रभाव आशाजनक अवसर लाता है।


**मकर** भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी
आप अपने करियर में दृढ़ संकल्प की भावना महसूस कर सकते हैं, हालांकि हिचकिचाहट के क्षण आपकी गति को धीमा कर सकते हैं। विनम्र और केंद्रित रहें - निरंतर प्रयास से चुनौतियों पर काबू पाया जा सकता है। आपकी पढ़ाई में, कभी-कभी प्रगति असमान लग सकती है, लेकिन दृढ़ता से सार्थक समझ और मूल्यवान सफलताएँ मिलेंगी।

**कुंभ** गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,
आपकी उपलब्धियों के लिए मान्यता बढ़ने से आपका करियर और पढ़ाई आगे बढ़ सकती है, आत्मविश्वास बढ़ेगा और सफलता के नए अवसर खुलेंगे। अच्छे स्वास्थ्य में वृद्धि की उम्मीद करें, जिससे आप चुनौतियों का डटकर सामना कर सकेंगे। यह दिन आपकी भावनात्मक बुद्धिमत्ता को उजागर करता है, जिससे सहकर्मियों को समझने में मदद मिलती है।

**मीन** दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची
आज का दिन अपने व्यावसायिक और वित्तीय गतिविधियों में बदलाव लाने का दिन है , इसलिए अगर कुछ इस तरह की आपकी योजना है तो अपने आप को तनावमुक्त रखे । आप अपना दृष्टिकोण प्रभावी ढंग से शीर्ष प्रबंधकों के समक्ष रख पाने में समर्थ होंगे । यह अपने नियोक्ता से अपनी आय को बढ़ाने का उपयुक्त मौका है।

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र**

# चांदी 12 हजार गिरकर 2.36 लाख किलो पर आई:सोना 1,232 सस्ता होकर 1.35 लाख पर आया, प्रॉफिट बुकिंग के कारण आई गिरावट



नई दिल्ली, 8 जनवरी (एजेंसियां)।सोने-चांदी के दाम में आज यानी 8 जनवरी को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट 10 ग्राम सोने का दाम 1,232 रुपए गिरकर 1,35,443 रुपए पर आ गया है। इससे पहले ये 1,36,675 रुपए पर था।

वहीं 1 किलो चांदी की कीमत 1,22,25 रुपए कम होकर 2,35,775 रुपए पर आ गई है। इससे पहले कल ये 2,48,000 रुपए पर थी, जो इसका ऑल टाइम हाई भी है।

**सोने-चांदी में प्रॉफिट बुक कर रहे निवेशक**

केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि चांदी के रेट कल ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए थे ऐसे में कई निवेशक प्रॉफिट बुक कर रहे हैं। इससे आज चांदी के दाम में बढ़ी गिरावट है। वहीं सोने में भी निवेशक प्रॉफिट बुक कर रहे हैं।

हालांकि ये गिरावट लम्बी नहीं चलेगी। आने वाले दिनों में सोने-चांदी के दाम में फिर तेजी देखने को मिल सकती है। चांदी इस साल 2.75 लाख तक जा सकती है। वहीं सोने के बात करें तो इसकी डिमांड में भी तेजी बनी हुई। ऐसे में इस साल आखिर तक ये 1.50 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम के पार जा सकता है।

**2025 में सोना 75% और चांदी 167% महंगी हुई**

पिछले साल यानी 2025 में सोने की कीमत 57,033 रुपए (75%) बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो 31 दिसंबर 2025 को 1,33,195 रुपए हो गया। चांदी का भाव भी इस दौरान 1,44,403 रुपए (167%) बढ़ा। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपए थी, जो इस साल के आखिरी दिन 2,30,420 रुपए प्रति किलो हो गई।

# राहुल दुबे गैंग के 10 अपराधी गिरफ्तार

## उरीमारी फायरिंग कांड का पुलिस ने किया खुलासा, फुटबॉल मैदान के पास हुई गिरफ्तारी



हजारीबाग, 8 जनवरी (एजेंसियां)। हजारीबाग पुलिस ने उरीमारी थाना क्षेत्र में 31 दिसंबर 2025 को हुई फायरिंग कांड का सफल उद्भेदन कर लिया है। इस मामले में कुख्यात राहुल दुबे गिरोह के 10 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उनके पास से भारी मात्रा में हथियार, जिंदा कारतूस और मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं।

एसपी अंजनी अंजन ने इस संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 31 दिसंबर की अहले सुबह उरीमारी थाना क्षेत्र में अज्ञात अपराधियों द्वारा फायरिंग की गई थी, जिससे इलाके में दहशत का माहौल बन गया था।

बाद में इस फायरिंग की जिम्मेदारी कुख्यात अपराधी राहुल दुबे गिरोह द्वारा लिए जाने की बात सामने आई। घटना के बाद उरीमारी ओपी थाना में अज्ञात अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

एसपी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीपीओ सदर अमित आनंद के नेतृत्व में एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) का गठन किया गया। जांच टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और गुप्त सूचना के आधार पर लगातार छापेमारी अभियान चलाया। इसी क्रम में 7 जनवरी 2026 की रात पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि कुछ अपराधी उरीमारी ओपी क्षेत्र अंतर्गत बघरैया फुटबॉल मैदान के पास एकत्र होकर किसी बड़ी आपराधिक घटना की योजना बना रहे हैं। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इलाके की घेराबंदी की और मौके से सभी 10 अपराधियों को धर दबोचा।

तलाशी के दौरान पुलिस ने घटना में प्रयुक्त 5 देसी पिस्टल, 17 जिंदा कारतूस और 6 मोबाइल फोन बरामद किए।

गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान शिव राजा उर्फ शिवा, प्रीत कुमार उर्फ पवन कुमार, पीयूष कुमार सिंह, प्रेम कुमार, बादल, विक्रम कुमार राम, मोहित सिंह, राजू कुमार, विशाल कुमार और मनोज कुमार के रूप में हुई है।

# चतरा पुलिस ने टंडवा चोरी कांड का किया खुलासा

## तीन शातिर चोर गिरफ्तार जेवरात और नगदी बरामद

चतरा, 8 जनवरी (एजेंसियां)। चतरा जिले में टंडवा थाना पुलिस ने एक बड़ी चोरी की घटना का खुलासा किया है। इस मामले में पुलिस ने तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी किए गए जेवरात और भारी मात्रा में नकदी भी बरामद की गई है। यह घटना टंडवा थाना क्षेत्र के चट्टीगाडीलौंग गांव में 2 जनवरी 2026 को हुई थी। अज्ञात चोरों ने दिनेश यादव के घर में घुसकर सोने-चांदी के जेवरात और नकदी चुरा ली थी। इस संबंध में पीड़ित के आवेदन पर टंडवा थाना में कांड संख्या-04/2020 (संशोधित तिथि अनुसार) दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए चतरा एसपी को 7 जनवरी को एक गुप्त सूचना मिली। इसमें बताया गया था कि चोरी में शामिल अपराधी अपने घर में छिपे हुए हैं। सूचना मिलते ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) प्रभात रंजन बरवार के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया।

छापामारी दल ने गाडीलौंग गांव में त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अपराधियों की पहचान गाडीलौंग, टंडवा निवासी सैनिक कुमार यादव (20), धीरज कुमार भुईयां (21) और कुणाल कुमार (22) के रूप में हुई है। गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी का सामान बरामद किया है। इसमें चांदी का एक कंगन, लॉकेट लगी हुई चांदी की सिकड़ी और 85,500 रुपए नगद शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, पकड़े गए अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा जा रहा है। इस सफल छापेमारी दल में थाना प्रभारी अनिल उरांव, पुलिस अवर निरीक्षक अमित कुमार, सुनील कुमार सिंह और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# आदिवासी नेता सोम मुंडा की हत्या के खिलाफ खूंटी बंद असरदार

खूंटी, 8 जनवरी (एजेंसियां)। झारखंड के खूंटी जिले में आदिवासी नेता और पड़हा राजा सोम मुंडा की बुधवार देर शाम अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। इस वारदात को लेकर पूरे इलाके में तनाव और आक्रोश का माहौल है। इस जघन्य हत्याकांड के विरोध में गुरुवार को आदिवासी संगठनों के आह्वान पर खूंटी जिला बंद रखा गया, जिसका व्यापक असर देखने को मिला।

गुरुवार सुबह से ही आक्रोशित ग्रामीण और समर्थक सड़क पर उतर आए और जिले के विभिन्न चौक-चौराहों पर जाम कर दिया। बाजार, दुकानें और शैक्षणिक संस्थान पूरी तरह बंद रहे, जबकि सार्वजनिक परिवहन भी ठप हो गया, जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ।

बंद के दौरान प्रदर्शनकारियों ने टायर जलाकर और सड़कों पर धरना देकर मुख्य मार्गों को अवरुद्ध कर दिया।

आदिवासी संगठनों और ग्रामीणों ने सोम मुंडा की हत्या में शामिल सभी आरोपियों की अविलंब गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को त्वरित न्याय दिलाने की मांग को लेकर नारेबाजी की। कई स्थानों पर स्थिति को देखते हुए पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी तैनात रहे और प्रदर्शनकारियों को शांत कराने का प्रयास करते रहे।

### पत्नी के सामने सीने में दागी गई थी गोली



बता दें कि बुधवार देर शाम खूंटी थाना क्षेत्र के जमुआदाग के समीप अज्ञात अपराधियों ने सोम मुंडा की गोली मारकर हत्या कर दी थी। वे अपनी पत्नी के साथ बाइक से खूंटी से अपने गांव चलांगी लौट रहे थे। इसी दौरान जमुआदाग स्थित तालाब के पास पीछे से एक बाइक पर सवार दो अपराधी आए और ओवरटेक कर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। दो राउंड फायरिंग में एक गोली सोम मुंडा के सीने में जा लगी। गोली लगने के बाद उन्होंने बाइक रोककर खूंटी की ओर जाने की कोशिश की, लेकिन रास्ते में ही उनकी हालत बिगड़ गई और वे गिर पड़े। इसके बाद हमलावर मंदरूटोली की ओर फरार हो गए।

सोम मुंडा की पत्नी ने पुलिस को बताया कि घटना के बाद कुछ देर में वहां से गुजर रहे एक ट्रैक्टर की मदद से वे कुछ दूरी तक गईं, फिर ऑटो से खूंटी थाना पहुंचकर पुलिस को सूचना दी।

# बेटी के बॉयफ्रेंड को घर बुलाकर लात-घूंसों से पीटा

## गर्लफ्रेंड ने की सुसाइड की कोशिश, गुस्साए दोस्तों ने पत्थरबाजी कर पिता का सिर फोड़ा

कोरबा, 8 जनवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के कोरबा में बुधवार रात 2 पक्षों में जमकर मारपीट हुई। 16 साल की गर्लफ्रेंड अपने नाबालिग बॉयफ्रेंड का मोबाइल घर ले गई थी। लड़की के पिता ने डिस्प्ले पर लड़के की फोटो देख ली। नाराज पिता ने बेटी की पिटाई कर दी। साथ ही नाबालिग बॉयफ्रेंड को भी घर बुलाकर लात-घूंसों से पीटा।

इस दौरान नाबालिग लड़की ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की। लेकिन उसे बचा लिया गया। इस घटना के बाद नाबालिग लड़के के गुस्साए दोस्तों ने लड़की के घर पहुंचकर तोड़फोड़, पत्थरबाजी की।

गर्लफ्रेंड के पिता का सिर फोड़ दिया और परिजनों के साथ मारपीट की। इस दौरान दोनों पक्ष से 6 लोग घायल हो गए। घटना मानिकपुर पुलिस चौकी क्षेत्र की है। दरअसल, मानिकपुर इलाके में रहने वाले शिकायतकर्ता पिता पेशे से राजमिस्त्री है। बुधवार को नाबालिग बेटी बॉयफ्रेंड का मोबाइल लेकर अपने घर गई थी। पिता की नजर मोबाइल पर पड़ी। उन्होंने स्क्रीन खोलकर देखा तो उसमें लड़के की तस्वीर थी। इससे गुस्साए पिता ने पहले बेटी की पिटाई की।

इसके बाद उन्होंने लड़के को कॉल कर घर बुलाया और उसकी भी लात-घूसों से जमकर पिटाई कर दी। जब लड़के के दोस्तों को इस घटना की जानकारी मिली, तो लगभग 6 से ज्यादा लड़के युवती के घर पहुंचे। उन्होंने घर पर जमकर पत्थरबाजी की, जिससे विवाद और बढ़ गया।

दोनों पक्षों के बीच मारपीट हो गई। इस दौरान बॉयफ्रेंड के दोस्तों ने लड़की के पिता का सिर फोड़ दिया। इस घटना के बीच नाबालिग गर्लफ्रेंड ने खुद को कमरे में बंद कर फांसी लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की। हालांकि, किसी तरह उसे बचा लिया गया। मारपीट और तोड़फोड़ के बाद बॉयफ्रेंड और उसके दोस्त मौके से भाग निकले। इसके बाद स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना डॉयल 112 को दी। मौके पर पहुंची पुलिस सभी घायलों को मानिकपुर चौकी ले गई। लड़की और लड़के दोनों ही पक्षों के परिजन भी पुलिस चौकी पहुंचे। लड़की के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मारपीट करने वाले बॉयफ्रेंड और उसके साथियों को हिरासत में लिया, जिसके बाद स्थिति शांत हुई। पुलिस ने मारपीट में घायल सभी लोगों का मेडिकल परीक्षण कराया है। वहीं, दोनों पक्षों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

# कांग्रेस बोली-सांसद-मंत्रियों और अफसरों पर 6500 करोड़ का बिजली-बिल बकाया

## इसमें बृजमोहन-विजय और श्याम-बिहारी समेत कई नाम, पूछा- क्या सत्ताधारियों के लिए नियम अलग है?

रायपुर, 8 जनवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि, राज्य के मंत्री, सांसद, वरिष्ठ आईएएस अधिकारी और सरकारी संस्थान खुद बिजली बिल नहीं चुका रहे हैं, जबकि आम जनता से पूरी सख्ती से वसूल की जा रही है। पार्टी का दावा है कि केवल सरकारी महकमे पर ही करीब 6500 करोड़ रुपए का बिजली बिल बकाया है। जिससे राज्य के राजस्व को भारी नुकसान हो रहा है।

कांग्रेस ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर सरकार से जवाब मांगा है। पूछा है कि जब सत्ता और सिस्टम में बैठे लोग ही बकाया नहीं चुकाते, तो आम लोगों पर बिजली दरें बढ़ाने का दबाव क्यों डाला जा रहा है।

**सांसद बृजमोहन अग्रवाल- 12 लाख 76 हजार 130**

मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल- 1 लाख 45 हजार 88

मंत्री टंकराम वर्मा- 1 लाख 04 हजार 78

मंत्री विजय शर्मा- 1 लाख 76 हजार 154

आईएएस राजेंद्र कटारा- 1 लाख 50 हजार 320

आईएएस अविनाश मिश्र- 1 लाख 49 हजार 946

आईएएस हितेंद्र विश्वकर्मा- 1 लाख 51 हजार 706

आईएएस मेस- 20 लाख 18 हजार 674

विधानसभा सचिवालय- 22 लाख 74 हजार 173

**कांग्रेस का सवाल- क्या सत्ता में बैठे लोगों के लिए नियम अलग हैं?**

कांग्रेस ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में सवाल उठाया है कि, जब मंत्री और अधिकारी बिजली बिल नहीं चुकाते, तो क्या उन्हें किसी तरह की विशेष छूट दी गई है। पार्टी ने मांग की है कि अगर ऐसी कोई छूट है, तो उसे सार्वजनिक किया जाए।

कांग्रेस का आरोप है कि बिजली बोर्ड पर बढ़ते कर्ज का हवाला देकर आम उपभोक्ताओं के बिजली बिल बढ़ाने की सिफारिश की जाती है, जबकि असल बकाया सरकार के भीतर ही जमा है।

पत्र में कांग्रेस ने यह भी लिखा है कि, मंत्री सार्वजनिक मंचों से जनता को टैक्स भरने, ईमानदारी और जिम्मेदारी की नसीहत देते हैं, लेकिन जब वही लोग अपने बिजली बिल नहीं चुकाते, तो जनता का भरोसा कैसे कायम रहेगा।

कांग्रेस ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मांग की है कि सभी मंत्रियों, सांसदों, आईएएस अधिकारियों और सरकारी संस्थानों से बकाया बिजली बिल तत्काल वसूला जाए और इसकी जानकारी सार्वजनिक की जाए। पार्टी का कहना है कि जब तक सरकार अपने सिस्टम में जवाबदेही तय नहीं करेगी, तब तक आम जनता पर बोझ डालना गलत है।




# 'वे फ्यूल भरवाएंगे और चले जाएंगे'

## सचिन पायलट के दौरे पर कृषि मंत्री का तंज



रायपुर, 8 जनवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 'विकसित भारत- जीरामजी बिल' को लेकर केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नया भारत आकार ले रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गुरुवार को कहा, नया कानून बहुत अच्छा है। यह पहले की योजना से कहीं बेहतर है, इसमें 100 दिन के बजाय 125 दिन का रोजगार मिलेगा।

उन्होंने कहा कि ज्यादा लोगों को काम मिलेगा, मजदूरी की गारंटी है और भुगतान सात दिनों के अंदर हो जाएगा, देरी होने पर एक्स्ट्रा पैसे भी मिलेंगे। भारत कृषि प्रधान देश है। ऐसे में वर्करों के लिए दो महीने की छुट्टी भी रहेगी और उन्हें कृषि मजदूरी मिलेगी।

# छत्तीसगढ़ की 3 अदालतों को बम की धमकी

## बीडीएस-डॉग स्क्वॉड ने संभाला मोर्चा, खाली कराए कोर्ट परिसर

रायपुर, 8 जनवरी (एजेंसियां)। रायपुर छत्तीसगढ़ के तीन डिस्ट्रिक्ट कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी भरा ई-मेल आने के बाद हड़कंप मच गया। कोर्ट परिसर में दहशत और अफरा-तफरी का मच गई। आनन-फानन में पुलिस ने मोर्चा संभाला, कोर्ट परिसर खाली आए और बम डिस्पोजल स्क्वाड ने सर्चिंग शुरू कर दी है।


जानकारी अनुसार प्रदेश के बिलासुपर, राजनांदगांव और दुर्ग जिला कोर्ट परिसर को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। ई-मेल के माध्यम से मिली धमकी की सूचना जैसे ही इन कोर्ट के न्यायाधीश, वकीलाओं और कोर्ट में मौजूद कर्मचारियों तक पहुंची तो हड़कंप मच गया। लोग कोर्ट परिसर से बाहर की ओर भागने लगे। सूचना के बाद तीनों जिला कोर्ट में पुलिस पहुंची और लोगों को सुरक्षित तरीके से कोर्ट परिसर से बाहर निकाला। न्यायाधीश और कोर्ट कर्मचारियों को भी सुरक्षित निकालकर परिसर पूरी तरह खाली करा दिए गए।

परिसर खाली होने के तत्काल बाद दुर्ग, बिलासपुर और राजनांदगांव डिर्सिट्रक्ट कोर्ट भवन और परिसर को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया। बस डिस्पोजल स्क्वाड (बीडीएस) व डॉग स्क्वॉड ने तलाशी लेना प्रारंभ किया था। करीब दो से तीन घंटे तक प्रत्येक कोर्ट परिसर के कोने—कोने की सर्चिंग की गई है। सूत्रों के अनुसार तीनों जिलों में किसी भी प्रकार की संदिग्ध या आपत्तिजनक वस्तु या विस्फोटक आदि नहीं मिला है।

दुर्ग, बिलासपुर व राजनांदगांव जिला कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी के बाद सर्चिंग में भले ही कुछ न मिला हो, लेकिन एतियातन तीनों जिला कोर्ट भवन और परिसर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। अतिरिक्त सुरक्षाबल भी तैनात किया गया है। जिला कोर्ट परिसर में धमकी के ई-मेल किसने भेजे, कहां से आए, भारत के अंदर से भेजे गए या बाहर से भेजे गए हैं? इसको लेकर साइबर सेल पड़ताल में जुट गई है। इनकी लोकेशन पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। बता दें कि प्राइमरी तौर पर इन मेल को दहशत फैलाने की कोशिश माना जा रहा है, हालांकि सुरक्षा एजेंसिया किसी भी स्तर पर चूक या अनदेखी नहीं करना चाह रहीं, इसलिए इसे पूरी गंभीरता से लिया जा रहा है।

# आवारा कुत्तों को नसबंदी के बाद खिला रहे बिरयानी

## कांग्रेस ने कहा-भ्रष्टाचार को दे रहे जन्म, महापौर बोले- विपक्ष को विकास हजम नहीं हो रहा



रायगढ़, 8 जनवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ से बीजेपी मेयर जीवर्धन चौहान ने कहा कि, नसबंदी के बाद आवारा कुत्तों को बिरयानी, खिचड़ी और दलिया खिला रहे हैं। जिस पर सवाल उठाते हुए कांग्रेस के पूर्व सभापति और नेता प्रतिपक्ष सलीम नियारिया का कहना है कि, अब आवारा कुत्ते भी बिरयानी खाएंगे। उन्होंने कहा कि, कुत्तों को चिकन या मटन की बिरयानी खिलाई जाएगी या नहीं। इसके लिए फंड किस मद से खर्च किया जाएगा। वो ऐसे में भ्रष्टाचार को जन्म दे सकते हैं। वहीं, जवाब में महापौर ने कहा कि, विपक्ष को विकास काम हजम नहीं हो रहा है। दरअसल, रायगढ़ में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या को नियंत्रित करने के लिए बधियाकरण अभियान शुरू किया गया है। पिछले दिनों रायगढ़ के महापौर जीवर्धन चौहान खुद बधियाकरण केंद्र पहुंचे। वहां की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने बधियाकरण के बाद कुत्तों की देखभाल और दिए जाने वाले भोजन की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान महापौर ने कुत्तों को पौष्टिक आहार देने की बात कही। जिसमें खिचड़ी, दलिया और बिरयानी का जिक्र किया। महापौर के इसी बयान को लेकर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है।

महापौर के इसी बयान को लेकर कांग्रेस के पूर्व सभापति और नेता प्रतिपक्ष सलीम नियारिया ने कहा कि, अगर आवारा कुत्तों को बिरयानी खिलाई जाएगी, तो यह स्पष्ट किया जाए कि वह चिकन की होगी या मटन की। साथ ही सवाल उठाया कि इसके लिए शासन से कोई आदेश आया है या नहीं और खर्च किस मद से किया जाएगा। सलीम नियारिया ने कहा कि, अगर शासन से कोई निर्देश आया है तो उसकी कॉपी आयुक्त से मांगी जाएगी।

कितने कुत्तों का बधियाकरण हुआ है, कितनों को भोजन दिया जाएगा, इसका कोई डेटा है या नहीं। ये तमाम सवाल हैं, जो भ्रष्टाचार को जन्म दे सकते हैं।

# 4,50,000 रुपये का गांजा बरामद

## बाइक और स्कूटी में रखे थे पैकेट, पुलिस को मुखबिर से मिली थी सूचना

रायपुर, 8 जनवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के धमतरी में नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। इस कड़ी में धमतरी पुलिस अधीक्षक के निर्देश में पुलिस ने बुधवार को अवैध नशीले पदार्थों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने एक कार्रवाई में 9 किलो से ज्यादा गांजा जब्त किया है।

जानकारी के अनुसार थाना मगरलोड पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि भारत माला नगरी रोड से अवैध रूप से गांजा लेकर दो गाड़ियों से कुरुद की ओर आ रहे हैं। सूचना पर भारतमाला रोड, महानदी पुल के पास नाकाबंदी कर 3 संदेहियों को घेराबंदी कर रोकने का प्रयास किया गया, जिसमें मोटरसाइकिल एवं स्कूटी सवार दो आरोपियों को मौके पर ही पकड़ लिया गया। जबकि स्कूटी चालक लॉक लगाकर फरार हो गया।

गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से काले रंग के बैग एवं स्कूटी की डिक्की में रखे कुल 4 पैकेट में 9.056 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। मौके पर ही गवाहों की उपस्थिति में तौल कर जब्ती कार्रवाई की गई। पुलिस द्वारा जब्त किए गए सामान में गांजे की अनुमानित कीमत 4,50,000 आंकी गई है। साथ ही एक मोटरसाइकिल की कीमत 50 हजार रुपए, स्कूटी की कीमत 50 हजार रुपए और 10 हजार रुपए की कीमत वाले दो मोबाइल शामिल हैं।

आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। फरार आरोपी की तलाश जारी है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान ओडिशा के नवरंगपुर निवासी रसिया कमार उर्फ रसीक और ओडिशा के कालाहांडी निवासी परमेश्वर बाग के रूप में हुई है। पुलिस ने इस मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

**नशे के खिलाफ चल रहा अभियान**

धमतरी पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा एवं अन्य नशीले पदार्थों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे अपराधों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी।

# अतिक्रमण हटाने पर बवाल

## लोगों ने पेट्रोल डाल कर जेसीबी में लगाई आग, मुखिया के बेटे-भतीजे के साथ मारपीट

पूर्णिया, 8 जनवरी (एजेंसियां)। पूर्णिया के बड़हरा कोठी थाना क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने को लेकर हिंसक उपद्रव हुआ। गुस्साए लोगों ने जेसीबी में आग लगा दी और मुखिया के बेटे-भतीजे के साथ मारपीट की है। ये मामला कल का है, जिसका आज वीडियो सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। पूर्व मुखिया के बेटे और भतीजे के साथ मारपीट कर उन्हें बंधक बनाए जाने पर 34 नामजद और 7 अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य फरार आरोपियों की तलाश में लगातार छापेमारी की जा रही है। पूर्व मुखिया नरेश मोहन मंडल ने बताया कि डीसीएलआर कोर्ट के आदेश पर एक दिन पहले विवादित जमीन से अतिक्रमण हटाया गया। इसके बाद अगले दिन उसी जमीन पर पेट्रोल पंप के निर्माण का काम शुरू हुआ।

इसी दौरान विद्यानंद मंडल और सदानंद मंडल के पक्ष में बड़ी संख्या में आदिवासी तीर-धनुष, लाठी और डंडों से लैस होकर मौके पर पहुंचे और अचानक हमला कर दिया। देखते ही देखते हालात बिगड़ गए और निर्माण स्थल रणक्षेत्र में बदल गया। घटना के दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने मोबाइल से वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इन वीडियो में साफ देखा जा रहा है कि उपद्रवी समूह में नारेबाजी करते हुए मौके पर धावा बोल रहे हैं।

# नुसरत ने बिना हॉस्पिटल गए कैसे जॉइन की नौकरी

## सीधे हेल्थ डिपार्टमेंट में एंट्री कराई, 23 दिन से घर-कॉलेज छूटा

पटना, 8 जनवरी (एजेंसियां)। आयुष डॉक्टर नुसरत परवीन ने 23 दिन बाद नौकरी जॉइन कर ली है। इसके लिए नुसरत हॉस्पिटल या सिविल सर्जन के पास नहीं गई। सीधे विभाग पहुंचकर जॉइन किया। सूत्रों के मुताबिक विभाग ने खुद अप्रोच कर नुसरत को जॉइन कराया है।

20 दिसंबर जॉइनिंग की लास्ट डेट थी। इसे बढ़ाकर 31 दिसबंर किया गया। जब इस दोनों डेट पर नुसरत ने जॉइन नहीं किया तो इसे बढ़ाकर 7 जनवरी किया गया। आखिरी डेट के एक दिन पहले 6 जनवरी को नुसरत ने जॉइन कर लिया।

सीएम नीतीश कुमार ने 15 दिसंबर को आयुष डॉक्टर्स को नियुक्ति पत्र बांटने के दौरान नुसरत का हिजाब हटाया था। इसके बाद हिजाब पर विवाद शुरू हो गया। विवाद के बाद नुसरत कहां गईं, इसे लेकर किसी के पास कोई जानकारी नहीं थी।



इस रिपोर्ट में सिलसिलेवार तरीके से पढ़ें, नुसरत परवीन के हिजाब मामले में विवाद शुरू होने से लेकर जॉइनिंग के पीछे की पूरी कहानी। नुसरत पर किस तरह का प्रेशर था। आखिर नौकरी जॉइन करने के लिए नुसरत कैसे मानी।

**सबसे पहले नुसरत किन प्रेशर से गुजर रही थीं**

1- फैमिली प्रेशर

2- पॉलिटिकल प्रेशर

15 दिसंबर को सीएम नीतीश कुमार पटना में आयुष डॉक्टरों को नियुक्ति पत्र बांट रहे थे। वहां मौजूद आयुष डॉक्टर बारी-बारी से सीएम के पास जाकर अपना नियुक्ति पत्र ले रहे थे। उन्हीं डॉक्टरों की लाइन में नुसरत परवीन भी खड़ी थी। नुसरत ने हिजाब पहन रखा था। नुसरत की जैसे ही बारी आई और सीएम के पास पहुंची, सीएम ने पूछा 'यह क्या पहनी हो जी?' नुसरत ने मुस्कुराया तब तक सीएम ने उसका हिसाब अपने हाथ से खींच दिया। इस दौरान डिप्टी CM सम्राट चौधरी नीतीश कुमार को रोकने के प्रयास में उनकी आस्तीन खींचते नजर आए। हिजाब हटाने से नुसरत थोड़ी देर के लिए असहज हो गईं।

# दक्षिण एशिया में स्थिरता के लिए भारत का नेतृत्व जरूरी

## नमल राजपक्षे की बड़ी अपील



कोलंबो, 8 जनवरी (एजेंसियां)। श्रीलंका के सांसद और पूर्व प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे के बेटे नमल राजपक्षे ने भारत से दक्षिण एशिया में बड़ी भूमिका निभाने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के सामने आने वाली साझा सुरक्षा और राजनीतिक चुनौतियों से निपटने में भारत एक अहम भूमिका निभा सकता है। नमल ने दक्षिण एशिया में मजबूत क्षेत्रीय सहयोग की भी अपील की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर एक पोस्ट में की गई उनकी ये टिप्पणियां हाल के सालों में श्रीलंका, बांग्लादेश और नेपाल में लगातार राजनीतिक अशांति के माहौल में आई हैं। नमल वर्तमान में श्रीलंका की दूसरी सबसे बड़ी पार्टी श्रीलंका पोदुजना पेरामुना के अघोषित प्रमुख हैं।

**नमल राजपक्षे ने एक्स पर क्या लिखा**

नमल राजपक्षे ने एक्स पर लिखा, हाल ही में हुई कई ग्लोबल सिक्योरिटी घटनाओं के बीच, दक्षिण एशिया में मजबूत क्षेत्रीय सहयोग की बढ़ती और जरूरी जरूरत है, जिसमें भारत अहम भूमिका निभा सकता है। पिछले कुछ सालों में, बांग्लादेश, नेपाल और श्रीलंका में राजनीतिक उथल-पुथल का दौर रहा है, जिसमें जनता का असंतोष और सरकारों में बदलाव देखने को मिले हैं। कई बार, इन गड़बड़ियों को चरमपंथी तत्वों ने समर्थन दिया और बढ़ावा दिया। इन चुनौतियों से निपटने के लिए चरमपंथ का मुकाबला करने, राजनीतिक हिंसा को रोकने और अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा करने के लिए सामूहिक प्रतिबद्धता की जरूरत है। उन्होंने आगे लिखा, इसलिए, दक्षिण एशिया को उभरते संकटों का सामना करने और साझा चुनौतियों का मिलकर जवाब देने के लिए ज्यादा क्षेत्रीय तालमेल की जरूरत है। इस संदर्भ में, क्षेत्र में लंबे समय तक शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए भारत का नेतृत्व बहुत जरूरी है। विकास और स्थिरता पर केंद्रित समान लक्ष्यों के साथ, पूरा दक्षिण एशिया अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ज्यादा प्रभाव डाल सकता है, और इस प्रक्रिया में, लंबे समय तक शांति और तालमेल के लिए क्षेत्रीय एकता बहुत जरूरी है। बांग्लादेश और नेपाल में होने वाले चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के जरिए लोकतांत्रिक वैधता की पुष्टि करने का एक उम्मीद भरा मौका देते हैं, जो क्षेत्रीय सुरक्षा को और मजबूत करने में योगदान देगा।

**श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल में क्या हुआ**


श्रीलंका में 2022 में आर्थिक संकट के बाद देश में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन शुरू हुए थे। इस कारण तत्कालीन राष्ट्रपति और नमल राजपक्षे के चाचा गोटबाया राजपक्षे को देश छोड़कर भागना पड़ा था। इतना ही नहीं, इस विरोध प्रदर्शन ने नमल के पिता महिंदा राजपक्षे के राजनीतिक करियर को भी खत्म कर दिया था। बांग्लादेश में भी 2024 से लगातार विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं, जिस कारण शेख हसीना को देश छोड़कर भागना पड़ा था और मोहम्मद यूनुस देश के अलोकतांत्रिक सरकार के मुखिया बने। नेपाल में भी 2025 में जेन-जी विद्रोह के कारण केपी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली सरकार को इस्तीफा देना पड़ा था।

# अमेरिका 66 अंतरराष्ट्रीय संगठनों से बाहर निकलेगा

वॉशिंगटन, 8 जनवरी (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को 66 अंतरराष्ट्रीय संगठनों से अमेरिका को आधिकारिक रूप से बाहर निकालने की घोषणा की है। द गार्डियन के मुताबिक इसमें 35 गैर-संयुक्त राष्ट्र संगठन और 31 संयुक्त राष्ट्र की संस्थाएं शामिल हैं। व्हाइट हाउस और स्टेट डिपार्टमेंट के अनुसार ये संगठन अमेरिकी हितों के खिलाफ हैं। इनमें पैसों की बर्बादी होती है। इसके अलावा ये गैरजरूरी या खराब तरीके से चलाए जा रहे हैं। इस कदम को ट्रम्प की 'अमेरिका फर्स्ट' नीति का हिस्सा बताया जा रहा है, जो वैश्विक संस्थाओं से दूरी बनाने पर जोर देती है। अमेरिका भारत की पहल से बने संगठन इंटरनेशनल सोलर अलायंस (आईएसए) को भी छोड़ रहा है। इसे 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और तत्कालीन फ्रेंच राष्ट्रपति फ्रांस्वा ओलांद ने पेरिस जलवायु सम्मेलन में शुरू किया था। इंटरनेशनल सोलर अलायंस (आईएसए) को सोलर एनर्जी के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया है।

# चीन ने दबोची गर्दन तो घुटनों पर आए असीम मुनीर

## सीपीईसी की रक्षा के लिए पाकिस्तान में बनेगी 'चीनी सुरक्षा चौकी'



इस्लामाबाद/बीजिंग, 8 जनवरी (एजेंसियां)। चीन और पाकिस्तान के बीच में चाइना पाकिस्तान इकनॉमिक कॉरिडोर (सीपीईसी) की सुरक्षा को लेकर तनाव बढ़ता जा रहा है। चीन ने अब पाकिस्तान पर एक बार फिर से सीपीईसी की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए फटकार लगाई है। पाकिस्तान के गृहमंत्री मोहसिन नकवी चीन की यात्रा पर पहुंचे थे और वहां उन्हें चीनी सरकार से सीपीईसी और चीन के नागरिकों की सुरक्षा को लेकर काफी सुनना पड़ा है। इसके बाद मोहसिन नकवी ने ऐलान किया है कि पाकिस्तान एक नई विशेष सुरक्षा सेना का गठन किया जाएगा। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में बलूच विद्रोही संगठन बीएलए के लड़ाके लगातार चीन की मौजूदगी का विरोध कर रहे हैं जो ग्वादर में पोर्ट बना चुका है। बलूचों ने कई चीनी इंजीनियरों पर हमला करके उन्हें मार दिया है। इससे चीन की सरकार भड़की हुई है और सूत्रों का कहना है कि अब बीजिंग के दबाव के बाद पाकिस्तान सरकार चीनी 'सुरक्षा चौकी' को बनाए जाने पर सहमत हो गई है। पाकिस्तान की असीम मुनीर सरकार अब तक संप्रभुता का हवाला देकर चीनी सुरक्षाकर्मियों को अपने यहां नहीं आने दे रही थी। इसको लेकर पिछले कई साल से चीन पाकिस्तानी सेना पर दबाव बना रहा था। पाकिस्तानी सेना अब झुक गई है और देश में चीनी सुरक्षा चौकी का रास्ता साफ हो गया है। पाकिस्तानी सेना प्रमुख असीम मुनीर के बेहद करीबी मोहसिन नकवी ने चीनी नेतृत्व के साथ बीजिंग में रणनीतिक वार्ता की है। साल 2014 से लेकर अब तक पाकिस्तान में चीन के सीपीईसी प्रोजेक्ट और अन्य निर्माण कार्य में लगे करीब 90 चीनी नागरिक विभिन्न हमलों में मारे जा चुके हैं।

बलूच विद्रोही लगातार चीन को धमकी दे रहे हैं कि वह अपना सीपीईसी प्रोजेक्ट बलूचिस्तान से बाहर ले जाए। रिपोर्ट के मुताबिक मोहसिन नकवी ने चीन के सार्वजनिक सुरक्षा मंत्रालय के साथ एक गोपनीय समझौता किया है। इस समझौते के तहत पाकिस्तान ने चीन से वादा किया है कि एक व्यापक और ज्यादा प्रभावी सुरक्षा ढांचा बनाया जाएगा जिसमें स्पेशल प्रोटेक्शन यूनिट बनाया जाएगा जो खासतौर पर चीनी नागरिकों की सुरक्षा के लिए होगा।

# बांग्लादेशी छात्र नेता उस्मान हादी की हत्या में भारत पर लगाए आरोप बेबुनियाद

## यूनुस पर बरसीं शेख हसीना

ढाका, 8 जनवरी (एजेंसियां)। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने मोहम्मद यूनुस सरकार पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने बांग्लादेश के छात्र नेता उस्मान हादी की हत्या को लेकर भारत पर मढ़े जा रहे आरोपों को बेबुनियाद करार दिया है। उन्होंने एनडीटीवी से बात करते हुए कहा है कि शरीफ उस्मान हादी की हत्या नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के तहत बांग्लादेश में कानून-व्यवस्था की कमी और चुनावी हिंसा का सीधा नतीजा थी। शेख हसीना ने इंटरव्यू के दौरान कहा है कि शरीफ उस्मान हादी की हत्या एक दुखद और निंदनीय घटना थी, जो अंतरिम सरकार के तहत बांग्लादेश में फैली कानून-व्यवस्था की कमी और चुनावी हिंसा का सीधा नतीजा थी।

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने आगे कहा कि मोहम्मद यूनुस ने शरीफ उस्मान हादी की हत्या के बाद ठोस कार्रवाई नहीं की, जिसका फायदा बांग्लादेशी कट्टरपंथियों ने अपनी कट्टरपंथी विचारधाराओं को आगे बढ़ाने, तनाव भड़काने, लोकतांत्रिक संस्थानों पर हमला करने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में अंतरिम सरकार की अपनी नाकामियों से ध्यान भटकाने के लिए एक राजनीतिक



हथियार के तौर पर किया है। शेख हसीना ने कहा कि हादी की हत्या को भारत से जोड़ने की ढाका की कोशिशें जानबूझकर और पूरी तरह से बेबुनियाद हैं। उन्होंने एनडीटीवी से कहा कि ये कोशिशें कट्टरपंथी ताकतों की तरफ से की जा रही थीं, जो यूनुस सरकार की नाकामियों को विदेशी साजिशों के तौर पर पेश करना चाहती थीं। आपको बता दें कि उस्मान हादी की हत्या के बाद बांग्लादेश में जमकर हिंसकर प्रदर्शन किए गये और चारों तरफ अशांति फैल गई। हादी को पिछले महीने ढाका में गोली मार दी गई थी, जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए सिंगापुर ले जाया गया था।

# बांग्लादेश में बीएनपी नेता की गोली मारकर हत्या

ढाका, 8 जनवरी (एजेंसियां)। बांग्लादेश की राजधानी ढाका में बुधवार रात बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के नेता अजीजुर रहमान मुसब्बिर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस हमले में उनके साथ अबू सूफियान मसूद गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना रात करीब 8:40 बजे करवान बाजार के तेजतुरी बाजार इलाके में हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बाइक सवार अज्ञात हमलावरों ने स्टार कबाब के पास अचानक फायरिंग शुरू कर दी और मौके से फरार हो गए। गोली लगने से मुसब्बिर और मसूद दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। मुसब्बिर को तुरंत बीआरबी अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। तेजगांव डिविजन के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त फजलुल करीम ने मुसब्बिर की मौत की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि दोनों पर एक संकरी गली में हमला किया गया था।

# अमेरिका और नाटो देशों में क्या ग्रीनलैंड को लेकर होगी जंग

## जो सोवियत संघ न कर पाया अब होगा?

कोपेनहेगन, 8 जनवरी (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की धमकियों के बाद नाटो के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा है। नाटो के सदस्य डेनमार्क के इलाके को लेकर ट्रंप की धमकियों ने यूरोप में एक अजीब तनाव पैदा कर दिया है। वैसे तो नाटो के पास हमले से खुद को बचाने के लिए बहुत बड़े रणनीतिक प्लान है, लेकिन इस सैन्य गठबंधन ने हमेशा बाहरी दुश्मन की कल्पना की है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सहयोगी देश के खिलाफ ही धमकियों ने कैसे निपटा जाए, इसे लेकर गठबंधन में कभी सोचा ही नहीं गया। नाटो के महासचिव मार्क रट अब तक चुप रहे हैं, लेकिन ये रणनीति अब ज्यादा समय तक काम नहीं करने वाली है।

डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन की सोमवार को टिप्पणी को पढ़ने पर पता चलता है कि स्थितियां कितनी नाजुक हो



गई हैं। फ्रेडरिक्सन ने कहा, अगर अमेरिका किसी दूसरे नाटो देश पर सैन्य हमला करने का फैसला करता है, तो सब कुछ रुक जाएगा जिसमें नाटो भी शामिल है। इस तरह दूसरा विश्व युद्ध खत्म होने के बाद से जो सुरक्षा बनी हुई है, वह भी खत्म हो जाएगी। नाटो के अंदर मचा यह घमासान पुतिन के लिए खुशखबरी की तरह है। स्टॉकहोम फ्री वर्ल्ड के सीनियर फेलो पैट्रिक ओक्सानन ने कहा, पुतिन के लिए यह बहुत बड़ी जीत है कि हम इस बारे में बात भी कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि गठबंधन के अंदर जो वर्तमान हालात है, वैसा कर पाना कभी सोवियत नेताओं का सबसे बड़ा सपना रही होगी। पैट्रिक ने कहा कि हम इसे काफी गंभीरता से ले रहे हैं। उन्होंने ट्रंप की टिप्पणियों की टाइमिंग का भी जिक्र किया, जो वेनेजुएला पर हमले के ठीक बाद आई हैं। ट्रंप के करीबी सलाहकार स्टीफन मिलर की टिप्पणियों ने इसे और मजबूत किया है। मिलर ने डेनमार्क की संप्रभुता पर सवाल उठाया है। मिलर ने कहा था कि ग्रीनलैंड के लिए यूरोप का कोई देश अमेरिका से नहीं लड़ेगा।

मिलर की पत्नी केटी की हालिया सोशल मीडिया ने भी चिंता बढ़ा दी है। उनकी पोस्ट में ग्रीनलैंड का नक्शा अमेरिकी झंडे से ढंका हुआ था, और उस पर 'जल्द' लिखा था। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या ट्रंप ने ग्रीनलैंड पर कब्जे के लिए सैन्य योजना के विकल्प का मन बना लिया है। इसी सप्ताह वॉइट हाउस ने ग्रीनलैंड को लेकर एक टिप्पणी में कहा था कि अमेरिकी सेना के सर्वोच्च कमांडर के रूप में राष्ट्रपति के पास सैन्य इस्तेमाल का विकल्प हमेशा खुला है। इस बीच ट्रंप की योजना के खिलाफ यूरोप में तीव्र विरोध शुरू हो गया है। फ्रांस के रिटायर्ड जनरल मिशेल याकोवलेफ ने एक इंटरव्यू में कहा कि अगर ट्रंप के ग्रीनलैंड वाले कदम की वजह से नाटो खत्म हो जाता है, तो यूरोप अमेरिकी सैनिकों को बाहर निकाल देगा।

# गोलीबारी में हुई महिला की मौत पर बोले जेडी वेंस- 'यह महिला की अपनी गलती थी' प्रशासन आईसीई के साथ

वाशिंगटन, 8 जनवरी (एजेंसियां)। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने मिनियापोलिस में अप्रवासन एंड कस्टम्स एन्फोर्समेंट (आईसीई) एजेंट की गोली से हुई 37 वर्षीय रेनी निकोल गुड की मौत को उसकी स्वयं की गलती का परिणाम बताया है। बुधवार को वेंस ने आईसीई अधिकारियों का समर्थन करते हुए साफ किया कि प्रशासन पर होने वाले हमले उन्हें कानून लागू करने से नहीं रोक पाएंगे।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में वेंस ने लिखा, मैं हर आईसीई अधिकारी को बताना चाहता हूं कि राष्ट्रपति और पूरा प्रशासन उनके साथ खड़ा है। उन्होंने अधिकारियों की निजी जानकारी लीक करने और उन्हें धमकाने वालों को चेतावनी देते हुए कहा कि ऐसी हरकतों से कानून लागू करने का उनका इरादा और मजबूत होगा। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने सीधे तौर पर कहा कि भले ही यह एक त्रासदी है, लेकिन इसे उस महिला ने खुद ही पैदा किया था।

मामले में रेनी निकोल गुड और एक आईसीई एजेंट के बीच हुई झड़प के दौरान हुई गोलीबारी में गुड की मौत हो गई, जिसके बाद से मिनियापोलिस में व्यापक आक्रोश और शोक के माहौल है। इस बीच जेडी वेंस की इन टिप्पणियों ने शहर में तनाव को और बढ़ा दिया है। घटना को लेकर मिनेसोटा की सीनेटर टीना स्मिथ ने पुष्टि की है कि मारी गई महिला, रेनी निकोल गुड, एक अमेरिकी नागरिक थीं। वहीं, लेफ्टिनेंट गवर्नर पेगी फ्लैनगन के मुताबिक, गुड छह साल के एक बच्चे की मां थीं। मामले में होमलैंड सिक्योरिटी सेक्रेटरी क्रिस्टी नोएम ने आरोप लगाया कि गुड दिन भर अधिकारियों का पीछा कर रही थीं और उनके काम में बाधा डाल रही थीं। उसने गाड़ी को हथियार की तरह इस्तेमाल कर एजेंट को कुचलने की कोशिश की। नोएम के अनुसार, अधिकारी ने अपनी और साथियों की जान बचाने के लिए गोली चलाई। दूसरी ओर, मिनियापोलिस के मेयर जैकब फ्रे ने कहा कि यह स्थिति गणतंत्र की सहनशीलता की परीक्षा ले रही है। पुलिस प्रमुख ब्रायन ओ'हारा ने भी माना कि शहर का माहौल बेहद तनावपूर्ण हो गया है और पुलिस विभाग पूरी रात मुस्तैद रहेगा। वहीं गवर्नर टिम वाल्ज ने जरूरत पड़ने पर नेशनल गार्ड तैनात करने की बात कही है।

शहर में सुरक्षा चिंताओं को देखते हुए मिनियापोलिस के पब्लिक स्कूलों को हफ्ते के बाकी दिनों के लिए बंद कर दिया गया है। जिले की वेबसाइट पर जारी नोटिस के अनुसार, एहतियात के तौर पर 8 और 9 जनवरी को स्कूल बंद रहेंगे और खेलकूद सहित सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए गए हैं।

# यमन संकट पर खाड़ी देशों में दरार

## सऊदी अरब ने यूएई पर अलगाववादी नेता को भगाने का लगाया आरोप

दुबई, 8 जनवरी (एजेंसियां)। सऊदी अरब ने गुरुवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उसने यमन के एक अलगाववादी नेता को देश से बाहर निकालने में मदद की है। सऊदी अधिकारियों का दावा है कि देशद्रोह के आरोप में वांछित इस नेता को तस्करी के जरिये अबू धाबी ले जाया गया है। इस दावे पर यूएई की ओर से तुरंत कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। इससे अरब प्रायद्वीप के इन दो पड़ोसी देशों के बीच तनाव को और बढ़ा दिया है, क्योंकि यमन में वर्षों से चल रहे युद्ध में उनकी साझेदारी खत्म हो रही है।

**सऊदी सेना ने लगाया आरोप**

सऊदी सेना के एक बयान में दावा किया गया कि सदर्न ट्रांजिशनल काउंसिल के नेता ऐदरूस अल-जुबैदी नाव से यमन से सोमालिया भाग गए। इसके बाद यूएई के अधिकारियों ने अल-जुबैदी को अमीरात की राजधानी अबू धाबी पहुंचाया। सेना ने यूएई के एक मेजर जनरल का नाम लिया, जो अल-जुबैदी के कथित भागने में शामिल थे। साथ ही उन्होंने उसका कोडनेम भी बताया, जो खाड़ी अरब देशों के आपसी रिश्तों की दुनिया में बहुत ही असामान्य बात है। इसमें यह भी बताया गया कि इस ऑपरेशन में इस्तेमाल किया गया इल्यूशिन II-76 विमान पहले इथियोपिया, लीबिया और सोमालिया जैसे संघर्ष वाले इलाकों में इस्तेमाल




किया गया था। ये वही रास्ते हैं जिन पर पहले अमीराती सेना पर हथियार तस्करी का आरोप लगा है। हालांकि यूएई ने हमेशा इन आरोपों का खंडन किया है। इस मामले पर यूएई की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। एसटीसी ने भी तुरंत इस आरोप को स्वीकार नहीं किया। बुधवार को एसटीसी ने कहा कि अल-जुबैदी अदन में ही थे, जहां ईरान समर्थित हाउथी विद्रोहियों के खिलाफ गठबंधन वाली सेनाएं इकट्ठा थीं।

# वेनेजुएला-अमेरिका रिश्तों पर 'अद्वितीय धब्बा'

## रोड्रिगेज ने वैश्विक आर्थिक जुड़ाव का दिया संदेश

काराकास, 8 जनवरी (एजेंसियां)। वेनेजुएला की अंतरिम राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने कहा कि अमेरिका के साथ देश के संबंधों पर अब तक का 'अद्वितीय धब्बा' लग चुका है। उन्होंने यह भी बताया कि बावजूद इसके, वेनेजुएला वैश्विक स्तर पर अपनी आर्थिक रणनीति को विविधता देने और बड़े बाजारों से सहयोग बढ़ाने की दिशा में काम कर रहा है। रोड्रिगेज ने कहा कि अमेरिका ने वेनेजुएला के खिलाफ 'बहिष्कार नीति' अपनाई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि दोनों देशों के बीच आर्थिक और व्यापारिक संबंध असामान्य या असंगत नहीं हैं। उनके अनुसार, वेनेजुएला के निर्यात का 71% आठ देशों में जाता है, जिनमें से 25% अमेरिका को है। रोड्रिगेज ने कहा कि



सार्वजनिक और निजी क्षेत्र दोनों को वैश्विक बाजारों में हिस्सेदारी का अवसर मिलेगा। उन्होंने घोषणा की कि वेनेजुएला में उत्पादों को देश का राजदूत बनाया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने सामाजिक-आर्थिक अधिकारों पर नया कानून लाने, मूल्य निर्धारण और ऊर्जा उपयोग को नियंत्रित करने के लिए सुधार करने की योजना बताई।

डेल्सी रोड्रिगेज ने कहा कि नारकोटिक्स के आरोप केवल बहाना थे और असली मकसद संसाधनों पर कब्जा करना था। उन्होंने अमेरिका सहित सभी देशों के साथ ऐसे ऊर्जा समझौतों की ओर खुलेपन की बात कही, जिनसे सभी पक्षों को लाभ हो। उन्होंने राजनीतिक ध्रुवीकरण के खिलाफ चेतावनी देते हुए कहा कि सभी राजनीतिक ताकतों को एकजुट होकर देश के शांति और विकास के लिए काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि चरमपंथ और अतिवादी विचारधाराएं देश के लिए खतरनाक हैं और इसलिए, शांति और राष्ट्रीय सह-अस्तित्व के लिए कार्यक्रम लागू किए जाएंगे।

# चलती गाड़ी से पुलिसकर्मी को गोली मारी, मौत

## दो दिन में दूसरे पुलिस अफसर की हत्या

## देश भर में महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन जारी

तेहरान, 8 जनवरी (एजेंसियां)। ईरान में आर्थिक संकट को लेकर चल रहे देशव्यापी विरोध प्रदर्शनों के बीच बुधवार को एक पुलिसकर्मी की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। यह घटना ईरान के दक्षिण-पूर्वी प्रांत सिस्तान और बलूचिस्तान में हुई। वीडियो में एक अज्ञात हमलावर चलती गाड़ी से बाहर झुककर लगातार फायरिंग करता है। वीडियो में सिर्फ बंदूक का सिरा दिखाई देता है। गोलियां लगने के बाद पुलिस की गाड़ी सड़क से उतरकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाती है। मारे गए पुलिस अधिकारी की पहचान महमूद हकीकत के रूप में हुई है। यह पिछले दो दिनों में ईरान में मारे गए दूसरे पुलिसकर्मी की घटना है। इससे पहले मंगलवार को एहसान अगाजानी नाम के एक पुलिस अधिकारी की पश्चिमी ईरान के इलाम प्रांत में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वे मालेकशाही इलाके में झड़पों के दौरान घायल हुए थे और बाद में अस्पताल में उनकी मौत हो गई। ईरान में पिछले महीने से सरकार के खिलाफ तेज विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। यह पिछले तीन सालों में सरकार के खिलाफ सबसे बड़ा आंदोलन माना जा रहा है। विरोध की शुरुआत तब हुई जब तेहरान के ऐतिहासिक ग्रैंड बाजार के दुकानदारों ने गिरती मुद्रा (रियाल) के विरोध में दुकानें बंद कर दीं। इसके बाद यह आंदोलन पूरे देश में फैल गया। लोग आर्थिक बदहाली, सरकारी कुप्रबंधन, पश्चिमी प्रतिबंधों और राजनीतिक व सामाजिक आजादी पर पाबंदियों के खिलाफ सड़कों पर उतर आए। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने प्रदर्शनकारियों का समर्थन करते हुए कहा है कि अगर ईरानी सुरक्षा बल उन्हें मारते हैं तो अमेरिका उनके साथ खड़ा होगा। वहीं इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भी प्रदर्शनकारियों का समर्थन किया है। हालांकि, ईरान के मुख्य न्यायाधीश गोलामहुसैन मोहसनी एजई ने चेतावनी दी है कि इस्लामिक रिपब्लिक के दुश्मनों की मदद करने वालों के खिलाफ कोई नरमी नहीं बरती जाएगी।

साल 2024 में ईरान का कुल निर्यात लगभग 22.18 बिलियन डॉलर था, जिसमें तेल और पैट्रोकैमिकल्स का बड़ा हिस्सा था, जबकि आयात 34.65 बिलियन डॉलर रहा, जिससे व्यापार घाटा 12.47 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया। 2025 में तेल निर्यात में कमी और प्रतिबंध के कारण यह घाटा और बढ़कर 15 बिलियन डॉलर तक बढ़ा है। मुख्य व्यापारिक साझेदारों में चीन (35% निर्यात), तुर्की, यूएई और इराक शामिल हैं।

# बिलासपुर-राजनांदगांव जिला कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

राजनांदगांव, 8 जनवरी (एजेंसियां)। राजनांदगांव जिला कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी के बाद बिलासपुर जिला कोर्ट को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली है। पुलिस हाई अलर्ट पर है, जिला न्यायालय परिसर सील कर दिया गया है। डॉग स्क्वॉड और बम निरोधक दस्ता जांच कर रहे है। धमकी देने वाले की तलाश जारी है। इससे पहले राजनांदगांव जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजय कुमार होता को आधिकारिक ई-मेल आईडी पर अज्ञात व्यक्ति ने धमकी भेजी थी। धमकी भरा मेल मिलते ही पुलिस, प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड में आ गई हैं। सुरक्षा के मद्देनजर पूरे जिला न्यायालय परिसर को तुरंत खाली कराया गया।



# मिड डे मील घोटाला: कोविड काल में 2000 करोड़ की हेराफेरी

## एसीबी ने कॉनफैड समेत 21 आरोपियों पर दर्ज किया केस



जयपुर, 8 जनवरी (एजेंसियां)। राजस्थान में कोविड.19 महामारी के दौरान संचालित राज्य मिड डे मील योजना में करीब 2000 करोड़ रुपये से अधिक के बड़े घोटाले का खुलासा हुआ है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो राजस्थान ने इस मामले में कॉनफैडके अधिकारियों, निजी फर्मों और अन्य संबंधित व्यक्तियों सहित कुल 21 नामजद आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। यह कार्रवाई योजना में भारी अनियमितताओं और भ्रष्टाचार की शिकायतों के बाद की गई है।

एसीबी के अनुसार, कोविड काल में जब स्कूल बंद थे, तब राज्य सरकार ने स्कूली विद्यार्थियों को खाद्यान्न उपलब्ध कराने के लिए मिड डे मील योजना के तहत दाल, तेल, मसाले आदि से युक्त कॉम्बो पैक की आपूर्ति करवाई थी। यह आपूर्ति कॉनफैड के माध्यम से की गई और दावा किया गया कि सामग्री एफएसएसएआई और एगमार्क मानकों के अनुरूप है तथा स्कूलों तक डोर.स्टेप डिलीवरी की गई। हालांकि जांच में सामने आया कि इस पूरी प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं बरती गईं।

एसीबी की प्राथमिक और विस्तृत जांच में यह तथ्य उजागर हुआ कि मिड डे मील योजना से जुड़े अधिकारियों और कॉनफैड के अधिकारियों ने आपसी मिलीभगत से नियमों में मनमाने बदलाव किए। इसके चलते पात्र और योग्य फर्मों को टेंडर प्रक्रिया से बाहर कर दिया गया और चहेती फर्मों को अनुचित लाभ पहुंचाते हुए टेंडर आवंटित किए गए। इसके बाद इन फर्मों ने अवैध रूप से अन्य संस्थाओं को काम सबलेट कर दिया, जिससे फर्जी आपूर्तिकर्ताओं और ट्रांसपोर्टरों का एक संगठित नेटवर्क खड़ा हो गया।

**फर्जी बिल तैयार करते रहे, जबकि माल की सप्लाई ही नहीं हुई**

जांच में यह भी सामने आया कि कई मामलों में वास्तविक रूप से माल की खरीद और आपूर्ति किए बिना ही अधिक दरों पर फर्जी बिल तैयार किए गए। इन्हीं फर्जी बिलों के आधार पर सरकारी भुगतान उठा लिया गया। इस सुनियोजित धोखाधड़ी, कूटरचना और सांठगांठ के जरिए राज्य सरकार के राजकोष को करीब 2000 करोड़ रुपये का सीधा वित्तीय नुकसान पहुंचाया गया।

**अब 21 नामजद आरोपियों पर केस दर्ज**

इस प्रकरण में कॉनफैड के सहायक लेखाधिकारी, प्रबंधक, सहायक प्रबंधक, गोदाम कीपर, सुपरवाइजर सहित कई अधिकारी, केंद्रीय भंडार के क्षेत्रीय और डिप्टी मैनेजर, साथ ही तिरूपति सप्लायर्स, जागृत एंटरप्राइजेज, एमटी एंटरप्राइजेज और साई ट्रेडिंग सहित कई निजी फर्मों के मालिकों को आरोपी बनाया गया है। एसीबी ने बताया कि मामले में आरोपियों की भूमिका, वित्तीय लेन-देन, दस्तावेजों की कूटरचना और सरकारी धन के दुरुपयोग से जुड़े सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है।

# पंचायत चुनाव से पहले भाजपा-कांग्रेस में छिड़ी सियासी जंग, दोनों दलों ने बनाई रणनीति

जयपुर, 8 जनवरी (एजेंसियां)। राजस्थान में पंचायत चुनाव से पहले सियासी पारा चरम पर पहुंच गया है। प्रदेश में प्रस्तावित पंचायत चुनावों की कवायद के बीच भाजपा और कांग्रेस में मनरेगा बनाम बीवी-जीराम-जी को लेकर सियासी टकराव तेज होता दिख रहा है।

दोनों ही दल राजस्थान में ग्रामीण वोट बैंक को साधने के लिए अलग-अलग रणनीतियों पर काम कर रहे हैं। कांग्रेस जहां मनरेगा और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को चुनावी हथियार बना रही है। वहीं, भाजपा बीवी-जीराम-जी के जरिए जनता तक अपनी पकड़ मजबूत करने की तैयारी में है।

**दोनों दलों ने बताना ये प्लान**

एक ओर प्रदेश कांग्रेस ने केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में मनरेगा को चुनावी मुद्दा बनाते हुए 45 दिन तक मनरेगा बचाओ अभियान चलाने की घोषणा की है। वहीं, भाजपा ने बीवी-जीराम-जी योजना के प्रचार-प्रसार के लिए जनजागरण अभियान की तैयारी शुरू कर दी है।

**कांग्रेस-भाजपा का अभियान फरवरी तक चलने के संकेत**

दोनों दलों के अभियान फरवरी तक चलने के संकेत हैं। इस बीच पंचायत चुनाव का सियासी शोर भी चरम पर पहुंचने की संभावना है। माना जा रहा है कि प्रदेश में पंचायत चुनाव 31 मार्च से पहले कराए जाने का लक्ष्य है।

**सीएम भजनलाल का कांग्रेस पर हमला**

इससे पहले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सीएमओ में पत्रकारों से कहा कि कांग्रेस की गलत मंशा के चलते मनरेगा के तहत किए गए अधिकांश कार्य गांवों की समग्र विकास योजनाओं से नहीं जुड़ पाए। नए वीबी-जी राम जी कानून में इन सभी कमियों को दूर किया गया है। अब सालाना रोजगार की कानूनी गारंटी 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन कर दी गई है।

**जूली ने किया तीखा पलटवार**

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सीएम भजनलाल शर्मा के मीडिया को दिए बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि 'वीबी-जी-राम' योजना ग्रामीण लोकतंत्र और मनरेगा के खिलाफ है। जिस पंचायती राज व्यवस्था से मुख्यमंत्री ने अपनी राजनीतिक पहचान बनाई, आज उसी को कमजोर करने के लिए वे केंद्र सरकार के ब्रांड एंबेसडर बने हुए हैं। जूली ने आरोप लगाया कि मनरेगा जैसी अधिकार आधारित योजना को नई व्यवस्था के जरिए खत्म करने की कोशिश की जा रही है।

## चलती कार में आईटी मैनेजर से गैंगरेप

# पति का साथ देने वाली महिलाकर्मी को कोर्ट से राहत नहीं

उदयपुर, 8 जनवरी (एजेंसियां)। सुखेर थाना क्षेत्र में चलती कार में आइटी कंपनी की 36 वर्षीय महिला मैनेजर के साथ गैंगरेप में लिप्त महिला आरोपी की एडीजे कोर्ट ने जमानत अर्जी नामंजूर कर दी। सुखेर थाना इलाके में 20 दिसंबर को कंपनी के सीईओ की बर्थडे पार्टी से लौटते समय मैनेजर को बेहोश होने की दशा में देखकर सीईओ, कंपनी की महिला कर्मचारी और उसका पति घर छोड़ने का झांसा देकर सुबह 5 बजे तक गाड़ी में घुमाते रहे।

इस दौरान स्मोक कराया और होश में नहीं रही तो उसका रेप किया। 23 दिसंबर को एफआइआर की गई। मामले में गाड़ी में मौजूद महिला कर्मचारी को भी आरोपी बनाया। उसने जमानत का प्रार्थना पत्र पेश किया। इस पर सुनवाई के बाद पीठासीन अधिकारी ने आरोपी महिला का जमानत प्रार्थना पत्र नामंजूर कर दिया।

**घर छोड़ने के बहाने कार में बैठाया**

युवती ने बयान में बताया कि रात 1.45 बजे उसे घर छोड़ने की बात कहकर एग्जीयूटिव हेड महिला ने कार में बैठाया। कार में उसका पति और सीईओ भी थे। तीनों उसे घर छोड़ने के लिए निकले। रास्ते में नशीला पदार्थ पिलाया, जिससे बेहोश हो गई। होश आया तो खुद को बेहाल पाया। वह कुछ होश में आई तब सीईओ उससे छेड़छाड़ कर रहा था। फिर सीईओ, एग्जीयूटिव हेड के पति ने बलात्कार किया।

# जो भी घटिया खाद-बीज देगा, उस पर 20 लाख की पेनल्टी लगाई जाएगी और 10 साल की सजा होगी : किरोड़ीलाल मीणा

अलवर, 8 जनवरी (एजेंसियां)। कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा थानागाजी क्षेत्र के धैतल हरनेर भांगडोली गांव के ओम डूंगरी आश्रम में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने नवचंडी महायज्ञ शाला की परिक्रमा कर साधु-संतों का आशीर्वाद लिया। इस दौरान चल रही श्रीमद्भागवत कथा में किरोड़ी भक्तों के साथ नाचते हुए भक्ति में लीन नजर आए।

सोशल मीडिया पर भी एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वो ग्रामीण महिलाओं और पुरुषों के साथ जमकर डांस करते नजर आ रहे हैं। किरोड़ी लाल मीणा ने धीमे-धीमे उड़ै रे गुलाल, ओउम बाबा डूंगरी पे... लोक गीत पर दो मिनट तक नृत्य किया।



**2 घंटे तक कार्यक्रम में रुके मंत्री किरोड़ी लाल मीणा**

बता दें कि हरनेर गांव में ओम बाबा की डूंगरी आश्रम पर हरनेर, भांगडोली और थैतल गांव के ग्रामीणों की ओर से 21 कुंडीय यज्ञ का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए किरोड़ी लाल मीणा भी पहुंचे। वे करीब दो घंटे तक कार्यक्रम में रुके।

**किरोड़ी मीणा ने मूंगफली बेचने वाले से पूछा- कितना कमा लेते हो**

इससे पहले कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा कुछ देर प्रतापगढ़ के बस स्टैंड पर रुके। यहां एक ठेले पर रखी मूंगफली खाई और मूंगफली बेचने वाले से पूछा कि कितना कमा लेते हो। कुछ अन्य ठेले वालों से भी किरोड़ी मिले और उनसे स्थानीय समस्याओं के बारे में पूछा। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की कमी व अन्य अव्यवस्था से अवगत कराया। इस किरोड़ी ने उच्चाधिकारियों से बात कर उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया।

**सरकार लाएगी कानून-घटिया खाद-बीज बेचने पर लगेगा 20 लाख जुर्माना**

किरोड़ीलाल मीणा ने कहा कि उन्होंने नकली खाद-बीज बनाने वालों पर कार्रवाई करते हुए 103 मुकदमे दर्ज करवाए हैं। दिल्ली की सरकार कानून ला रही है कि जो भी घटिया खाद-बीज देगा, उस पर 20 लाख की पेनल्टी लगाई जाएगी और 10 साल की सजा होगी। साथ ही उन्होंने कहा कि किसानों को एक साल बाद दिन में बिजली मिला करेगी। सरकार पावर हाउस बना रही है।

# फाइव स्टार होटल लीला पैलेस पर 10 लाख का हर्जाना, उपभोक्ता कोर्ट ने दिया आदेश

उदयपुर, 8 जनवरी (एजेंसियां)। चेन्नई की उपभोक्ता अदालत ने उदयपुर के फाइव स्टार होटल लीला पैलेस को एक मेहमान की निजता भंग करने के मामले में दोषी ठहराया है। कोर्ट ने होटल को आदेश दिया कि वह मेहमान के कमरे का किराया 55 हजार रुपए ब्याज सहित लौटाए, साथ ही वाद खर्च सहित कुल 10.10 लाख रुपए का हर्जाना अदा करे।

कोर्ट ने माना कि होटल की आतिथ्य सेवाओं में गंभीर कमी रही। परिवाद के अनुसार परिवादी और उनकी पत्नी होटल में ठहरे थे।

इसी दौरान हाउसकीपिंग स्टाफ ने मास्टर-की का इस्तेमाल कर बिना अनुमति कमरे में प्रवेश किया, जिससे उनकी निजता का गंभीर उल्लंघन हुआ। उस समय कमरे के बाहर लगा सीसीटीवी कैमरा भी चालू नहीं था। परिवाद में होटल की सेवाओं को लेकर गंभीर सवाल उठाए गए।

**मेहमानों की सुरक्षा और निजता सर्वोपरि**

कोर्ट ने कहा कि होटल प्रबंधन ने बार-बार आश्वासन तो दिए, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। इसे सेवा में कमी और गोपनीयता का उल्लंघन मानते हुए होटल को जिम्मेदार ठहराया गया।

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि होटल उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण संदेश है कि मेहमानों की सुरक्षा और निजता सर्वोपरि है।

# कोहरे के बीच भीषण हादसा, खाटू श्यामजी जा रहे 3 श्रद्धालुओं की मौत, 3 जोधपुर रेफर

नागौर, 8 जनवरी (एजेंसियां)। नागौर जिले के सुरपालिया थाना क्षेत्र में सुरपालिया बायपास पर गुरुवार सुबह घने कोहरे के बीच एसयूवी और बस की आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद नागौर के जेएलएन अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से तीन घायलों को हालत गंभीर होने पर जोधपुर रेफर किया गया है।

पुलिस के अनुसार हादसा सुबह के समय हुआ, जब घने कोहरे के चलते दृश्यता बेहद कम थी। टक्कर इतनी भीषण थी कि एसयूवी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक घायल ने जेएलएन अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।



**मृतकों की हुई पहचान**

मृतकों की पहचान बाड़मेर जिले के निम्बलकोट निवासी बींजाराम पुत्र रामूराम, टीकूराम और चतुराराम के रूप में हुई है। वहीं, घायलों में विशनाराम, विनोद, जसराज, अशोक और राहुराम शामिल हैं। घायलों में से तीन की स्थिति गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें जोधपुर रेफर किया गया।

**खाटू श्यामजी दर्शन के लिए जा रहे थे**

जानकारी के अनुसार एसयूवी सवार सभी युवक खाटू श्यामजी के दर्शन के लिए जा रहे थे। हादसे की सूचना मिलते ही सुरपालिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई कर परिजनों को सूचना दी। प्राथमिक जांच में हादसे की मुख्य वजह घना कोहरा बताया जा रहा है।

**हादसे के बाद लगा जाम**

इधर, हादसे के बाद सुरपालिया बाइपास पर यातायात बुरी तरह प्रभावित हो गया। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और करीब दो घंटे तक जाम के हालात बने रहे। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त एसयूवी और ट्रक को सड़क से हटवाया। इसके बाद यातायात को धीरे-धीरे सुचारू करवाया गया।

# मिलावटी 10 हजार लीटर वनस्पति घी एवं 150 किलो मिर्च पाउडर सीज

जयपुर, 8 जनवरी (एजेंसियां)। राजधानी जयपुर में मिलावट खोर बेखौफ होकर मिलावट का धंधा चला रहे हैं। खाद्य विभाग की ओर से शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत जयपुर में एक बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 10 हजार लीटर वनस्पति घी सीज किया गया। साथ ही, अन्य स्थानों पर कार्रवाई कर नमूने लिए गए। खाद्य सुरक्षा आयुक्त डॉ. टी. शुभमंगला ने बताया कि शुद्ध आहार मिलावट-पर-वार अभियान के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत के नेतृत्व में कुकरखेड़ा मंडी स्थित मैसर्स रुक्मणी इंटरप्राइजेज पर मिलावट के संदेह पर 9853 लीटर अशोका ब्राण्ड का वनस्पति घी सीज़ किया गया। मौके पर अशोका वनस्पति के 2 अलग-अलग बैच के सैंपल लिए गए एवं एक सैंपल नेचर फ्रेश वनस्पति का भी लिया गया। उल्लेखनीय है कि अशोका वनस्पति का इसी फर्म से सितम्बर 2025 में लिया गया नमूना सबस्टैण्डर्ड पाया गया था। इसके अलावा मैसर्स सैनी किराना स्टोर, रोड नं. 17 वीकेआई से मिर्च पाउडर का सैंपल लिया गया तथा 150 किलो मिर्च पाउडर सीज किया गया। इसी प्रकार वीकेआई क्षेत्र में ही मैसर्स अग्रवाल इंटरप्राइजेज से महान ब्राण्ड के घी का सैंपल तथा मुकेश डिपार्टमेंटल स्टोर से धनिया पाउडर एवं चौमू किराना स्टोर से सरसों के तेल का नमूना लिया गया।

# फ्रांस की युवती को 10वीं फेल के ऑटो ड्राइवर से हो गया था प्यार

## अनोखी है लव स्टोरी



जयपुर, 8 जनवरी (एजेंसियां)। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही एक अनोखी लव स्टोरी यूज़र्स को खूब पसंद आ रही है। दरअसल जयपुर के एक साधारण ऑटो ड्राइवर रंजीत सिंह की जिंदगी तब बदल गई जब उसकी मुलाकात एक विदेशी सैलानी सारा से हुई। 2012 में जब सारा राजस्थान घूमने आईं तो रंजीत ने उन्हें जयपुर घुमाया और यहीं से दोनों की लव स्टोरी की शुरुआत हुई।

**ऐसे हुई प्यार की शुरुआत**

सारा राजस्थान घूमने आईं थीं, और रंजीत ने उन्हें जयपुर की सैर करवाई। यही वो पल था, जब दोनों के बीच दोस्ती शुरू हुई और धीरे-धीरे प्यार में बदल गई। दोनों की बातचीत और मुलाकातें बढ़ने लगीं, और सारा ने रंजीत के साथ अपना दिल जोड़ लिया।

**सारा के परिवार ने किया रिश्ते का विरोध**

जब दोनों ने शादी का सोचा, तो सारा के परिवार ने इस रिश्ते का विरोध किया। वजह यह थी कि रंजीत 10वीं फेल था और पेशे से एक साधारण ऑटो ड्राइवर था। परिवार को यह रिश्ता स्वीकार करना मुश्किल था, और यही वजह थी कि उनका वीजा कई बार रिजेक्ट हुआ। फिर भी, रंजीत और सारा ने हार नहीं मानी। उन्होंने तय किया कि चाहे जो भी हो, वे एक-दूसरे के साथ रहेंगे।

**रिजेक्ट हो गया था वीजा**

वीजा की प्रक्रिया बहुत ही कठिन थी। बार-बार रिजेक्ट होने के बावजूद रंजीत ने अपनी कोशिशें जारी रखी। उसे बार-बार लगता था कि शायद उनका सपना पूरा नहीं हो पाएगा, लेकिन सारा का साथ और उनकी उम्मीदें उसे आगे बढ़ाती रहीं। और आखिरकार, उनके प्रयास रंग लाए और रंजीत को फ्रांस जाने का वीजा मिल ही गया।

**अब 2 बच्चों के साथ गुजार रहे जीवन**

2012 से 2026 तक रंजीत और सारा एक खुशहाल जीवन जी रहे हैं। उनके दो प्यारे बच्चे हैं और वे उनके साथ में दिवाली, क्रिसमस जैसे सभी त्योहार मनाते हैं।

# केकड़ी में दिनदहाड़े व्यापारी को मारी गोली

## रुपयों के विवाद में दुकान पर हुई फायरिंग, एक आरोपी गिरफ्तार

अजमेर, 8 जनवरी (एजेंसियां)। अजमेर जिले के केकड़ी कस्बे में दिनदहाड़े उस वक्त सनसनी फैल गई, जब अजमेरी गेट क्षेत्र में एक व्यापारी को सरेआम गोली मार दी गई। फायरिंग की इस घटना में गंभीर रूप से घायल व्यापारी को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे घटनाक्रम की जानकारी जुटाई।

जानकारी के अनुसार, केकड़ी कस्बे के अजमेरी गेट स्थित अम्बिका प्रिंटर्स के मालिक महेंद्र साहू का केकड़ी निवासी अजय साहू के साथ लंबे समय से पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा था। अजय साहू अपने कुछ साथियों के साथ महेंद्र साहू की दुकान पर पहुंचा। यहां दोनों के बीच कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते हिंसक झगड़े में बदल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विवाद बढ़ने पर आरोपी अजय साहू ने अचानक पिस्टल निकालकर महेंद्र साहू पर दो फायर कर दिए। गोलियां महेंद्र के पेट और हाथ में लगीं, जिससे वह लहूलुहान होकर मौके पर ही गिर पड़ा। दुकान और आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल महेंद्र साहू को तत्काल सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर बताई है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने मौके से ही मुख्य आरोपी अजय साहू को हिरासत में ले लिया। इसके अलावा वारदात में शामिल दो अन्य आरोपियों को भी डिटेन किया गया है। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल की गई गाड़ी को जब्त कर लिया है और हथियार की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं।

पुलिस जांच में सामने आया है कि दोनों पक्षों के बीच पुरानी रंजिश चली आ रही है। इससे पहले भी पैसों के लेनदेन को लेकर मारपीट के मामले दर्ज हो चुके हैं। इतना ही नहीं, कुछ दिन पहले पीड़ित व्यापारी के छोटे बेटे के साथ भी मारपीट की घटना हुई थी, जिसे लेकर तनाव और बढ़ गया था।

फायरिंग की पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फुटेज में साफ तौर पर बदमाशों को व्यापारी पर गोली चलाते हुए देखा जा सकता है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की गहन जांच कर रही है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि आरोपी के पास हथियार कहां से आया और वारदात में उसके साथ कौन-कौन लोग शामिल थे। पुलिस का कहना है कि जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

# कानून को चुनौती! एसपी कार्यालय के सामने युवती का किडनैप, पुलिसकर्मी को कुचलने की कोशिश

भीलवाड़ा, 8 जनवरी (एजेंसियां)। भीलवाड़ा शहर में कानून-व्यवस्था को खुली चुनौती देने वाली एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। जिला पुलिस अधीक्षक (एसपी) के बंगले के ठीक सामने, महज 50 मीटर की दूरी पर एक युवती का सरेआम अपहरण कर लिया गया। कलेक्ट्रेट परिसर और एसपी कार्यालय जैसे अति संवेदनशील क्षेत्र में हुई इस वारदात ने पुलिस सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ब्लैक स्कॉर्पियो में सवार बदमाशों ने युवती को जबरन गाड़ी में डाला और तेज रफ्तार में फरार हो गए। इस दौरान उन्हें रोकने की कोशिश कर रहे पुलिसकर्मियों को कुचलने का प्रयास भी किया गया।

जानकारी के अनुसार, युवती ने पांच दिन पहले घर से भागकर लखमणियास निवासी गोपाल जाट के साथ मंदिर में शादी की थी और दोनों लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहे थे। इस विवाह से युवती का पीहर पक्ष नाराज था। हालात इतने बिगड़ गए थे कि युवती ने अपने ही परिजनों से जान का खतरा बताते हुए एक शपथ पत्र तैयार कराया था। इसी शपथ पत्र के साथ वह अपने पति के साथ बयान दर्ज कराने एसपी कार्यालय पहुंची थी।

बताया गया कि बयान दर्ज कराने के बाद जैसे ही दंपती एसपी कार्यालय से बाहर निकले, तभी अचानक एक ब्लैक स्कॉर्पियो वहां आकर रुकी। गाड़ी में सवार लोगों ने बिना किसी डर के युवती को जबरन पकड़कर खींचा और उसे गाड़ी में डाल लिया। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने तुरंत वाहन को रोकने का प्रयास किया, लेकिन बदमाशों ने गाड़ी नहीं रोकी और फरार हो गए।

विशेष शाखा में तैनात एएसआई प्रताप सिंह, महेंद्र सिंह और उदयलाल ने चलती स्कॉर्पियो के सामने खड़े होकर उसे रोकने की कोशिश की। आरोप है कि किडनैपर्स ने जानबूझकर गाड़ी की रफ्तार और तेज कर दी और पुलिसकर्मियों को कुचलने का प्रयास किया। इस दौरान एएसआई प्रताप सिंह का मोबाइल सड़क पर गिरकर टूट गया, हालांकि वे बाल-बाल बच गए। घटनास्थल पर मौजूद दो वकीलों ने भी स्कॉर्पियो को रोकने की कोशिश की, लेकिन बदमाश उन्हें चकमा देकर फरार हो गए। तेज रफ्तार वाहन ने रास्ते में एक बाइक सवार को भी कुचलने का प्रयास किया, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

युवती के ससुराल पक्ष ने आरोप लगाया है कि स्कॉर्पियो में सवार लोग युवती के पीहर पक्ष से जुड़े हुए थे। उनका कहना है कि युवक-युवती ने शादी कर ली थी, लेकिन परिवार वाले इससे नाराज थे और लगातार धमकियां दे रहे थे। इसी कारण युवती सुरक्षा की गुहार लेकर एसपी कार्यालय पहुंची थी, लेकिन वहीं से उसका अपहरण हो जाना बेहद गंभीर मामला है।

घटना के बाद जिलेभर में नाकाबंदी कर दी गई। पुलिस ने ब्लैक स्कॉर्पियो को जब्त कर लिया है। एडिशनल एसपी पारस जैन ने बताया कि युवती को सुरक्षित डिटेन कर लिया गया है और कुछ आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। मामले में अपहरण, जानलेवा हमला और राजकार्य में बाधा डालने की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# कांग्रेस भूमि बेचकर और केंद्र के फंड पर राज्य चला रही है : बीजेपी

## > अपने चुनावी वादों को लागू करने में विफल रही कांग्रेस



हैदराबाद, 8 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना बीजेपी अध्यक्ष एन. रामचंदर राव ने गुरुवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार सार्वजनिक भूमि बेचकर और पूरी तरह से केंद्र सरकार के फंड पर राज्य चला रही है। वारंगल में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में राव ने कहा कि रेवंत रेड्डी सरकार ने अपने चुनावी वादों को लागू करने में विफल रही, राज्य की वित्तीय स्थिति को संकट में डाल दिया और विकास पहलों के बारे में जनता को गुमराह किया। हाल की विधानसभा सत्र में भूमि हड़पने, 'रैतू बंदु' रुकने, बेरोजगारी भत्ता, शुल्क प्रतिपूर्ति और आरोग्यश्री बकाया जैसे सार्वजनिक मुद्दों पर कोई सार्थक चर्चा नहीं हुई। उन्होंने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि बीआरएस प्रमुख केसीआर केवल थोड़ी देर के लिए दिखाई दिए और फिर गायब हो गए। राव ने कहा कि वारंगल से बीजेपी के पास लोकसभा सांसद नहीं होने के बावजूद, नरेंद्र मोदी नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने क्षेत्र में 2,000 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए, जिसमें केएमसी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, मुलुगु में सम्मक्का-सारक्का आदिवासी विश्वविद्यालय और काजीपेट कोच फैक्ट्री शामिल हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार विश्वविद्यालयों की भूमि पर नजर रख रही है, और हैदराबाद सेंट्रल यूनिवर्सिटी, माणू और काकतीय विश्वविद्यालय की जमीन रियल एस्टेट के लिए मोड़ने का प्रयास कर रही है, जबकि खाली शिक्षण पदों को भरना चाहिए था। सभी प्रमुख विकास कार्यों को केंद्र द्वारा अमृत और स्मार्ट सिटी जैसी योजनाओं के माध्यम से वित्तपोषित किया गया, राव ने आगामी नगरपालिका चुनावों में 'सच्चे विकास' के लिए लोगों से बीजेपी प्रतिनिधियों का चुनाव करने का आग्रह किया। राव ने ममनूर एयरपोर्ट के संबंध में कहा कि यदि राज्य सरकार भूमि अधिग्रहण पूरा कर सौंपती है, तो भव्य एयरपोर्ट बनाया जा सकता है, जिससे वारंगल और आसपास के क्षेत्रों से विदेश यात्रा करने वालों को लाभ होगा। उन्होंने बताया कि पार्टी जल्द ही भूपालपल्ली और मुलुगु जिलों में बैठकें आयोजित करेगी और कांग्रेस और बीआरएस की असफलताओं को तथ्यों के साथ उजागर करेगी। बीजेपी पूरी तरह से पत्रकारों की वैध मांगों का समर्थन करती है। राज्य बीजेपी प्रमुख ने स्पष्ट किया कि बीजेपी में कोई गुट नहीं है। उन्होंने कहा, हम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक इकाई हैं। हमारे सांसद, विधायक, एमएलसी और कार्यकर्ता समन्वय के साथ आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजनीति गरिमामय होनी चाहिए। कांग्रेस और बीआरएस नेताओं द्वारा विधानसभा और संसद में अपशब्दों का प्रयोग छात्रों और आने वाली पीढ़ी के लिए बुरा उदाहरण है। अपने दो दिवसीय वारंगल, भूपालपल्ली और मुलुगु दौरे के दौरान राव का पार्टी कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया, बाइक रैली में भाग लिया और भद्रकाली मंदिर में प्रार्थना की। वारंगल के हनमकोंडा शहर में राज्य पार्टी प्रमुख राव का राज्य महासचिव डॉ.एन. गौतम राव, टी. वीरेन्द्र गौड़, मीडिया प्रभारी एन.वी. सुभाष और बीजेपी युवा मोर्चा अध्यक्ष गणेश के साथ जोरदार स्वागत किया गया।

### पूर्व आईपीएस अधिकारी के घर पर हंगामा, एक व्यक्ति हिरासत में

हैदराबाद, 8 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। जुबली हिल्स पुलिस ने पूर्व आईपीएस अधिकारी वीके सिंह के घर पर सुरक्षा गार्ड से मारपीट करने की कोशिश के आरोप में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। पुलिस के अनुसार, तुरेबाज नामक व्यक्ति जुबली हिल्स रोड नंबर 10सी स्थित पूर्व आईपीएस अधिकारी के आवास के पास पहुंचा। उसने घर का गेट तोड़ने की कोशिश की। जब वहां तैनात सुरक्षा गार्ड ने उसे रोकने का प्रयास किया, तो आरोपी ने कथित तौर पर गार्ड से झड़प की और उसे पकड़ने की कोशिश की। घटना के दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत हस्तक्षेप कर तुरेबाज को काबू में कर लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। जुबली हिल्स पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और घटना की जांच की जा रही है।

# सीडीए ने एमसीईएमई का दौरा किया



हैदराबाद, 8 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। नियंत्रक रक्षा लेखा (सीडीए), सिकंदराबाद डॉ.जे. सिरीश चौधरी (आईडीएएस) ने आज मिलिट्री कॉलेज ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड मैकेनिकल इंजीनियरिंग (एमसीईएमई) का दौरा किया। दौरे के दौरान डॉ. चौधरी ने एमसीईएमई के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल नीरज वर्षिणेय से शिष्टाचार भेंट की। दोनों गणमान्य व्यक्तियों के बीच आपसी सहयोग के क्षेत्रों पर चर्चा हुई, जिसमें भुगतान, लेखा तथा अन्य वित्तीय प्रबंधन से संबंधित सेवा वितरण में सुधार पर विशेष जोर दिया गया। इस दौरे ने एमसीईएमई और रक्षा लेखा विभाग की भारतीय सेना को कुशल वित्तीय सहायता सुनिश्चित करने तथा आपसी समन्वय को सुदृढ़ करने की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। डॉ.जे. सिरीश चौधरी, आईडीएएस ने 26 दिसंबर 2025 को नियंत्रक रक्षा लेखा (सीडीए), सिकंदराबाद का कार्यभार ग्रहण किया। इस पद पर वे तेलंगाना, आंध्र प्रदेश तथा बीदर क्षेत्र में स्थित सेना की इकाइयों और प्रतिष्ठानों के लेखा एवं लेखा परीक्षा क्षेत्राधिकार का निर्वहन करते हैं। भारतीय रक्षा लेखा सेवा (आईडीएएस) के 1997 बैच के अधिकारी डॉ. सिरीश चौधरी एक योग्य चिकित्सा चिकित्सक भी हैं। उन्हें रक्षा वित्तीय प्रबंधन में व्यापक अनुभव प्राप्त है तथा उन्होंने रक्षा एवं सरकारी संगठनों की एक विस्तृत श्रृंखला में प्रमुख वित्तीय सलाहकार भूमिकाओं में कार्य किया है। उनके पेशेवर कार्यानुभव में भारतीय नौसेना, आयुध कारखानों, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) तथा भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) में वित्तीय सलाहकार के रूप में पदस्थापन शामिल है। सीडीए सिकंदराबाद का कार्यभार संभालने से पूर्व वे पूर्वी नौसेना कमान के एकीकृत वित्तीय सलाहकार के रूप में कार्यरत थे। डॉ. चौधरी का विविध अनुभव और क्षेत्रीय विशेषज्ञता भारतीय सेना के समर्थन में वित्तीय प्रशासन और सेवा वितरण को और अधिक सुदृढ़ करने की अपेक्षा है।

# सीईओ ने 'बुक-ए-कॉल' सुविधा को बढ़ावा देने के निर्देश दिये

## मतदाता मैपिंग और सत्यापन में सुधार का उद्देश्य : सुदर्शन रेड्डी



हैदराबाद, 8 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) सुदर्शन रेड्डी ने सभी जिला कलेक्टरों और जिला निर्वाचन अधिकारियों को बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के फोन नंबरों का व्यापक प्रचार करने तथा भारत निर्वाचन आयोग के ईसीआईनेट प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध 'बीएलओ के साथ बुक-ए-कॉल' सुविधा को सक्रिय रूप से बढ़ावा देने के निर्देश दिए हैं, ताकि मतदाता मैपिंग और सत्यापन में सुधार किया जा सके। बुधवार को जारी एक ज्ञापन में मुख्य निर्वाचन अधिकारी सी. सुदर्शन रेड्डी ने कहा कि इस पहल से मतदाता चल रही निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान अपने विवरणों के सुधार और सत्यापन के लिए ईसीआईनेट प्रणाली के माध्यम से सीधे अपने संबंधित बीएलओ से संपर्क कर सकेंगे।

ज्ञापन में अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) बीएलओ के संपर्क नंबरों में किसी भी प्रकार के परिवर्तन को तुरंत ईआरओ नेट प्लेटफॉर्म पर अद्यतन करें। ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम के आयुक्त सहित राज्यभर के जिला कलेक्टरों और जिला निर्वाचन अधिकारियों से इस सुविधा के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए फील्ड स्टाफ को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने को कहा गया है। इन निर्देशों को 'अत्यंत महत्वपूर्ण' बताते हुए सीईओ ने सक्रिय जन-संपर्क की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि मतदाता अपने विवरणों की मैपिंग और सत्यापन के लिए बीएलओ के साथ आसानी से कॉल बुक कर सकें। यह निर्देश भारत निर्वाचन आयोग के पूर्व संचार के क्रम में जारी किया गया है, जिनका उद्देश्य सार्वजनिक संपर्क तंत्र को सुदृढ़ करना तथा ऐसे समय में निर्वाचक नामावलियों की शुद्धता में सुधार करना है, जब कई राज्यों में विशेष गहन पुनरीक्षण जारी है।

### तिलक वर्मा की सर्जरी सफल, जल्द मैदान पर वापसी की उम्मीद



हैदराबाद, 8 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। विजय हजारे ट्रॉफी में हैदराबाद टीम के कप्तान और भारतीय स्टार बल्लेबाज तिलक वर्मा को तेज दर्द की शिकायत के बाद राजकोट के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां बुधवार को उनके अंडकोष में खिंचाव के लिए सर्जरी की गई। हैदराबाद क्रिकेट टीम प्रबंधन के अनुसार, सर्जरी लगभग 30 मिनट तक चली और यह सामान्य प्रक्रिया थी। डॉक्टरों ने एहतियात के तौर पर दो सप्ताह का आराम सुझाया है। प्रबंधन ने बताया कि तिलक टीम के साथ हैं और जल्द ही घर लौटेंगे।

# जीएचएमसी लॉन्च करेगा महा ईवेस्ट स्वच्छता अभियान

## 300 वार्डों में 12 और 13 जनवरी को होगी विशाल सफाई मुहिम

हैदराबाद, 8 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम शहर भर में 12 और 13 जनवरी को एक महा ईवेस्ट स्वच्छता अभियान आयोजित करने जा रहा है।

यह ड्राइव 300 वार्डों में समान रूप से लागू होगी, जिसका उद्देश्य नागरिकों में इलेक्ट्रॉनिक कचरा सही तरीके से निपटाने के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। घटना की रूपरेखा के अनुसार इस पहल के तहत घरों, व्यावसायिक क्षेत्रों तथा सार्वजनिक स्थानों से ईवेस्ट का संग्रह, अलगाव और वैज्ञानिक ढंग से निपटान सुनिश्चित किया जाएगा। इसमें बड़े और छोटे घरेलू उपकरण, आईटी व टेलीकॉम उपकरण, मोबाइल व बैटरी, यूपीएस सिस्टम समेत अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान शामिल है। जीएचएमसी अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान की सफलता के लिए एचआईएमएसडब्लू लिमिटेड के सहयोग से हर सर्कल में ब्रांडेड ईवेस्ट कलेक्शन वाहन तैनात होंगे। जो एकत्रित ईवेस्ट को डुंडीगल के अधिकृत प्रक्रिया केंद्र तक सुरक्षित रूप से पहुंचाएंगे, जहां इसे प्रचलित ईवेस्ट प्रबंधन नियमों के मुताबिक निपटाया जाएगा।

सार्वजनिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए 9 जनवरी से ही जागरूकता कार्यक्रम शुरू कर दिए गए हैं, जिनमें सफाई कर्मी, निवासी कल्याण संघ, गैरसरकारी संगठन और स्वयं सहायता समूह सक्रिय रूप से शामिल हैं। अभियान के दौरान संचालन के लिए प्रत्येक वार्ड में अस्थायी संग्रह केंद्र भी स्थापित किए गए हैं। जीएचएमसी आयुक्त आर.वी. कार्नान ने सभी ज़ोनल आयुक्तों, डिप्टी कमिश्नरों और सफाई अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे सभी हितधारकों को सक्रिय करें और अभियान की सफलता सुनिश्चित करें। जीएचएमसी की सार्वजनिक संबंध शाखा को भी व्यापक प्रचार और मीडिया कवरेज सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारी पुनः यह स्पष्ट करते हैं कि ईवेस्ट का उचित प्रबंधन सार्वजनिक स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के लिए बेहद आवश्यक है और नागरिकों से सक्रिय भागीदारी की अपील की गई है, ताकि हैदराबाद को एक स्वच्छ और हरित शहर बनाया जा सके।

### दिसंबर में 2 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी राशि बरामद की

हैदराबाद, 8 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद साइबर क्राइम अधिकारियों ने दिसंबर 2025 में चलाए गए विशेष अभियानों में धोखाधड़ी से प्राप्त 2 करोड़ रुपये से अधिक की राशि बरामद की और देश भर के विभिन्न साइबर अपराध मामलों में शामिल 43 लोगों को गिरफ्तार किया। इस दौरान, राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) के माध्यम से 266 शिकायतें मिलीं, जिनमें से 144 पर एफआईआर दर्ज की गई। क्षेत्रीय साइबर प्रकोष्ठों को 2,195 शिकायतें मिलीं, जिनमें से 80 मामलों में एफआईआर दर्ज की गई और 15 संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया। पीड़ितों को कुल 72.36 लाख रुपये लौटाए गए।

### संक्रांति पर हैदराबाद ट्रैफिक पुलिस ने शहर भर में एडवाइजरी जारी की

हैदराबाद, 8 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। 2026 संक्रांति त्योहार के मद्देनजर, हैदराबाद ट्रैफिक पुलिस ने भारी वाहनों की आवाजाही को देखते हुए व्यापक ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की। जनवरी 9 से 13 तक यातायात अधिक होने की संभावना है, जबकि लौटते समय 16 से 19 जनवरी को भी भीड़ बढ़ने की उम्मीद है, क्योंकि लोग आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के विभिन्न जिलों की ओर यात्रा करेंगे। काचीगुड़ा और सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन, एमजीबीएस-अरमघर मार्ग, एसआर नगर-लकड़ीकूपुल, रेटीबाउली-आरामघर (अटापुर के माध्यम से), कचिगुड़ा-रमंतापुर और एमजीबीएस-दिलशुखनगर क्षेत्रों में मध्यम से भारी ट्रैफिक की संभावना है।

# सम्मक्का सरलम्मा जतारा का निमंत्रण देने एर्रावल्ली पहुंचे मंत्री, केसीआर से मुलाकात



हैदराबाद, 8 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। एक सौहार्दपूर्ण और पारंपरिक माहौल में गुरुवार को बीआरएस प्रमुख और विपक्ष के नेता के. चंद्रशेखर राव ने एर्रावल्ली स्थित अपने आवास पर राज्य सरकार के मंत्री कोंडा सुरेखा और डी. सीतक्का की मेजबानी की। पूर्व सांसद जे. संतोष कुमार ने मंत्रियों का स्वागत किया। मंत्रियों ने राज्य सरकार की ओर से चंद्रशेखर राव से मुलाकात कर उन्हें मेडाराम में आयोजित होने वाली आगामी सम्मक्का सरलम्मा जतारा में औपचारिक रूप से आमंत्रित किया। इस दौरान उन्हें शॉल, आधिकारिक निमंत्रण पत्र और मेडाराम प्रसाद भेंट किया गया। मुलाकात के दौरान नेताओं के बीच सौहार्दपूर्ण और अनौपचारिक बातचीत हुई। चंद्रशेखर राव ने मंत्रियों और उनके परिवारों के स्वास्थ्य और कुशलक्षेम की जानकारी ली। इस अवसर पर के. चंद्रशेखर राव और उनकी पत्नी शोभाम्मा ने तेलंगाना की परंपराओं के अनुसार अतिथियों का पारंपरिक सम्मान किया और उन्हें साड़ियां, हल्दी और सिंदूर भेंट किए।

# केसीआर ने कृष्णा जल मामले में तेलंगाना के साथ बड़ा अन्याय किया : बंडी संजय



हैदराबाद, 8 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय मंत्री बंडी संजय ने गुरुवार को पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) पर कृष्णा नदी के जल वितरण मामले में तेलंगाना के साथ अन्याय करने का आरोप लगाया। करीमनगर में मीडिया से बात करते हुए संजय ने सवाल किया कि कांग्रेस नेताओं ने उस समय केसीआर के फैसलों का विरोध क्यों नहीं किया।

उन्होंने दावा किया कि यह भाजपा थी जिसने प्रदर्शन किए और केसीआर को झुकने पर मजबूर किया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और बीआरएस दोनों ने जल मुद्दे पर राजनीतिक खेल खेलकर तेलंगाना के हितों को नुकसान पहुंचाया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राज्य विभाजन के समय कांग्रेस ने तेलंगाना के साथ अन्याय किया और कांग्रेस और बीआरएस के पाप तेलंगाना के लोगों के लिए अभिशाप बन गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि दोनों दलों ने कांग्रेस की छह गारंटी पर चर्चा से बचने और बीआरएस की भ्रष्टाचार जांच रोकने के लिए मिलकर काम किया। संजय ने कहा कि केसीआर ने पलामुरू-रंगारेड्डी लिफ्ट इरिगेशन प्रोजेक्ट पर विधानसभा में झूठ बोला और पूछा कि जब बीआरएस ने पहले परियोजना को रोका था तो कांग्रेस ने विरोध क्यों नहीं किया। उन्होंने कहा कि केंद्र ने यह सुनिश्चित करने के लिए कई बैठकें कीं कि तेलंगाना जल वितरण में अन्याय का सामना न करे। संजय ने आंकड़े पेश करते हुए कहा कि अविभाजित आंध्र प्रदेश के पास कृष्णा जल का 811 टीएमसी था, लेकिन कांग्रेस ने तेलंगाना को 200 टीएमसी से अधिक उपयोग करने की अनुमति नहीं दी। गोदावरी नदी में तेलंगाना को 1,486 टीएमसी का हिस्सा था, लेकिन उसने 500 टीएमसी से कम ही उपयोग किया। उन्होंने एपी पुनर्गठन अधिनियम की धारा 89 का हवाला देते हुए कहा कि निर्माणाधीन या योजना में परियोजनाओं पर आपत्ति नहीं होनी चाहिए, लेकिन पीआरएलआई को अधिनियम से क्यों बाहर रखा गया और कांग्रेस नेताओं ने विरोध क्यों नहीं किया। उन्होंने बीआरएस को इसका खुलासा न करने का दोषी ठहराया। संजय ने कहा कि जल-साझा समझौते के तहत तेलंगाना को कृष्णा जल का 571 टीएमसी मिलना चाहिए था और आंध्र प्रदेश को 299 टीएमसी, लेकिन इसके विपरीत वितरण हुआ। उन्होंने कहा कि केसीआर, चंद्रबाबू नायुडू और हरिश राव ने इसे तत्कालीन केंद्रीय मंत्री उमा भारती की उपस्थिति में साइन किया।


दक्षिण मध्य रेलवे

हमें @SCRailwayIndia पर फॉलो करें. द.म. रेलवे की निविदा सूचनाओं के विवरणों को हमारी वेबसाइट : www.scr.indianrailways.gov.in पर देखा जा सकता है

**प्रारूप 10-01**
**सार्वजनिक अधिसूचना**

इसके द्वारा निम्न विवरित खण्ड के संपूर्ण खण्ड पर स्थित सभी रेलवे लाइनों के उपयोगकर्ताओं तथा परिसरों को, यह सूचना दी जाती है कि:

**विद्युतीकरण किया जानेवाला खण्ड या सेक्शनः** एलओसी से 11/8 (किमी/सीएच11/421.80) से 13/9 (किमी/सीएच13/367.70) एससी डिवीजन के एसटीबी/एसएसपी से फीडर वायर परिवर्तन या मोडिफिकेशन सहित मौजूदा लूप लाइन्स, शन्टिंग नेक व ओवर शूट लाइन के विस्तार के साथ सुल्तानाबाद पर प्रस्तावित यार्ड मोडिफिकेशन के ओएचइ का उर्जीकरण या एनर्जाइजेशन करना।
सुल्तानाबाद स्टेशन- एलओसी से 11/8 (किमी/सीएच11/421.80) से 13/9 (किमी/सीएच13/367.70) दक्षिण मध्य रेलवे के एससी या सिकंदराबाद डिवीजन के एसटीबी/एसएसपी से फीडर वायर परिवर्तन या मोडिफिकेशन सहित मौजूदा लूप लाइन्स, शन्टिंग नेक व ओवर शूट लाइन के विस्तार के साथ तत्संबंधित प्रस्तावित यार्ड मोडिफिकेशन के ओएचइ का उर्जीकरण या एनर्जाइजेशन के चलते उपरोक्त खण्ड में 25 केवी, 50एचजेड, ए.सी. ओवरहेड ट्रैक्शन वायरों को दि.**27-01-2026** को या इसके बाद उर्जावान अथवा एनर्जाइज किया जायेगा। अतः तत्संबंधित दिन में तथा उक्त प्रभावी तिथि से ओवरहेड ट्रैक्शन लाइनों को, सभी समय पर सक्रिय या लाइव माना जायेगा एवम् उपरोक्त ओवरहेड लाइन के परिसर में कोई भी अनधिकृत व्यक्ति को इसमें प्रवेश करने या कार्य करने की अनुमति नहीं होगी।

**प्रारूप 10-2**
**एसी 25केवी ट्रैक्शन का प्रारंभ**
**सडक इस्तेमाल करनेवालों को चेतावनी**

इसके द्वारा उपरोक्त खण्ड के मध्य 25केवी, 50एचजेड, ए.सी. इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन के प्रारंभ के बारे में, सभी आमजनता को अधिसूचित किया जाता है कि:

खण्डः रेल यात्रियों की ढुलाई हेतु दक्षिण मध्य रेलवे के एससी डिवीजन के एसटीबी/एसएसपी से फीडर वायर परिवर्तन या माडिफिकेशन सहित मौजूदा लूप लाइनें, शन्टिंग नेक एवं ओवर शूट लाइन के विस्तार के साथ सुल्तानाबाद पर प्रस्तावित यार्ड माडिफिकेशन या परिवर्तन के ओएचइ का उर्जीकरण या एनर्जाइजेशन कार्य।
सुल्तानाबाद स्टेशनः एलओसी 11/8 (किमी/सीएच 11/421.80) से 13/9 (किमी/सीएच13/367.70 तक।

**अत्यधिक उंचाई के भार के संपर्क में आने या सक्रिय ट्रैक्शन वायर के खतरनाक परिसर के संपर्क में आने से रोकने हेतु इसके दृष्टिगत सडक स्तर से उपर स्पष्टतम 4.78 मीटर्स की उंचाई सहित सभी लेवल क्रांसिग्स पर मौजूदा हाइट गेजेस लगाए गये हैं।**

अतः आम जनता को यह अधिसूचित किया जाता है कि, अपने अपने वाहनों या व्हिकल्स में लदान करते समय उपरोक्त निर्देशित उंचाई का पालन करें तथा इस पर ध्यान दें कि, वाहनों में लदान किया गया भार, किसी भी परिस्थिति में हाइट गेजेस का उल्लंघन कतई न करता हो।

**अत्यधिक उंचाई के भार के खतरे निम्न प्रकार हैः**
**हाइट गेज को खतरा तथा रेलवे लाइन के साथ साथ सडक पर अवरोध। वाहन में लदी हुई सामग्री या तत्संबंधित व्हीकल को खतरा। अग्नि का खतरा तथा कंडक्टर्स के खतरनाक परिसर में आने से जिंदगी को खतरा।**

ए2206 उप मुख्य बिजली अभियंता/गति शक्ति/सिकंदराबाद


# जीएचएमसी आयुक्त ने ईवीएम गोदाम का निरीक्षण किया



हैदराबाद, 8 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। जीएचएमसी आयुक्त ने गुरुवार को हैदराबाद के चूड़ी बाजार स्थित इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) भंडारण गोदाम का निरीक्षण किया और वहां की सुरक्षा तथा बुनियादी ढांचे की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा प्रोटोकॉल के कार्यान्वयन, चौबीसों घंटे निगरानी, पर्याप्त वेंटिलेशन तथा भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के सख्त अनुपालन पर विशेष ध्यान दिया गया। इसके अलावा, ईवीएम की सुरक्षा और अखंडता सुनिश्चित करने के लिए अग्नि सुरक्षा उपायों तथा बैकअप सिस्टम सहित निर्बाध विद्युत आपूर्ति की उपलब्धता की भी समीक्षा की गई।

# कांग्रेस नेताओं ने एमएलए यशस्विनी रेड्डी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई

हैदराबाद, 8 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। नगर पालिक चुनावों के नजदीक आते ही पलाकुर्ती विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी में आंतरिक असंतोष बढ़ गया है। पलाकुर्ती के असंतुष्ट कांग्रेस नेताओं ने कांग्रेस राज्य प्रभारी मीनाक्षी नटराजन से हैदराबाद में विधायक क्वार्टर में मिलकर पलाकुर्ती विधायक यशस्विनी रेड्डी और उनकी सास झांसी रेड्डी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। शिकायत करने वालों में थोरूर मार्केट चेयरमैन तिरुपति रेड्डी, पीएसी चेयरमैन काकिराला हरिप्रसाद, वरिष्ठ नेता किशोर रेड्डी और अन्य शामिल थे। नेताओं का आरोप था कि यशस्विनी रेड्डी और झांसी रेड्डी ने हाल के स्थानीय निकाय चुनावों में कुछ प्रमुख ग्राम पंचायतों में जीत हासिल नहीं की। असंतुष्ट नेताओं ने दावा किया कि उन्होंने अपनी मेहनत से 10 प्रमुख ग्राम पंचायतों में जीत हासिल की और पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत किया, फिर भी उन्हें पार्टी में उचित मान्यता नहीं दी जा रही।

### तेलंगाना में नकली दवाओं और ड्रग्स की तस्करी बढ़ी, कूरियर के जरिए हो रहा अवैध कारोबार

हैदराबाद, 8 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना में नकली दवाओं और मनोरोगी पदार्थों की तस्करी एक बड़ी चुनौती बनती जा रही है। दूसरे राज्यों से संगठित गिरोह नकली दवाएं और ड्रग्स बनाकर अवैध तरीके से तेलंगाना भेज रहे हैं। तेलंगाना ड्रग कंट्रोल एडमिनिस्ट्रेशन (टीडीसीए) के अनुसार, कूरियर सेवाओं के जरिए ड्रग्स की तस्करी में तेजी आई है। जून 2025 में अधिकारियों ने हयातनगर की एक कूरियर एजेंसी से 4.32 लाख रुपये की करीब 1.2 लाख अल्प्राजोलम गोलियां जब्त की थीं। जांच में पता चला कि ये दवाएं उत्तर प्रदेश से सामान्य पार्सलों में छिपाकर भेजी गई थीं।

इसी दिन मलकपेट के मूसा रामबाग इलाके के एक आवास से 5.21 लाख रुपये की अतिरिक्त ड्रग्स बरामद की गईं। इससे साफ हुआ कि तस्कर अब बिना लाइसेंस वाले घरों को वितरण केंद्र के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। टीजीडीसीए ने बताया कि राज्य में नकली दवाओं की तस्करी भी बढ़ रही है। हैदराबाद और सिकंदराबाद में मोंटेक-एलसी, लेविपिल 500 और रोसुवास एफ 10 व एफ 20 जैसी दवाओं की नकली प्रतियां पकड़ी गई हैं।

# पित्ती ट्रस्ट एवं अग्रवाल सेवा दल का 158वां निशुल्क मेगा मेडिकल कैंप 11 को

हैदराबाद, 8 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। बदरीविशाल पन्नालाल पित्ती ट्रस्ट एवं अग्रवाल सेवा दल द्वारा अग्रवाल समाज मलकपेट शाखा के सहयोग से 158वां निशुल्क मेगा मेडिकल कैंप रविवार 11 जनवरी को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक संतोषनगर इंद्राप्रस्थ कॉलोनी स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में आयोजित किया जा रहा है। अग्रवाल सेवा दल के अजीत गुप्ता द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, किम्स सनशाइन हॉस्पिटल बेगमपेट द्वारा जनरल फिजिशियन, कार्डियोलॉजी, हड्डी रोग विशेषज्ञ, ईसीजी, 2डी इको, बीएमडी, बीपी जांच.आरबीएस की सेवा दी जाएगी। शिविर में रेनबो चिल्ड्रन्स हार्ट के विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे। साथ ही इंस्टीट्यूट अवसर पर लायंस क्लब ऑफ हैदराबाद साधुराम आई हॉस्पिटल, दोमलगुडा द्वारा रोगियों के नेत्रों की जांच कर निशुल्क चश्मे तथा मोतियाबिंद के ऑपरेशन की व्यवस्था की जाएगी।

अवसर पर सामान्य जांच डॉ. अखिल क्लिनिक के जनरल फिजिशियन डॉ. अखिल सुगंधी और डॉ. मीनल खिरैया सुगंधी द्वारा दी जाएगी। दांतों की जांच एसएनआर डेंटल के डॉ.एस. तेजस्वी नवनीत राज द्वारा की जाएगी। फिजियोथैरेपी की सेवा बजाज फिजियो केयर की डॉ.मीता बजाज द्वारा दी जाएगी। शिविर में श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति द्वारा एक रोगी को कृत्रिम अंग व रोगियों के लिए निशुल्क डायलिसिस की सेवा दी जाएगी। इसके लिए रोगी को अपने पूर्व के चिकित्सा रिपोर्ट लानी होगी ताकि उनको सही परामर्श दिया जा सके। यह शिविर सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक होगा, लेकिन शिविर में नाम पंजीकरण दोपहर 12 बजे तक ही किया जाएगा। शिविर के लिए संयोजक प्रदीप अग्रवाल, सुधीर गुप्ता, सुरेन्द्र गोयल, पंकज कुमार संघी, प्रदीप बंसल, श्याम सुन्दर अग्रवाल, राबिया से संपर्क किया जा सकता है।



कृष्ण गोपाल सेवा समिति की तरफ से वृद्धाश्रम में केक काटकर जनमदिन मनाकर भोजन की व्यवस्था की गई। इसका नेतृत्व अध्यक्ष कपिल कुमार अग्रवाल सचिव सचिन अग्रवाल संयुक्त सचिव मनोजगुप्ता ईसी सदस्य सिद्धार्थ पालचम सुनील सुरेश ने किया।


स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# तिलक वर्मा की सर्जरी : न्यूजीलैंड सीरीज से बाहर

## टी-20 वर्ल्डकप की टीम में भी शामिल हैं, एशिया कप में भारत को चैंपियन बनाया था

मुंबई, 8 जनवरी (एजेंसियां)। एशिया कप 2025 के फाइनल में भारत को चैंपियन बनाने वाले तिलक वर्मा की सर्जरी हुई है। पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार, तिलक न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली पांच मैचों की टी-20 सीरीज से बाहर हो गए हैं, जो 21 जनवरी से शुरू होगी। हालांकि, इस मामले में बीसीसीआई ने अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है।

एशिया कप फाइनल में तिलक ने नाबाद 69 रन की शानदार पारी खेली थी और भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। उनकी चोट को टी-20 वर्ल्ड कप से पहले भारतीय टीम के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। वर्ल्ड कप के शुरुआती एक-दो मैचों में भी उनके खेलने पर संदेह बना हुआ है।



**टेस्टिकुलर टॉर्शन की समस्या**

7 जनवरी की सुबह राजकोट में नाश्ता करने के बाद तिलक को शरीर के निचले हिस्से में अचानक तेज दर्द हुआ। इसके बाद उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां जांच के बाद उनकी सर्जरी की गई।

उस समय तिलक विजय हजारे ट्रॉफी के लिए हैदराबाद टीम के साथ राजकोट में थे। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने पीटीआई को बताया कि दर्द के बाद उन्हें तुरंत गोकुल अस्पताल ले जाया गया।

जांच और स्कैन में पता चला कि तिलक को टेस्टिकुलर टॉर्शन की समस्या हुई थी, जिसमें अचानक बहुत तेज दर्द होता है। डॉक्टरों ने बिना देरी किए सर्जरी की सलाह दी।

**तिलक की सर्जरी सफल रही**

हमने अपने विशेषज्ञ डॉक्टरों से सलाह ली और वे भी सर्जरी के फैसले से सहमत थे। तिलक की सर्जरी सफल रही है और अब उनकी हालत ठीक है।

उन्होंने आगे बताया कि मेडिकल पैनल से चर्चा के बाद तिलक की रिकवरी और मैदान पर वापसी के संभावित समय को लेकर जैसे ही कोई जानकारी मिलेगी, उसे साझा किया जाएगा।

**यही टीम टी-20 वर्ल्ड कप में भी खेलेगी**

न्यूजीलैंड के खिलाफ चुनी गई भारतीय टीम को ही टी-20 वर्ल्ड कप के लिए भी चुना गया है। टी-20 वर्ल्ड कप की शुरुआत 7 फरवरी को कोलंबो में होगी, जहां पहला मैच पाकिस्तान और नीदरलैंड के बीच खेला जाएगा। इसी दिन भारतीय टीम अपना पहला मुकाबला USA के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में खेलेगी।

टूर्नामेंट का फाइनल 8 मार्च 2026 को खेला जाएगा, जबकि फाइनल का वेन्यू बाद में घोषित किया जाएगा।

# ऋतुराज गायकवाड़ ने तोड़ा बाबर आजम का वर्ल्ड रिकॉर्ड, ठोका हैरतअंगेज शतक

जयपुर, 8 जनवरी (एजेंसियां)। कहते हैं एक खिलाड़ी की ताकत का असली पता मुश्किल हालातों में ही चलता है. विजय हजारे ट्रॉफी में ऋतुराज गायकवाड़ ने एक बार फिर से अपनी उसी क्षमता का लोहा मनवाया है. उन्होंने अपनी कप्तानी में गोवा के खिलाफ मुकाबले में महाराष्ट्र के लिए हैरतअंगेज शतक जड़ा है. कप्तानी पारी खेलते हुए उन्होंने गोवा के खिलाफ अपना शतक ऐसे वक्त में जमाया जब महाराष्ट्र की आधी टीम सिर्फ 52 रन पर पवेलियन लौट चुकी थी. गायकवाड़ ने शतक से महाराष्ट्र की टीम को सम्मानजनक स्कोर तक तो पहुंचाया ही साथ एक बाबर आजम के वर्ल्ड रिकॉर्ड को तोड़ने का भी काम किया.

ऋतुराज गायकवाड़ ने गोवा के खिलाफ 131 गेंदों का सामना करते हुए 134 रन बनाए. इस दौरान




उन्होंने 8 चौके और 6 छक्के लगाए. ये विजय हजारे ट्रॉफी के मौजूदा सीजन में पिछले 4 मैचों में उनका ती फिफ्ट प्लस स्कोर है. इससे पहले पिछली 3 पारियों में उन्होंने 124 रन, 66 रन और 22 रन स्कोर किए हैं. ये उनके लिस्ट ए करियर का 20वां शतक है. लिस्ट ए करियर में उनके अर्धशतक से ज्यादा शतक हैं.

उन्होंने 19 अर्धशतक जमाए हैं. ऋतुराज गायकवाड़ ने इसी इनिंग के दौरान लिस्ट ए क्रिकेट में अपने 5000 रन पूरे किए.

**ऋतुराज गायकवाड़ ने तोड़ा बाबर आजम का वर्ल्ड रिकॉर्ड**

लिस्ट ए क्रिकेट में 5000 रन की उपलब्धि को हासिल करने वाले ऋतुराज दुनिया के सबसे तेज बल्लेबाज बन गए हैं. लिस्ट ए क्रिकेट में ये वर्ल्ड रिकॉर्ड पहले बाबर आजम के नाम था. पाकिस्तान के बाबर आजम ने लिस्ट ए में अपने 5000 रन 97 पारी खेलकर बनाए थे. लेकिन, ऋतुराज गायकवाड़ ने ये रिकॉर्ड बाबर से 2 इनिंग कम खेलकर ही अपने नाम कर लिया. उन्होंने 95वीं इनिंग में अपने 5000 रन लिस्ट ए में पूरे किए हैं.

विजय हजारे ट्रॉफी में गोवा के खिलाफ महाराष्ट्र की टीम पहले बल्लेबाजी करने उतरी थी. लेकिन, उसकी शुरुआत उम्मीद के मुताबिक नहीं रही. सिर्फ 52 रन पर ही महाराष्ट्र के 6 बल्लेबाज आउट हो गए. ऐसे में टीम के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने एक छोर को ना सिर्फ संभाला बल्कि जुझारू पारी खेलकर शतक भी जमाया. उनके शतक की बदौलत महाराष्ट्र 50 ओवर में 7 विकेट पर 249 रन बनाने में कामयाब रही.

# निकाला नहीं, खुद छोड़ा : बीपीएल से हटाए जाने की अफवाहों पर रिद्धिमा पाठक ने तोड़ी चुप्पी

ढाका, 8 जनवरी (एजेंसियां)। भारत और बांग्लादेश के बीच खेल जगत में तनाव बढ़ता जा रहा है. बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने भारतीय एंकर रिद्धिमा पाठक को बीपीएल से हटाने का फैसला किया है. ये निर्णय क्रिकेट फैंस के बीच चर्चा का विषय बन गया. अब रिद्धिमा पाठक ने उन्हें निकाले जाने की अफवाहों पर चुप्पी तोड़ी और बताया कि उन्हें हटाया नहीं गया था, बल्कि उन्होंने खुद ही बांग्लादेश प्रीमियर लीग को अलविदा कह दिया.



भारतीय स्पोर्ट्स प्रेजेंटर रिद्धिमा पाठक ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट डालते हुए बताया उन्हें बीपीएल से नहीं हटाया गया है. उन्होंने अपने देश को सबसे आगे रखते हुए खुद बांग्लादेश प्रीमियर लीग होस्ट करने से इनकार कर दिया. उन्होंने पोस्ट में लिखा, 'पिछले कुछ घंटों में ये अफवाहें सामने आ रही हैं कि मुझे बीपीएलसे निकाला गया. ये सत्य नहीं है. मैंने निजी तौर पर खुद हटने का फैसला किया. मेरे लिए अपना देश सबसे पहले आता है.' उन्होंने आगे कहा, 'मैं क्रिकेट का खेल के रूप में सम्मान करती हूं. मुझे सालों से इस खेल के साथ सम्मान और ईमानदारी से काम करने का मौका मिला है. ये चीज नहीं बदलेगी. मैं इस खेल की अखंडता, सम्मान और भावना के लिए खड़ी रहूंगी. उन सभी लोगों को धन्यवाद, जो सपोर्ट के लिए सामने आए. आपका मैसेज मेरे लिए काफी मायने रखता है. क्रिकेट सच्चाई का हकदार है. मेरी तरफ से और कोई कमेंट नहीं आएगा.'

मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल 2026 से निकाल दिया गया. बीसीसीआई के आदेश के बाद केकेआर ने उन्हें टीम से बाहर कर दिया. बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने इसके बाद भारत आकर टी20 वर्ल्ड कप खेलने से इनकार कर दिया और सुरक्षा को असली कारण बताया. बांग्लादेश सरकार ने आईपीएल के प्रसारण को अपने देश से बैन कर दिया.

# सरफराज खान ने 15 गेंदों में जड़ी तूफानी फिफ्टी



जयपुर, 8 जनवरी (एजेंसियां)। मुंबई के बैटर सरफराज खान लिस्ट ए में सबसे तेज फिफ्टी लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। गुरुवार को विजय हजारे ट्रॉफी में पंजाब के खिलाफ 15 बॉल पर हाफ सेंचुरी पूरी की। हालांकि, अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। सरफराज खान ने पंजाब के खिलाफ 217 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 20 गेंद में 62 रन की आतिशी पारी खेली। उन्होंने तीसरे पायदान पर 310 के स्ट्राइक रेट से पंजाब के खिलाफ रन बनाए। मुंबई के लिए तीसरे पायदान पर बल्लेबाजी करते हुए सरफराज खान ने 15 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा कर लिया। इसके साथ ही सरफराज लिस्ट ए क्रिकेट में सबसे तेज अर्धशतक जड़ने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए।

सरफराज ने लिस्ट ए क्रिकेट में सबसे तेज अर्धशतक जड़ने का भारतीय रिकॉर्ड अभिजीत काले और अतीत सेठ को पछाड़कर अपने नाम किया। काले ने साल 1995 में महाराष्ट्र की ओर से खेलते हुए बड़ौदा के खिलाफ और अतीत सेठ ने 2021 में बड़ौदा के लिए खेलते हुए छत्तीसगढ़ के खिलाफ 16-16 गेंद में अर्धशतक जड़ा था।

# नाबालिग शूटर से रेप, आरोपी नेशनल कोच सस्पेंड

फरीदाबाद, 8 जनवरी (एजेंसियां)। हरियाणा के फरीदाबाद की एक नाबालिग शूटर ने कोच पर रेप का आरोप लगाया है। शूटर का कहना है कि कोच ने उसकी परफॉर्मेंस पर बात करने के बहाने फरीदाबाद की फाइव स्टार होटल के रूम में बुलाकर उसके साथ रेप किया। इस घटना के बारे में किसी को बताने पर उसका करियर खत्म करने की भी धमकी दी। नाबालिग करीब 21 दिनों तक सदमे में रही। इसके बाद उसने हिम्मत जुटाकर अपनी मां को पूरी घटना बताई। 6 जनवरी को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। फरीदाबाद पुलिस ने पॉक्सो एक्ट में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले में होटल के स्टाफ से भी पूछताछ की जा रही है।

उधर, मामले में संज्ञान लेते हुए नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने आरोपी कोच अंकुश भारद्वाज को सस्पेंड कर दिया है। एसोसिएशन का कहना है कि जब तक जांच पूरी नहीं होगी, अंकुश



सस्पेंड रहेंगे।

शूटिंग प्रतियोगिता चल रही थीः नोएडा की एक कॉलोनी की रहने वाली नाबालिग शूटर ने 6 जनवरी को फरीदाबाद के एनआईटी महिला पुलिस स्टेशन में कोच अंकुश भारद्वाज के खिलाफ रेप की शिकायत दी। उन्होंने आरोप लगाया कि 16 दिसंबर को दिल्ली की डा. करणी सिंह शूटिंग रेंज में एक नेशनल लेवल की शूटिंग प्रतियोगिता चल रही थी।

होटल के रूम में बुलायाः पीड़ित की मां के अनुसार, इस प्रतियोगिता में उनकी 17 वर्षीय बेटी ने भी पार्टिसिपेट किया था। पहले तो शूटिंग रेंज में सब कुछ ठीक रहा, लेकिन मैच खत्म होने के बाद अंकुश ने बेटी को शूटिंग रेंज में ही रुकने के लिए कहा। बेटी का मैच सुबह साढ़े 10 बजे से था।

गेम में सुधार के बहाने बुलायाः इसके बाद कोच शूटिंग रेंज में नहीं आया। उसने बेटी को फोन कर फरीदाबाद के सूरजकुंड स्थित एक फाइव स्टार होटल में बुलाया। कोच का कहना था कि स्पोर्ट में बेटी की एंड्यूरेंस और स्किल को लेकर कुछ बात करनी है। इससे उसके गेम में सुधार होगा। इसके बाद बेटी अपने करियर को लेकर बिना कुछ सोचे ही कैब बुक कर होटल में कोच से मिलने चली गई। करियर खत्म करने की धमकी दीः महिला ने बताया कि जब बेटी होटल की बालकनी में पहुंची तो कोच उसे कमरे में चलने के लिए कहने लगा। रूम में बैक क्रेक करने के बहाने उसके साथ रेप किया। विरोध करने पर आरोपी कोच अंकुश बेटी को उसका करियर खत्म करने और परिवार को नुकसान पहुंचाने की धमकी देने लगा।

# ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 5 विकेट से हराया

## एशेज सीरीज 4–1 से जीता; उस्मान ख्वाजा का आखिरी इंटरनेशनल मैच

सिडनी, 8 जनवरी (एजेंसियां)। एशेज सीरीज 2025–26 के सिडनी में खेले गए पांचवें और आखिरी टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 5 विकेट से हराकर सीरीज 4–1 से अपने नाम कर ली। इंग्लैंड ने दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया के सामने 160 रन का लक्ष्य रखा था, जिसे मेजबान टीम ने पांचवें दिन टी ब्रेक से पहले ही हासिल कर लिया। वहीं उस्मान ख्वाजा ने अपने करियर का आखिरी टेस्ट खेला। ख्वाजा ने सिडनी टेस्ट से पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया था।

मैच के अंतिम दिन इंग्लैंड ने 8 विकेट पर 302 रन से आगे खेलना शुरू किया, लेकिन पूरी टीम 342 रन पर ऑलआउट हो गई। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 160 रन का टारगेट मिला।

इससे पहले इंग्लैंड ने पहली पारी में 384 रन बनाए थे, जिसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 567 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया और



183 रन की बढ़त हासिल की। ऑस्ट्रेलिया की इस पारी में स्टीव स्मिथ और ट्रैविस हेड ने शतक जमाए।

**हेड प्लेयर ऑफ मैच, स्मिथ प्लेयर ऑफ द सीरीज**

ट्रैविस हेड प्लेयर ऑफ द मैच रहे। उन्होंने 163 रनों की पारी खेली थी। वहीं, मिचेल स्टार्क प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे। उन्होंने इस सीरीज में सर्वाधिक 31 विकैट लिए। उनके अलावा कोई भी गेंदबाज 25 विकेट तक नहीं पहुंच पाया। ब्रायडन क्रॉस 22 विकेट के साथ दूसरे स्थान पर रहे। स्टार्क ने इस सीरीज में सर्वाधिक 153.1 ओवर डाले, जिसमें उनका औसत सबसे कम 19.93 का रहा।

**121 रन तक ऑस्ट्रेलिया ने 5 विकेट खो दिए थे**

लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत खराब रही। टीम ने 121 रन तक पहुंचते-पहुंचते 5 विकेट गंवा दिए। मार्नस लाबुशेन 37 रन बनाकर रनआउट हुए। जेक वेदराल्ड ने 40 गेंदों में 34 रन बनाए।

**ख्वाजा 6 रन बना कर आउट**

यह टेस्ट मैच ऑस्ट्रेलियाई ओपनर उस्मान ख्वाजा के करियर का आखिरी टेस्ट था। उन्होंने दूसरी पारी में सिर्फ 6 रन बनाकर आउट हो गए और टीम ने 119 रन पर चौथा विकेट गंवाया। ख्वाजा के आउट होते ही सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में मौजूद दर्शक खड़े होकर तालियां बजाने लगे। स्टैंड में मौजूद उनका परिवार भावुक नजर आया। पवेलियन लौटते समय उस्मान ख्वाजा ने मैदान पर सजदा किया, जिसने इस पल को और भी यादगार बना दिया।

**चौथे दिन रूट-ब्रुक के बीच नाबाद शतकीय साझेदारी**

सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में खेले जा रहे पांचवें और आखिरी टेस्ट के चौथे दिन ऑस्ट्रेलिया की टीम पहली पारी में 567 रन पर ऑलआउट हो गई। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी के आधार पर 183 रन की बढ़त हासिल की। इससे पहले इंग्लैंड की टीम अपनी पहली पारी में 384 रन पर सिमट गई थी।

# पाकिस्तान ने श्रीलंका को 6 विकेट से हराया

## साहिबजादा फरहान की फिफ्टी, सलमान मिर्जा और अबरार ने 3-3 विकेट लिए

दाम्बाला, 8 जनवरी (एजेंसियां)। पाकिस्तान ने श्रीलंका को पहले टी-20 में 6 विकेट से हरा दिया। दाम्बाला में पहले बैटिंग करते हुए होम टीम 128 रन पर ही ऑलआउट हो गई। पाकिस्तान ने 16.4 ओवर में 4 ही विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। साहिबजादा फरहान ने फिफ्टी लगाई। वहीं सलमान मिर्जा और अबरार अहमद ने 3-3 विकेट लिए।

**श्रीलंका ने 50 रन के अंदर 4 विकेट गंवाए**

रंगिरी स्टेडियम में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। श्रीलंका ने तीसरे ओवर में कमिल मिशारा का विकेट गंवा दिया, वे खाता भी नहीं खोल सके। 38 रन तक टीम के 4 विकेट गिर गए। पाथुम निसांका 12, विकेटकीपर कुसल मेंडिस 14 और धनंजय डी सिल्वा 10 रन बनाकर आउट हो गए।

जनिथ लियानागे ने फिर श्रीलंका को संभाला। उनके सामने चरिथ असलंका 18 और वनिंदू



हसरंगा 18 रन बनाकर आउट हो गए। लियानागे 40 रन बनाकर आउट हुए। उनके विकेट के बाद के बाद टीम ने 1 रन बनाने में आखिरी 3 विकेट गंवा दिए। टीम 4 गेंद बाकी रहते हुए 128 रन पर सिमट गई।

**मोहम्मद नवाज ने सबसे ज्यादा रन दिए**

पाकिस्तान के लिए सलमान मिर्जा ने 18 रन और अबरार अहमद ने 25 रन देकर 3-3 विकेट लिए। मोहम्मद वसीम जूनियर और लेग स्पिनर शादाब खान को 2-2 विकेट मिले। फहीम अशरफ 1 ओवर में 10 रन देकर कोई विकेट नहीं ले सके। वहीं मोहम्मद नवाज ने 4 ओवर में 40 रन दे दिए, उन्हें भी कोई विकेट नहीं मिला।

**पाकिस्तान की मजबूत शुरुआत**

129 रन के टारगेट के सामने पाकिस्तान ने पावरप्ले में ही तेज शुरुआत कर दी और फिफ्टी बना ली। सईम अयूब 18 गेंद पर 24 रन बनाकर आउट हुए। कप्तान सलमान आगा ने फिर 11 गेंद पर 16 रन बनाए और टीम को 100 के करीब पहुंचाया। साहिबजादा फरहान ने फिफ्टी लगाई, लेकिन वे 51 रन बनाकर आउट भी हो गए।

फखर जमान 5 ही रन बना सके। टीम ने 106 रन तक 4 विकेट गंवा दिए। आखिर में विकेटकीपर उस्मान खान और शादाब खान ने पार्टनरशिप की और टीम को 17वें ओवर में जीत दिला दी। श्रीलंका से महीश तीक्षणा, दुष्मंथा चमीरा, वनिंदू हसरंगा और धनंजय डी सिल्वा ने 1-1 विकेट लिया।

**1-0 से आगे हुआ पाकिस्तान**

पहला मैच जीतकर पाकिस्तान ने टी-20 सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। दूसरा मैच 9 जनवरी और तीसरा 11 जनवरी को खेला जाएगा। सभी मुकाबले दाम्बुला में ही होंगे। टी-20 वर्ल्ड कप शुरू होने से पहले यह टी-20 सीरीज दोनों ही टीमों के लिए अहम है। वर्ल्ड कप 7 फरवरी से भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा।

# एशियन इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम घोषित

नई दिल्ली, 8 जनवरी (एजेंसियां)। भारत के दो बार के एशियन इंडोर चैंपियन और पुरुष शॉटपुट खिलाड़ी तजिंदरपाल सिंह तूर 12वीं एशियन इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे। यह प्रतियोगिता 6 से 8 फरवरी तक तियानजिन (चीन) में आयोजित होगी।

एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने गुरुवार को इस भारतीय दल की घोषणा की, जिसमें उभरते हुए शॉटपुट खिलाड़ी समरदीप सिंह गिल को भी शामिल किया गया है।

31 साल के तजिंदरपाल सिंह तूर ने तेहरान (ईरान) में आयोजित 11वीं एशियन इंडोर



चैंपियनशिप में 19.72 मीटर के थ्रो के साथ गोल्ड मेडल जीता था। उनका राष्ट्रीय आउटडोर रिकॉर्ड 21.77 मीटर है, जो उन्होंने 2023 में भुवनेश्वर (ओडिशा) में बनाया था।

इसके अलावा, तूर कजाकिस्तान के नूर-सुल्तान में हुई। तूर 10वीं एशियन इंडोर चैंपियनशिप के भी विजेता रह चुके हैं। वह दो बार एशियन गेम्स के गोल्ड मेडल विजेता भी हैं।

**अन्य प्रमुख खिलाड़ी**

पुरुष वर्ग में लॉन्ग जंपर शहनवाज खान और अनुभवी ट्रिपल जंपर प्रवीण चित्रावेल चीन में इस प्रतियोगिता के जरिए अपने 2026 सीजन की शुरुआत करेंगे। तेजस्विन शंकर (हेप्टाथलॉन) और मणिकांत होब्लीधर (60 मीटर दौड़) भी टीम के प्रमुख नामों में शामिल हैं। महिला वर्ग में देश की शीर्ष स्प्रिंटर नित्या गांधे और अभिनया राजराजन 60 मीटर दौड़ में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।मौमिता मंडल 60 मीटर बाधा दौड़ के साथ-साथ लॉन्ग जंप में भी हिस्सा लेंगी।

# एसए20 में प्रिटोरिया ने डरबन को15 रन से हराया: शाई होप की टी-20 करियर की पहली सेंचुरी; लुंगी एनगिडी ने टूर्नामेंट की पहली हैट्रिक ली

खेल डेस्क, 8 जनवरी (एजेंसियां)। एसए20 टी-20 लीग में किंग्समीड स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में प्रिटोरिया कैपिटल्स ने डरबन सुपर जायंट्स को 15 रन से हरा दिया।

शाई होप के शतक और लुंगी एनगिडी की हैट्रिक की बदौलत डरबन 202 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 186 रन पर सिमट गई।

**शाई होप ने टी-20 करियर का पहला शतक जड़ा**

टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला करने वाली डरबन सुपर जायंट्स के खिलाफ प्रिटोरिया कैपिटल्स ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 201 रन बनाए। ओपनर शाई होप और कॉनर



एस्टरहुइजन के बीच पहले विकेट के लिए 101 रन की साझेदारी हुई।

एस्टरहुइजन ने 28 गेंदों पर 37 रन बनाए, जबकि वेस्टइंडीज के विकेटकीपर-बल्लेबाज शाई होप ने टी-20 करियर का पहला शतक जड़ा। होप 69 गेंदों पर 118 रन बनाकर नाबाद रहे। उनकी पारी में 9 चौके और 9 छक्के शामिल रहे। यह SA20 लीग का अब तक का सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर है।

**एसए20 में पहला 'रिटायर्ड आउट**

होप ने इसके बाद रोस्टन चेस के साथ 85 रन जोड़े। अंतिम ओवरों में तेजी लाने के लिए चेस को रणनीतिक रूप से 'रिटायर्ड आउट' किया गया। SA20 लीग के इतिहास में यह पहला मौका था जब किसी बल्लेबाज को रिटायर्ड आउट किया गया।

**बटलर की जुझारू पारी, लेकिन साथ नहीं मिला**

202 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी डरबन की शुरुआत खराब रही। 10 ओवर में टीम 90 रन पर 3 विकेट गंवा चुकी थी। मार्केस एकरमैन (27), केन विलियमसन (12) और एडन मार्करम (16) अच्छी शुरुआत के बाद आउट हो गए।इंग्लैंड के जोस बटलर ने नंबर-3 पर उतरकर एक छोर संभाले रखा और 52 गेंदों पर नाबाद 97 रन बनाए। उन्होंने 9 चौके और 5 छक्के लगाए, लेकिन दूसरे छोर से कोई ठोस साझेदारी नहीं मिल सकी।

**लुंगी एनगिडी की ऐतिहासिक हैट्रिक**

18वें ओवर में लुंगी नगिदी ने डेविड वाइसे, सुनील नारायण और गेराल्ड कोएट्जी को लगातार तीन गेंदों पर आउट कर SA20 की पहली हैट्रिक ली। इससे डरबन की जीत की उम्मीदें लगभग खत्म हो गईं।आखिरकार टीम 186 रन पर ऑलआउट हो गई। बटलर 97 रन पर नाबाद लौटे और शतक से चूक गए।


# गरीबों और अल्पसंख्यकों के मतदान अधिकारों पर निशाना : रेवंत रेड्डी

> मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर मुख्यमंत्री का बड़ा आरोप

हैदराबाद, 8 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार विशेष गहन पुनरीक्षण (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन-एसआईआर) के नाम पर गरीबों और अल्पसंख्यकों के मतदान अधिकार छीनने का प्रयास कर रही है।

हैदराबाद के गांधी भवन में टीपीसीसी की बैठक को संबोधित करते हुए रेवंत रेड्डी ने कहा, यदि गरीबों का मतदान अधिकार समाप्त हो गया, तो उन्हें राशन कार्ड, आधार कार्ड और कल्याणकारी योजनाओं से भी वंचित कर दिया जाएगा। एसआईआर के नाम पर मतदाता सूची के शुद्धिकरण के पीछे एक बड़ी साजिश है। मनरेगा के स्थान पर नया रोजगार अधिनियम लाने को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की 140 करोड़ आबादी में से 80 प्रतिशत लोग कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू की गई रोजगार गारंटी योजना के लाभार्थी थे। अब मोदी सरकार नीति बदलकर गरीबों को परेशान कर रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि 2024 के लोकसभा चुनावों के दौरान भाजपा ने 400 सीटें जीतने पर संविधान बदलने की साजिश रची थी। रेवंत रेड्डी ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी और



मल्लिकार्जुन खड़गे ने देशभर का दौरा कर जनता को सतर्क किया और कांग्रेस ने देश को अदाणी और अंबानी के हाथों में सौंपे जाने से भी रोका। उन्होंने आरोप लगाया, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना ने गरीबों के आत्मसम्मान को बढ़ाया है। तेलुगु राज्य इस योजना की शुरूआत और प्रभावी क्रियान्वयन का केंद्र बने। रोजगार गारंटी योजना में ऐसे बदलाव किए गए ताकि अंबानी और अडानी समूह कम मजदूरी पर श्रमिकों को नियुक्त कर सकें। इसके पीछे प्रधानमंत्री मोदी और कॉर्पोरेट कंपनियों की बड़ी साजिश है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि मोदी सरकार द्वारा लाई गई वीबी-जी रामजी (विकसित भारत-रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन) योजना के नाम को लेकर भी भ्रम है। उन्होंने सवाल किया, देश में विकसित भारत कहां है? और कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना बहाल होने तक कांग्रेस संघर्ष करती रहेगी। रेवंत रेड्डी ने पार्टी नेताओं से 20 से 30 जनवरी के बीच सभी गांवों में ग्राम सभाएं आयोजित कर नए कानून के खिलाफ प्रस्ताव पारित करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि सभी निर्वाचन क्षेत्रों में विधायकों को जिम्मेदारी लेनी होगी और मंत्रियों को भी अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में जिम्मेदारी निभानी होगी। प्रत्येक मंडल (ब्लॉक) के लिए एक प्रभारी नियुक्त करने के निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वह स्वयं भी एक मंडल की जिम्मेदारी लेंगे। मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी को मुलुगु में आयोजित होने वाली एक विशाल जनसभा में आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी 3 फरवरी से राज्य के 9 जिलों में जनसभाएं आयोजित करेगी और आगामी नगरपालिका चुनावों में पार्टी कार्यकर्ताओं को विजय दिलाने की जिम्मेदारी नेताओं की होगी। रेवंत रेड्डी ने कहा कि कांग्रेस ने हाल ही में हुए ग्राम पंचायत चुनावों में 66 प्रतिशत सीटें जीती हैं और अब नगरपालिका चुनावों में भी पार्टी ने बड़ी जीत दर्ज की है।

उन्होंने कहा कि चूंकि कांग्रेस ने उन्हें तेलंगाना का मुख्यमंत्री बनाया है, इसलिए वह कांग्रेस की जीत के लिए घर-घर जाकर प्रचार करने के लिए भी तैयार हैं। अंत में उन्होंने कहा, इस निर्णायक समय में राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाया जाना चाहिए। तेलंगाना राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए उनके साथ खड़ा रहेगा और मोदी को हराकर राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए सभी को कड़ी मेहनत करनी होगी।

# जीएचएमसी मेयर और पार्षदों ने राजकोट नगर निगम का दौरा किया

## विभिन्न क्षेत्रों का विस्तृत फील्ड निरीक्षण किया

हैदराबाद, 8 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। आधिकारिक अध्ययन दौरे के तहत ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी ) की मेयर गदवाल विजयलक्ष्मी, उपमेयर मोथे श्रीलता शोभन रेड्डी तथा जीएचएमसी पार्षदों की एक टीम ने बुधवार और गुरुवार को गुजरात के सौराष्ट्र क्षेत्र स्थित राजकोट नगर निगम (आएमसी) का दौरा किया। इस दौरे के दौरान जीएचएमसी प्रतिनिधिमंडल ने राजकोट नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। अधिकारियों ने शहर के प्रशासनिक मॉडल, प्रशासनिक दक्षता तथा जमीनी स्तर पर लागू की जा रही प्रमुख सर्वोत्तम प्रथाओं पर व्यापक प्रस्तुतियां दीं। इन प्रस्तुतियों में स्वच्छता, ठोस कचरा प्रबंधन, नागरिक सेवाएं, ई-गवर्नेंस पहल, शहरी हरियाली, पर्यावरण संरक्षण तथा दीर्घकालिक विकास योजना जैसे विषय शामिल थे। इसके बाद पार्षदों ने इन प्रथाओं को प्रत्यक्ष रूप से समझने के लिए राजकोट शहर के विभिन्न क्षेत्रों का विस्तृत फील्ड निरीक्षण किया। एक महत्वपूर्ण अवलोकन यह था कि शहर में फ्लेक्स बैनर और फ्लेक्स-आधारित होर्डिंग्स नहीं हैं, जिससे शहरी वातावरण अव्यवस्थित होने से बचा हुआ है। प्रतिनिधिमंडल ने यह भी देखा कि सभी पौधों के लिए व्यवस्थित रूप से ट्री गार्ड लगाए गए हैं तथा सार्वजनिक सुरक्षा बढ़ाने के लिए सभी विद्युत ट्रांसफार्मरों के चारों ओर सुरक्षात्मक ग्रिल लगाए गए हैं।

घरेलू कचरा संग्रह को लेकर राजकोट की प्रणाली ने विशेष ध्यान आकर्षित किया। जीएचएमसी के विपरीत, जहां स्वच्छ ऑटो के माध्यम से अलग से 100 रुपए मासिक यूजर चार्ज वसूला जाता है, राजकोट में ठोस कचरा संग्रह शुल्क को संपत्ति कर में ही शामिल किया गया है। इस मॉडल के तहत आवासीय संपत्तियों पर 350 रुपए और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर 730 रुपए का वार्षिक शुल्क संपत्ति कर के साथ लिया जाता है।

# जूपल्ली ने अवैध शराब और गांजा के खिलाफ़ सख़्त कार्रवाई के निर्देश दिए

## मंत्री ने नए साल के कैलेंडर का अनावरण किया



हैदराबाद, 8 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। आबकारी मंत्री जुपल्ली कृष्णा राव ने कहा कि उनके विभाग के अधिकारी पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम करें और तय लक्ष्यों को हासिल करें। उन्होंने गुरुवार को रवींद्र भारती में आयोजित कार्यक्रम में तेलंगाना निषेध एवं आबकारी राजपत्रित अधिकारियों के नए साल के कैलेंडर का अनावरण किया। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि अधिकारियों का मुख्य कर्तव्य अवैध शराब और मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी रोक लगाना है। उन्होंने जमीनी स्तर पर लगातार निरीक्षण करने और नियमों के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही सरकार की शराब नीति को ईमानदारी से लागू करते हुए राज्य के राजस्व में वृद्धि के लिए काम करने को कहा। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि वे नशे और मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के बारे में लोगों को जागरूक करें और सार्वजनिक स्वास्थ्य की रक्षा में योगदान दें। उन्होंने नशे के ख़िलाफ बिना समझौते के लड़ाई पर जोर दिया।

# कार डिवाइडर से टकराई 4 छात्रों की मौत

हैदराबाद, 8 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के रंगा रेड्डी जिले के चेवेल्ला इलाके में बधुवार देर रात एक तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में आईसीएफएआई बिजनस स्कूल के चार छात्रों की मौत हो गई। हादसे में एक छात्रा घायल है। इसकी हालत गंभीर है।

पुलिस के मुताबिक कार डिवाइडर से टकराने के बाद पेड़ में घुस गई। पुलिस ने बताया का हादसा रात करीब 1:30 बजे मोकीला थाना क्षेत्र में हुआ। सभी छात्र दोस्त की जन्मदिन की पार्टी से लौट रहे थे।

# भाजपा साम्राज्यवादी ताकतों से भी ज्यादा खतरनाक : भट्टी

हैदराबाद, 8 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान महात्मा गांधी के नेतृत्व में देश ने अनेक संघर्ष और आंदोलन देखे, लेकिन ब्रिटिश साम्राज्यवादी शासकों ने कभी भी गांधीजी पर लाठी नहीं उठाई।

उन्होंने कहा कि हालांकि, आजादी के महज छह महीने के भीतर ही आरएसएस विचारधारा से प्रेरित लोगों ने दिनदहाड़े महात्मा गांधी की हत्या कर दी। इससे यह स्पष्ट होता है कि आरएसएस संचालित भाजपा, ब्रिटिश साम्राज्यवाद से भी अधिक देश के लिए ख़तरनाक है।



गांधी भवन में बोलते हुए उन्होंने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे तेलंगाना की जनता को यह समझाएं कि भाजपा सरकार महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना को खत्म करने के लिए कैसी साजिशें कर रही है। यह योजना गांधीजी की सोच से प्रेरित थी और देश को दिशा देने वाली थी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि तेलंगाना देश का पहला और एकमात्र राज्य है, जिसने नई रोजगार गारंटी क़ानून को समाप्त करने के विरोध में विधानसभा में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार को भेजा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने ऐतिहासिक क़ानूनों के जरिए देश में परिवर्तनकारी बदलाव लाए हैं। इसी दृष्टि के तहत महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना लाई गई, जिससे करोड़ों लोगों को रोजगार सुरक्षा मिली।

उन्होंने सवाल किया कि क्या भाजपा सरकार ने ऐसा कोई एक भी प्रगतिशील क़ानून बनाया है, जिसने देश में वास्तविक बदलाव लाया हो। भट्टी विक्रमार्क ने कहा कि भाजपा का एकमात्र एजेंडा कांग्रेस द्वारा बनाए गए क़ानूनों को निरस्त करना है। भट्टी विक्रमार्क ने आगे कहा कि पहले के क़ानून में ठेकेदारों की कोई भूमिका नहीं थी, लेकिन संशोधनों के जरिए अब ठेकेदारों को शामिल किया गया है। यह भाजपा सरकार की एक सोची-समझी साजिश है, जिससे मजदूरों को ठेकेदारों के हवाले कर उनके अधिकार कमजोर किए जा सकें।

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा शासित राज्य जानबूझकर अपना हिस्सा जारी नहीं करते, जिससे केंद्र पूरी राशि रोक देता है और इस तरह योजना को विफल किया जा रहा है। उन्होंने वित्तीय आवंटन में भेदभाव का आरोप लगाते हुए कहा कि यदि उत्तर भारतीय राज्य 100 टैक्स देते हैं तो उन्हें 300 वापस मिलता है, जबकि तेलंगाना जैसे राज्यों को 100 के बदले केवल 45 मिलते हैं। दक्षिणी राज्यों, जहां कांग्रेस मजबूत है, को केंद्र से कम धन दिया जा रहा है।

# सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ खेल भी जरूरी : कोमटिरेड्डी

> दो दिवसीय अंतर-विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन

हैदराबाद, 8 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। छात्रों के सर्वांगीण विकास की आवश्यकता पर जोर देते हुए सड़कों एवं भवनों तथा सिनेमैटोग्राफी मंत्री कोमटिरेड्डी वेंकट रेड्डी ने कहा कि मानसिक और शारीरिक मजबूती के लिए शिक्षा और खेल दोनों का साथ-साथ होना जरूरी है।

मंत्री ने गुरुवार को नलगोंडा जिले के चेर्लापल्ली स्थित विपस्या स्कूल में दो दिवसीय अंतर-विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। छात्रों और स्कूल प्रबंधन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शैक्षणिक उत्कृष्टता महत्वपूर्ण है, लेकिन केवल अंकों और जीपीए पर ही ध्यान देना खेलों की कीमत पर नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा, खेल अनुशासन, सहनशीलता और आत्मविश्वास पैदा करते हैं। वे छात्रों को जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करते हैं, और स्कूलों से शारीरिक गतिविधियों को समान



महत्व देने का आग्रह किया। निजी शिक्षण संस्थानों से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों का समर्थन करने की अपील करते हुए मंत्री ने खेल भावना के महत्व पर जोर दिया और छात्रों को जीत और हार दोनों को समान गरिमा और दृढ़ता के साथ स्वीकार करने की सलाह दी। राज्य सरकार की शैक्षिक पहलों पर प्रकाश डालते हुए कोमटिरेड्डी वेंकट रेड्डी ने कहा कि गरीब छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए 200 करोड़ रुपये की लागत से यंग इंडिया इंटीग्रेटेड रेजिडेंशियल स्कूल बनाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि नलगोंडा जिला मुख्यालय के पास एसएलबीसी के निकट यंग इंडिया रेजिडेंशियल स्कूल का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

इन परिसरों में आधुनिक कक्षाएं, छात्रावास, भोजनालय, रसोई और क्रिकेट व फुटबॉल मैदान जैसी व्यापक खेल सुविधाएं होंगी, जो कई निजी संस्थानों से बेहतर होंगी। उन्होंने कहा कि इन स्कूलों को इस तरह डिजाइन किया जा रहा है कि शिक्षा पूरी होने पर छात्र रोजगार के लिए तैयार हों और अगले वर्ष पूरे राज्य में इनका उद्घाटन किया जाएगा। शहरी विकास पर बात करते हुए मंत्री ने कहा कि नलगोंडा को नगर निगम बनाया जा रहा है और इसे स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि आर एंड बी विभाग के माध्यम से 200 करोड़ रुपये की लागत से आउटर रिंग रोड का निर्माण किया जा रहा है, जबकि 700 करोड़ रुपये के भूमिगत ड्रेनेज कार्य चल रहे हैं। मंत्री ने हैदराबाद की तर्ज पर नलगोंडा के विकास के सरकार के संकल्प को दोहराया।

उन्होंने यह भी कहा कि नलगोंडा शहर के बोट्टुगुड़ा प्राथमिक विद्यालय को प्राटीक फाउंडेशन के 12 करोड़ रुपये के सहयोग से कॉर्पोरेट स्तर तक उन्नत किया गया है और इसका उद्घाटन शीघ्र किया जाएगा।

# सावधानी हटी तो, बैंक खाते की पूरी राशि साफ

हैदराबाद, 8 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। ठग लोगों को धोखा देने के लिए नई तकनीक अपना रहे हैं। बिना मांगे आए बड़े धनराशि के लुभावने प्रस्तावों के झांसे में न आएं और अपने बैंक खाते की रकम न गंवाएं।

यदि आपके मोबाइल पर इस प्रकार का संदेश आए : बधाई हो। किसी प्रतिष्ठित बैंक के क्रेडिट कार्ड द्वारा आपके खाते में एक लाख रुपये जमा किए गए हैं। कृपया अपने कार्ड स्टेटमेंट की पुष्टि करें और राशि निकालें। यदि आप स्टेटमेंट की पुष्टि करने या पैसे निकालने के लिए दिए गए लिंक पर क्लिक करते हैं, तो आपके बैंक खाते की पूरी राशि साफ हो सकती है।

# नसबंदी से मौत के मामले में टीजीएचआरसी का अहम फैसला

> दिव्यांग पति को नौकरी और मुआवजा देने का आदेश

हैदराबाद, 8 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। टीजीएचआरसी ने नसबंदी मृत्यु मामले में 8 लाख मुआवजा तथा पति को रोजगार देने की सिफारिश की है। एच.आर.सी. सं. 2355/2018 के मामले में 6 जनवरी को आदेश जारी किया गया है। डॉ. न्यायमूर्ति शमीम अख्तर की अध्यक्षता वाली तेलंगाना मानवाधिकार आयोग (टीजीएचआरसी) ने वानापर्ती जिले के एक सरकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में की गई नसबंदी (ट्यूबेक्टॉमी) शल्यक्रिया के पश्चात एम. ललिता की मृत्यु के लिए हुई चिकित्सकीय लापरवाही हेतु तेलंगाना सरकार को परोक्ष (विकैरियस) रूप से उत्तरदायी ठहराया। आयोग ने पाया कि शल्यक्रिया के दौरान आंत्र में छिद्र होना तथा उसके समय पर पता न चल पाने के कारण सेप्टिक पेरिटोनाइटिस उत्पन्न हुआ, जिसके परिणामस्वरूप कार्डियो-पल्मोनरी अरेस्ट हुआ। आयोग ने इसे मात्र शारीरिक जटिलताओं का मामला मानने के दावे को अस्वीकार किया। आयोग ने यह भी अवलोकन किया कि पूर्व में दिया गया 2 लाख का मुआवजा पूर्णतः अपर्याप्त है, विशेषकर मृतका के दिव्यांग पति और दो नाबालिग बच्चों की स्थिति को देखते हुए। अतः आयोग ने अतिरिक्त 8 लाख रुपये मुआवजा देने की सिफारिश की तथा परिवार को गरिमापूर्ण जीवन यापन में सक्षम बनाने हेतु पति को उपयुक्त रोजगार प्रदान करने की भी सलाह दी।






# मनरेगा में बदलाव ग्रामीण मजदूरों के लिए मौत का फरमान : उत्तम

हैदराबाद, 8 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मनरेगा में मोदी सरकार द्वारा किए जा रहे 'विनाशकारी' बदलावों पर तीखा हमला करते हुए सिंचाई एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री एन. उत्तम कुमार रेड्डी ने गुरुवार को कहा कि यह कदम ग्रामीण मजदूरों के लिए मौत का फरमान साबित होगा।



ऐतिहासिक रोजगार गारंटी योजना की रक्षा के लिए देशव्यापी आंदोलन का आह्वान करते हुए मंत्री ने इस अधिनियम को कमजोर करने वाले नए कानून से इसे बदलने के फैसले की कड़ी निंदा की। गांधी भवन में टीपीसीसी कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने भाजपा पर इस ऐतिहासिक कानून को व्यवस्थित रूप से कमजोर करने का आरोप लगाया, जिसे उन्होंने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी की क्रांतिकारी सोच का परिणाम बताया।

उत्तम कुमार रेड्डी ने ग्रामीण भारत पर मनरेगा के परिवर्तनकारी प्रभाव को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, इस कानून ने गांवों में क्रांतिकारी बदलाव लाए हैं और गरीबों को रोजगार व सम्मान दिया है। मंत्री ने लाखों लोगों को रोजगार सुरक्षा प्रदान करने वाले इस कानून को लागू कराने के लिए सोनिया गांधी के अथक प्रयासों की सराहना की। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार मनरेगा को मुख्य रूप से इसलिए निशाना बना रही है क्योंकि यह गांधी नाम और कांग्रेस की विरासत से जुड़ा है। मंत्री ने योजना के तहत ग्राम पंचायतों से प्रशासनिक अधिकार छीने जाने को भी एक गंभीर मुद्दा बताया। उन्होंने कहा, मोदी ने मनरेगा में ग्राम पंचायतों के अधिकार छीन लिए हैं, जिससे योजना की मूल भावना कमजोर हुई है। उन्होंने वित्तीय ढांचे की भी आलोचना करते हुए कहा कि जहां पहले केंद्र सरकार इस योजना का पूरा खर्च उठाती थी, वहीं अब 40 प्रतिशत बजट में कटौती कर जिम्मेदारी राज्यों पर डाल दी गई है। मंत्री ने राज्य की सभी 12,000 ग्राम पंचायतों में प्रस्ताव पारित कर बदलावों के खिलाफ विरोध दर्ज कराने और 'भाजपा की साजिशों' को नाकाम करने का सुझाव दिया।

उन्होंने कहा कि इन प्रस्तावों को संकलित कर भारत के राष्ट्रपति को सौंपा जाना चाहिए, ताकि मनरेगा को उसके मूल स्वरूप में बहाल करने की मांग की जा सके।






Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.